

प.बंगाल में भूस्खलन-बाढ़ से मरने वालों की संख्या 28 हुई, बचाव कार्य जारी -12



देश के सेवा क्षेत्र की वृद्धि दर मासिक आधार पर घटी -12



फ्रांस : प्रधानमंत्री लेकोर्नू ने महीने भर से कम समय में दिया इस्तीफा -13



एकदिवसीय महिला क्रिकेट वर्ल्ड कप में दक्षिण अफ्रीका ने न्यूजीलैंड को 6 विकेट से हराया -14


आज का मौसम
33.0° अधिकतम तापमान
24.0° न्यूनतम तापमान
सूर्योदय 06.03
सूर्यास्त 05.50

एक सम्पूर्ण दैनिक अखबार

# अमृत विचार

| अयोध्या |

www.amritvichar.com

2 राज्य | 6 संस्करण

लखनऊ ▪ बरेली ▪ कानपुर ▪ मुरादाबाद ▪ अयोध्या ▪ हल्द्वानी

आश्विन शुक्ल पक्ष पूर्णिमा 09:17 उपरांत प्रतिपदा विक्रम संवत 2082

मंगलवार, 7 अक्टूबर 2025, वर्ष 4, अंक 55, पृष्ठ 14 ▪ मूल्य 6 रुपये


## सोना प्रति 10 ग्राम 1.23 लाख के नए शिखर पर, चांदी में 7,400 का उछाल

नई दिल्ली, एजेंसी

राष्ट्रीय राजधानी में सोमवार को सोने की कीमतें 2,700 रुपये की छलांग लगाते हुए 1,23,300 रुपये के नए उच्चस्तर पर पहुंच गईं। यह उछाल विदेशी बाजारों में सुरक्षित निवेश की मांग और रुपये में कमजोरी के कारण आया।

अखिल भारतीय सर्राफा संघ ने बताया कि 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना उछलकर 1,23,300 रुपये प्रति 10 ग्राम के भाव पर पहुंच गया। इस तरह इसके भाव में एक ही कारोबारी सत्र में 2,700 रुपये प्रति 10 ग्राम की बड़ी तेजी दर्ज की गई। चांदी की कीमतों में भी जोरदार बढ़ोतरी दर्ज की गई। यह 7,400 रुपये उछलकर 1,57,400 रुपये प्रति किलो (सभी करों सहित) के नए उच्च स्तर पर पहुंच गई। शुक्रवार को चांदी की कीमत 1,50,000 रुपये प्रति किलो थी। अंतरराष्ट्रीय बाजारों में, हाजिर सोना दो प्रतिशत बढ़कर 3,949.58 डॉलर प्रति औंस पर पहुंच गया। वहीं चांदी एक प्रतिशत से अधिक की बढ़त के साथ 48.75 डॉलर प्रति औंस पर पहुंच गई।



- चांदी 1,57,400 रुपये प्रति किलो (सभी करों सहित) के नए उच्चस्तर पर

## बिहार चुनाव : 6 और 11 नवंबर को वोटिंग, 14 को परिणाम

नई दिल्ली, एजेंसी



- दो चरणों में होगा विधानसभा चुनाव पहले चरण में 121 और दूसरे चरण में 122 सीट के लिए मतदान

बिहार विधानसभा चुनाव के लिए आगामी 6 और 11 नवंबर को दो चरणों में मतदान होगा तथा मतगणना 14 नवंबर होगी। मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने सोमवार को चुनाव कार्यक्रम की घोषणा की। कुमार ने यहां संवाददाता सम्मेलन में बताया कि पहले चरण में 121 व दूसरे चरण में 122 सीट के लिए मतदान होगा। विधानसभा की कुल 243 सीट हैं।

मुख्य निर्वाचन आयुक्त ने यह भी बताया कि चुनाव के लिए अधिसूचना 10 अक्टूबर को जारी होगी, नामांकन पत्र दाखिल करने की अंतिम तिथि 17 अक्टूबर को होगी, 18 अक्टूबर को नामांकन पत्रों की जांच होगी और 20 अक्टूबर तक नामांकन पत्र वापस लिए जा सकते हैं। दूसरे चरण के लिए अधिसूचना 13 अक्टूबर को जारी होगी, नामांकन पत्र दाखिल करने की अंतिम तिथि 20 अक्टूबर को होगी, 21 अक्टूबर को नामांकन पत्रों की जांच होगी और 23 अक्टूबर तक नाम वापस लिए जा सकेंगे। उनके अनुसार, राज्य में कुल मतदाताओं की संख्या 7.42 करोड़ है, जिनमें पुरुष मतदाता 3.92 करोड़ और महिला मतदाता 3.50 करोड़ हैं। 14 लाख मतदाता बिहार विधानसभा चुनाव में पहली बार मतदान कर सकेंगे। बिहार की वर्तमान विसा का कार्यकाल 22 नवंबर को समाप्त हो रहा है। राजनीतिक दलों ने निर्वाचन आयोग से अक्टूबर के अंत में छठ पर्व के तुरंत बाद चुनाव कराने का आग्रह किया था, ताकि अधिक से अधिक मतदाताओं की भागीदारी सुनिश्चित की जा सके, क्योंकि बड़ी संख्या में राज्य के बाहर काम करने वाले लोग उस दौरान त्योहारों के लिए घर लौटते हैं। राज्य में वर्ष 2020 के चुनाव कोविड-19 महामारी की पृष्ठभूमि में तीन चरणों में हुए थे।

कुमार ने एसआईआर की प्रक्रिया का उल्लेख करते हुए कहा कि यदि किसी का नाम छूट गया है, तो नामांकन की तिथि से 10 दिन पहले तक अपना नाम जुड़वा सकते हैं। कुमार ने कहा, इस बार बिहार विधानसभा चुनाव न केवल मतदाताओं के लिए बहुत ही सुगम और सरल होंगे, न केवल कानून व्यवस्था पर पूर्ण निगरानी रखी जाएगी, बल्कि पूर्ण पारदर्शी तरीके से होने वाले ये चुनाव सबसे अच्छे चुनाव परिलक्षित हों, ऐसी आयोग की मंशा है।

### सात राज्यों की 8 सीटों पर उपचुनाव का ऐलान

सीईसी ज्ञानेश ने घोषणा की कि जम्मू कश्मीर, ओडिशा, झारखंड, मिजोरम, पंजाब, तेलंगाना और राजस्थान की आठ विधानसभा सीट के लिए 11 नवंबर को उपचुनाव कराए जाएंगे तथा मतगणना 14 नवंबर को होगी। झारखंड की घाटशिला विस सीट रामदास सोरेन के निधन के कारण रिक्त हो गयी थी। पंजाब की तरनतारन सीट कश्मीर सिंह सोहल के निधन के बाद खाली हो गई। जम्मू कश्मीर में दो विस क्षेत्र – बडगाम और नगरोटा – अक्टूबर 2024 से रिक्त हैं। बडगाम सीट 2024 के विस चुनावों के तुरंत बाद रिक्त हो गई थी, जब मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने गांदरबल सीट को अपने पास रखने का फैसला किया था। यह सीट 21 अक्टूबर, 2024 से रिक्त है। नगरोटा सीट विधायक देवेंद्र सिंह राणा के निधन के बाद 31 अक्टूबर, 2024 को रिक्त हुई थी। राजस्थान के अंता में उपचुनाव धमकी दिए जाने के एक मामले में भाजपा विधायक कंवरलाल को दोषी ठहराए जाने के बाद मई में अयोग्य घोषित किए जाने के बाद आवश्यक हो गया।

न्यूज ब्रीफ

### रघुवीर लाल कानपुर के नए पुलिस कमिश्नर

राज्य ब्यूरो, लखनऊ : प्रदेश सरकार ने चार आईपीएस के तबादले सोमवार को किये गये। एडीजी सुरक्षा के पद पर तैनात रहे रघुवीर लाल को कानपुर का नया पुलिस कमिश्नर बनाया गया है।



वहीं, डीजी अभियोजन, सीआईडी का अतिरिक्त प्रभार देख रहे दिपेश जुनेजा को सिर्फ अभियोजन की जिम्मेदारी सौंपी गई है। सोमवार को जारी आदेश के अनुसार डीजी साइबर क्राइम बिनोद कुमार सिंह को सीआईडी का अतिरिक्त प्रभार दिया गया है। लखनऊ परिक्षेत्र के आईजी तरूण गाबा को आईजी सुरक्षा की जिम्मेदारी सौंपी गई है। उनके पास लखनऊ परिक्षेत्र की अतिरिक्त जिम्मेदारी भी रहेगी।

### भारतवंशी किशोरी को बहादुरी पदक

लंदन। नॉटिंघम में दो वर्ष पहले चाकू से किए गए हमले में अपनी सहेली को बचाने का प्रयास करते समय जान गंवाने वाली ब्रिटिश-भारतीय किशोरी ग्रेस ओ' 'मैली-कुमार को सोमवार को जॉर्ज मेडल से सम्मानित किया गया। यह सम्मान बहादुरी के लिए ब्रिटेन के सर्वोच्च नागरिक सम्मानों में से एक है। जून 2023 में यूनिवर्सिटी ऑफ नॉटिंघम से लौट रही ग्रेस और बार्नाबी वेबर की एक चाकूधारी व्यक्ति ने हत्या कर दी थी।

## सनातन धर्म की शरण में ही शांति और सौहार्द : योगी

### सीएम ने काशी से दिया सनातन संस्कृति व स्वच्छ भारत से सशक्त समाज का संदेश

राज्य ब्यूरो, लखनऊ/वाराणसी

**अमृत विचार।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को काशी में दो अलग-अलग कार्यक्रमों में सनातन संस्कृति, स्वच्छता और सामाजिक समरसता का मजबूत संदेश दिया। कहा कि शांति व सौहार्द का मार्ग प्रशस्त करना है तो सबको सनातन धर्म की शरण में आना पड़ेगा। संस्कृत के बिना कोई कार्य नहीं चल सकता, इसलिए आने वाले समय में सरकार संस्कृत को बढ़ावा देने के लिए कई नए कार्यक्रम शुरू करने जा रही है।

वहीं, स्वच्छता मित्र सम्मान समारोह में कहा कि कोई भी सफाईकर्मी का शोषण नहीं कर पाएगा, जल्द ही उनके खाते में सीधे 16 से 20 हजार रुपये पहुंचेंगे। योगी ने श्री अन्नपूर्णा ऋषिकुल ब्रह्मचर्याश्रम में लैपटॉप और सिलाई मशीनों का वितरण के साथ पौधरोपण और गोशाला में गायों को गुड़-फल खिलाकर गोसेवा की। योगी ने कहा कि आने वाले समय में संस्कृत के विद्यार्थियों के लिए विशिष्ट छात्रवृत्ति, आवास व भोजन भत्ता और शोध अनुदान की व्यवस्था की जाएगी।



वाराणसी के श्री अन्नपूर्णा ऋषिकुल ब्रह्मचर्याश्रम में छात्रा को लैपटॉप देते मुख्यमंत्री योगी।

### समाज को तोड़ना के काम सपा-कांग्रेस का

मुख्यमंत्री ने कहा कि भाजपा का काम समाज को जोड़ना है, जबकि सपा और कांग्रेस का काम तोड़ना। उन्होंने आह्वान किया कि इस दीपावली हर गरीब के घर मिठाई जरूर पहुंचे। सीएम योगी ने कहा कि वाराणसी स्वच्छता रैंकिंग में 41वें से 17वें स्थान पर पहुंची है। लक्ष्य है कि काशी देश की टॉप-5 स्वच्छतम शहरों में शामिल हो। सीएम बोले-हर काशीवासी की जिम्मेदारी है कि शहर को स्वच्छ और सुंदर बनाए। सिंगल यूज प्लास्टिक से बचें और अपने घर की गंदगी सड़क पर न फेंकें।

- मुख्यमंत्री बोले- स्वच्छता कर्मियों का कोई शोषण नहीं कर पाएगा, जल्द मिलेंगे 20 हजार रुपये

### स्वच्छता मित्रों पर फूल बरसाए

स्वच्छता मित्र सम्मान समारोह में योगी ने कहा कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में स्वच्छ भारत अभियान ने नारी गरिमा और भारत की छवि को नई ऊंचाई दी। अब स्वच्छता कर्मियों को सरकारी पोर्टल के माध्यम से 16 से 20 हजार रुपये प्रतिमाह का भुगतान सीधे बैंक खाते में किया जाएगा। उन्होंने सफाई मित्रों पर पुष्पवर्षा कर कहा कि जो दूसरों के लिए कार्य करता है, उसकी सरकार चिंता करती है। उन्होंने घोषणा की कि सभी स्वच्छता कर्मियों को 5 लाख तक के आयुष्मान कार्ड से स्वास्थ्य सुरक्षा मिलेगी। नीलम, रानी देवी, रूपा, मानसी, प्रियांशु, दीपक कुमार, शत्रुघ्न कुमार, सूरज कुमार और टिंकू को सीएम ने सम्मानित किया।

## जयपुर के सरकारी अस्पताल में लगी भीषण आग, 8 जिंदा जले

जयपुर, एजेंसी

जयपुर के सरकारी सवाई मानसिंह (एसएमएस) अस्पताल के ट्रॉमा सेंटर में रविवार देर रात आग लगने से, गंभीर रूप से बीमार 8 मरीजों की मौत हो गई। आग लगने का संभावित कारण शॉर्ट सर्किट माना जा रहा है। ट्रॉमा सेंटर के प्रभारी डॉ. अनुराग धाकड़ ने बताया कि जब स्टोर रूम में आग लगी, तब न्यूरो गहन चिकित्सा इकाई (आईसीयू) में 11 मरीजों का इलाज हो रहा था।

प्रधानमंत्री मोदी ने दुख व्यक्त करते हुए एक्स पर एक पोस्ट में कहा, राजस्थान के जयपुर में एक अस्पताल में आग लगने की घटना में हुई, जान-माल की हानि अत्यंत दुखद है। जिन लोगों ने अपने प्रियजनों को खो दिया है, उनके प्रति मेरी संवेदना। घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना करता हूं। डॉ. धाकड़ ने बताया कि चौदह अन्य मरीजों को एक अलग आईसीयू में भर्ती कराया गया था और सभी को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया गया। आईसीयू में भर्ती मरीजों की हालत गंभीर है। जिस आईसीयू में आग लगी वहां न्यूरो के मरीज भी भर्ती थे। राज्य सरकार ने घटना की जांच के लिए एक उच्च स्तरीय समिति गठित की है। जयपुर की टोंक रोड पर स्थित एसएमएस अस्पताल राज्य का सबसे बड़ा सरकारी अस्पताल है जहां राज्य भर के साथ-साथ अन्य राज्यों से भी मरीज इलाज के लिए आते हैं।



जयपुर के सवाई मानसिंह अस्पताल में आग की घटना के बाद जला पड़ा सामान।

- सवाई मानसिंह अस्पताल के ट्रॉमा सेंटर में रविवार देर रात लगी आग
- प्रधानमंत्री ने दुख जताया, कर्मचारियों पर चेतावनी की अनदेखी का आरोप

### आग लगते ही धुआं तेजी से पूरी मंजिल पर फैल गया

जिस ट्रॉमा सेंटर में आग लगी, वह व्यस्त टोंक रोड पर मुख्य अस्पताल भवन के सामने स्थित है। आग लगने से इमारत में अफरा-तफरी मच गई, धुआं तेजी से पूरी मंजिल पर फैल गया और मरीजों और उनके परिजनों में दहशत फैल गई। आग में कई दस्तावेज, आईसीयू उपकरण व अन्य सामान जलकर खाक हो गए। अस्पताल के कर्मचारियों और मरीजों के तीमारदारों ने मरीजों को बाहर निकाला। यहां तक कि उन्हें उनके बिस्तरों सहित इमारत से बाहर भी पहुंचाया गया। पुलिस बाद में पहुंची, लेकिन भारी धुएं के कारण वे तुरंत इमारत में नहीं जा सके। राज्य के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा, संसदीय कार्य मंत्री जोगाराम ने जायजा लेने के लिए ट्रामा सेंटर का दौरा किया।

## पूर्व गृह राज्य मंत्री अजय मिश्रा टेनी और उनके बेटे के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

- सुप्रीम कोर्ट के आदेश पर पढुआ थाने में दर्ज हुई एफआईआर, तिकुनिया कांड के गवाह को धमकाने का आरोप

**अमृत विचार:** सुप्रीम कोर्ट के आदेश पर तिकुनिया कांड के मुख्य आरोपी आशीष मिश्रा, उनके पिता पूर्व गृह राज्य मंत्री अजय मिश्रा टेनी और निघासन ब्लॉक प्रमुख पति व भाजपा नेता अमनदीप सिंह के खिलाफ पढुआ थाने में रिपोर्ट दर्ज की गई है। आरोप है कि इन तीनों ने तिकुनिया कांड के गवाह को धमकाने और उसकी गवाही प्रभावित करने का प्रयास किया।

पढुआ थाना क्षेत्र के गांव भैरमपुर निवासी बलजिंदर सिंह तिकुनिया कांड का चश्मदीद गवाह है। वह घटना में घायल भी हुआ था। बलजिंदर ने पुलिस को अपनी तहरीर में बताया कि उसकी गवाही 16 अक्टूबर 2023 को कोर्ट में होनी थी। आरोप है कि 15 अगस्त 2023 को निघासन ब्लॉक प्रमुख पति अमनदीप सिंह उसके घर पहुंचे और अजय मिश्रा टेनी व आशीष मिश्रा के कहने पर उससे गवाही बदलने की मांग की। गवाही न बदलने पर उसे गंभीर अंजाम भुगतने की धमकी दी गई। बलजिंदर के मुताबिक उसने यह बातचीत अपने फोन में रिकॉर्ड कर ली थी।

## तीन वैज्ञानिकों को मिला मेडिसिन का नोबेल पुरस्कार

**स्टॉकहोम।** मैरी ई ब्रुनको, फ्रेड रैमस्डेल और शिमॉन साकागुची को 'पेरिफेरल इम्यून टॉलरेंस' से संबंधित उनकी खोजों के लिए इस साल का चिकित्सा का नोबेल पुरस्कार देने की सोमवार को घोषणा की गई। ब्रुनको (64) सिएटल स्थित इंस्टीट्यूट फॉर सिस्टम्स बायोलॉजी में कार्यक्रम प्रबंधक हैं। 64 वर्षीय रैमस्डेल सैन फ्रांसिस्को स्थित सोनोमा बायोथेरेप्यूटिक्स के वैज्ञानिक सलाहकार हैं, वहीं 74 वर्षीय साकागुची जापान के ओसाका विवि के इम्यूनोलॉजी फ्रंटियर रिसर्च सेंटर में प्रोफेसर हैं। प्रतिरक्षा प्रणाली में हानिकारक कारकों का पता लगाने और उनसे लड़ने के लिए कई प्रणालियां होती हैं। टी कोशिकाओं जैसे प्रतिरक्षा योद्धाओं को हानिकारक कारकों की पहचान करने का प्रशिक्षण दिया जाता है।

- मनुष्य की प्रतिरक्षा प्रणाली से संबंधित खोज के लिए मिला पुरस्कार

## कोर्ट में सीजेआई की ओर जूता उछालने का प्रयास

नई दिल्ली, एजेंसी

सुप्रीम कोर्ट में सोमवार को कार्यवाही के दौरान 71 वर्षीय एक वकील ने सीजेआई बीआर गवई की ओर जूता उछालने की कोशिश की। घटना के बाद सीजेआई ने अपना संयम बनाए रखा और अदालत कक्ष में उपस्थित वकीलों से अपनी दलीलें जारी रखने का आग्रह किया।

उन्होंने कहा, इन सब बातों से विचलित मत होइए। हम विचलित नहीं हैं। इन बातों का मुझ पर कोई असर नहीं पड़ता। वकीलों के अनुसार, यह घटना उस समय घटी जब प्रधान न्यायाधीश और न्यायमूर्ति के. विनोद चंद्रन की पीठ वकीलों द्वारा उल्लेख किए गए मामलों की सुनवाई कर रही थी। आरोपी वकील की पहचान बाद में मयूर विहार निवासी राकेश किशोर (71) के रूप में की गई। वह मंच के पास पहुंचा, अपना जूता निकाला और उसे न्यायाधीशों की ओर उछालने का प्रयास किया। वकील को तुरंत बाहर ले जाया गया। जब वकील को ले जाया जा रहा था, तो उसे चिल्लाते हुए सुना गया, सनातन का अपमान नहीं सहेंगे। खजुराहो में भगवान विष्णु की मूर्ति पुनर्स्थापना के संबंध में याचिका खारिज होने से वकील खिन्न था।



सीजेआई गवई



आरोपी वकील राकेश

- वकील ने नारा लगाया- सनातन का अपमान नहीं सहेगा हिंदुस्तान
- सीजेआई ने बनाए रखा संयम, कहा- इन बातों से हम विचलित नहीं होते

### प्रधानमंत्री मोदी ने सीजेआई गवई से बात की कहा- उन पर हमले से हर भारतीय नाराज

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सोमवार को भारत के प्रधान न्यायाधीश (सीजेआई) बीआर गवई से बात कर एक वकील द्वारा उन पर जूता फेंकने के प्रयास की निंदा की और कहा कि इस हमले से हर भारतीय नाराज है। उन्होंने कहा, हमारे समाज में इस तरह के निंदनीय कृत्यों के लिए कोई जगह नहीं है। उन्होंने घटना के बाद शांति बनाए रखने के लिए गवई की प्रशंसा की।

## मौलाना तौकीर के करीबियों के बरातघर ई-स्कूटी शोरूम और कार गैराज सील

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** शहर में 26 सितंबर को हुए बवाल के मुख्य आरोपी आईएमसी प्रमुख मौलाना तौकीर के करीबियों पर पुलिस-प्रशासन लगातार कार्रवाई कर रहा है। बरेली विकास प्राधिकरण (बीडीए) ने सोमवार को तौकीर रजा के करीबी सपा के पूर्व पार्षद का बेग बरातघर, सपा पार्षद का ई-स्कूटी शोरूम और एक कार गैराज को सील कर दिया है। आरोप है कि ये सभी प्रतिष्ठान बिना नक्शा पास कराए अवैध रूप से बनाए गए भवनों में संचालित किए जा रहे थे।

बीडीए की टीम दोपहर करीब 2 बजे इज्जत नगर थाना क्षेत्र के फरीदापुर चौधरी वार्ड पहुंची। यहां शिकारपुरा मोहल्ले में बना सपा के पूर्व पार्षद वाजिद बेग का आलीशान बेग मैरिज हाल को सील कर दिया। इसके बाद तीन बजे के करीब वीर सावरकर नगर स्थित नाजिर खान का कार गैराज पर भी सीलिंग की कार्रवाई की गई है। वहीं, शाम चार बजे कोहाड़ापीर स्थित सपा पार्षद अब्दुल कय्यूम मुन्ना के ई-स्कूटी शोरूम को भी बीडीए ने सील कर दिया है। बीडीए अफसरों के अनुसार, इन सभी निर्माणों में मानकों की अनदेखी की गई है। वहीं, बिजली चोरी के मुकदमे में पांच घरों पर एक करोड़ से अधिक की वसूली को लेकर चल अचल संपत्ति कुर्क करने के लिए कुर्की नोटिस चस्पा किया है।



सील की कार्रवाई करता टीम का सदस्य।

- सपा के पूर्व पार्षद के बेग मैरिज हाल और सपा पार्षद के ई-स्कूटी शोरूम पर कार्रवाई

गर्व के पल

समंदर की गहराई में छिपी दुश्मन की पनडुब्बियों को ढूंढकर मारता है आईएनएस अन्द्रोथ

## नौसेना की बढ़ी ताकत, पनडुब्बी रोधी युद्धपोत अन्द्रोथ बेड़े में शामिल

नई दिल्ली, एजेंसी

अत्याधुनिक स्वदेशी पनडुब्बी रोधी युद्धपोत अन्द्रोथ सोमवार को विशाखापत्तनम में नौसेना के बेड़े में शामिल हो गया। इसके शामिल होने से नौसेना की मारक क्षमता कई गुना बढ़ जाएगी। यह समंदर की गहराई में छिपी दुश्मन की पनडुब्बियों को ढूंढकर मारता है।

आईएनएस अन्द्रोथ सोलह पनडुब्बी रोधी पोतों में से दूसरा पोत है। इस युद्धपोत में 80 प्रतिशत साजो सामान स्वदेशी हैं और यह सरकार के आत्मनिर्भरता के दृष्टिकोण तथा भारत की बढ़ती समुद्री ताकत का ज्वलंत प्रतीक है। अन्द्रोथ नाम का रणनीतिक और प्रतीकात्मक महत्व है और यह लक्षद्वीप द्वीपसमूह के अन्द्रोथ द्वीप से लिया गया है। अन्द्रोथ का लोकार्पण पूर्वी नौसेना कमान के फ्लैग ऑफिसर कमांडिंग-इन-चीफ वाइस एडमिरल राजेश पेंढारकर की अध्यक्षता में आयोजित समारोह में किया गया। इस अवसर पर नौसेना के अनेक वरिष्ठ अधिकारी, युद्धपोत को बनाने वाली कंपनी मेसर्स गार्डन रीच शिपबिल्डर्स एंड इंजीनियर्स कोलकाता के प्रतिनिधि और अनेक गणमान्य नागरिक भी उपस्थित थे। यह द्वीप भारत की विशाल समुद्री क्षेत्रों की सुरक्षा के प्रति प्रतिबद्धता को दर्शाता है। अपने पिछले अवतार में आईएनएस अन्द्रोथ (पी 69) ने सेवामुक्त होने से पहले 27 वर्षों से अधिक समय तक राष्ट्र की विशिष्ट सेवा की। इस युद्धपोत की लंबाई 77 मीटर और वजन लगभग 1500 टन है और इसे विशेष रूप से तटीय और उथले पानी में पनडुब्बी रोधी अभियानों के लिए डिजाइन किया गया है। अत्याधुनिक पनडुब्बी रोधी उन्नत हथियारों, सेंसरों और संचार प्रणालियों से सुसज्जित है।



### 80 प्रतिशत साजो सामान स्वदेशी

इस युद्धपोत में 80 प्रतिशत साजो – सामान स्वदेशी है। उन्नत हथियार प्रणाली, सेंसर सूट, आधुनिक संचार प्रणालियों और वाटरजेट प्रणोदन से लैस अन्द्रोथ पानी के भीतर के खतरों का सटीकता से पता लगाने, उन्हें ट्रैक करने और उन्हें बेअसर करने में सक्षम है। इसकी अत्याधुनिक क्षमताएं इसे विभिन्न प्रकार के खतरों से निपटने के लिए समुद्री निगरानी, खोज एवं बचाव अभियान, और तटीय रक्षा मिशनों को अंजाम देने में भी सक्षम बनाती हैं। अन्द्रोथ भारत की समुद्री सुरक्षा संरचना को मजबूत करने की दिशा में एक और कदम है। यह पोत न केवल नौसेना की पनडुब्बी रोधी युद्ध क्षमताओं को बढ़ाएगा

**न्यूज ब्रीफ**

## नोटिस पर 16 दलों ने हाजिर होकर दी सफाई

**अमृत विचार, लखनऊ :** उत्तर प्रदेश में पंजीकृत जिन राजनीतिक दलों को आवश्यक अभिलेखों के साथ मुख्य निर्वाचन अधिकारी कार्यालय में उपस्थित होने के निर्देश थे, उनमें से सोमवार को सुनवाई के दौरान 16 राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों ने हाजिरी दी और अपना पक्ष रखा। इस दौरान इन दलों ने मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा के समक्ष अपने दल के तीन वर्षों 2021-22, 22-23 व 23- 24 की वार्षिक ऑडिट रिपोर्ट और निर्वाचन व्यय विवरण प्रस्तुत किया। इससे पहले मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा की ओर से उत्तर प्रदेश के पते पर पंजीकृत ऐसे 127 राजनीतिक दलों को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया था, जिन्होंने बीते तीन वित्तीय वर्षों से अपनी वार्षिक ऑडिट रिपोर्ट एवं निर्वाचन व्यय विवरणी निर्धारित समय सीमा तक प्रस्तुत नहीं किया था।

## सपा से भी आवेदन बल्क में लेने की मांग

**अमृत विचार, लखनऊ :** सपा ने प्रदेश के मुख्य निर्वाचन अधिकारी से मांग की है कि वाराणसी मंडल के सभी जिलाधिकारियों को निर्देशित किया जाए कि वे सपा जिलाध्यक्षों और समर्थकों से भी स्नातक-शिक्षक एमएलसी चुनाव के आवेदन प्रारूप-18 और प्रारूप-19 बल्क में स्वीकार करें, ताकि चुनाव निष्पक्ष, स्वतंत्र और पारदर्शी ढंग से सम्पन्न हो सके। सपा के प्रदेश अध्यक्ष श्याम लाल पाल ने यह शिकायत व मांग सोमवार को लखनऊ में प्रदेश के मुख्य निर्वाचन अधिकारी को सौंपे गए एक ज्ञापन के माध्यम से की है। ज्ञापन में सपा का आरोप है कि वर्तमान में वाराणसी मंडल के जिलाधिकारी सत्तारूढ़ दल के समर्थकों से एक साथ कई (बड़ी संख्या) आवेदन स्वीकार कर रहे हैं, लेकिन सपा जिलाध्यक्षों व समर्थकों के साथ पक्षपातपूर्ण रवैया अपनाते हुए उनके आवेदन बल्क में नहीं लिए जा रहे हैं।

## बसपा रैली में पांच लाख लोगों के आने का अनुमान

**अमृत विचार, लखनऊ :** बसपा सुप्रीमो मायावती के नेतृत्व में होने जा रही बहुप्रतीक्षित महारैली में 5 लाख लोगों को भीड़ जुटाने की संभावना प्रकट की गई है। रैली को लेकर पार्टी के जोनल कोऑर्डिनेटर, कोऑर्डिनेटर और भारी संख्या में पदाधिकारी राजधानी स्थित कांशीराम स्मारक स्थल में तैयारी में जुट गए हैं। दिलचस्प यह है कि लखनऊ के सबसे बड़े इस रैली स्थल को बसपा ही अपने समर्थकों से पूरा भर पाती है। अगर 9 अक्टूबर को बसपा ने पुन: ऐसा कर दिखाया तो यह उसकी उपलब्धि होगी, क्योंकि पार्क की क्षमता भी 5 लाख लोगों की मानी जाती है।

## 31 तक जमा करना होगा शुल्क

**अमृत विचार, लखनऊ :** जीएनएम एवं एएनएम प्रशिक्षण केन्द्रों में सितंबर माह में संपन्न परीक्षा में बिना शुल्क जमा किए शामिल होने वाले अंतिम वर्ष के परीक्षार्थियों के शुल्क को टैक्स समेत से 31 अक्टूबर तक जमा करने के निर्देश दिए गए हैं। स्टेट मेडिकल फैकल्टी कार्यालय में पंजीयन शुल्क रसीद जमा न होने की स्थिति में रजिस्ट्रेशन नहीं किए जाएंगे। उक्त निर्देश उप्र .स्टेट मेडिकल फैकल्टी के सचिव डॉ .अनुराग श्रीवास्तव ने सभी जीएनएम और एएनएम प्रशिक्षण केन्द्र के प्रबन्धकों को दिए हैं।

## लापरवाह अधिकारियों को मिलेगी नोटिस

**अमृत विचार, लखनऊ :** पिछड़ा वर्ग कल्याण एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) नरेंद्र कश्यप ने निर्देश दिए कि योजनाओं में लापरवाही बरतने वाले अधिकारियों को कारण बताओ नोटिस जारी किया जाए। सभी अधिकारी और कर्मचारी योजनाओं के जमीनी क्रियान्वयन पर पूरा ध्यान दें ताकि पात्र लाभार्थियों तक योजनाओं का लाभ समय से पहुंचे। पिछड़ा वर्ग कल्याण मंत्री, सोमवार को नवीन भवन, सचिवालय में विभागीय अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक कर रहे थे। उन्होंने निर्देश दिया कि निर्माण एजेंसियों के प्रतिनिधियों से वार्ता कर लंबित कार्यों को शीघ्र निपटाया जाए।

## छात्राएं सीख रहीं आत्मरक्षा के गुर

**अमृत विचार, लखनऊ :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में मिशन शक्ति 5 .0 अभियान नारी सुरक्षा, सम्मान और स्वावलंबन को नई दिशा दे रहा है। अंतरराष्ट्रीय बालिका सप्ताह के अवसर पर महिला एवं बाल विकास विभाग प्रदेशभर में सेल्फ डिफेंस वर्कशॉप के माध्यम से छात्राओं और महिलाओं को आत्मरक्षा के गुर सिखाए जा रहे हैं, साथ ही संबंधित कानूनों की जानकारी देकर उन्हें सशक्त बनाया जा रहा है। इस अभियान के जरिए योगी सरकार अब तक 13 .58 लाख से अधिक लोगों तक पहुंचकर जागरूकता फैला चुकी है।

# यूएई-ओमान में 10,855 पदों के लिए होगी भर्ती

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- गोरखपुर में 14-15 अक्टूबर को रोजगार महाकुंभ

**अमृत विचार :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में मिशन रोजगार के तहत प्रदेश के युवाओं को विदेशों में नौकरी के अवसर देने के लिए गोरखपुर में 14-15 अक्टूबर को 'रोजगार महाकुंभ-2025' आयोजित किया जा रहा है। मदन मोहन मालवीय प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय में होने वाले इस मेगा जॉब फेयर में यूएई और ओमान की कंपनियों में 10,855 पदों पर भर्ती की जाएगी। इन पदों का वेतन 24,000 से 1.20 लाख प्रतिमाह तक होगा।

सेवायोजन विभाग के अनुसार, युवाओं को चयन के बाद मुफ्त आवास, भोजन और आकर्षक पैकेज की सुविधा मिलेगी। भर्ती प्रक्रिया पूरी तरह पारदर्शी और डिजिटल होगी, जिसमें क्यूआर कोड युक्त एडमिट कार्ड अनिवार्य रहेगा। प्रमुख पदों में कंस्ट्रक्शन वर्कर, सुपरवाइजर, ड्राइवर, कार्पेंटर और हेल्पर शामिल हैं। सेवायोजन विभाग ने युवाओं से rojgaarsangam.up.gov.in पर तत्काल पंजीकरण की अपील की है।

# एनसीआरबी रिपोर्ट में दिखा योगी मॉडल का असर

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- तीन पूर्व डीजीपी बोले, फोर्स वही है, बदला है सिस्टम और नीति

**अमृत विचार :** राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो (एनसीआरबी) की 2023 रिपोर्ट ने उत्तर प्रदेश में कानून-व्यवस्था के क्षेत्र में हुए प्रभावकारी बदलाव को रेखांकित किया है। रिपोर्ट के अनुसार, प्रदेश में अपराध दर में उल्लेखनीय गिरावट आई है। इस पर राज्य के तीन पूर्व डीजीपी प्रशांत कुमार, देवेंद्र सिंह चौहान और विक्रम सिंह ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की जीरो टॉलरेंस नीति, मिशन शक्ति और ऑपरेशन कनविक्शन जैसी पहलों को यूपी की सफलता का आधार बताया है।

हाल ही में सेवानिवृत हुए डीजीपी प्रशांत कुमार ने कहा कि योगी सरकार की नीतियों से अपराध दर में जबरदस्त कमी आई है। एनसीआरबी के अनुसार, भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) के अपराधों में यूपी 20वें स्थान पर, हत्या में 29वें, रेप में 22वें और पॉक्सो मामलों में 20वें स्थान पर है। उन्होंने कहा कि 25 करोड़ की आबादी वाले प्रदेश में यह उपलब्धि योगी सरकार की दृढ़ इच्छाशक्ति और यूपी पुलिस के सशक्तिकरण का परिणाम है। उन्होंने बताया कि पुलिस बल में 2.20 लाख नई भर्तियां, 1.53 लाख प्रोन्नतियां और महिला पुलिसकर्मियों की संख्या में तीन गुना वृद्धि ने व्यवस्था को नई ऊर्जा दी है।


देवेंद्र सिंह चौहान


विक्रम सिंह


प्रशांत कुमार

वर्ष 2022 में डीजीपी रहे देवेंद्र सिंह चौहान ने कहा कि 'योगी मॉडल' ने पुलिसिंग को सिस्टम आधारित बना दिया है। एफआईआर से लेकर सजा तक फाइव-टियर सुपरविजन सिस्टम मुख्यमंत्री से लेकर एसपी स्तर तक लागू किया गया है। उन्होंने कहा कि 2017 के बाद से यूपी में एक भी सांप्रदायिक दंगा नहीं हुआ, दलितों पर अपराध राष्ट्रीय औसत से कम है और पुलिस अधिकारियों को अब स्थायित्व मिलने से जवाबदेही बढ़ी है। चौहान के मुताबिक, मिशन शक्ति और एंटी रोमियो स्क्वॉड ने महिलाओं में आत्मविश्वास जगाया है, अब वे रात में भी निडर होकर काम कर रही हैं।

प्रदेश के डीजीपी रह चुके विक्रम सिंह कहते हैं कि कभी 'क्राइम कैपिटल' कहे जाने वाले यूपी ने आज अपराध दर के मामले में कई राज्यों को पीछे छोड़ दिया है। हत्या दर यूपी में 1.4 प्रति लाख (राष्ट्रीय औसत 2.1) है, जबकि अपहरण-फिरौती लगभग शून्य है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री योगी के 'मिट्टी में मिला दूंगा' वाले शब्दों ने अपराधियों की रीढ़ तोड़ दी। अब पुलिस पर न राजनीतिक दबाव है, न अपराधियों की पैरवी। जनता और महिलाएं खुद को सुरक्षित महसूस कर रही हैं।

# यूपी बनेगा वैश्विक फूड बास्केट : योगी

## वाराणसी में आयोजित डायरेक्ट सीडेड राइस कॉन्क्लेव में शामिल हुए मुख्यमंत्री

राज्य ब्यूरो, लखनऊ/वाराणसी

**अमृत विचार :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि उत्तर प्रदेश को भारत ही नहीं बल्कि वैश्विक फूड बास्केट के रूप में विकसित करने का संकल्प लिया गया है। तकनीक और गुणवत्ता वाले बीजों की समय पर उपलब्धता से प्रदेश तीन गुना अधिक उत्पादन करने की क्षमता रखता है। मुख्यमंत्री ने वैज्ञानिकों से आह्वान किया कि वे अब 'लैब टू लैंड' मॉडल अपनाएं ताकि नई तकनीक खेत तक पहुंचे।

योगी वाराणसी में सोमवार को अंतरराष्ट्रीय चावल अनुसंधान संस्थान (आईआरआरआई) के दक्षिण एशिया क्षेत्रीय केंद्र में आयोजित डायरेक्ट सीडेड राइस (डीसीआर) कॉन्क्लेव में बोल रहे थे। सीएम ने इस अवसर पर ई-सीडर और प्रिसिजन हिल सीडर जैसे अत्याधुनिक कृषि उपकरणों का लोकार्पण भी किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश ने 2029-30 तक वन ट्रिलियन डॉलर इकॉनमी का लक्ष्य तय किया है, जिसमें कृषि क्षेत्र प्रमुख भूमिका निभाएगा। इसके लिए आईआरआरआई और सीआईपी जैसे अंतरराष्ट्रीय संस्थानों के सहयोग से सेंटर ऑफ एक्सीलेंस स्थापित किए जा रहे हैं। कार्यक्रम में कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही, राज्य मंत्री रविन्द्र जायसवाल, दयाशंकर मिश्र दयालु, बलदेव सिंह औलख, प्रमुख सचिव कृषि रविन्द्र कुमार, डीजी ईरी यवोन पिंटो, डीजी सीआईपी डॉ. साइमन हेक, श्रीलंका के कृषि सचिव डीबी विक्रमसिंघे और बड़ी संख्या में कृषि वैज्ञानिक मौजूद रहे।


धान की सीधी बुवाई, जीरो टिलेज गेहूं और समृद्ध धान नेटवर्क पर आधारित प्रकाशन सामग्री का विमोचन करते मुख्यमंत्री योगी, साथ में कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही व अंतर्राष्ट्रीय चावल अनुसंधान संस्थान की महानिदेशक ईरी यवोन पिंटो।

### खाद्यान्न उत्पादन में पांच गुना वृद्धि

योगी ने कहा कि आजादी के बाद जहां प्रदेश में 11.77 मिलियन टन खाद्यान्न उत्पादन होता था, वहीं अब यह बढ़कर 60 ट्रिलियन टन तक पहुंच गया है। खेती का रकबा 170 लाख हेक्टेयर से बढ़कर 240 लाख हेक्टेयर हो गया है, जो कृषि क्रांति का प्रमाण है।

### लखनऊ में बनेगा सीड पार्क

मुख्यमंत्री ने कहा कि लखनऊ में पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह के नाम पर 250 एकड़ में सीड पार्क विकसित किया जाएगा, जहां जलवायु अनुकूल बीज तैयार किए जाएंगे। उन्होंने उम्मीद जताई कि जल्द ही आगरा में इंटरनेशनल पोटेटो सेंटर स्थापित होगा।

## मुजाहिदीन आर्मी बनाने वाले आरोपियों की आठ दिन की रिमांड मंजूर

**अमृत विचार, लखनऊ :** देश में हिंसात्मक जिहाद व शरीयत कानून लागू कराने की साजिश रचने वाले पांच आरोपियों की पुलिस कस्टडी रिमांड को कोर्ट ने मंजूरी दे दी है। सोमवार को हुए सुनवाई में कोर्ट ने आठ दिन की रिमांड मंजूर की है। जिसकी अवधि मंगलवार से शुरू होगी। आरोपियों ने मुजाहिदीन आर्मी तैयार की थी। इसके लिए पूरे देश के युवकों से सोशल मीडिया पर संपर्क कर रहे थे। एटीएस ने मुजाहिदीन आर्मी बनाकर, लोकतांत्रिक व्यवस्था को हटाकर शरीयत कानून कायम करने का मंसूबा रखने वाले गिरोह का खुलासा किया था। इस गिरोह के सरगना मो. रजा को 30 सितंबर को केरल के मल्लपुरम से गिरफ्तार किया था। वहीं, चार सहयोगियों को यूपी के चार जिलों से 29 सितंबर को दबोचा था।

# व्यक्तिगत निगरानी में डीएम कराएं परीक्षा

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- यूपीपीएससी पीसीएस परीक्षा को लेकर मुख्य सचिव ने दिए निर्देश

**अमृत विचार :** 12 अक्टूबर को होने जा रही यूपीपीएससी पीसीएस प्रारंभिक परीक्षा को लेकर प्रदेश सभी 75 जिलों में कुल 1435 परीक्षा केंद्रों की तैयारी लगभग पूरी है। परीक्षा दो पालियों में आयोजित होगी। पहली पाली सुबह 9.30 से 11.30 तक और दूसरी पाली 2.30 से 4.30 तक है। इसमें कुल 6,26,387 अभ्यर्थी पंजीकृत हैं।

राज्य के जिन 1435 परीक्षा केंद्रों पर यह परीक्षा आयोजित होगी, उनमें 248 सरकारी और 1187 वित्त पोषित विद्यालय हैं। सर्वाधिक परीक्षा केन्द्र प्रयागराज-67, लखनऊ-59, वाराणसी-49, मेरठ-42, गोरखपुर-41, कानपुर नगर-39, आगरा-39, मुरादाबाद-34, जौनपुर-34 व बरेली-34 बनाए गए हैं।

सोमवार को लोकभवन में मुख्य सचिव एसपी गोयल ने वीडियो कॉन्फ्रेन्सिंग से सभी मंडलायुक्तों, जिलाधिकारियों एवं वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों के साथ पीसीएस, एसीएफ, आरएफओ की प्री परीक्षा की तैयारियों की समीक्षा की। इस दौरान मुख्य सचिव ने स्पष्ट कहा कि परीक्षा को निष्पक्ष, नकलविहीन और पारदर्शी ढंग से संपन्न कराना शासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। बैठक में प्रमुख सचिव नियुक्ति एम. देवराज, सचिव गृह मोहित गुप्ता सहित संबंधित विभागों के वरिष्ठ अधिकारी आदि उपस्थित रहे।

## मुख्यमंत्री ने जनता दर्शन में सुनीं समस्याएं

**अमृत विचार, लखनऊ :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को जनता दर्शन में लोगों की समस्याएं सुनीं। प्रदेश भर से आये फरियादियों के पास मुख्यमंत्री स्वयं पहुंचे, उनकी समस्या पूछी, प्रार्थना पत्र लिया और अफसरों को निर्देश दिए कि निश्चित समयावधि में सभी की समस्याओं का उचित निस्तारण कराएं। मुख्यमंत्री ने कहा कि हर चेहरे पर खुशी और संतुष्टि ही सरकार की प्राथमिकता है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के कालीदास मार्ग स्थित सरकारी आवास पर सोमवार सुबह जनता दर्शन में प्रदेश के 50 से अधिक पीड़ित पहुंचे। ''जनता दर्शन'' में लोग पुलिस, बिजली, राजस्व से जुड़े प्रकरण, नौकरी, आर्थिक सहायता आदि की मांग को लेकर पहुंचे थे। योगी ने कहा कि किसी के चेहरे पर खुशी लाना ही ईश्वर की सेवा है। प्रदेश सरकार हर पीड़ित को खुशहाल करने की भावना से कार्य कर रही है।


जनता दर्शन में लोगों की समस्याएं सुनते मुख्यमंत्री योगी।

## दीपोत्सव-2025 में बनेगा विश्व रिकॉर्ड : जयवीर

**अमृत विचार, लखनऊ :** पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने कहा कि इस बार दीपोत्सव-2025 में सरयू तट स्थित राम की पैड़ी समेत 56 घाटों पर 26 लाख से अधिक दीये एक साथ प्रज्ज्वलित कर गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड बनाने की तैयारी है। सरयू तट पर 2100 लोगों द्वारा की जाने वाली महाआरती कार्यक्रम का विशेष आकर्षण होगी। उन्होंने बताया कि 18 अक्टूबर को अयोध्या में दीपोत्सव की मॉक ड्रिल की जाएगी, ताकि आयोजन से पूर्व सभी व्यवस्थाओं की सघन जांच हो सके। पर्यटन मंत्री सोमवार को पर्यटन भवन में दीपोत्सव-2025 की तैयारियों को लेकर विभागीय अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक कर रहे थे। जयवीर सिंह ने बताया कि दीपोत्सव में राम और रामायण की थीम पर आधारित सांस्कृतिक प्रस्तुतियों का आयोजन होगा।

## आयुष कॉलेजों में दाखिले के लिए सूची जारी

**अमृत विचार, लखनऊ :** आयुर्वेदिक, होम्योपैथी और यूनानी मेडिकल कॉलेजों में परास्नातक सीटों पर दाखिले सोमवार से शुरू हो गए हैं। यूपी आयुष पीजी काउंसिलिंग-2025 में 335 अभ्यर्थियों को प्राथमिकता के अनुसार सीट आवंटित कर दी गयी हैं। पहले दो दिन सोमवार व मंगलवार को आयुर्वेदिक कॉलेजों में दाखिले की प्रक्रिया पूरी होगी, इसके बाद बुधवार को होम्योपैथी और गुरुवार को यूनानी कॉलेजों में दाखिले संपन्न होंगे। आयुष पीजी काउंसिलिंग के सचिव प्रो.जमाल अख्तर ने बताया कि आयुर्वेद में विभिन्न विषयों की कुल 221 अभ्यर्थियों को सीट आवंटित हुई हैं, इसी प्रकार होम्योपैथी में 74 सीटें और यूनानी में विभिन्न विषयों की 40 सीटें अभ्यर्थियों को आवंटित की गयी हैं। दाखिले की प्रक्रिया पूरी होने के बाद अगर सीट रिक्त रहती हैं तो अगली काउंसिलिंग शुरू की जाएगी।

# छह शहरों में 1,948 करोड़ की आठ आवासीय परियोजनाएं मंजूर

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- रेरा ने लखनऊ, प्रयागराज, आगरा, झांसी, गौतम बुद्ध नगर व फिरोजाबाद में दी स्वीकृति

**अमृत विचार :** लखनऊ, प्रयागराज, आगरा, झांसी, गौतमबुद्ध नगर व फिरोजाबाद में किफायती आवास, मध्यम आय वर्ग के फ्लैट, विला और भूखंड खरीदने का सपना जल्द पूरा होगा। सोमवार को लखनऊ मुख्यालय पर अध्यक्ष संजय भूसरेड्डी की अध्यक्षता में उप्र रियल एस्टेट विनियामक प्राधिकरण (रेरा) ने 185वीं बैठक में आठ परियोजनाओं को मंजूरी दी है। इनमें आगरा व झांसी विकास प्राधिकरण की दो परियोजनाएं हैं, जबकि अन्य शहरों में निजी बिल्डरों द्वारा एक-एक परियोजनाएं निर्मित की जाएंगी।

अध्यक्ष ने बताया कि छह शहरों में बिल्डर व प्राधिकरण द्वारा 1,948 करोड़ से 3,005 आवासीय और वाणिज्यिक इकाइयां निर्मित करके बिक्री की जाएंगी। इसमें लखनऊ में निजी बिल्डरों की तीन, फिरोजाबाद, गौतमबुद्ध नगर व प्रयागराज में एक-एक परियोजना मंजूर की है। झांसी और फिरोजाबाद जैसे उभरते शहरों को परियोजनाएं देकर विकास की मुख्यधारा से जोड़ने का प्रयास है। इससे स्पष्ट है कि रियल एस्टेट विकास अब केवल पश्चिमी उत्तर प्रदेश या महानगरों तक सीमित नहीं है, बल्कि पूरे राज्य में संतुलित और व्यापक रूप से फैल रहा है। करोड़ों के निवेश से केवल निर्माण क्षेत्र में सीमेंट, स्टील, टाइल्स, पेंट, फर्नीचर, इलेक्ट्रॉनिक्स, होम डेकोर और वित्तीय सेवाओं जैसे सहायक उद्योगों में भी रोजगार और व्यावसायिक अवसरों को बढ़ावा मिलेगा।

## निजीकरण के खिलाफ होगा देशव्यापी प्रदर्शन

**अमृत विचार, लखनऊ :** निजीकरण के खिलाफ अब यूपी के बिजली कर्मियों की आवाज मुंबई में गूंजेगी। इस बार इंजीनियर्स देशव्यापी आंदोलन के मोर्चे पर डट गए हैं। 4-5 नवंबर को देशव्यापी प्रदर्शन की तैयारी है। इस कड़ी में उत्तर प्रदेश के विरोध को चंडीगढ़, पुडुचेरी, महाराष्ट्र का साथ मिल गया है। दरअसल, विरोध मुंबई में होने वाली डिस्ट्रीब्यूशन यूटिलिटी मीट (डीयूएम) के इंजीनियर्स कर रहे हैं। उनका कहना है कि निजीकरण का फैसला किसी भी कीमत पर स्वीकार नहीं किया जाएगा। इसके विरोध में अब देशव्यापी आंदोलन शुरू किया जाएगा। यह फैसला नेशनल कोऑर्डिनेशन कमेटी ऑफ इलेक्ट्रिसिटी इंप्लाइज एंड इंजीनियर्स (एनसीसीओईईई) की बैठक में लिया गया।

# आबकारी से लक्ष्य का 90.8 प्रतिशत मिला राजस्व

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- वित्त मंत्री सुरेश कुमार खन्ना ने दी जानकारी

**अमृत विचार:** राज्य सरकार को आबकारी मद के अंतर्गत माह सितंबर में राजस्व प्राप्ति के निर्धारित लक्ष्य का 90.8 प्रतिशत की प्राप्ति हुई है। स्टाम्प तथा निबन्धन के अंतर्गत सितम्बर की राजस्व प्राप्ति 2516.95 करोड़ रुपये है, जबकि बीते साल सितंबर में प्राप्ति 2177.34 करोड़ रही थी। इस प्रकार इस मद में माह सितंबर में निर्धारित लक्ष्य का 83.9 प्रतिशत की राजस्व प्राप्ति हुई है। परिवहन के अन्तर्गत 745.78 करोड़ रुपये का राजस्व मिला, जबकि गत वर्ष माह सितंबर में प्राप्ति 653.80 करोड़ रही थी। भू-तत्व तथा खनिकर्म के अन्तर्गत माह सितंबर, 2025 में प्राप्ति 183.01 करोड़ है, जबकि गत वर्ष माह सितंबर, 2024 में प्राप्ति 205.56 करोड़ रुपये रही थी।

वित्त मंत्री सुरेश कुमार खन्ना ने बताया कि प्रदेश के मुख्य कर-करेत्तर राजस्व वाले मदों में वित्तीय वर्ष 2025-26 के सितंबर माह में कुल 15237.44 करोड़ का राजस्व प्राप्त हुआ, जबकि वित्तीय वर्ष 2024-25 के सितंबर माह में 14747.93 करोड़ राजस्व प्राप्त हुआ था।

## किसानों को खाद व बीज उपलब्ध नहीं



**अमृत विचार, लखनऊ :** सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने कहा है कि भाजपा जबसे सत्ता में आई है तबसे न तो किसानों को समय से खाद और बीज उपलब्ध करा पा रही है और न किसानों की फसलों का सही मूल्य दिला पा रही है। महंगाई के कारण खेती का लागत मूल्य बढ़ गया है। लेकिन किसानों को उनकी फसलों का उचित दाम नहीं मिल रहा है। सपा प्रमुख ने सोमवार को जारी बयान में कहा कि भाजपा सरकार में खाद के लिए लाइनों में खड़े कई किसानों पर लाठीचार्ज हुए। लाइनों में लगे-लगे किसानों की तबीयत खराब हुई और कई किसानों की जान चली गयी।

**मिशन 2027** जनता का मूड व कार्यकर्ताओं की रिपोर्ट से तय होगा भाजपा का टिकट

# बिहार टिकट फार्मूले से यूपी के विधायकों को आ रहा पसीना

धीरेंद्र सिंह, लखनऊ

- वरिष्ठता व नजदीकी दरकिनार कर टिकट देने का आधार होगा जनसमर्थन

**अमृत विचार :** बिहार विधानसभा चुनाव में भाजपा द्वारा अपनाई गई 'रिपोर्ट और परफॉर्मेंस आधारित टिकट वितरण नीति' अब उत्तर प्रदेश में भी राजनीतिक हलचल का कारण बन गई है। बिहार में जहां मजबूत जनसमर्थन और कार्यकर्ता रिपोर्ट के आधार पर मौजूदा विधायकों को दोबारा मौका देने का निर्णय हुआ है, वहीं यूपी में इस फार्मूले के संकेत से ही विधायकों के माथे पर पसीना आ गया है। पार्टी अब स्पष्ट कर चुकी है कि वरिष्ठता या नजदीकी नहीं, जनता का मूड और संगठन की रिपोर्ट ही टिकट की कुंजी बनेगी।

बिहार भाजपा के प्रभारी व केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने कहा है कि जहां रिपोर्ट मजबूत है, वहां पुराने विधायकों को दोबारा मौका मिलेगा, लेकिन जहां एंटी-इनकंबेंसी या निष्क्रियता दिखी है, वहां नए चेहरे लाए जाएंगे। महिलाओं और युवाओं को प्राथमिकता मिलेगी। यही फार्मूला अब यूपी में 'मिशन परफॉर्मेंस 2027' के तहत अपनाए जाने की तैयारी तेज हो गई है। लोकसभा चुनाव 2024 के अनुभव से भाजपा ने सबक लिया है। आधे से अधिक सांसदों की हार ने पार्टी को झकझोर दिया था। जिन सांसदों ने पांच वर्षों तक जनता से दूरी बनाए रखी, वे मोदी लहर के बावजूद हार गए। यूपी की 47 सीटों पर उतरे भाजपा सांसदों में 21 तो मोदी के नाम पर जीते, लेकिन 26 को शिकस्त मिली। दिलचस्प बात यह रही कि जिन सात सीटों पर टिकट बदले गए, वहां भाजपा को सफलता मिली। इसमें बहराइच, बरेली, देवरिया, कैसरगंज, मेरठ, फूलपुर और पीलीभीत शामिल हैं। इनसे पार्टी रणनीतिकारों को यह संदेश मिला कि चेहरे बदलने का प्रयोग जोखिम नहीं, अवसर बन सकता है। यूपी भाजपा में अब इसी प्रयोग को आगे बढ़ाने की तैयारी है।

### योगी ने भी चेताया

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को वाराणसी में साफ कहा कि पार्षद से लेकर सांसद तक हर जनप्रतिनिधि जनता के बीच रहे। जनता की समस्याओं को मौके पर जाकर सुने और समाधान करे। जो ऐसा करेगा, जनता उसको आशीर्वाद देती रहेगी। योगी के इस संदेश को संगठन ने 2027 की तैयारी का मार्गदर्शन माना है।

### जिलों में रिपोर्ट कार्ड की चर्चा

प्रदेश भाजपा में इन दिनों रिपोर्ट कार्ड शब्द सबसे चर्चित है। विधायकों ने अब तेजी से जनसंपर्क बढ़ाना शुरू कर दिया है। संगठन महामंत्री धर्मपाल सिंह और प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी लगातार दौरों में स्पष्ट संदेश दे रहे हैं कि काम ही पहचान बनेगा। लोकसभा में कमजोर प्रदर्शन वाले क्षेत्रों के विधायकों पर सबसे पहले प्रभाव पड़ सकता है। शहरी इलाकों में बूथ प्रबंधन, कार्यकर्ता असंतोष और जनसम्पर्क रिपोर्टें निर्णायक होंगी।

# निकांत जैन से फिर होगी पूछताछ, ईडी ने भेजी नोटिस

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- निलंबित आईएएस का है करीबी रिश्वत मांगने का आरोप

**अमृत विचार :** निलंबित आईएएस अभिषेक प्रकाश का करीबी निकांत जैन जमानत पर बाहर है। उसे प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने फिर से नोटिस भेजा है। उससे कई राज उगलवाने हैं। ईडी को निकांत के जमानत मिलने की जानकारी छापेमारी के दौरान हुई थी। वहीं, निकांत के अलावा उसके भाई सुकांत जैन की भी संपत्तियों का ब्योरा जुटा रही है।

सोलर संयत्र लगाने के लिए यूपी आई कंपनी के प्रतिनिधि विश्वजीत ने 20 मार्च को गोमतीनगर में निकांत जैन के खिलाफ आईएएस के कहने पर कमीशन मांगे जाने की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। बयान में उसने आरोप लगाया था कि इन्वेस्ट यूपी के तत्कालीन सीईओ अभिषेक प्रकाश के कहने पर निकांत ने रिश्वत मांगी। रिपोर्ट दर्ज होने के बाद ही निकांत को गिरफ्तार कर लिया गया था। 7 अगस्त को ईडी ने निकांत जैन के पांच ठिकानों पर छापा मारा गया था। इस दौरान पता चला कि निकांत जैन जमानत पर बाहर आ चुका है। इस बारे में किसी को पता तक नहीं चला था। ईडी ने निकांत की तलाश की लेकिन उसका पता नहीं चला। अब ईडी ने उसे फिर से नोटिस भेजा है।

## न्यूज ब्रीफ

### राम मंदिर में होंगे सांस्कृतिक कार्यक्रम

**अयोध्या, अमृत विचार :** बृहस्पति कुंड में आठ अक्टूबर को प्रतिष्ठित की जा रही दक्षिण भारत के तीन संत संगीतज्ञों की मूर्ति के अनावरण के साथ श्री राम मंदिर में सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन होगा। इसमें दक्षिण भारतीय कलाकार प्रस्तुति देंगे। जिलाधिकारी निखिल टी. फुंडे ने बताया कि बृहस्तपति कुंड का लोकार्पण व संतों की मूर्तियों का अनवारण होगा। साथ ही श्री राम मंदिर में केंद्रीय वित्त मंत्री और मुख्यमंत्री के पूजन के साथ छोटा सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन होगा। इस दौरान केंद्रीय मंत्री हनुमानगढ़ी सहित अन्य स्थानों पर जा सकती है। उनका कार्यक्रम आने के बाद यह साफ हो पाएगा।

### दुर्घटना में युवक की मौत, एक गंभीर

**सोहावल, अमृत विचार :** ड्योढ़ी–रौनाही मार्ग पर नवीगंज नहर पुल के पास दो बाइकों में आमने–सामने हुई टक्कर में एक बाइक सवार शेखपुर जाफर निवासी सुनील कुमार (32) व दूसरी बाइक सवार ड्योढ़ी बाजार निवासी बलराम जायसवाल गंभीर रूप से घायल हो गये। लोगों ने घायलों को अस्पताल पहुंचाया। जहां चिकित्सकों ने सुनील कुमार को मृत घोषित कर दिया। रौनाही पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जांच–पड़ताल की।

### 180 बकायादारों की बिजली गुल

**मिल्कीपुर, अयोध्या। अमृत विचार :** हैरिंग्टनगंज विद्युत उपकेंद्र के अवर अभियंता अरुण कुमार वर्मा के नेतृत्व में सोमवार को ग्राम पाराताजपुर में बकायेदारों के खिलाफ अभियान चलाया गया। इस दौरान ग्राम पंचायत पाराताजपुर के कुल 180 बकायादारों के विद्युत कनेक्शन काटे गए। वहीं उपभोक्ताओं ने मांग की कि बिलिंग व्यवस्था में सुधार कर समय पर बिल उपलब्ध कराया जाए, जिससे वे समय पर भुगतान कर सकें।

### सीनियर क्रिकेट व बॉक्सिंग ट्रायल 9 को

**अयोध्या, अमृत विचार :** क्षेत्रीय खेल कार्यालय के तत्वावधान में सीनियर पुरुष क्रिकेट व सीनियर पुरुष बॉक्सिंग का चयन ट्रायल नौ अक्टूबर को डाभासेमर के डॉ. आंबेडकर अंतरराष्ट्रीय क्रीड़ा संकुल में होगा। आरएसओ अनिमेष सक्सेना ने बताया कि जिला स्तरीय ट्रायल सुबह नौ बजे व मंडलीय ट्रायल दोपहर एक बजे होगा। चयनित मंडलीय क्रिकेट टीम 13 अक्टूबर से आजमगढ़ में आयोजित पं. दीनदयाल उपाध्याय प्रदेशीय सीनियर पुरुष क्रिकेट प्रतियोगिता में और मंडलीय बॉक्सिंग टीम 13 अक्टूबर से मेरठ में आयोजित पं. दीनदयाल उपाध्याय प्रदेशीय सीनियर पुरुष बॉक्सिंग प्रतियोगिता में प्रतिभाग करेंगी।

### प्रदेशीय पुरुष फुटबॉल प्रतियोगिता 10 से

**अयोध्या,अमृत विचार :** उत्तर प्रदेश फुटबॉल संघ के समन्वय से डाभासेमर के डॉ. आंबेडकर अंतरराष्ट्रीय क्रीड़ा संकुल में 10 अक्टूबर से प्रदेशीय सीनियर पुरुष फुटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। क्षेत्रीय क्रीड़ा अधिकारी अनिमेष सक्सेना ने बताया कि प्रदेशीय सीनियर पुरुष फुटबॉल प्रतियोगिता में प्रदेश के सभी 18 मंडलों सहित स्पोर्ट्स कॉलेज व स्पोर्ट्स हॉस्टल की टीमें प्रतिभाग करेंगी। आठ दिवसीय प्रतियोगिता का 10 अक्टूबर को समारोहपूर्वक उद्घाटन व 17 अक्टूबर को समापन होगा। प्रतियोगिता में निष्पक्ष निर्णय के लिए उत्तर प्रदेश फुटबॉल संघ व प्रदेश खेल निदेशालय की ओर से योग्य रेफरी व ऑफीसियल की व्यवस्था की गई है।

### छेड़छाड़ का आरोपी गिरफ्तार

**शुजागंज, अयोध्या। अमृत विचार :** दुर्गा पूजा के अवसर पर बाजार घूमने गई एक किशोरी के साथ घर छोड़ने के बहाने छेड़खानी करने के आरोपी युवक को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। कोतवाल रुदौली प्रभारी संजय मौर्या ने बताया कि पीड़िता की तहरीर के आधार पर आरोपी राजेश यादव को गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया गया है।

### फंदे से लटकता मिला विवाहिता का शव

**भेलसर, अयोध्या। अमृत विचार :** रुदौली कोतवाली क्षेत्र के भेलसर पुलिस चौकी अंतर्गत ग्राम भेलसर गांव में सोमवार को घर के अंदर बंद कमरे में नवविवाहिता का शव फंदे से लटकता हुआ मिला। भेलसर चौकी प्रभारी मनीष चतुर्वेदी ने बताया कि प्रीति चौहान पत्नी शिवा चौहान का शव लटकता पाया गया। सभी पहलुओं पर जांच की जा रही है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। अभी कोई तहरीर नहीं मिली है।

# युवक की मौत, सीएचसी पर तोड़फोड़

## मिल्कीपुर में स्वास्थ्य कर्मियों ने इलाज में लापरवाही का लगाया आरोप, की मारपीट

**पुलिस ने संभाली स्थिति, घंटों की मशक्कत के बाद सामान्य हुए हालात**

मिल्कीपुर, अयोध्या।



मिल्कीपुर सीएचसी में देर रात हुए बवाल के बाद मौके पर जुटे लोग।

**अमृत विचारः** मिल्कीपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) पर रविवार देर रात एक युवक की मौत के बाद परिवारीजनों और स्थानीय लोगों ने जमकर हंगामा किया। आक्रोशित लोगों ने स्वास्थ्यकर्मियों व सुरक्षा कर्मियों से मारपीट की और तोड़फोड़ कर दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने हालात पर काबू पाया।

इनायतनगर थाना क्षेत्र के अछोरा पूरे नागेश्वर पांडेय निवासी 35 वर्षीय सूरज यादव को रविवार रात सीने में तेज दर्द हुआ। परिवारीजन उसे निजी वाहन से सीएचसी मिल्कीपुर लेकर पहुंचे। अस्पताल में तैनात डॉ. महिपाल सिंह ने प्राथमिक उपचार के बाद मरीज की हालत गंभीर देखते हुए उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया और एम्बुलेंस की व्यवस्था की। इसी दौरान मृतक के भाई फौजी पवन कुमार यादव ने डॉक्टर पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए डॉ. महिपाल सिंह, फार्मासिस्ट संतोष कुमार मिश्रा, वार्ड बॉय महेश शुक्ला और सुरक्षा गार्ड लालजी यादव से कहासुनी कर ली। बात बढ़ने पर गाली-गलौज और मारपीट भी हुई। इसके बाद वे लोग मरीज को अपने वाहन से लेकर चले गए। कुछ देर बाद दर्जनों लोग दोबारा अस्पताल पहुंचे और जमकर हंगामा करने लगे। भीड़ ने अस्पताल के फर्नीचर व अन्य सामानों में तोड़फोड़ कर नुकसान पहुंचाया। परिवारीजनों का आरोप था कि स्वास्थ्यकर्मियों की लापरवाही से सूरज यादव की मौत हुई, जबकि डॉक्टरों का कहना है कि मरीज की स्थिति पहले से ही गंभीर थी और बेहतर इलाज के लिए उसे तत्काल रेफर किया गया था।

घटना की सूचना मिलते ही थानाध्यक्ष रतन कुमार शर्मा, उप निरीक्षक आलोक कुमार सिंह, अमर बहादुर सिंह व अभिषेक कुमार पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और घंटों की मशक्कत के बाद स्थिति सामान्य हुई। पुलिस ने मृतक के भाई की तहरीर पर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। थानाध्यक्ष रतन कुमार शर्मा ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत का कारण स्पष्ट होगा। साथ ही सीएचसी में तोड़फोड़ और मारपीट करने वालों की पहचान कर कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

### शराब पीने के बाद बिगड़ी थी तबियत

मृतक के भाई हनुमान यादव ने बताया कि सूरज तीन भाइयों में दूसरे नंबर पर था। उसके एक वर्ष का बेटा और छह माह की बेटी है। पेशे से ट्रक चालक था। उसने बताया कि रविवार शाम सूरज ने पांच नंबर मैदान पर कुछ साथियों के साथ शराब पी थी और भोजन किया था। उसके बाद अचानक सीने में दर्द शुरू हुआ था।

# बिना कागज चल रहा डायग्नोस्टिक सेंटर सील

- सीएचसी के सामने था सेंटर, डिप्टी सीएमओ ने की कार्रवाई

**सोहावल, अमृत विचारः** डिप्टी सीएमओ डॉ. वेद प्रकाश त्रिपाठीने सोमवार को सोहावल सीएचसी के सामने अवैध रूप से चल रहे डायग्नोस्टिक सेंटर को सील कर दिया। वह टीम के साथ सीएचसी पहुंचे थे। सम्राट डायग्नोस्टिक सेंटर की जांच की तो कागजात सही पाए गए। इसके बाद शिवम डायग्नोस्टिक सेंटर की जांच की। मौजूद संचालक से वैधता के रजिस्ट्रेशन पेपर मांगा। कागजात सही न पाए जाने पर सेंटर को सील कर दिया। संबंधित कागजात लेकर कार्यालय आने तक किसी प्रकार की जांच न करने की सख्त हिदायत दी। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. सुशील कुमार बानियान ने बताया डायग्नोस्टिक सेंटर बिना रजिस्ट्रेशन का संचालित पाया गया। इसको सील कर दिया गया। क्षेत्र में इस तरह के सेंटरों की आगे भी जांच जारी रहेगी। जो भी अवैध पाए जाएंगे उनके खिलाफ कार्रवाई जरूर होगी।



भाजयुमो प्रदेश महामंत्री हर्षवर्धन सिंह के यहां पहुंचे मंत्री दानिश अंसारी।

# मंत्री दानिश अंसारी ने जताया शोक

**अयोध्या, अमृत विचार :** भाजयुमो के प्रदेश महामंत्री हर्षवर्धन सिंह के आवास पर सोमवार को राज्यमंत्री दानिश आज़ाद अंसारी पहुंचे। उनकी दिवंगत माता को श्रद्धांजलि अर्पित कर अपनी संवेदनाएं व्यक्त की। अल्पसंख्यक मोर्चा के महानगर अध्यक्ष मोहम्मद आसिफ अंसारी ने मरकजी अंजुमन तबलीग़ अहले सुन्नत के सक्रिय कार्यकर्ता फजल हुसैन अज़हरी, अरशद अहमद, शारिक आलम आदि की मुलाकात मंत्री से कराई। उन्होंने शहर की कई वक्फ संपत्तियों और उम्मीद पोर्टल के बारे में मौखिक अवगत कराया। मंत्री ने हर तरह से मदद सहयोग का आश्वासन दिया।

# दीपोत्सव स्थल पर आधुनिक तकनीक से जलते दिखाई देंगे छह दीपक

अयोध्या कार्यालय।

**अमृत विचारः** राम की पैड़ी पर आयोजित होने वाले दीपोत्सव में इस वर्ष कई नये आयाम लिखेंगे। जहां 56 घाटों पर 26 लाख दीयों को बिछाए जाएंगे। वहीं इन घाटों के बीच आधुनिक तकनीक से जलने वाले छह विशाल दीप भी तैयार किये जा रहे है। इसके लिए राजस्थान के कारीगर दीपों को अंतिम रूप देने में लगे हुए है।



राम की पैड़ी पर बन रहा विशाल दीपक। अमृत विचार

राजस्थान के एन ई मार्बल कंपनी की कारीगर लाल पत्थरों से इसे अतैयार कर रहे हैं। जिस पर इलेक्ट्रिक लैंप लगाए जाएंगे जो हमेशा दीपक की तरह जलता हुआ दिखाई देगा। राजस्थान के मुख्य कारीगर अरशद अली ने बताया कि यह अद्भुत दिया बनाया जा रहा है इसे तैयार होने के बाद बहुत ही खूबसूरत लगेगा, जो दीपोत्सव के बाद भी चलते हुए दिखाई देता रहेगा। जिसे 10 अक्टूबर तक तैयार कर लिया जाएगा। दीपक जमीन से पांच फिट ऊंचे स्थान पर रखा गया है। जिसे दूर से भी देखने में बहुत ही आकर्षण होगा।

# कार में दम घुटने से बच्चे की मौत, बहन गंभीर

- रुदौली के बाबा बाजार थाने के करौंदी में हुई घटना, चल रहा था पारिवारिक आयोजन

मवई, अयोध्या।

**अमृत विचार :** बाबा बाजार थाना क्षेत्र के ग्राम करौंदी मजरे सैदपुर में सोमवार को एक बड़ा दर्दनाक हादसा हो गया। खेलने के लिए एक कार में बैठे तीन वर्ष के बच्चे की मौत हो गई, जबकि उसकी छह वर्ष की बड़ी बहन की हालत गंभीर बनी हुई है। हादसे से परिवार में कोहराम मचा है।

ग्राम करौदी निवासी नफीस के यहाँ सोमवार को ग्यारहवीं के पर्व पर मेहमानों को खाने पर बुलाया गया था। खाने का कार्यक्रम चल रहा था। कार्यक्रम के दौरान घर के निकट एक कार खड़ी थी और दरवाजा खुला था। नफीस का तीन वर्षीय पुत्र अख्तर रज़ा व छह वर्षीय पुत्री माही कार के अंदर बैठ गये और दरवाजा बंद कर लिया। काफी देर बाद किसी ने कार में झांक कर देखा तो दोनों बेसुध पड़े हुए थे। दरवाजा खोलकर दोनों बच्चों को सीएचसी सुनबा ले जाया गया। जहां डॉक्टरों ने अख्तर रजा को मृत घोषित कर दिया जबकि माही की हालत गंभीर बनी हुई है। बाबा बाजार थाना अध्यक्ष शैलेंद्र कुमार आजाद ने बताया परिजनों ने पोस्टमार्टम कराने से इंकार किया है। इसलिए पंचनामा कर शव दे दिया गया है।

# तीन बदमाशों ने महिला से की लूटपाट

- कोतवाली नगर अंतर्गत वजीरगंज इलाके की घटना, पुलिस प्रारंभिक जांच में घटना को मान रही संदिग्ध
- दिनदहाड़े बदमाशों ने चाकू दिखाकर की वारदात

अयोध्या कार्यालय।

**अमृत विचारः** कोतवाली नगर अंतर्गत वजीरगंज इलाके में तीन बदमाशों ने दिनदहाड़े एक घर में घुसकर लूटपाट की। बदमाश घर की दूसरी मंजिल पर सोई महिला के गर्दन पर चाकू रख घर में रखे लाखों के जेवरात व नगदी उठा ले गए। पुलिस आसपास लगे सीसीटीवी से फुटेज को खंगाल रही है। पुलिस घटना को संदिग्ध मान रही है।

वजीरगंज निवासी सैफी ने बताया कि उनके घर में तीन भाइयों का परिवार रहता है, सोमवार को सभी कहीं गए हुए थे। उनकी गर्भवती भाभी सबा घर पर अकेली थीं। उन्होंने बताया कि दोपहर



चोरी की जानकारी देता पीड़ित परिवार।

करीब तीन बजे वह दूसरी मंजिल पर स्थित अपने कमरे में आराम कर रही थीं। इस दौरान तीन नकाबपोश बदमाश सीढ़ी चढ़कर उनके कमरे में आए व वह उनके गर्दन पर चाकू लगाकर धमकाया। उन्होंने जब विरोध किया तो उन्हें मारा पीटा। इसके बाद एक बदमाश चाकू लेकर उनके सामने खड़ा रहा जबकि दो कमरे में रखी अलमारी को तोड़कर उसमें रखे करीब तीन लाख के जेवरात व पांच लाख रुपये कैश लेकर फरार हो गए। घटना की सूचना मिलने पर एसपी सिटी चक्रपाणि त्रिपाठी, कोतवाली नगर प्रभारी अश्वनी पांडे पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे व जांच की। एसपी सिटी ने बताया कि घटना की जांच की जा रही है, तहरीर मिलने पर केस दर्ज किया जाएगा।

# महिलाओं को सिखाई जा रही ड्राइविंगः ऋतु

**अयोध्या कार्यालय। अमृत विचारः** मिशन शक्ति पांच में ड्राइविंग माय ड्रीम्स के तहत सोमवार को ड्राइविंग ट्रेनिंग एंड टेस्टिंग इंस्टीट्यूट उदया चौराहा विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। सम्भागीय परिवहन अधिकारी प्रशासन ऋतु सिंह ने महिलाओं को फोर-व्हीलर ड्राइविंग की बुनियादी जानकारी दी। कहा कि आज महिलाएं हर क्षेत्र में पुरुषों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर चल रही है। उन्होंने कहा कि कार्यक्रम का उद्देश्य महिलाओं में आत्मविश्वास बढ़ाना। सड़क सुरक्षा और वाहन संचालन के मूल सिद्धांतों से परिचित कराना है। अभियान के तहत 100 महिलाओं को प्रशिक्षण दिया जा रहा है। प्रशिक्षण के दौरान महिलाओं को रोड संकेत चिह्नों की पहचान और उनके अर्थ समझाए गए। महत्वपूर्ण हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी दी गई।

# शरद पूर्णिमा पर दंतधावन कुंड में सजाई क्षीरसाईं की झांकी



दंत धावन कुंड में सजाई गई आकर्षक झांकी।

**अयोध्या कार्यालय। अमृत विचार :** शरद पूर्णिमा के अवसर पर बड़ी संख्या में अयोध्या पहुंचे श्रद्धालु में सरयू स्नान कर रामलला का दर्शन पूजन किया। देर शाम प्राचीन दन्त धावन कुंड में क्षीरसाईं विष्णु की झांकी देखकर श्रद्धालु भाव विभोर हो गए। वहीं इस वर्ष झांकी में रामलला का अद्भुत स्वरूप और ऑपरेशन सिंदूर की झलक भी दिखाई गई। इस मौके पर खीर प्रसाद भी वितरित किया गया। साकेत भूषण समाज के महामंत्री नन्दलाल गुप्ता ने कहा कि समिति की ओर परम्परागत 136 वर्षों से सजाई जा रही है। मान्यता है कि चन्द्रमा अमृत के देवता है और अश्विन शुक्ल की पूर्णिमा को चन्द्रमा की किरणों से अमृत की वर्षा होती है, इसी मान्यता के चलते दूध एवं चावल से बनी खीर का भोग लगाकर प्रसाद का वितरण किया जाता है।

### रामलला को लगाया गया खीर का भोग

राम मंदिर में भी शरद पूर्णिमा का आयोजन किया गया। सुबह विष्णु के 11वें अवतार के रूप में रामलला की भव्य आरती हुई। दोपहर में 56 प्रकार के व्यंजनों का भोग लगाया गया। पुजारी बताते हैं कि रामलला को सुंदर वस्त्र धारण कराए जाने के साथ दिव्य श्रृंगार कर आरती पूजन हुआ। शयन आरती के दौरान रामलला खीर का भोग लगाया गया और प्रसाद भी मौजूद भक्तों में वितरित हुआ।

# भदरसा गैंगरेप मामले में दोनों आरोपियों ने दर्ज कराया बयान

- कड़ी सुरक्षा के बीच लाया गया न्यायालय

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचारः** पूराकलंदर थाना क्षेत्र के बहुचर्चित 12 वर्षीय किशोरी से गैंगरेप के मामले में सोमवार को दोनों आरोपियों का बयान दर्ज किया गया। उन्होंने खुद को फर्जी फंसाए जाने और सफाई साक्ष्य पेश करने की अदालत से गुजारिश की।

अदालत ने सफाई साक्षी के लिए अगली तिथि 15 अक्टूबर नियत की है। यह कार्यवाही विशेष न्यायाधीश पॉक्सो एक्ट निरुपमा विक्रम की अदालत में हुई। विशेष लोक अभियोजक विनोद कुमार उपाध्याय अभिषेक रघुवंशी ने बताया कि पूरा कलंदर थाना क्षेत्र के एक गांव की रहने वाली 12 वर्षीय किशोरी के साथ गैंगरेप हुआ था। इसकी रिपोर्ट पीड़िता की मां ने 29 जुलाई 2024 को मोईद खान और राजू खान के खिलाफ घटना के ढाई माह बाद लिखाई थी। रिपोर्ट दर्ज होने के बाद विवेचक ने मामले में दोनों के खिलाफ दुष्कर्म समेत अन्य धाराओं में आरोप पत्र अदालत में प्रस्तुत किया। दंड प्रक्रिया संहिता की धारा 313 के तहत आरोपियों के बयान के लिए सोमवार को पेशी थी। आरोपी मोईद खान और राजू को मंडल कारागार से कड़ी सुरक्षा व्यवस्था में लाकर अदालत के समक्ष पेश किया गया। जहां उन्होंने अपना बयान दर्ज कराया। मोईद खान ने बताया कि पीड़िता ने अपने पहले कलम बंद बयान में जिस मोहित का नाम लिया है वह उसकी बहन का देवर है और उससे उसका प्रेम प्रसंग चल रहा था। मोईद खान के अधिवक्ता कृपाल चंद्र खरे ने बताया कि इस बिंदु पर वह अभिलेखीय साक्ष्य अदालत के समक्ष प्रस्तुत करेंगे।

# डॉ. बरनवाल का सोहावल सीएचसी जाने से इंकार

- सीएमओ ने सुनवा सीएचसी के अधीक्षक का किया था स्थानांतरण

**अयोध्या कार्यालय। अमृत विचार :** सीएमओ डॉ.सुशील कुमार बानियान ने सुनवा सीएचसी अधीक्षक डॉ. मदन बरनवाल का स्थानांतरण सोहावल सीएचसी पर अधीक्षक के पद पर कर दिया था, लेकिन डॉ. मदन बरनवाल ने वहां पद संभालने से इन्कार कर दिया है। डॉ. बरनवाल ने सीएमओ को एक पत्र देकर सुनवा पर ही अधीक्षक बनाए रखने की मांग की है। सीएमओ की ओर से चार अक्टूबर को ही आदेश जारी किया गया था कि सोहावल सीएचसी अधीक्षक डॉ. अपर्णा कोहली ने अधीक्षक पद पर कार्य करने में असमर्थता जताई है। उनके अनुरोध को देखते हुए सुनवा के अधीक्षक को सोहावल में तैनात करने का निर्णय लिया। सीएमओ ने सुनवा का चार्ज वरिष्ठ चिकित्सक डॉ. आदित्य वर्मा को सौंपने के लिए कहा था। माना जा रहा है कि इधर सीएचसी पर कई दिनों से चल रही खींचातानी को देखते हुए डॉ. मदन बरनवाल सोमवार को मुख्यालय पर सीएमओ से मुलाकात करने पहुंच गए। डॉ. मदन ने बताया कि उन्होंने सीएमओ को पत्र देकर अनुरोध किया है कि उन्हें सुनवा पर ही बने रहने दें, या फिर किसी और सीएचसी में लगा दें।

# दीपोत्सव में अयोध्या के कुम्हारों के दीयों को मिलेगी प्राथमिकता

- स्थानीय शिल्पकारों के कई लाख दीयों का होगा उपयोग

अयोध्या कार्यालय।



**अमृत विचारः** श्री अयोध्या जी तीर्थ विकास परिषद के मुख्य कार्यपालक अधिकारी जयेन्द्र कुमार के निर्देश पर दीपोत्सव की तैयारी को लेकर महत्वपूर्ण बैठक की गई। इसमें उपयोग किए जाने वाले दीयों को लेकर विस्तृत चर्चा की गई।

खादी एवं ग्रामोद्योग विभाग ने जानकारी दी कि अयोध्या जिले के विभिन्न ग्रामों में कुम्हारों से लाखों दीयों का निर्माण किया जा रहा है। रानोपाली गांव के सूचित प्रजापति के पास छह लाख, जयसिंहपुर के बृज किशोर के पास चार लाख और नगरिया की पिंकी के पास एक लाख दीयों की आपूर्ति का आदेश मिला है। मुख्य कार्यपालक अधिकारी ने निर्देश दिया कि दीपोत्सव में अयोध्या और उसके आस-पास के गांवों में निर्मित दीयों को ही प्राथमिकता से खरीदा जाए, ताकि स्थानीय कुम्हारों को रोजगार व प्रोत्साहन मिल सके।

बैठक में संबंधित एजेंसी प्रतिभा प्रेस एंड मल्टीमीडिया प्रा.लि. के प्रतिनिधि को निर्देश दिया गया कि उपलब्ध दीयों का उपयोग दीपोत्सव आयोजन में किया जाए। बैठक में संयुक्त मुख्य कार्यपालक अधिकारी पीएन सिंह एवं धीरज श्रीवास्तव, गुड़ विकास निरीक्षक उमाकान्त गुप्ता, जिला खादी एवं ग्रामोद्योग अधिकारी राकेश दूबे, स्थानीय दीपक निर्माता जय सिंह पुर के राजेश कुमार प्रजापति सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

**विकास कार्य**

**महत्वाकांक्षी परियोजना लेने लगी आकार, आएगी 3418 करोड़ की लागत, सरयू पर दो पुल भी प्रस्तावित**

# रामनगरी को 2028 में मिलेगा रिंग रोड का तोहफा, निर्माण शुरू

- 67 किमी. में होंगे सात फ्लाईओवर, चार आरओबी व 16 अंडरपास

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचारः** प्रदेश की सांस्कृतिक और धार्मिक नगरी अयोध्या को जल्द ही रिंग रोड का उपहार मिलने वाला है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने इसकी नींव भी रखा दी है। परियोजना पर काम शुरू हो गया है। सब कुछ ठीक रहा तो 2028 तक इस पर वाहन दौड़ने लगेंगे। यह परियोजना न केवल अयोध्या की कनेक्टिविटी को बेहतर बनाएगी, बल्कि पर्यटन और आर्थिक विकास को भी नई गति प्रदान करेगी। लगभग 3418 करोड़ रुपये की लागत से बनने वाले इस 67.50 किलोमीटर लंबे और 60 मीटर चौड़े रिंग रोड पर सात फ्लाईओवर, चार रेलवे ओवर ब्रिज



रिंग रोड के लिए चल रहा सड़क का निर्माण।

(आरओबी), 16 वाहन अंडरपास, 11 मेजर ब्रिज और 18 माइनर ब्रिज का निर्माण शामिल है। इसके अलावा सरयू नदी पर दो भव्य पुलों का निर्माण भी प्रस्तावित है, जो अयोध्या को बस्ती और गोंडा से जोड़ेंगे।

यह परियोजना अयोध्या को राष्ट्रीय राजमार्गों जैसे एनएच 27 (लखनऊ-गोरखपुर), एनएच 330 ए (अयोध्या-रायबरेली), एनएच 330 (अयोध्या-प्रयागराज) और 135 ए (अयोध्या-वाराणसी वाया अम्बेडकर नगर) से जोड़ेगी। इसके अतिरिक्त अयोध्या-गोंडा मार्ग को भी इस रिंग रोड से जोड़ा जाएगा। यह परियोजना अयोध्या के यातायात को सुगम बनाने के साथ-साथ तीर्थयात्रियों और पर्यटकों के लिए आवागमन को और आसान बनाएगी। परियोजना के तहत सरयू नदी पर दो पुलों का निर्माण विशेष रूप से उल्लेखनीय है। पहला पुल राजेपुर के पास अयोध्या को बस्ती से जोड़ेगा, जबकि दूसरा पुल ढेमुवा घाट अप साइड पर अयोध्या-गोंडा मार्ग को जोड़ेगा। इसके अलावा अयोध्या से वाराणसी, प्रयागराज, लखनऊ और मनकापुर की रेलवे लाइनों पर चार आरओबी का निर्माण होगा, जो रेल और सड़क यातायात के बीच तालमेल सुनिश्चित करेगा।

### 90 फीसदी से अधिक भूमि का हो चुका अधिग्रहण : डीएम

जिलाधिकारी निखिल टीकाराम फुंडे के अनुसार परियोजना के लिए आवश्यक जमीन में से 90 फीसदी से अधिक जमीन अधिग्रहण का कार्य हो चुका है। जिससे परियोजना को गति मिली है। वर्तमान में छह मेजर ब्रिज, दो माइनर ब्रिज, छह फ्लाईओवर और 13 वाहन अंडरपास पर निर्माण कार्य शुरू हो चुका है। कार्यदायी संस्था मेसर्स सीगल अयोध्या बाईपास हाईवे प्राइवेट लिमिटेड ने परियोजना पर तेजी से काम शुरू की कर दिया है। यह सुनिश्चित किया जा रहा है कि परियोजना समयबद्ध तरीके से पूरी हो और गुणवत्ता के मानकों का पालन हो।

### स्थानीय व्यापार और पर्यटन को मिलेगा बढ़ावा

3418 करोड़ रुपये की इस परियोजना का अयोध्या और आसपास के क्षेत्रों पर व्यापक प्रभाव पड़ेगा। रिंग रोड के निर्माण से न केवल यातायात की भीड़ कम होगी, बल्कि स्थानीय व्यापार और पर्यटन को भी बढ़ावा मिलेगा। अयोध्या में राम मंदिर के उद्घाटन के बाद से तीर्थ यात्रियों की संख्या में लगातार वृद्धि हो रही है। ऐसे में यह रिंग रोड उनके लिए सुगम और सुरक्षित यात्रा सुनिश्चित करेगी। साथ ही यह परियोजना स्थानीय लोगों के लिए रोजगार के अवसर भी पैदा करेगी।

### अयोध्या में बाइपास निर्माण कार्य तेजी से प्रगति पर

अयोध्या में बाइपास निर्माण कार्य तेजी से प्रगति पर है। राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण द्वारा एनएच–27, एनएच–330ए और एनएच–330 पर एक साथ कई स्थलों पर कार्य किया जा रहा है। ग्राम कटरौली, मगलसी, मऊ यदुवंशपुर तथा खानपुर मसौदा में अंडरपास निर्माण कार्य गति पकड़ चुका है। ग्राम हरिपुर जलालाबाद, हुंसेपुर, रायपुर मनापुर और खरगापुर में एम्बैंकमेंट (बंधा) निर्माण कार्य निरंतर प्रगति पर है।

## न्यूज ब्रीफ

### सोहावल की पूर्व बीसीपीएम से स्पष्टीकरण तलब

अयोध्या। सीएमओ डॉ. सुशील कुमार बानियान ने सोहावल की पूर्व बीसीपीएम नेहा सिंह पत्नी डॉ. अवधेश सिंह से स्पष्टीकरण तलब किया है। यह स्पष्टीकरण सोहावल में रहते उनके अमर्यादित व्यवहार को लेकर मांगा गया है। कहा गया है कि वह सोहावल सीएचसी में आशाओं का नेतृत्व करते हुए उप जिलाधिकारी एवं तहसीलदार के समक्ष उच्चाधिकारियों को गालियों एवं अलोकतांत्रिक और अमर्यादित ढंग से व्यवहार किया था। जारी आरोप पत्र में नेहा पर कई अन्य आरोप भी हैं। उनसे आठ अक्टूबर तक जवाब देने का दिया गया है। जवाब संतोषजनक न पाए जाने पर विभाग के नियमों के अनुसार दंडात्मक कार्रवाई की चेतावनी दी गई है।

### कमिश्नर व आईजी ने किया निरीक्षण

अयोध्या। कमिश्नर राजेश कुमार और आईजी ने सोमवार की शाम कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण किया। वह बृहस्पति कुंड पहुंचे थे। वहां उन्होंने तैयारियों को देखा। कार्यक्रम के बारे में पूरी जानकारी ली और जरूरी निर्देश दिया।

### गरीब महिलाओं को बांटी साड़ी

गोसाईंगंज। नगर के रामगंज में समाजसेवी पंडित राम सहाय तिवारी की 21वीं पुण्यतिथि पर सहाय सेवा ट्रस्ट की ओर से गरीब महिलाओं को नि:शुल्क साड़ी वितरण किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ पंडित राम सहाय तिवारी के चित्र पर माल्यार्पण कर किया गया। वरिष्ठ चिकित्सक डॉ. रत्ना जायसवाल ने कहा कि गरीबों की सेवा सबसे बड़ा पुनीत कार्य है। आयोजक अमित तिवारी ने बताया कि करीब 200 महिलाओं को साड़ियां वितरित की गईं। अध्यक्षता हेमंत कसौधन और संचालन डॉ. अशोक तिवारी ने किया। कार्यक्रम में कोतवाल शरदेंदु दूबे, डॉ. सुधीर जायसवाल, पुरुषोत्तम दास गुप्ता, दिनेश तिवारी सहित अन्य लोग मौजूद थे।

### शुजागंज में निकली राम बारात

शुजागंज अयोध्या। शुजागंज बाजार में रामलीला महोत्सव का शुभारंभ शोभायात्रा के साथ सोमवार को हुआ। आयोजन की शुरुआत राम बारात की सुंदर झांकी से हुई, जो नगर भ्रमण के लिए निकाली गई। समिति के उपाध्यक्ष राकेश गुप्ता ने बताया कि रामलीला का आयोजन रामलीला समिति शुजागंज द्वारा किया जा रहा है, जिसमें चार दिनों तक अयोध्या के प्रसिद्ध कलाकार श्रीराम के जीवन प्रसंगों का मंचन करेंगे। इस मौके पर समिति के सदस्य रामू श्रीवास्तव, कैलाश गुप्ता, राकेश गुप्ता, आदर्श गुप्ता आदि मौजूद रहे।

### जागरूकता ही बीमारी से बचने का उपाय

पूराबाजार। आशा भगवान बक्श सिंह महाविद्यालय में एचआईवी, एड्स, एसआइवी बचाव व नियंत्रण के लिए जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। अध्यक्षता कॉलेज के प्रधानाचार्य डॉ. नीलमणि सिंह ने की। मुख्य अतिथि राजर्षि दशरथ स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय के डॉ. रमेशचंद्र यादव ने एचआईवी विषय पर अपने विचार साझा किये। कहा कि जागरूकता ही इस बीमारी से बचाव का सबसे बड़ा साधन है। प्रधानाचार्य ने कहा कि युवा पीढ़ी को सामाजिक और स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं से जागरूक करना कॉलेज की प्राथमिकता है। डॉ. चंद्र प्रकाश सोनी (इकाई समन्वयक) ने कहा कि एड्स को लेकर समाज में फैली गलत फहमियों को दूर करना। संचालन डॉ. गीता आर्य और डॉ गोपाल नंदन ने किया।

### धूमधाम से निकला जुलूस-ए-गौसुलवारा

अयोध्या कार्यालय। नगर में जुलूस-ए-गौसुलवरा अंजुमन रौनक- ए - हक के नेतृत्व में मस्जिद उस्मानिया वजीरगंज गढ़ैया से धूमधाम से निकाला गया। जुलूस मस्जिद मोहम्मदिया होते हुए वापस मस्जिद उस्मानिया जाकर समाप्त हुआ। जिसमें शहर व अम्बेडकरनगर टांडा की अंजुमने शामिल हुईं। अंजुमन के प्रवक्ता ओवेस खान ने बताया जुलूस 1997 से अपने परंपरागत तरीके से अंजुमन के नेतृत्व में निकलता है। जुलूस में तनवीर अहमद, शहबाज खान, शादाब खान, अराफात अहमद शोबीआदि मौजूद रहे।

### सिटी मजिस्ट्रेट को सौंपा ज्ञापन

अयोध्या। एआईएमआईएम के जिला अध्यक्ष साबिर राईन के नेतृत्व में सोमवार को मुस्लिम समाज पर अत्याचार को लेकर राष्ट्रपति को सम्बोधित एक ज्ञापन सिटी मजिस्ट्रेट राजेश कुमार मिश्र को सौंपा। इसमें उत्तर प्रदेश में मुस्लिम समाज पर हो रहे अत्याचार, फर्जी मुकदमे दर्ज होने व बुलडोजर की कार्रवाई पर रोक लगाये जाने की मांग की। ज्ञापन देने वालों में अशफाक, एडवोकेट आरिफ, सैयद अदनान, मोनिश अंसारी आदि शामिल रहे।

# दक्षिण के तुलसी संत त्यागराज की प्रतिष्ठा आठ को

## साथ में कर्नाटक संगीत के पितामह पुरंदरदास और रामायण को गीतों में ढालने वाले अरुणाचल कवि

राजेंद्र कुमार पांडेय, अयोध्या।



संत त्यागराज व संत पुरंदरदास के नाम से जारी किया गया डाक टिकट।

**अमृत विचार :** अयोध्या में दक्षिण के तुलसी कहे जाने वाले संत व संगीतज्ञ त्यागराज के साथ कर्नाटक संगीत के पितामह भक्तिमार्गी संत पुरंदरदास और रामायण को गीतों में ढालने वाले अरुणाचल कवि की मूर्तियां आठ अक्टूबर को प्रतिष्ठित की जाएंगी। बृहस्पति कुंड परिसर में लगाई जाने वाली इनकी मूर्तियों को लेकर इन दिनों चर्चा है।

सातवीं से 17वीं शताब्दी तक चलने वाले भक्ति आंदोलन में दक्षिण में जगद्गुरु रामानुजाचार्य को व उत्तर भारत में जगद्गुरु रामानंदाचार्य को इसमें अगुवा माना जाता है। भक्ति आंदोलन के जरिए अपनी संस्कृति को सुरक्षित



श्रीरंगम रंगनाथ मंदिर- यहीं अरुणाचल कवि ने की थी रामनाटकम की रचना।

रखने में इन संतों का बड़ा योगदान रहा। संत त्यागराज, संत पुरंदरदास और अरुणाचल कवि इसी काल खंड में हुए। तीनों संतों का इस पुनर्जागरण के साथ भक्ति, साहित्य, और संगीत में महान योगदान है।

इनका अयोध्या से भी गहरा नाता

**केंद्रीय वित्त मंत्री और मुख्यमंत्री करेंगे अनावरण**

बृहस्तपति कुंड परिसर में त्यागराज, पुरंदरदास और अरुणाचल कवि की मूर्तियों का अनावरण आठ अक्टूबर को प्रस्तावित है। केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण और प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ इसका अनावरण करेंगे।

है। तमिलनाडु के विभिन्न स्थानों में विभिन्न कालखंडों में जन्में इन संतों ने पूरे दक्षिण भारत में अपने साहित्य, कविता के जरिए राम भक्ति की अलग जगाई। साहित्य के साथ शास्त्रीय संगीत को नई दिशा दी। इसलिए भी इन महान संतों की अयोध्या में प्रतिष्ठा की जा रही है।

कर्नाटक संगीत के शास्त्रीय संगीतज्ञ संत त्यागराज का जन्म चार मई 1767 को तमिलनाडु के तंजावुर जिले में तिरूवरूर में हुआ था। वेंकटरमैया के शिष्य त्यागराज का असली नाम काकर्ला त्यागब्रह्मम था। इन्हें दक्षिण के तुलसी के नाम से संबोधित किया जाता है। वह संस्कृत, ज्योतिष और तेलगू के प्रकांड विद्वान थे। उन्होंने किशोरावस्था में पहला गीत-नमो नमो राघवैया... लिखा। मुत्तू स्वामी दीक्षित और श्यामा शास्त्री के साथ मिलकर कर्नाटक संगीत को नई दिशा दी। प्रसिद्ध कृति निधि चल सुखम लिखा। प्रह्लाद भक्ति, नौका चरितम के साथ 600 कृतियों की रचना की। इनकी पंचरत्न सवर्श्रेष्ठ गीत कृति मानी जाती है। इसे कर्नाटक संगीत का आधार ग्रंथ माना जाता है। संत पुरंदरदास का जन्म कर्नाटक के शिवमोगा जिले में क्षेत्रपुर तीर्थ हल्ली में सन 1470 में हुआ था। वह भक्त, संगीतज्ञ, गायक और दार्शनिक थे। ऋषि व्यास तीर्थ के शिष्य थे। उन्होंने ही इनका नाम पुरदर दास रखा। इन पर भक्ति का एसा रंग चढ़ा कि इन्होंने एक घटना के बाद अपनी सारी संपत्ति दान कर दी। पुरंदरदास माधवाचार्य के द्वैत सिद्धांत को मानने वाले थे। भगवान विष्णु और दूसरे देवताओं की स्तुतियों के साथ उन्होंने कुल पौने पांच लाख कीर्तन रचे। उसका नाम पुरंदरदास मंडपम रखा गया। संगीत का पहला पैमाना राग मायामालवगोला को बनाया। स्वरावलि, जंतिरना जैसे पाठों की श्रृंखला तैयार की। यह नारदभक्ति सूत्रों पर आधारित है। उन्हें कर्नाटक संगीत का पितामह कहा जाता है। उन्होंने कन्नड़ के साथ संस्कृत में अपनी रचनाएं की। पुरंदरोपनिषत में अब भी एक हजार गीत उपलब्ध हैं। बीएसके शर्मा ने अपनी पुस्तक हिस्ट्री ऑफ द्वैत वेदांत में अन्य विषयों के साथ तिरूमला मंदिर में अन्नामाचार्य के साथ गीत गाए जाने की बात लिखी है। दविड़ विश्वविद्यालय के कुलपति आरश्री हरि ने 2003 में अपनी पुस्तक द्रिवड़ साहित्य में संत अन्नामाचार्य और पुरंदरदास की मुलाकात को एतिहासिक तथ्य और कर्नाटक संगीत के पद्य कविता के विकास के नए चरण की शुरूआत के साथ कर्नाटक संगीत की दूसरी विधा भंजन के रूप में लिखा।

संगीतज्ञ अरुणाचल कवि का जन्म तमिलनाडु के तंजावुर जिले के तिलैयापाडी में 1711 में हुआ था। वह संस्कृत, तेलगू और तमिल के विद्वान थे। वह वाल्मीकि रामायण से प्रभावित थे। इसकी कथा और शिक्षाओं को जन-जन तक पहुंचाने के लिए उन्होंने कई प्रवचन दिये। श्री रंगम रंगनाथ स्वामी मंदिर के एक कोने में रामायण पर आधारित एक गीत की रचना की। यह काफी लोकप्रिय हुआ। उन्होंने रामायण को सरल तमिल भाषा में लिखा। रामायण पर आधारित संगीत नाटक राम नाटकम की रचना की। यह उनकी कीर्तन पर आधारित सबसे महत्वपूर्ण कृति मानी जाती है। कंब के रामवतारम पर गीत रचे। भक्ति आंदोलन के पुरोधा संत रामानुजाचार्य की मूर्ति का अयोध्या में कुछ समय पहले गोला घाट पर अम्मा जी मंदिर के पास अनवारण किया गया था।

# अयोध्या, मुरादाबाद, गोरखपुर, मेरठ, आजमगढ़, आगरा, वाराणसी और प्रयागराज अंतिम आठ में

## प्रदेशीय विद्यालयीय बालिका कबड्डी प्रतियोगिता शुरू



प्रदेशीय विद्यालयीय बालिका कबड्डी प्रतियोगिता के रोमांचक मुकाबले का दृश्य।

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार:** माध्यमिक शिक्षा विभाग के संयोजन में जीआईसी की देखरेख में आयोजित राज्य बालिका कबड्डी प्रतियोगिता का रविवार को देर शाम मकबरा स्थित डॉ. आंबेडकर राज्य विद्यालयीय क्रीड़ा संस्थान स्टेडियम में प्रभारी जिला विद्यालय निरीक्षक ओंकार नाथ ने परिचय प्राप्त कर उद्घाटन किया। प्रतियोगिता में अयोध्या, मुरादाबाद, गोरखपुर, मेरठ, आजमगढ़, आगरा, वाराणसी, प्रयागराज की टीमों ने अंतिम आठ में प्रवेश कर लिया।

प्रतियोगिता में प्रदेश के सभी 18 मंडलों की 700 से अधिक बालिका खिलाड़ी प्रतिभाग कर रहीं हैं। सोमवार को खेले गए मुकाबले में अंडर-17 वर्ग में आगरा ने कस्तूरबा गांधी को, बरेली ने अलीगढ़ व कस्तूरबा को, मेरठ ने झांसी को, अयोध्या ने कानपुर व झांसी को, बस्ती ने लखनऊ को, प्रयागराज ने वाराणसी व मुरादाबाद को, सहारनपुर ने मुरादाबाद को, लखनऊ ने गोरखपुर को, आजमगढ़ ने बस्ती को, आगरा ने देवीपाटन को, झांसी ने कानपुर को, विंध्याचल ने सहारनपुर को पराजित किया।

अंडर-19 में मुरादाबाद ने देवीपाटन को, अलीगढ़ ने अयोध्या को, वाराणसी ने लखनऊ व झांसी को, मेरठ ने बस्ती को, आगरा ने गोरखपुर को, कानपुर ने विंध्याचल को, प्रयागराज ने बरेली को, अयोध्या ने देवीपाटन को, लखनऊ ने बस्ती को पराजित किया। अंडर-14 वर्ग में आजमगढ़ ने प्रयागराज व अलीगढ़ को, गोरखपुर ने मेरठ व बरेली को, विंध्याचल ने सहारनपुर व अयोध्या को, मुरादाबाद ने वाराणसी को, आगरा ने मेरठ को, वाराणसी ने बस्ती को, प्रयागराज ने लखनऊ को पराजित किया। प्रशासनिक अधिकारी राज्य विद्यालयीय क्रीड़ा संस्थान बसंत कुमार, पार्षद राजू गुप्ता, मंडलीय क्रीड़ा समिति के सचिव धर्मेन्द्र सिंह, जिला सचिव अभिषेक सिंह, विनोद सिंह, मुक्ता बब्बर आदि मौजूद रहे।



लखनऊ जोन अन्तर जनपदीय वालीबॉल व सेपक टकरा महिला-पुरुष प्रतियोगिता का परिचय प्राप्त कर उद्घाटन करते आईजी जोन प्रवीण कुमार।

## अयोध्या टीम ने शुरू किया विजय अभियान

अयोध्या कार्यालय। अमृत विचार : 26 वीं अंतर जनपदीय महिला-पुरुष वॉलीबॉल व सेपक टकरा प्रतियोगिता लखनऊ जोन का सोमवार को डाभासेमर के डॉ. आंबेडकर अंतरराष्ट्रीय क्रीड़ा संकुल में समारोहपूर्वक शुभारंभ हुआ। प्रतियोगिता के पहले दिन मेजबान अयोध्या टीम ने पुरुष वॉलीबॉल प्रतियोगिता के उद्घाटन मैच में जीत दर्ज कर अपने विजय अभियान की शुरुआत की। तीन दिवसीय पुलिस विभाग की जनपदीय महिला-पुरुष वालीबॉल व सेपक टकरा प्रतियोगिता लखनऊ जोन का उद्घाटन मुख्य अतिथि पुलिस महानिरीक्षक अयोध्या परिक्षेत्र प्रवीण कुमार ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर उत्साहवर्धन करते हुए किया। उन्होंने प्रतिभागी खिलाड़ियों से खेल भावना व अनुशासन के साथ खेल प्रदर्शन की सलाह देते हुए कहा कि खेल हर उम्र के लोगों के लिए मानसिक व शारीरिक स्वास्थ्य में सहायक होता है। पुलिस बल को खेल में अवश्य प्रतिभाग करना चाहिए। इससे वह स्वयं व अपने परिवार को भी खेल के प्रति जागरूक करते हुए स्वस्थ रख सकेगें। इसके पूर्व मुख्य अतिथि को बैज लगाकर स्वागत किया गया। उद्घाटन अवसर पर पुरुष वॉलीबॉल प्रतियोगिता का मुकाबला मेजबान अयोध्या व बाराबंकी टीमों के बीच खेला गया। इसमें अयोध्या टीम ने शानदार खेल प्रदर्शन करते हुए 2-0 से बाराबंकी टीम पर जीत दर्ज कर अपना विजय अभियान शुरू किया। दूसरे मुकाबले में हरदोई टीम में मानक अनुरूप खिलाड़ी न होने से रायबरेली टीम को वॉक ओवर मिलने पर इस मैच का विजेता घोषित किया गया। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण बलवंत कुमार चौधरी, सहायक पुलिस अधीक्षक व क्षेत्राधिकारी अयोध्या देवेश चतुर्वेदी, प्रतिसार निरीक्षक संदीप कुमार राय सहित खेल प्रेमी पुलिस अधिकारी, प्रशासनिक अधिकारी व पुलिस कर्मी मौजूद रहे।

# खेल युवाओं के जीवन का अभिन्न हिस्सा : वेद प्रकाश

अयोध्या कार्यालय

- **बोले अयोध्या विधायक, तैयारियों को लेकर देखा दो कॉलेजों का मैदान**

**अमृत विचार:** खेल युवाओं के जीवन का अभिन्न हिस्सा हैं। खेलों से न केवल शरीर स्वस्थ रहता है, बल्कि अनुशासन, टीम भावना और नेतृत्व क्षमता का भी विकास होता है। अयोध्या में प्रतिभा की कोई कमी नहीं है, बस उन्हें अवसर देने की जरूरत है। ये बातें सोमवार को अयोध्या विधायक वेद प्रकाश गुपता ने कहीं। वह ग्रामोदय महाविद्यालय रामपुर सरधा और आशा भगवान बख्श सिंह महाविद्यालय के मैदान का निरीक्षण कर रहे थे। बताया कि युवाओं को खेलों के प्रति जागरूक करने और उनकी प्रतिभा को मंच देने के उद्देश्य से ग्राम पंचायत स्तर से विधानसभा स्तर तक नवंबर माह विधायक खेल प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। इसमें खो-खो, कबड्डी, बैडमिंटन, एथलेटिक्स, वॉलीबॉल सहित विभिन्न खेलों की प्रतियोगिताएं आयोजित होंगी।

कहा कि विधायक खेल प्रतियोगिता इसी दिशा में एक पहल है, ताकि गांव-गांव से निकलने वाली प्रतिभाएं जिला, प्रदेश और राष्ट्रीय स्तर तक अपनी पहचान बना सकें। तैयारियों को लेकर आयोजन से जुड़े लोगों से इस पर चर्चा की। मौके पर महानगर अध्यक्ष कमलेश श्रीवास्तव, भगवान बख्श सिंह, डॉ. संदीप सिंह, हरभजन गौड़, दीपेंद्र सिंह, खेल अधिकारी ऋषि पाल, दीक्षा, सोनू सिंह आदि मौजूद रहे।



ग्रामोदय महाविद्यालय रामपुर सरधा में खेल प्रतियोगिता के लिए मैदान का निरीक्षण करते विधायक व अन्य। अमृत विचार





प्रेस क्लब में प्रेस से मिलिए कार्यक्रम को सम्बोधित करते सांसद अवधेश प्रसाद।

# जाति विशेष की राजनीति नहीं करती समाजवादी पार्टी : अवधेश

अयोध्या कार्यालय। अमृत विचार : फैजाबाद सांसद अवधेश प्रसाद ने कहा है कि सपा जाति विशेष की राजनीति नहीं करती है। उसका जन्म ही जन आंदोलन से हुआ था। वह सोमवार को सांसद स्थानीय प्रेस क्लब में प्रेस से मिलिए कार्यक्रम में बोल रहे थे। उन्होंने समाजवादी पार्टी के संस्थापक स्वर्गीय मुलायम सिंह यादव को याद करते हुए बताया कि पार्टी हमेशा जनता की आवाज बनी। युवाओं, किसान और गरीबों के हित में अनगिनत कार्यों को अंजाम दिया। सांसद ने अपनी उपलब्धियां गिनाई। जिसमें कई सड़क और ऊपरगामी सेतू रिंग रोड आदि का निर्माण करने की जानकारी दी। उन्होंने कहा समाज के सभी वर्ग को साथ लेकर चलना चाहिए। प्रदेश सरकार एक वर्ग पर अत्याचार कर रही है। उन्होंने कहा कि पार्टी शीघ्र ही विभिन्न मुद्दों को लेकर आगे का कार्यक्रम तय करेगी। इस अवसर पर प्रेस क्लब अध्यक्ष सुरेंद्र कुमार श्रीवास्तव, सचिव जयप्रकाश सिंह, एन यू जे के राष्ट्रीय महासचिव त्रियुग नारायण तिवारी, संपादक सुमन गुप्ता, पूर्व अध्यक्ष रामकुमार सिंह आदि मौजूद रहे।

# आशा बहुओं ने डॉ. फातिमा के खिलाफ दी तहरीर

अयोध्या, सोहावल।

- **सोहावल सीएचसी के मामले ने पकड़ा तूल, रुदौली विधायक को शिकायत, डीएम से भी की मुलाकात**

**अमृत विचार :** सोहावल सीएचसी पर शुक्रवार को हुए विवाद का मामला अब नया मोड़ ले चुका है। जहां एक ओर सीएचसी रुदौली प्रभारी डॉ.फातिमा हसन की तहरीर पर पुलिस जांच कर रही थीं। वहीं अब आशा बहुओं की ओर से भी डॉ.फातिमा हसन और उनकी सहयोगी के खिलाफ रौनाही थाने में शिकायत दर्ज कराई गई है। इसके साथ ही रुदौली विधायक रामचंद्र यादव को भी शिकायती पत्र दिया गया है। कलेक्ट्रेट में सोमवार को आशा बहुओं ने जिलाधिकारी निखिल टीकाराम फुंडे से भी मुलाकात की। इस दौरान वहां सीएमओ डॉ. सुशील कुमार बानियान भी देखे जाने की चर्चा है। दोनों पक्षों के आरोपों के चलते मामला और पेंचीदा होता जा रहा है।

सोहावल सीएचसी पर शुक्रवार को प्रसव के लिए तीन गर्भवती महिलाएं आई थीं। उस समय केंद्र की प्रभारी डॉ.अपर्णा कोहली मौजूद नहीं थीं। प्रसव में बाधा देखते हुए सीएमओ के निर्देश पर रुदौली सीएचसी पर तैनात प्रभारी डॉ. फातिमा हसन को सोहावल भेजा गया। डॉ.हसन के आरोपों के अनुसार कुछ आशा बहुओं ने विरोध किया। जान से मारने की धमकी दी और बाहर से ओटी का दरवाज़ा बंद कर दिया। पुलिस और प्रशासनिक अधिकारियों ने उन्हें बाहर निकाला गया। इसके बाद डॉ. हसन ने रौनाही थाने में शनिवार को तहरीर देकर न्याय की मांग की। दूसरी ओर आशा बहुओं ने डॉ.हसन पर अभद्रता और दुर्व्यवहार का आरोप लगाया है। उनका कहना है कि डॉ.अपर्णा कोहली पहले से सीज़र की तैयारी में थीं, लेकिन जैसे ही डॉ. फातिमा हसन ओटी में पहुंचीं। अपर्णा कोहली बाहर चली गईं और ऑपरेशन करने से मना कर दिया। आशा बहुओं का आरोप है कि जब उन्होंने डॉ.हसन से मरीजों का प्रसव कराने की बात कही तो उन्होंने मना करते हुए उनसे अशोभनीय व्यवहार किया।

आशा बहुओं का यह भी कहना है कि डॉ. फातिमा हसन के खिलाफ पूर्व में जिला अधिकारी को लिखित शिकायत दी गई थी, जिसकी जांच चल रही है। शिकायती पत्र के अनुसार आशा बहुओं का आरोप है कि सीएमओ डॉ. सुशील कुमार के इशारे पर डॉ. फातिमा किसी भी आशा के साथ घटना को अंजाम दिला सकती हैं। जिलाधिकारी ने दो दिन में मामले के निस्तारण का आश्वासन दिया है। थाना प्रभारी निरीक्षक संदीप सिंह ने बताया आशा बहुओं की तरफ से भी तहरीर मिली है। दोनों पक्षों की तहरीर पर जांच पड़ताल के बाद ही आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## नगर के सभी चौराहों व प्रमुख स्थलों पर मनाया जाएगा दीपोत्सव

अयोध्या कार्यालय। अमृत विचार: दीपोत्सव मेले को सकुशल संपन्न कराने के लिए विधायक सदर वेद प्रकाश गुप्ता, महापौर महंत गिरीशपति त्रिपाठी, मुख्य विकास अधिकारी कृष्ण कुमार सिंह की मौजूदगी व सामाजिक संगठनों, व्यापार मण्डल/उद्योग प्रतिनिधियों के साथ बैठक की गई। संगठनों ने नगर के सभी चौराहों और प्रमुख स्थलों को सजाने के साथ दीपोत्सव कराए जाने की बात कही।

विधायक ने कहा कि इस बार दीपोत्सव को बड़ी भव्यता के साथ मनाया जाएगा। दीपोत्सव को ऐतिहासिक बनाना है इसमें अधिक से अधिक सामाजिक संगठनो व आमनजन को भी जोड़ा जाए। महापौर ने कहा कि नौवें दीपोत्सव को दिव्य एवं भव्यता के साथ मनाया जाएगा। दीपोत्सव के दौरान नगर निगम क्षेत्र में सभी चौराहे पर दीप व झालरों से सजाया जाएगा। बैठक में संगठनों से आश्वस्त किया गया कि पूर्व निर्धारित स्थल शहर के सभी चौराहों पर अच्छे तरीके से सजावट के साथ दीप प्रज्ज्वलन कराएंगे। बैठक में अपर जिलाधिकारी नगर योगानन्द पाण्डेय, व्यापारी अतुल सिंह, चन्द्र प्रकाश गुप्ता, आशीष अग्रवाल, एसबी सिंह, सुमित जायसवाल, ज्ञान केशरवानी गुप्ता, मेला सहायक कौशल किशोर श्रीवास्तव सहित दीपोत्सव से सम्बंधित विभागों के अधिकारी और उनके प्रतिनिधि मौजूद रहे।

## उद्योग व्यापार के व्यापारियों ने एसएसपी को सौंपा ज्ञापन

अयोध्या कार्यालय। अमृत विचार : अधिवक्ता आलोक सिंह की गोली कांड में फर्जी रूप से फसाने का आरोप लगाते हुए व्यापारी अनूप गुप्ता के समर्थन में उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल के व्यापारियों ने एसएसपी डॉ. गौरव ग्रोवर से मुलाकात की। तीन सूत्री ज्ञापन देकर किसी भी बेगुनाह व्यापारी के उत्पीड़न न होने देने की मांग की है। व्यापारी नेता पंकज गुप्ता ने बताया कि एसएसपी से मुलाकात के दौरान उन्हें अवगत कराया गया है कि पीड़ित अनूप कुमार गुप्ता से आलोक सिंह से कई सिविल सूट दीवानी व राजस्व न्यायालयों में मुकदमा चल रहा है। जिसमे जिला कोर्ट, सुप्रीम कोर्ट, हाई कोर्ट ने न्याय पीड़ित के पक्ष में दिया। आलोक पर अयोध्या कोतवाली में कई मुकदमे दर्ज है वो पीड़ित से धन उगाही की मांग बार-बार कर रहा था। षडयंत्र के तहत उसको मुजलिम बनाया गया। ज्ञापन देने वालों में उद्योग व्यापार मंडल के जिला अध्यक्ष अतुल सिंह, महानगर अध्यक्ष चंद्र प्रकाश गुप्ता, पंकज गुप्ता, नंदलाल गुप्ता, अचल गुप्ता, राधेश्याम गुप्ता, शक्ति जायसवाल, संजय गुप्ता, विनोद श्रीवास्तव, बृज किशोर गुप्ता, बालकृष्ण वैश्य सुमित अन्य लोग शामिल रहे।

**व्यापारी अनूप गुप्ता को फर्जी रूप से फसाने का आरोप**



आयोजित कार्यक्रम के दौरान सम्मानित शिक्षक। अमृत विचार

## युद्ध बंदी सैनिक के परिवार ने किया शिक्षकों का सम्मान

अयोध्या कार्यालय। अमृत विचार : तारुन ब्लॉक क्षेत्र की ग्राम पंचायत तारापुर के रहने वाले, वर्ष 1962 में भारत-चीन के युद्ध बंदी रहे सैनिक स्व. बलिकरन चौरसिया के पुत्रों सेवानिवृत्ति सैनिक शिवकुमार चौरसिया व रिटायर्ड शिक्षक राम तीरथ चौरसिया ने क्षेत्र के अध्यापकों को अंगवस्त्र, कलम, डायरी देकर सम्मानित किया। बोले कि शिक्षा से लगाव है। शिक्षकों से उम्मीद की कि वह नए सिरे से देश के विकास के लिए योगदान करेंगे। कवि शिव मूर्ति पाण्डेय की सरस्वती वंदना से कार्यक्रम की शुरूआत की। रामदेव पांडेय ने स्वस्थिवाचन किया। राम तीरथ चौरसिया ने बताया कि उनके पिता 1962 में भारत चीन युद्ध में चीन सरकार से छह माह तक बंदी बना लिए गए थे। सरकार से समझौता के बाद वह भारत आए। उन्हें देश ने सम्मानित किया था। अध्यक्षता सेवानिवृत्ति शिक्षक संघ के मंत्री शिव मूर्ति पाण्डेय व संचालन शिक्षक नेता राजेश दुबे ने किया। कार्यक्रम में उमाशंकर दुबे, आचार्य रामचंद्र मिश्र, राम गोपाल यादव, रामदेव पाण्डेय, जगदंबा प्रसाद तिवारी, मयाराम पाण्डेय, राजेश दुबे, महेंद्र दुबे, नरेंद्र सिंह, सुरेंद्र सिंह, अम्बुज पाण्डेय को सम्मानित किया गया।

## आरएसएस ने संध्या सरोवर में मनाया शताब्दी वर्ष और विजय उत्सव

अयोध्या कार्यालय। अमृत विचार : राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ विवेकानंद नगर की टीम ने सिविल लाइंस स्थित संध्या सरोवर में शताब्दी वर्ष और विजय उत्सव मनाया। कार्यक्रम में सबसे पहले डॉ. केशव राम बलिराम हेडगेवार और माधव सदाशिव गोलवलकर के चित्र पर तिलक लगाकर पुष्पांजलि अर्पित की गई। फिर सभी स्वयंसेवकों के दंड पर तिलक लगाकर पुष्प अर्पित किया गया। दंड का पूजन कार्यक्रम संपन्न हुआ। विवेकानंद नगर के संघ चालक डॉ. वीके गुप्ता ने कहा कि यह शताब्दी वर्ष संघ से किए गए कार्यों का शताब्दी वर्ष है। बड़ी कठिन त्याग और तपस्या के बाद धीरे-धीरे राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ संगठन आगे नए आयाम लिख रहा है। कार्यक्रम में महानगर व्यवस्था प्रमुख विवेक अग्रवाल, विवेकानंद नगर के नगर कार्यवाह प्रेम प्रकाश, सह कार्यवाह सुनील, बस्ती प्रमुख अधिवक्ता राजीव शुक्ला, रतन राजपाल सहित बड़ी संख्या में स्वयंसेवक मौजूद रहे।



दंड को तिलक लगाते आरएसएस के पदाधिकारी।

## निजी विद्यालयों का उत्पीड़न नहीं रुका तो होगा आंदोलन

गोसाईगंज, अयोध्या। अमृत विचार : उत्तर प्रदेश वित्तविहीन विद्यालय प्रबंधक फाउंडेशन की प्रदेश स्तरीय बैठक दिलासीगंज स्थित महादेव शिक्षण संस्थान में संपन्न हुई। संस्थापक जयप्रकाश मिश्र ने कहा कि प्राइवेट स्कूलों को तरह-तरह की नोटिस भेजकर उत्पीड़न किया जा रहा है। इससे असंतोष फैल रहा है। प्रदेश मुख्य संरक्षक राजकुमार जायसवाल ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्र के छोटे निजी विद्यालय का संचालन कठिन हो गया है। प्रदेश अध्यक्ष महेश राव ने मांग की कि मान्यता के मानक सरल किए जाएं। जिलाध्यक्ष विनय कुमार सिंह ने एकजुटता पर बल दिया। बैठक में निर्णय लिया गया कि यदि उत्पीड़न बंद नहीं हुआ तो आंदोलन किया जाएगा। अध्यक्षता सालिकराम सिंह ने की। बैठक में जेपीएस मिश्र, पुनीत मिश्रा, एसपी गुप्ता, सुरेंद्र उपाध्याय सहित अनेक प्रबंधक मौजूद रहे।

## न्यूज ब्रीफ

### कलयुग में मोदी ने दशरथ और योगी ने गुरु वशिष्ठ का काम किया

**अयोध्या।** श्रीनारायण धाम सीताराम नाम आश्रम सेवा ट्रस्ट के तपस्वी सिद्ध संत आत्मानंद दास उर्फ नेपाली बाबा ने कहा कि अयोध्या सप्तपुरियों में सर्वश्रेष्ठ है। श्रीराम जन्मभूमि पर रामलला सरकार का प्राण प्रतिष्ठा होना, कलयुग में भगवान श्रीराम के अवतरण के समान है। इस युग परिवर्तन का श्रेय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को देते हुए उन्होंने कहा कि मोदी जी ने दशरथ और योगी जी ने गुरु वशिष्ठ की तरह कार्य किया है। बाबा ने बताया कि त्रेतायुग की तरह अश्विन शुक्ल पक्ष एकादशी से उनके मार्गदर्शन में सीताराम प्रचार रथ के माध्यम से प्रभात फेरी निकाली जा रही है। भक्तजन प्रतिदिन ब्रह्म मुहूर्त में सुबह 4 से 6 बजे तक "सीताराम" नाम का जाप करते हुए पंचकोसी परिक्रमा कर रहे हैं। इस दौरान में उनके उत्तराधिकारी महंत हंसराज दास उर्फ नागा बाबा भी मौजूद रहे।

### भाजपा की दमनकारी नीतियां जन-जन तक पहुंचाएं

**अयोध्या कार्यालय।** कांग्रेस ने मसौधा ब्लॉक क्षेत्र में हस्ताक्षर अभियान चलाया। पार्टी के राष्ट्रीय सचिव सत्यनारायण पटेल ने कहा कि भाजपा सरकार की दमनकारी नीतियों को जन-जन तक पहुंचाकर आम जनमानस को लामबंद करना होगा। भाजपा सरकार में महंगाई, बेरोजगारी,नफरत चरम सीमा पर है। जिला को-ऑर्डिनेटर रामजी गिरी ने भाजपा सरकार को धोखे और बेईमानी वाली सरकार बताया। जिलाध्यक्ष चेतनारायण सिंह व पूर्व जिलाध्यक्ष राजेंद्र प्रताप सिंह ने कहा पार्टी वोट चोर गद्दी छोड़ का नारा देकर आम जनता के बीच में है। प्रवक्ता शीतला पाठक ने बताया की कार्यक्रम की अध्यक्षता मसौधा ब्लॉक अध्यक्ष रविंद्र कोरी और संचालन पूर्व जिला ध्यक्ष रामदास वर्मा ने किया। कार्यक्रम में पूर्व जिलाध्यक्ष अशोक सिंह,पीसीसी सदस्य उग्रसेन मिश्रा, लाल मोहम्मद, फ्लावर नकवी, डॉ. विनोद कुमार गुप्ता सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

### असलहे के साथ युवक गिरफ्तार

**जलालपुर, अंबेडकरनगर।** कटका पुलिस टीम ने चेकिंग के दौरान एक युवक को असलहे और एक जिंदा कारतूस के साथ गिरफ्तार कर न्यायालय भेज दिया है। बता दें कि बहद ग्राम मुंडेरा नहर पुलिया के पास पुलिस चेकिंग के दौरान सत्यम उर्फ प्रदीप निषाद पुत्र राजकरन निषाद निवासी मुंडेरा थाना कटका को पकड़ा गया। तलाशी लेने पर उसके कब्जे से एक तमंचा और एक जिंदा कारतूस बरामद हुआ है। पुलिस ने अभियुक्त के खिलाफ आर्म्स एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर विधिक कार्रवाई करते हुए उसे न्यायालय भेज दिया है।

### टेंट हाउस में शॉर्ट सर्किट से लगी आग

**जलालपुर, अंबेडकरनगर :** ग्राम गोलपुर स्थित खान टेंट हाउस में शॉर्ट सर्किट के कारण आग लग गई। देखते ही देखते आग ने विकराल रूप धारण कर लिया और टेंट हाउस के दूसरे मंजिल पर रखा सोफा, कपड़ा सहित अन्य सामग्री जलकर राख हो गई। सूचना मिलते ही थाना जलालपुर व बसखारी पुलिस, डायल 112 टीम तथा फायर ब्रिगेड की तीन गाड़ियां मौके पर पहुंचीं और कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। इस घटना में किसी प्रकार की जनहानि नहीं हुई है, लेकिन लाखों रुपए के नुकसान का अनुमान लगाया जा रहा है। कोतवाली प्रभारी जैद अहमद ने बताया कि आग पर पूरी तरह नियंत्रण पा लिया गया है और घटना की जांच की जा रही है। मौके पर शांति व्यवस्था बनी हुई है।

### प्रभारी मंत्री आज करेंगे बैठक

**अंबेडकरनगर।** राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार खेल एवं युवा कल्याण व प्रभारी मंत्री गिरीश चंद्र यादव मंगलवार को जनपद के भ्रमण पर रहेंगे। प्रभारी मंत्री सर्किट हाउस में कोर कमेटी की बैठक करेंगे, इसके बाद जीएसटी रिफॉर्म पर व्यापारीगणों के साथ लोहिया भवन सभागार में चर्चा करेंगे।

### हमले में कटा युवक का अंगूठा, मुकदमा दर्ज

**जलालपुर, अंबेडकरनगर :** मालीपुर के ग्राम सैरपुर उमरन निवासी राकेश यादव पर शनिवार शाम अज्ञात हमलावरों ने हमला कर दिया। जिसमें युवक का अंगूठा कट गया। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पीड़ित राकेश यादव पुत्र रामअचल यादव ने पुलिस को बताया कि वह 4 अक्टूबर को शाम करीब साढ़े चार बजे मालीपुर से अपने घर लौट रहा था। जैसे ही वह अंकुर पांडेय की दुकान के पास पहुंचा। वहां मौजूद अंकुर पांडेय और चार-पांच अज्ञात लोग उसे गाली-गलौज करने लगे। जब उसने विरोध किया तो सभी ने मिलकर उस पर धारदार हथियार से हमला कर दिया। जिससे उसे गंभीर चोटें आई और उसका अंगूठा कट गया। थाना प्रभारी स्वतंत्र कुमार ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है।

# शिक्षा व अनुसंधान से दूर होगी कृषि की चुनौतियां : डॉ. बसंतराम

- पूर्व छात्र सम्मेलन में बोले, पूर्व कुलपति, छात्रों ने साझा किये अनुभव

कुमारगंज (अयोध्या)


आचार्य नरेंद्र देव कृषि विश्वविद्यालय में पूर्व छात्र सम्मेलन का जल भरो कार्यक्रम से उद्घाटन करते विवि के पूर्व कुलपति डॉ. बसंत राम, कुलपति कर्नल डॉ. बिजेंद्र सिंह व अन्य।

**अमृत विचार :** शिक्षा, अनुसंधान एवं प्रसार के मध्य सशक्त समन्वय से ही कृषि क्षेत्र की चुनौतियों दूर होंगी। पूर्व छात्र संगठन और विश्वविद्यालय के छात्रों को मिलकर प्रगति के बारे में अपना अनुभव साझा करना चाहिए। इससे न सिर्फ संगठन को मजबूती मिलेगी बल्कि विश्वविद्यालय विकास के पथ पर तेजी के साथ आगे बढ़ेगा। ये बातें सोमवार को आचार्य नरेंद्र देव कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय के पूर्व कुलपति डॉ. बसंत राम ने कहीं। वह विश्वविद्यालय के एग्री बिजनेस मैनेजमेंट के प्रेक्षागृह में आयोजित पूर्व छात्र सम्मेलन को बतौर मुख्य अतिथि संबोधित कर रहे थे। इससे पूर्व उन्होंने कुलपति कर्नल डॉ. बिजेंद्र सिंह, विशिष्ट अतिथि अंबरीश सिंह आदि ने जलभरो कार्यक्रम से सम्मेलन का शुभारंभ किया। निदेशक डॉ. एससी विमल ने स्मृति चिह्न एवं अंगवस्त्रम भेंटकर सभी अतिथियों का स्वागत किया गया।

इस मौके पर "जलवायु-स्मार्ट कृषिः 2047 तक खाद्य एवं पोषण सुरक्षा के मार्ग" विषय पर राष्ट्रीय संगोष्ठी भी आयोजित की गई। जिसमें पूर्व के छात्रों ने विभिन्न विषयों पर अपने-अपने विचार प्रस्तुत किए। सम्मेलन की अध्यक्षता करते हुए कुलपति कर्नल डॉ. बिजेंद्र सिंह ने 50 वर्षों की उपलब्धियों का उल्लेख करते हुए कहा कि संस्थान ने सदैव देश की कृषि उन्नति में योगदान दिया है। उन्होंने ''सरयू-52'' धान किस्म के विकास की सफलता का उदाहरण देते हुए कहा कि विश्वविद्यालय के वैज्ञानिकों ने सदैव किसानों के हित में उत्कृष्ट कार्य किए हैं। उन्होंने जलवायु-स्मार्ट कृषि के माध्यम से भावी पीढ़ियों के लिए सतत् खाद्य सुरक्षा सुनिश्चित करने का आह्वान किया।

विशिष्ट अतिथि पूर्व छात्र संघ अध्यक्ष अंबरीश सिंह ने कहा कि यह बैठक न केवल विश्वविद्यालय की स्मृतियों को जीवंत करती है, बल्कि विकसित भारत 2047 जैसे दूरदर्शी लक्ष्य पर चिंतन-मनन का भी मंच प्रदान करती है। हमारा यह संस्थान, आचार्य नरेंद्र देव कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, न केवल एक शिक्षा केंद्र रहा है, बल्कि यह राष्ट्र निर्माण की प्रयोगशाला भी रहा है। यहाँ से निकले छात्र-छात्राए आज देश-विदेश में कृषि सुधार, जलवायु अनुकूलन, सतत विकास, और ग्रामीण इनोवेशन के क्षेत्रों में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। सी.आई.एस.एच लखनऊ के पूर्व निदेशक एवं पूर्व अधिष्ठाता डॉ. आरके पाठक ने भी अपने विचार प्रस्तुत किए।

इस दौरान पूर्व छात्रों ने भारत में मीठे पानी की मछलियों पर जलवायु परिवर्तन का प्रभाव, कृषि अनुसंधान में बौद्धिक संपदा एवं उसका प्रबंधन, आजादी का अमृत महोत्सव मनाने में वैज्ञानिक बिरादरी की भूमिका तथा प्राकृतिक एवं जैविक खेती आदि विषयों विस्तार चर्चा की। बीज एवं प्रक्षेत्र के संयुक्त निदेशक डॉ. एससी विमल के संयोजन में छात्र सम्मेलन का कार्यक्रम आयोजित किया गया। कृषि महाविद्यालय के अधिष्ठाता डा. डी. के सिंह ने सम्मेलन में पहुंचे सभी अतिथियो के प्रति धन्यवाद ज्ञापित किया। कार्यक्रम का संचालन डा. शंभू प्रसाद ने किया। इस मौके पर विश्वविद्यालय के वैज्ञानिक, शिक्षक, पूर्व छात्र, शोधार्थी समेत करीब 450 छात्र-छात्राओं ने शिरकत की।

### टिकैत फार्मूले पर घोषित किए जाएं फसलों के दाम

**अयोध्या कार्यालय।** भारतीय किसान यूनियन के राष्ट्रीय महासचिव घनश्याम वर्मा ने कहा कि टिकैत फार्मूले में 1967 को आधार वर्ष मानकर फसलों के दाम तय किया जाए। सभी फसलों का लाभकारी मूल्य दिया जाए। वह भारतीय किसान यूनियन के संस्थापक अध्यक्ष चौ. महेंद्र सिंह टिकैत की 90वी जयंती के अवसर पर आयोजित जन्म जयंती कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। उनके जन्मदिन अयोध्या सरयू तट के चौधरी चरण सिंह घाट पर किसान जागृति दिवस के रूप में मनाया गया। वक्ताओं ने कहा कि चौधरी महेंद्र सिंह टिकैत ने भारतीय किसान यूनियन का जन्म देकर भारत के किसानों को निडर बनाया। पंचायत को जिलाध्यक्ष राम गणेश मौर्य, मध्यांचल सचिव सूर्यनाथ वर्मा, अभय राज ब्रह्मचारी, फरीद अहमद, शंकरपाल पांडे, भोला सिंह, उर्मिला, शीला, जमुना देवी आदि ने संबोधित किया। इसके पूर्व सर्वप्रथम चौधरी महेंद्र सिंह टिकैत के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की गई।

## जिला जज के आश्वासन पर वकीलों का आंदोलन स्थगित

**अयोध्या, अमृत विचारः** जिला जज रणंजय कुमार वर्मा के कोतवाल के खिलाफ कार्रवाई के लिए आश्वासन पर अधिवक्ताओं का आंदोलन 22 अक्टूबर तक स्थगित कर दिया गया है। इसके बाद मांग पूरी न हुई तो आंदोलन फिर से शुरू किया जाएगा। यह निर्णय बार एसोसिएशन की बैठक में लिया गया।अधिवक्ता आलोक सिंह को गोली मारने से आक्रोशित अधिवक्ता आंदोलित है। आंदोलन की कड़ी में सोमवार को अयोध्या कोतवाली के घेराव का ऐलान किया था। इसकी जानकारी जिला जज को हुई तो उन्होंने खुद पहल करते हुए वार्ता के लिए बार एसोसिएशन को पत्र लिखा। उनके पत्र पर अध्यक्ष बार एसोसिएशन के नेतृत्व में निर्वाचित कार्यकारिणी तथा वरिष्ठ अधिवक्ता प्रिय नाथ सिंह, कृपाल चंद्र खरे सईद खान, राम शंकर यादव समेत अन्य का एक प्रतिनिधिमंडल जिला जज से उनके विश्राम कक्ष में मिला और उनसे वार्ता हुई। इसके बार-बार एसोसिएशन की बैठक बुलाई गई, जिसमें जिला जज से हुई वार्ता को अधिवक्ताओं ने सदन के पटल पर रखा। बताया गया कि जिला जज ने प्रकरण पर एसएसपी डॉ.गौरव ग्रोवर से बात की है। उन्होंने कोतवाल के खिलाफ कार्रवाई का आश्वासन दिया है। इसके बाद संघ अध्यक्ष सूर्य नारायण सिंह ने आंदोलन 22 अक्टूबर तक स्थगित कर दिया।


रूदौली संकल्प सम्मेलन में मुख्य अतिथि पूर्व विधायक शरद अवस्थी का स्वागत करते विधायक रामचंद्र यादव।

## व्यापारियों ने जताया मोदी सरकार का आभार

**मवई,अयोध्या। अमृत विचार :** केंद्र सरकार द्वारा जीएसटी दरों में कमी किए जाने को लेकर सोमवार शाम को रुदौली डाक बंगला परिसर में विधायक रामचंद्र यादव के नेतृत्व में आत्मनिर्भर भारत संकल्प अभियान सम्मेलन हुआ। इसमें व्यापारियों ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्र सरकार का आभार जताया। मुख्य वक्ता पूर्व विधायक शरद कुमार अवस्थी ने कहा घटाई गई जीएसटी दरें न सिर्फ व्यापार को प्रोत्साहित करेंगी, बल्कि आम जनता को भी सीधा लाभ मिलेगा। विधायक रामचंद्र यादव ने कहा जीएसटी में कमी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सरकार की जनहितैषी नीति का उदाहरण है। सरकार लगातार छोटे व्यापारियों और मध्यम वर्ग को राहत देने के लिए कदम उठा रही है। व्यापारी नेता श्याम बाबू गुप्ता ने कहा व्यापार को नई ऊर्जा मिली है। भाजपा जिला उपाध्यक्ष युवा मोर्चा आशीष शर्मा ने भी विचार रखे। बड़ी संख्या में व्यापारी, पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## श्री राम के राज्याभिषेक का किया गया मनमोहक मंचन

**अयोध्या कार्यालय।** रामराज्य बैठे त्रैलोका। हर्षित भए गए सब शोका। श्री रामचरितमानस की इन पंक्तियों को चरितार्थ करते हुए श्रीरामलीला कमेटी साहबगंज, श्री बाल रामलीला समिति अशोकपुरम जप्ती, श्री रामलीला कमेटी फतेहगंज और श्री बाल रामलीला कमेटी कोठापार्चा ने अपने-अपने लीला स्थलों पर प्रभु श्री राम के राज्याभिषेक का मनमोहक मंचन किया। श्री रामलीला समिति साहबगंज से भव्य राजगद्दी के कार्यक्रम में भजन गायिका ने दर्शकों को भाव विभोर कर देने वाली प्रस्तुति दी। साहबगंज में केंद्रीय दुर्गापूजा एवं रामलीला समन्वय समिति के अध्यक्ष मनोज जायसवाल ने भगवान की आरती उतारी, पूजन अर्चन किया। समिति की ओर से संयोजक गगन जायसवाल, केशव बिगुलर, अखिलेश पाठक,अवधेश अग्रहरि,जनार्दन पांडे आदि का स्वागत व अभिनंदन किया गया। अशोकपुरम जप्ती की रामलीला में राज्याभिषेक का कार्यक्रम भजन संध्या के स्वरूप में शुरू हुई। कोठापार्चा रामलीला के अध्यक्ष सिद्धार्थ महान,उपाध्यक्ष आशीष महेंद्रा, संजय कौशल, धनंजय कौशल,राजेंद्र सिंह आदि के नेतृत्व में राज्याभिषेक का भव्य मंचन किया गया।


अवध विवि में आयोजित व्याख्यान-सत्र में साकेत महाविद्यालय के प्रो. अशोक कुमार मिश्रा को स्मृति चिह्न भेंट करते शिक्षक।

## रामचरितमानस धार्मिक ग्रंथ नहीं बल्कि न्याय का जीवन दर्शन : प्रो. मिश्र

**अयोध्या कार्यालय।** डॉ. राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय के विधि विभाग में सोमवार को दीक्षांत सप्ताह के अंतर्गत एक व्याख्यान का आयोजन किया गया। मुख्य वक्ता साकेत महाविद्यालय के वाणिज्य विभाग के विभागाध्यक्ष प्रो. अशोक कुमार मिश्र ने कहा कि श्रीरामचरितमानस केवल धार्मिक ग्रंथ नहीं, बल्कि शासन और न्याय का जीवनदर्शन है। धर्म, नीति और न्याय ये तीनों भारतीय संविधान की आत्मा के रूप में आज भी उतने ही प्रासंगिक हैं, जितने श्रीराम के युग में थे। कहा कि विधि के विद्यार्थी केवल विधिक प्रावधानों तक सीमित न रहें, बल्कि उनके नैतिक और सांस्कृतिक मूल स्रोतों को भी समझें। प्रो. अजय कुमार सिंह ने कहा कि आज की न्याय व्यवस्था को श्रीरामचरितमानस से नैतिक बल मिल सकता है। डॉ. संतोष पाण्डेय ने कहा कि संविधान का उद्देश्य मात्र अधिकारों की पुष्टि और घोषणा करना ही नहीं, बल्कि उत्तरदायित्व और कर्तव्यबोध को जागृत करना भी है। सत्र के अंत में विद्यार्थियों के प्रश्नोत्तर सत्र में विचार संवाद हुआ।

## ट्रेन की चपेट में आने से महिला की मौत

**अंबेडकरनगर।** अहिरौली थाना क्षेत्र के ग्राम रामदास पट्टी मुझिवा गांव निवासी रेखा देवी 45 वर्ष पत्नी चौथी यादव सोमवार सुबह अपने खेत में काम करने गई थीं। खेत से लौटते समय जब वह गांव के समीप बाग के सामने रेलवे लाइन पार कर रही थीं, तभी गोसाईगंज से अकबरपुर की ओर जा रही कोटा-पटना ट्रेन की चपेट में आ गई। हादसे में महिला की मौके पर ही मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही आसपास के ग्रामीण मौके पर पहुंचे और मामले की सूचना पुलिस को दी। अहिरौली थाना प्रभारी अभिषेक त्रिपाठी ने शव को कब्जे में लिया और आवश्यक कार्रवाई करते हुए शव को पोस्टमार्टम के लिए मेडिकल कॉलेज भेज दिया है।

# सड़क हादसे में दो युवकों की मौत

**अंबेडकरनगर, अमृत विचार।** इब्राहिमपुर में देर रात हुए एक सड़क हादसे में दो युवकों की मौत हो गई। पुलिस ने शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।




बता दें कि पूरा बखूसराय उतरथु मोड़ पर एक तेज रफ्तार चार पहिया एक्सयूबी वाहन ने अपाची बाइक को जोरदार टक्कर मार दिया। इस हादसे में बाइक सवार 19 वर्षीय बीरू वर्मा उर्फ प्रांजल निवासी कनासपुर इब्राहिमपुर की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं बाइक पर सवार दूसरा युवक 18 वर्षीय अंकुर पुत्र मस्तराम यादव निवासी मिरानपुर बभनपुरा गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे इलाज के लिए अस्पताल ले जाया गया। जहां उसने दम तोड़ दिया। दुर्घटना के बाद एक्सयूबी चालक वाहन सहित मौके से फरार हो गया। पुलिस ने दोनों शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस फरार एक्सयूबी वाहन की तलाश में जुट गई है।

## वित्तीय अनियमितता की जांच करेगी टीम

**जहांगीरगंज, अंबेडकरनगर।** राजेसुल्तानपुर नगर पंचायत में वित्तीय अनियमितता और पद के दुरुपयोग के आरोपों के बाद हड़कंप मच गया है। जिलाधिकारी अनुपम शुक्ला ने मामले की गंभीरता को देखते हुए तीन सदस्यीय जांच समिति का गठन किया है। यह आरोप नगर पंचायत अध्यक्ष विनोद प्रजापति और अधिशासी अधिकारी लक्ष्मी चौरसिया पर लगे हैं। बता दें कि नगर पंचायत के दस सभासदों ने एकजुट होकर जिलाधिकारी को एक विस्तृत मांग पत्र सौंपा था। जिसमें नगर पंचायत के अध्यक्ष और अधिशासी अधिकारी पर गंभीर वित्तीय अनियमितताओं का आरोप लगाया गया है। जिलाधिकारी ने प्रशिक्षु आईएएस प्रतिक्षा सिंह की अध्यक्षता में एक जांच समिति का गठन किया है। जांच टीम जल्द ही राजे सुल्तानपुर नगर पंचायत कार्यालय पहुंचकर दस्तावेजों की पड़ताल करेगी और रिपोर्ट प्रस्तुत करेंगे।

## भोज के दौरान दो पक्षों में मारपीट, चार घायल

**आज़मगढ़, अमृत विचार।** जिले के तरवां थाना क्षेत्र के कटाई गांव में शनिवार की रात आयोजित भोज के दौरान आपसी विवाद मारपीट में बदल गया। इस घटना में अनुसूचित जाति और राजभर समुदाय के बीच झगड़ा हो गया, जिसमें हीरा पुत्र शिवराम सहित चार लोग घायल हो गए। सभी घायलों का इलाज तरवां प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में चल रहा है।

भोज का आयोजन खेतु पुत्र लछिराम के घर पर किया गया था। इसी दौरान दोनों पक्षों में कहासुनी के बाद विवाद बढ़ गया और मामला मारपीट तक पहुंच गया। घटना के बाद खेतु ने रसूलपुर किरहिया गांव के सात लोगों के खिलाफ तरवां थाने में तहरीर दी। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए अंकित पुत्र साहबराज निवासी रसूलपुर किरहिया को थाने बुलाया तथा रामजन्म पुत्र चंदर को हिरासत में लिया। इस बीच, घटना की जानकारी ब्लॉक प्रमुख पल्हना अनुराग उर्फ सोनू सिंह को मिली। उन्होंने बताया कि बीती रात अंकित पुत्र साहबराज मेरे घर भोज पर मौजूद था।

## नदी में मिले दर्जनों गोवंशों के अवशेष, मचा हड़कंप

**जलालपुर, अंबेडकरनगर अमृत विचार।** सोमवार देर शाम सुल्तानपुर के अखंडनगर थाना क्षेत्र और अंबेडकरनगर जनपद के मालीपुर थाना क्षेत्र की सीमा पर स्थित सुरहुरपुर पुल के नीचे नदी में दर्जनों गोवंशों के अवशेष मिलने से हडकंप मच गया। सूचना पर दोनों थानों की पुलिस मौके पर पहुंचकर जांच-पड़ताल में जुट गई है। बताया जा रहा है कि नदी के नीचे बोरे में भरे हुए चमड़े, सिर सहित अन्य अवशेष बरामद हुए हैं। घटना की जानकारी मिलते ही आसपास के ग्रामीणों की भारी भीड़ मौके पर इक_ा हो गई और उन्होंने कड़ी नाराजगी व्यक्त किया। मामले की सूचना राष्ट्रीय हिंदू वाहिनी के प्रदेश सचिव अंकित यादव ने मालीपुर थाना अध्यक्ष स्वतंत्र कुमार मौर्य को दी। सूचना मिलते ही मालीपुर व अखंडनगर पुलिस संयुक्त रूप से घटनास्थल पर पहुंची और स्थिति का जायजा लिया। पुलिस ने गोताखोरों की मदद से अवशेषों को बाहर निकलवाया। मौके पर जेसीबी मशीन मंगाकर अवशेषों की सैंपलिंग कर उन्हें गड्ढे में दबाने की तैयारी की जा रही है। ग्रामीणों का कहना है कि शासन की सख्त कार्रवाई के बावजूद भी गोवध पर पूरी तरह अंकुश नहीं लग पा रहा है। मालीपुर थाना अध्यक्ष स्वतंत्र कुमार मौर्य ने बताया कि जांच कर दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

## पीएम आवास योजना से पात्रों को करें लाभांवित : डीएम

**अंबेडकरनगर, अमृत विचार।** जिलाधिकारी अनुपम शुक्ला की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में जिला नगरीय विकास अभिकरण विभाग से संचालित प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी, पीएम स्वनिधि 2.0, मुख्यमंत्री अल्पविकसित मलिन बस्ती योजना और शक्ति रसोई संचालन एवं अन्य योजनाओं की समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया।

बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने सभी उप जिलाधिकारी और सभी निकायों के अधिशाषी अधिकारी को निर्देशित किया गया कि जल्द से जल्द सभी का सत्यापन करवाते हुए अग्रिम कार्यवाही सुनिश्चित करें। योजना में किसी प्रकार की लापरवाही क्षम्य नहीं होगी। बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी में पात्र लाभार्थियों को चिन्ह्यांकन करते हुए आवास योजना से लाभान्वित किया जाए। जिन लाभार्थियों की प्रथम किश्त जारी कर दी गई है, ऐसे लाभार्थियों को मोटिवेट करते हुए आवास का कार्य कराए तथा सत्यापन के उपरान्त अगली किस्त भी जारी करें। 14 अक्टूबर तक विशेष अभियान चलाकर प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी के जितने आवेदन प्राप्त हुए हैं उनका जल्द से जल्द सत्यापन कराने के निर्देश दिए गए।

## सिटी डायरी

### पथ संचलन में स्वयंसेवकों ने लिया भाग


पथ संचलन में मौजूद स्वयंसेवक।

**अंबेडकरनगर।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष के पावन अवसर पर जनपद में पथ संचलन का आयोजन किया गया। पथ संचलन सरस्वती शिशु मंदिर तमसा मार्ग प्रांगण से पुरानी तहसील तिराहा होते हुए पुनः अपने स्थान पर पहुंचा। यह संचलन संघ के आदर्शों को जन-जन तक पहुंचाने का माध्यम बना, जिसमें सैकड़ों स्वयंसेवकों ने एकजुट होकर भाग लिया। मार्गदर्शनकारी वातावरण में गूंजते भजन और नारे संघ की एकता की भावना को और मजबूत करते नजर आए। इस अवसर पर प्रांत प्रचारक कौशल का मार्गदर्शन प्राप्त हुआ। उन्होंने स्वयंसेवकों को संघ के मूल्यों परसंदेश दिया। मंच पर अध्यक्ष वरिष्ठ सर्जन विजय तिवारी, अध्यक्ष जिला सह संघचालक उदय प्रताप तथा नगर संघचालक अनिल के साथ उपस्थित रहे। कार्यक्रम में मुख्य रूप से अखिलेश, शैलेन्द्र, हेमन्त, गोरेलाल, गोविन्द और मंजीत ने सक्रिय भूमिका निभाई।

### कांशीराम आवासों से हटाए गए कब्जे

**अंबेडकरनगर।** अकबरपुर नगर पालिका क्षेत्र में स्थित कांशीराम आवासों से अवैध कब्जे हटाने की कार्रवाई की गई। कटरिया याकूबपुर में बने इन आवासों में रह रहे अवैध लोगों को निकालकर प्रशासन ने कई आवासों पर ताला लगा दिया। अकबरपुर नगर पालिका क्षेत्र के कांशीराम आवासों में बड़े पैमाने पर लोगों द्वारा अवैध रूप से कब्जा किए रहने की सूचना मिली थी। इन अवैध कब्जेदारियों को हटाने के लिए प्रशासन द्वारा एक सर्वेक्षण अभियान चलाया जा रहा है। इसी अभियान के तहत इंजीनियरिंग कॉलेज कटरिया याकूबपुर के पास स्थित कांशीराम आवासों का सर्वेक्षण किया गया। एसडीएम अकबरपुर प्रतीक्षा सिंह के नेतृत्व में सीओ अकबरपुर नीतीश तिवारी और नगर पालिका ईओ बीना इक्षसंह ने पुलिस बल और कर्मचारियों के साथ मिलकर यह कार्रवाई किया। एसडीएम प्रतीक्षा सिंह ने बताया कि कुल 1 हजार 164 आवास हैं, जिनमें से 422 लोगों ने ईओ कार्यालय में आवेदन जमा कर दिए हैं। हालांकि लगभग 742 लोगों ने अभी तक कोई दस्तावेज जमा नहीं किए हैं। उन्होंने बताया कि सोमवार को 100 आवासों का सर्वेक्षण किया गया, जिनमें से 36 आवासों में कोई नहीं मिला। इन 36 आवासों पर ताला लगा दिया गया है। उपजिलाधिकारी ने बताया कि यहां ऐसे कई लोग रह रहे हैं, जिन्हें आवास आवंटित नहीं हुए थे। ऐसे लोगों को एक सप्ताह के भीतर सर्वेक्षण कर हटाया जाएगा और उनके आवासों पर भी ताला लगाया जाएगा।


महेंद्र सिंह टिकैत की जयंती पर पुष्प अर्पित करते कार्यकर्ता।

### जयंती पर याद किए गए किसानों के मसीहा महेंद्र सिंह टिकैत

**टांडा, अंबेडकरनगर।** भारतीय किसान यूनियन टिकैत गुट के तत्वावधान में किसानों के मसीहा स्वर्गीय महेंद्र सिंह टिकैत की जयंती श्रद्धा और उत्साह के साथ ग्राम फतेहजहुरपुर स्थित ओवरब्रिज के बगल स्थित कार्यालय पर मनाई गई। इस अवसर पर उपस्थित किसानों ने टिकैत के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया। जिलाध्यक्ष विनय कुमार वर्मा ने कहा कि महेंद्र सिंह टिकैत किसानों के सच्चे हितैषी थे। उन्होंने हमेशा किसानों की आवाज़ को बुलंद किया और उनके अधिकारों के लिए संघर्ष किया।

### मिशन शक्ति के तहत छात्राओं को दी योजनाओं की जानकारी


छात्राओं को उनके हक के बारे में जागरूक करतीं महिला पुलिसकर्मी। अमृत विचार

**अंबेडकरनगर।** मिशन शक्ति फेस 5.0 अभियान के तहत जनपद में महिला पुलिसकर्मियों द्वारा महिलाओं और बालिकाओं को उनके हक के बारे में जागरूक किया गया। अभियान के तहत आदर्श जनता इंटर कॉलेज टांडा, किसान इंटर कॉलेज पकड़ी भोजपुर, तिलिसरा देवी महिला पीजी कॉलेज भसडा टांडा, उच्चतर माध्यमिक विद्यालय लखनिया बड़ेपुर, परिवार परामर्श केंद्र रामनगर, जयराज इंटर कालेज बीहडा, झंकादेवी इंटर कॉलेज आदि में आयोजन किया गया।

**पीसीएस परीक्षा** | प्रत्येक केंद्र पर सेक्टर मजिस्ट्रेट, स्टेटिक मजिस्ट्रेट और सह-केंद्र व्यवस्थापक तैनात

# 24 केंद्रों पर 11 हजार परीक्षार्थी देंगे परीक्षा

संवाददाता, अंबेडकरनगर।


जिम्मेदारों को जानकारी देते डीएम अनुपम शुक्ला, साथ में डीआईओएस प्रवीण तिवारी।

**अमृत विचार।** लोक सेवा आयोग की प्रवर अधीनस्थ सेवा पीसीएस, सहायक वन संरक्षक एसीएफ और क्षेत्रीय वन अधिकारी आरएफओ पदों के लिए आयोजित परीक्षा के संबंध में जिलाधिकारी अनुपम शुक्ला की अध्यक्षता में सेंट पीटर्स इण्टर कॉलेज अकबरपुर के ऑडोटोरियम में कक्ष निरीक्षक के साथ प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

जिला विद्यालय निरीक्षक प्रवीण कुमार तिवारी ने बताया कि परीक्षा 12 अक्टूबर को दो पालियों में आयोजित होगी। पहली पाली सुबह 09:30 बजे से 11:30 बजे तक और दूसरी पाली दोपहर 02:30 बजे से 04:30 बजे तक निर्धारित है। 24 परीक्षा केंद्रों पर कुल 11 हजार 304 अभ्यर्थी शामिल होंगे। सहायक केंद्र व्यवस्थापक, केंद्र व्यवस्थापक की ड्यूटी लगाई जा चुकी है।

**जनपद के प्रमुख परीक्षा केंद्र :** जनपद के प्रमुख परीक्षा केंद्रों में बीएन इंटर कॉलेज व बीएनकेबी पीजी कॉलेज अकबरपुर, रामदेव जनता इंटर कॉलेज कटेहरी, रमाबाई राजकीय महिला महाविद्यालय, कौमी इंटर कॉलेज, आदर्श जनता इंटर कॉलेज, मिश्रीलाल आर्य कन्या इंटर कॉलेज, टीएनपीजी कॉलेज टांडा, एसबी नेशनल इंटर कॉलेज बसखारी, श्री हीरालाल जायसवाल इंटर कॉलेज किछौछा, राजकीय विद्युत परिषद इंटर कॉलेज टांडा, रामअवध जनता इंटर कॉलेज बरियावन, राजकीय इंजीनियरिंग कॉलेज, सरदार पटेल इंटर कॉलेज लारपुर, जनता इंटर कॉलेज फतेहपुर बड़ागांव, नरेंद्र देव इंटर कॉलेज जलालपुर, बाबा बरुआदास पीजी कॉलेज परुइया आश्रम और रांगेय राघव इंटर कॉलेज हंसवर शामिल हैं।

न्यूज ब्रीफ

### 51 सुहागिनों ने मां दुर्गा से मांगा आशीर्वाद



दुखदुरिया कार्यक्रम के दौरान महिलाओं से मिलती बबिता तिवारी

**विंदेश्वरीगंज, सुलतानपुर, अमृत विचार :** देहली बाजार स्थित श्री बाल दुर्गा पूजा समिति चौक अतौला में भव्य दुखदुरिया कार्यक्रम आयोजित हुआ। 51 सुहागिनों ने पारंपरिक वेशभूषा में मां दुर्गा की पूजा-अर्चना कर सुख-समृद्धि की कामना की। भाजपा क्षेत्रीय महामंत्री बबिता तिवारी ने आशीर्वाद लिया। कार्यक्रम में कुलभद्र सिंह "कुलदीप", अनिल मोदनवाल, सौरभ जायसवाल सहित सैकड़ों भक्त शामिल रहे। जयकारों और भजनों से पूरा माहौल भक्तिमय रहा।

### युवती के अपहरण की पिता ने दी तहरीर

**बल्दीराय, सुलतानपुर, अमृत विचार :** थाना क्षेत्र के वलीपुर चौकी अंतर्गत एक गांव में शनिवार सुबह लगभग 10 बजे एक 18 वर्षीय युवती घर से गायब हो गई। परिजनों ने पड़ोस और रिश्तेदारों में खोजबीन की, लेकिन पता नहीं चल सका। इसके बाद युवती के पिता ने आरोप लगाया कि दीपक पुत्र श्यामलाल, निवासी इन्टहा थाना-नानपारा, जनपद बहराइच ने उसकी पुत्री को बहला-फुसला कर दिल्ली ले जाने की कोशिश की। तहरीर में यह भी बताया गया कि युवती घर से जाते समय जेवरात भी ले गई, जिससे परिवार में भय का माहौल है। थाना प्रभारी नारद मुनि सिंह ने कहा कि तहरीर मिलने के बाद मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है।

### पड़ोसियों ने मां-बेटी पर किया हमला

**बल्दीराय, सुलतानपुर, अमृत विचार :** थाना क्षेत्र के इसौली निवासी सुशीला पत्नी रमेश कुमार ने आरोप लगाया कि रविवार सुबह लगभग आठ बजे पुरानी रंजिश के चलते उनके पड़ोसी अरविंद, सुरेश पुत्र खुशिहाल, सुमित्रा पत्नी अरविंद, रोशनी पुत्री अरविंद कुमार, श्याकली पत्नी खुशिहाल, गायत्री पुत्री रामवृक्ष सहित अन्य लोग उसके घर पर आए और उग्र हो गए। सुशीला ने बताया कि वह अपनी पुत्री बबिता के साथ घर के अंदर चली गई, लेकिन आरोपी उन्हें मारने-पीटने लगे। शोर सुनकर पड़ोसी आए तो आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए भाग निकले। इस हमले में उनकी पुत्री गंभीर रूप से घायल हुई हैं। थाना प्रभारी नारद मुनि सिंह ने कहा कि तहरीर मिलने के बाद मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है और दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

# साधु-संतों व सनातन पर अभद्र टिप्पणी करने वाले शिक्षक पर केस

## अमरेमऊ में एक गोष्ठी के दौरान की थी टिप्पणी, शिक्षक श्यामलाल पर भड़का हिंदू संगठनों का गुस्सा

करौंदीकला, सुलतानपुर

**अमृत विचारः** थाना करौंदीकला क्षेत्र के अमरेमऊ गांव स्थित बौद्ध विहार आश्रम में आयोजित एक गोष्ठी के दौरान दिए विवादित भाषण से पूरे जिले में तनाव का माहौल बन गया है। आरोप है कि राईबीगो निवासी एवं शहर के प्रतिष्ठित एमजीएस इंटर कॉलेज के सहायक अध्यापक श्यामलाल निषाद ने अपने उद्बोधन के दौरान हिंदू साधु-संतों व सनातन धर्म के प्रति अमर्यादित एवं आपत्तिजनक भाषा का प्रयोग किया, जिससे लोगों की धार्मिक भावनाएं गहराई से आहत हुई हैं। मामले में आरोपित शिक्षक के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। साथ ही विद्यालय प्रबंध कमेटी ने भी नोटिस जारी करते हुए जांच बैठाई है।



कादीपुर बार के कार्यक्रम को संबोधित करते विधायक राजेश गौतम।

हिंदू संगठनों से जुड़े मनोज कुमार तिवारी, आलोक सिंह, कमलेश, लाल जी पांडेय, संजय सिंह, राजेंद्र प्रसाद पांडेय, मनोज कुमार सिंह, दीपक, चंद्रभान उपाध्याय, राकेश उपाध्याय, अशोक उपाध्याय, दयाराम उपाध्याय, सुनील उपाध्याय, दयाशंकर यादव, प्रेमचंद्र गुप्ता, सत्य प्रकाश निषाद समेत कई लोगों ने थानाध्यक्ष करौंदीकला को दिए गए प्रार्थना पत्र में बताया कि आरोपी ने गोष्ठी के मंच से भगवाधारी... जैसी अभद्र टिप्पणी की, जो न केवल साधु-संतों का अपमान है, बल्कि समाज में वैमनस्य फैलाने का प्रयास भी है। शिकायत के आधार पर पुलिस ने आरोपी शिक्षक श्यामलाल निषाद के खिलाफ वीएनएस की धारा 353(2) के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है। एसओ करौंदीकला चंद्रभान ने बताया कि मामला गंभीर प्रकृति का है और इसकी जांच की जा रही है।

### विद्यालय प्रबंधन ने जारी की नोटिस

शहर के प्रतिष्ठित महात्मा गांधी स्मारक इंटर कॉलेज (अशासकीय माध्यमिक विद्यालय) के प्रधानाचार्य महेश सिंह ने बताया कि मामले से प्रबंध कमेटी को अवगत कराया गया है। साथ ही आरोपित सहायक अध्यापक श्यामलाल निषाद को नोटिस जारी कर स्पष्टीकरण जारी किया गया है। वहीं, कॉलेज प्रबंधक व शिक्षा चयन आयोग के सदस्य विनोद सिंह ने बताया कि सूचनाएं मिली है। विधिक एक्शन लिया जाएगा। सारी रिपोर्ट आ रही है।

### अधिवक्ताओं ने राज्यपाल को भेजा ज्ञापन

**कादीपुर :** अमरेमऊ बौद्ध विहार में शिक्षक श्यामलाल निषाद द्वारा साधु-संतों, सनातन धर्म और भगवा पर की गई अभद्र टिप्पणी के विरोध में कादीपुर बार एसोसिएशन के अधिवक्ताओं में आक्रोश है। सोमवार को अधिवक्ताओं ने राज्यपाल को संबोधित ज्ञापन एसडीएम उत्तम कुमार तिवारी को सौंपा। उन्होंने आरोपी पर एफआईआर दर्ज कर गिरफ्तारी और सेवा से बर्खास्तगी की मांग की। ज्ञापन देने वालों में बार अध्यक्ष बद्री प्रसाद सिंह, सचिव मंगला प्रसाद तिवारी समेत कई अधिवक्ता शामिल रहे। वहीं, अधिवक्ताओं ने विधायक राजेश गौतम का सम्मान किया।

### शिक्षक को बचाने की पेशबंदी शुरू, पक्ष में प्रदर्शन

**सुलतानपुर :** आरोपित शिक्षक श्यामलाल निषाद पर केस दर्ज होने के बाद एक वर्ग विशेष के लोगों ने पेशबंदी शुरू कर दी है। शिक्षक की संस्था मोस्ट कल्याण संस्थान सुलतानपुर के जिला संयोजक राकेश निषाद के नेतृत्व में दर्जनों लोगों ने सोमवार को प्रदर्शन करते हुए सिटी मजिस्ट्रेट प्रीति जैन को ज्ञापन सौंपा है। आरोप है कि कादीपुर के भाजपा विधायक राजेश गौतम ने पद का दुरुपयोग कर शिक्षक श्यामलाल निषाद पर मुकदमा दर्ज कराया है। वहीं, संस्था के निदेशक शिक्षक श्यामलाल ने कहा कि हमारा संघर्ष किसी व्यक्ति या दल के खिलाफ नहीं, बल्कि समाज में शिक्षा जागरूकता, समानता और सामाजिक न्याय की स्थापना के लिए है।

# राहुल गांधी की निगरानी अर्जी पर फैसला टला

विधि संवाददाता, सुलतानपुर

**अमृत विचारः** कांग्रेस सांसद राहुल गांधी के खिलाफ वर्ष 2013 के मुजफ्फरनगर दंगा पीड़ित मुस्लिम युवकों को आईएसआई से जोड़ने वाले कथित बयान से जुड़े मामले में दाखिल निगरानी अर्जी पर सोमवार को आदेश आना था, लेकिन न्यायाधीश के अवकाश पर होने के कारण फैसला टल गया। इससे पहले फास्ट ट्रैक कोर्ट में जज राकेश की अदालत में दोनों पक्षों की दलीलें पूरी हो चुकी हैं। यह मामला कोतवाली नगर निवासी मोहम्मद अनवर द्वारा दायर परिवाद से जुड़ा है, जिसे मजिस्ट्रेट कोर्ट ने खारिज कर दिया था। बाद में अनवर ने जिला जज की अदालत में निगरानी अर्जी दाखिल की। अब अदालत का आदेश ही तय करेगा कि इस प्रकरण की कानूनी दिशा आगे किस रूप में बढ़ेगी। राजनीतिक हल्कों में इस मामले को लेकर उत्सुकता बनी हुई है।

### राहुल गांधी मानहानि प्रकरण में गवाह के गैरहाजिर रहने से सुनवाई 17 तक टली

- केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह पर आपत्तिजनक टिप्पणी से जुड़ा मामला

**संवाददाता, सुलतानपुर :** केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह पर आपत्तिजनक टिप्पणी को लेकर कांग्रेस नेता राहुल गांधी के खिलाफ चल रहे मानहानि मामले में सोमवार को सुनवाई परिवादी के गवाह के न आने से टल गई। न्यायालय ने परिवादी के दूसरे गवाह रामचंद्र दूबे को गवाही के लिए 17 अक्टूबर को तलब किया है। उक्त नियत तारीख पर परिवादी के गवाह रामचंद्र दूबे की गवाही दर्ज की जायेगी। परिवादी भाजपा नेता एवं कोऑपरेटिव बैंक के पूर्व चेयरमैन विजय मिश्र के अधिवक्ता संतोष पांडेय ने बताया कि मामला वर्ष 2018 का है। 4 अगस्त को विजय मिश्र ने राहुल गांधी के खिलाफ मानहानि का वाद दाखिल किया था। आरोप है कि राहुल गांधी ने बेंगलुरु की एक जनसभा में उस समय भाजपा अध्यक्ष रहे अमित शाह के खिलाफ आपत्तिजनक टिप्पणी की थी। इससे आहत होकर उन्होंने मुकदमा दर्ज कराया। जिसमे कोर्ट ने बीते साल 27 नवम्बर को राहुल गांधी को तलब करने का आदेश दिया था। कोर्ट में हाजिर होकर राहुल गांधी ने 20 फरवरी 2024 को जमानत कराई थी तथा 25 जुलाई को उनका बयान कोर्ट में दर्ज हुआ था। बयान में उन्होंने इस मुकदमे को राजनीतिक साजिश बताया था। अब न्यायालय में परिवादी के दूसरे गवाह रामचंद्र की गवाही दर्ज होगी जिस पर सभी की निगाहें टिकी हैं।

### संविदा चिकित्सक हत्याकांड में आरोपी ड्राइवर के खिलाफ गिरफ्तारी वारंट का आदेश

कोतवाली नगर थाना क्षेत्र के नरायनपुर में संविदा चिकित्सक घनश्याम तिवारी की हत्या के मामले में सोमवार को एडीजे प्रथम संतोष कुमार की अदालत में सुनवाई हुई। इस दौरान आरोपी ड्राइवर दीपक सिंह की ओर से बचाव पक्ष के वकील ने विवेचक रहे पूर्व कोतवाल राम आशीष उपाध्याय को तलब करने की अर्जी दी। अभियोजन पक्ष से वादिनी निशा तिवारी के अधिवक्ता संतोष पांडेय ने अर्जी का विरोध करते हुए इसे मुकदमे को विलंबित करने का प्रयास बताया और खारिज करने की मांग की। अदालत ने दोनों पक्षों की दलीलें सुनने के बाद बचाव पक्ष की अर्जी को निरस्त कर आरोपी ड्राइवर दीपक सिंह के खिलाफ गिरफ्तारी वारंट जारी करने का आदेश दिया। साथ ही उसके जमानतदारों को नोटिस जारी करने का निर्देश दिया गया है। अदालत ने आरोपियों के बयान दर्ज करने के लिए 8 अक्टूबर की तारीख नियत की है। एडीजीसी पवन दूबे के मुताबिक 23 सितंबर 2023 को नरायनपुर में संविदा चिकित्सक घनश्याम तिवारी की हत्या कर दी गई थी।

इस मामले में मुख्य आरोपी अजय नारायण सिंह, उसके पिता जगदीश नारायण सिंह और ड्राइवर दीपक सिंह के खिलाफ हत्या, षड्यंत्र और दहशत फैलाने के गंभीर आरोप तय किए गए थे। विचारण के दौरान ही आरोपी जगदीश नारायण सिंह की मृत्यु हो चुकी है। अब अगली नियत तारीख पर आरोपियों के बयान दर्ज किए जाएंगे।

### किशोरी संग छेड़छाड़ का आरोपी दोषी करार

**सुलतानपुर :** जयसिंहपुर थानाक्षेत्र के एक गांव में पांच साल पूर्व 16 वर्षीय किशोरी के साथ घर में घुसकर छेड़छाड़ करने के दोषी अंकित यादव उर्फ विजय यादव को स्पेशल जज पॉक्सो एक्ट नीरज श्रीवास्तव ने सोमवार को दोषी करार दिया है। कोर्ट दोषी को 9 अक्टूबर को सजा सुनाएगी। विशेष लोक अभियोजक रमेश चन्द्र सिंह के मुताबिक 30 नवंबर 2020 की घटना में दर्ज हुए केस मे पीड़िता के पिता ने आरोप लगाया था कि आरोपी ने उसकी नाबालिग पुत्री के साथ रात साढ़े 12 बजे घर मे घुसकर छेड़छाड किया था। तहरीर पर केस दर्ज कर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ चार्जशीट दाखिल की। अभियोजन पक्ष की तरफ मुकदमे के दौरान पेश किए गए छह गवाहों के साक्ष्यों के आधार पर को कोर्ट ने आरोपी को दोषी करार दिया है। दोषी को कोर्ट गुरुवार को सजा सुनाएगी।

### 24 घंटे बाद भी पुलिस की पकड़ से दूर है फायरिंग का आरोपी

**सुलतानपुर, अमृत विचार :** जयसिंहपुर कोतवाली क्षेत्र के सेमरी चौकी इंचार्ज अविनाश चंद्र ने एक युवक पर पुलिस को गाली देने व फायरिंग का आरोप लगाते हुए मुकदमा दर्ज कराया है। उप निरीक्षक की माने तो वह शनिवार की रात निजी बुलेट से गश्त कर रहे थे तभी रात साढ़े दस बजे एक बुलेट पर तीन लोग आते दिखे। पुलिस ने उन्हें रोकना चाहा तो वह पुलिस टीम पर ही फायरिंग कर गाली गलौज देते हुए भाग निकला। जबकि एक सिपाही बाइक गिरने से चोटिल भी हो गया था। फायरिंग व गाली देने का आरोपी बिरमलपर गांव निवासी हरि ओम पांडेय के खिलाफ मुकदमा दर्ज हुआ है। बड़ी बात यह है कि जब पुलिस टीम अपने ऊपर हुए फायरिंग के आरोपी को नहीं पकड़ पाई तो आम जनता की सुरक्षा कैसे करेगी। जयसिंहपुर कोतवाल सत्येंद्र कुमार सिंह ने बताया कि आरोपी की गिरफ्तारी के लिए दबिश दी जा रही है जल्द ही सफलता मिलने की उम्मीद है।

# चिकित्सक-फार्मासिस्ट विवाद में बयान दर्ज

कादीपुर, सुलतानपुर

**अमृत विचारः** शनिवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कादीपुर में चिकित्सक और फार्मासिस्ट के बीच हुई मारपीट के मामले में सोमवार को तीन सदस्यीय जांच टीम ने घटनास्थल का निरीक्षण कर संबंधित के बयान दर्ज किए। टीम में अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. जेसी सरोज, डॉ. संजय गुप्ता और जिला मुख्यालय के चीफ फार्मासिस्ट शशिकांत मिश्र शामिल थे।

जांच के दौरान टीम ने डॉ. दीपंकर विश्वास, फार्मासिस्ट अवधेश कुमार मौर्य, अधीक्षक डॉ. सेवाराम यादव, पूर्व अधीक्षक डॉ. मिथिलेश वर्मा और ड्यूटी पर तैनात वार्ड बॉय विजय यादव से पूछताछ की। जानकारी के अनुसार, विवाद उस समय हुआ जब मरीज की दवा बाहर से लिखी गई पर्ची को लेकर चिकित्सक और फार्मासिस्ट में बहस बढ़ गई, जो मारपीट में बदल गई। घटना सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई, और वीडियो वायरल हो गया।

फार्मासिस्ट अवधेश कुमार मौर्य ने आरोप लगाया कि उनसे दबाव बनाकर सुलह पर हस्ताक्षर करवाए गए, जिससे वह सहमत नहीं हैं। जांच टीम के प्रभारी डॉ. जे.सी. सरोज ने बताया कि दोषी पाए जाने पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि आज ही जांच रिपोर्ट मुख्य चिकित्सा अधिकारी को सौंप दी जाएगी।



सीएचसी में जांच करने पहुंची सीएमओ कार्यालय की टीम।

- सीएमओ कार्यालय की टीम ने सीएचसी कादीपुर में घटनास्थल का किया निरीक्षण

### युवक का सिर कटा शव मिला, हत्या की आशंका

**सुलतानपुर, अमृत विचारः** कोतवाली देहात थाना क्षेत्र के महेसुआ गांव निवासी श्यामलाल के 24 वर्षीय पुत्र विकास का शव सोमवार की सुबह नगर कोतवाली क्षेत्र के पयागीपुर ओवरब्रिज के पश्चिम रेलवे लाइन से 150 मीटर दूर सिर कटा शव मिला। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेते हुए विधिक कार्यवाही शुरु कर दी। परिजनों के मुताबिक विकास रविवार को दोपहर घर से निकला था, देर शाम तक घर नहीं लौटने पर परिजनों ने सोचा कि दुर्गापूजा महोत्सव देखने गया होगा। वहीं, सोमवार की सुबह उसका शव मिला तो परिजनों में कोहराम मच गया। पिता श्यामलाल ने बताया कि उनके बेटे की हत्या की गई है।

# नवंबर में बजेगी सामूहिक विवाह की शहनाई, चल रहा सत्यापन

- समाज कल्याण विभाग को मिले एक हजार से अधिक आवेदन

**संवाददाता, सुलतानपुर, अमृत विचारः** सीएम के महत्वपूर्ण योजनाओं में शामिल सामूहिक विवाह का नवंबर में आयोजन किया जाएगा। अभी तक एक हजार से अधिक आए सामूहिक विवाह के आवेदनों की जांच ग्रामीण स्तर पर विकास खंड तो नगरीय क्षेत्र का नगर पालिका द्वारा किया जा रहा है। अधिकारियों का दावा है कि अक्टूबर के अंत तक सत्यापन करा लिया जाएगा। पात्रों की संख्या के आधार पर विकासखंड स्तर व जिला मुख्यालय पर सामूहिक विवाह का आयोजन किया जाएगा।

सामूहिक विवाह योजना पर लगातार भ्रष्टाचार का आरोप लगता रहा है। इस बार अधिकारियों का दावा है कि आवेदनों का सत्यापन स्थलीय निरीक्षण के साथ किया जा रहा है जिससे कोई भी पात्र लाभ से वंचित न हो वहीं अपात्र लोगों को सामूहिक विवाह का लाभ न मिल सके।

**51 हजार की मिलती हैं वित्तीय सहायता**

पात्र लाभार्थियों को मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना में 51 हजार रुपए की वित्तीय सहायता मिलती है। जिसमें से 35 हजार रुपए दुल्हन के खाते में भेजा जाता है वही दस हजार रुपए से जोड़े की शादी के लिए कपड़े , आभूषण व बर्तन खरीदे जाते हैं। साथ ही छह हजार रुपए विवाह सम्पन्न कराने व दोनों पक्ष के आए सगे संबंधियों के नाश्ते व भोजन में खर्च किया जाता है।



शिविर में पहुंचीं आईएएस गामिनी सिंघला ने मां भारती के चित्र पर किया माल्यार्पण।

### सेवाभारती के स्वास्थ्य शिविर में पहुंची आईएएस गामिनी सिंघला

**सुलतानपुर, अमृत विचार :** दुर्गापूजा महोत्सव के अवसर पर सेवाभारती द्वारा आयोजित नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर का निरीक्षण आईएएस गामिनी सिंघला ने किया और भारत माता की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर संस्था की सराहना की। उन्होंने कहा कि शिविर में श्रद्धालुओं को तत्काल चिकित्सा सुविधा और दवा उपलब्ध होती है। क्षेत्र सेवा प्रमुख युद्धवीर सिंह, विभाग प्रचारक श्री प्रकाश और संघचालक डॉ. ए.के. सिंह ने भी शिविर का अवलोकन कर दिशा-निर्देश दिए। विभाग महामंत्री डॉ. सुनील त्रिपाठी ने बताया कि शिविर में प्रतिदिन सैकड़ों श्रद्धालुओं का स्वास्थ्य परीक्षण और नि:शुल्क दवा वितरण किया जा रहा है, जो समाज में सेवा और सहयोग की भावना को बढ़ावा दे रहा है।

### मवेशियों के गले में पहनाई जाएगी रेडियम

**संवाददाता, सुलतानपुर, अमृत विचारः** सोमवार को मुख्य सचिव ने बीसी में मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी को निर्देश दिया है कि जिला मार्ग,राज्य मार्ग के किनारे के गावो में टहल रहें निराश्रित मवेशियों के गले में रेडियम पहनाई जाय। रेडियम पहने हुए जानवर वाहन चालकों को दूर से ही दिख जायेगे जिसमें वाहन चालक सतर्क हो जाएंगे। जिससे हादसे की संभावना घट जाएगी वहीं चालक व मवेशी भी सुरक्षित रहेंगे। बताते चलें कि आए दिन आवारा गो वंशों की चपेट में आने सड़क हादसे हो रहे हैं जिस पर नियंत्रण के लिए सरकार द्वारा यह कदम उठाया जा रहा है। आवारा पशु सड़कों पर झुंड बना बैठते हैं जिससे सड़क हादसे होते हैं।

# संवैधानिक व्यवस्था से होगा मंदिर निर्माण

संवाददाता, सुलतानपुर

**अमृत विचारः** कुड़वार थाना क्षेत्र के दहला गांव में सोमवार को आयोजित भूमि पूजन कार्यक्रम में सगरा आश्रम पीठाधीश्वर अभय चौतन्य फलाहारी मौनी महाराज ने कहा कि मंदिर निर्माण कार्य संवैधानिक और विधिक व्यवस्थाओं के अनुसार ही होगा। उन्होंने स्पष्ट किया कि कोई अवैध कदम नहीं उठाया जाएगा और सरकार की बदनामी का प्रयास नहीं किया जाएगा। बीते 20 वर्षों से नवरात्र के अवसर पर श्रीरामचरितमानस पाठ होने वाले स्थल पर ग्रामीणों ने मंदिर निर्माण की पहल की थी।

मौनी महाराज ने कहा कि यदि सरकारी भूमि के बदले खातेदारी भूमि विनिमय कर दी गई तो मंदिर निर्माण इसी स्थल पर संभव होगा। उन्होंने प्रशासन से विवाद के शीघ्र समाधान की अपेक्षा जताई। मौनी महाराज ने मंच पर शिला पूजन कर भंडारे का शुभारंभ भी किया।



कार्यक्रम को संबोधित करते मौनी महाराज। ● अमृत विचार

- भूमि पूजन कार्यक्रम में सगरा आश्रम पीठाधीश्वर अभय चौतन्य फलाहारी मौनी महाराज ने की घोषणा

मौके पर मुख्य यजमान सुरेंद्र सिंह, समाजसेवी राजेश सिंह, बबलू सिंह, मुन्ना सिंह, बब्बू सिंह, बिन्नू सिंह सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे। भाजपा नेता रामचंद्र मिश्रा, श्यामसुंदर सिंह, रणविजय सिंह और ऋषि सिंह भी कार्यक्रम में मौजूद थे।

मिशन शक्ति

रामराजी सरस्वती बालिका इंटर कॉलेज में आयोजित हुआ विशेष जागरूकता कार्यक्रम

# महिलाओं व बालिकाओं को मिला कानूनी अधिकारों का ज्ञान

संवाददाता, सुलतानपुर

**अमृत विचारः** उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा संचालित मिशन शक्ति फेज 5.0 के तहत महिलाओं और बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान एवं स्वावलम्बन को लेकर सोमवार को रामराजी सरस्वती बालिका इंटर कॉलेज में विशेष जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का नेतृत्व संयुक्त निदेशक अभियोजन श्री यशवंत सिंह ने किया। इस अवसर पर ज्येष्ठ अभियोजन अधिकारी शैलेश चतुर्वेदी, सहायक अभियोजन अधिकारी मो इमरान तथा सुश्री वंदना पाठक ने बालिकाओं को उनके कानूनी अधिकारों, महिलाओं से संबंधित कानूनों, साइबर अपराध से बचाव के उपायों और डिजिटल अरेस्ट की प्रक्रिया के बारे में जानकारी दी।



मिशन शक्ति कार्यक्रम के तहत छात्राओं को किया गया जागरूक। ● अमृत विचार

साथ ही सरकार द्वारा संचालित योजनाओं एवं महिलाओं के लिए जारी हेल्पलाइन नंबरों की भी जानकारी दी गई। कार्यक्रम का संचालन प्राचार्या रेखा सिंह ने किया। कार्यक्रम में हेका निर्भय सिंह, हेका रजनीश कुमार, महिला हेड का संगीता देवी, रूबी सिंह, रेखा कुमारी सहित विद्यालय की छात्राएं व शिक्षिकाएं उपस्थित रहीं।

### कटका क्लब ने अधिकारियों को किया सम्मानित

**संवाददाता, सुलतानपुर :** कटका क्लब सामाजिक संस्था ने प्रशासनिक अधिकारियों को कुशभवनपुर प्रतिभा सम्मान 2025 से सम्मानित किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता संस्था के संरक्षक राजकुमार मिश्र ने की, जबकि मुख्य अतिथि एसडीएम सदर विपिन कुमार द्विवेदी रहे। उन्होंने संस्था के सामाजिक अभियान और शिविरों की सराहना की। विशिष्ट अतिथि के रूप में सीओ सिटी प्रशांत सिंह और सीओ जयसिंहपुर आशुतोष कुमार उपस्थित रहे। कटका क्लब के अध्यक्ष सौरभ मिश्र विनम्र ने एसडीएम, दोनों सीओ और गोसाईगंज थानाध्यक्ष राम आशीष उपाध्याय को सम्मानित किया। कार्यक्रम का संचालन प्रदेश प्रभारी ऋषभ देव शुक्ला ने किया। इस अवसर पर डॉ. अमित मिश्र, अनिल सिंह, संतोष मिश्र, वीरेंद्र तिवारी, दिलीप कुमार पांडेय, सुधीर मिश्र, राज्य शिक्षक पुरस्कार से सम्मानित कांति सिंह, रिंकू सिंह और बृजेंद्र मिश्र समेत अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

### एएसपी के खिलाफ कार्यवाही की मांग

**सुलतानपुर, अमृत विचार :** दुराचार के मामले में कथित झूठी जांच आख्या प्रस्तुत करने के आरोप में पीड़िता ने अपर पुलिस अधीक्षक के खिलाफ कार्यवाही की मांग करते हुए सीजेएम नवनीत सिंह की अदालत में अधिवक्ता शेख नजर अहमद के जरिए अर्जी दी है। मामला थाना धनपतगंज क्षेत्र के एक गांव निवासी आरोपी संदीप यादव पर पीड़िता ने दुष्कर्म का आरोप लगाया था। पुलिस कार्रवाई न होने पर उसने न्यायालय की शरण ली थी। आरोपी ने पीड़िता पर तीन मुकदमे दर्ज कराए थे। इनकी जांच के आदेश एएसपी को दिए गए थे, जिनकी आख्या पर आपत्ति जताते हुए पीड़िता ने कार्रवाई की मांग की है। कोर्ट ने आदेश सुरक्षित रखा है।


अमृत विचार

क्लासीफाइड

विज्ञापन हेतु अमृत विचार कार्यालय में सम्पर्क करें

**सूचना**

मैंने अपना नाम MOHD JALALUDDEEN से बदलकर JALALUDEEN रख लिया है भविष्य में मुझे JALALUDEEN के नाम से जाना व पहचाना जाये। S/O RAJJAK ALI, ADD - IDEA TOWER UPARI MANDAI SANDILA HARDOI -241204

**सूचना**

मैंने अपने पुत्र वैभव सिंह व पुत्रवधू सपना सिंह को गलत आचरण के चलते सम्बन्ध विच्छेद कर अपनी चल अचल संपत्ति से बेदखल कर दिया है। उनके किसी कार्य व लेन-देन से मेरा व मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। **बलवंत सिंह पुत्र भग्गू सिंह निवासी ग्राम उमरी, तहसील मौदहा, जिला हमीरपुर**

**सूचना**

सूचित किया जाता है कि मैंने अपना नाम मो0 शारिक (MOHD SHARIK) पुत्र श्री मो0 इरसाद (MOHD IRSHAD) से बदलकर मो0 शारिक (MO SHARIK) पुत्र श्री मो0 इरसाद (MO IRSHAD) रख लिया है अब मुझे इसी नाम से जाना व पहचाना जाये। **मो0 शारिक पुत्र श्री मो0 इरसाद, निवासी- ग्राम व पोस्ट-हडहा जनपद-उन्नाव उ0प्र0**

**NOTICE**

This is to inform the general public that my name KALIM S/O NANHE was. On 20 August 2025, I changed it to: I wish to be known by this name MO KALIM S/O NANHE in the future. I am a resident of Semra Post, Mohammadpur, Police Station Katra Bazaar, District Gonda.

**सूचना**

मैं MOHD ILIYAS KHAN पुत्र Maqbool Ahmad khan निवासी: 10A/46, वृन्दावन योजना, लखनऊ का स्थायी निवासी हूँ, मैंने अपना नाम MOHAMMAD ILIYAS KHAN/ MOHD ILIYAS से बदलकर MOHD ILIYAS KHAN रख लिया हैं । आज से मुझे इसी नाम से जाना व पहचाना जाये ।

**सूचना**

सूचित हो कि मेरी हाईस्कूल की मार्कशीट, जिसका अनुक्रमांक 211515779, वर्ष 2021 है, वास्तव में कहीं खो गई है। **ओम शांति पुत्र हीरालाल, मां कमली देवी पोस्ट बिहरवां, नैनी बांगर राजापुर (चित्रकूट) उत्तर प्रदेश -210207**

**सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि भारतीय जीवन बीमा निगम की पालिसी 213384184 में मेरा नाम बदनामवारिश पाल अंकित हो गया है। जबकि मेरे शैक्षिक प्रमाण पत्रों में वीरेंद्र कुमार ही अंकित है। बदनामवारिश पाल व वीरेंद्र कुमार दोनों नाम एक ही व्यक्ति के हैं। जिसे वीरेंद्र कुमार के नाम से जाना पहचाना जाए। **वीरेंद्र कुमार पुत्र रामशंकर पाल निवासी ग्राम पूरे झाऊ मजरे सहन टेकारी पो. टेकारी दांदू, रायबरेली, उत्तर प्रदेश।**

**सूचना**

सूचित हो कि **मैं वसीउल्लाह खां पुत्र समीउल्लाह खां निवासी मो. सुदामापुरी वार्ड-9 थाना कोतवाली तहसील व जिला सीतापुर** का हूँ। मेरी पुत्री Hazra Fatima के विद्यालय अभिलेखों में Hazra Fatima के स्थान पर गलत नाम Hajra Fatima दर्ज हो गया है जब कि पुत्री का सही नाम आधार कार्ड पर Hazra Fatima अंकित है। अतः पुत्री के विद्यालय के अभिलेखों में गलत नाम Hajra Fatima के स्थान पर सही नाम Hazra Fatima अंकित किया जाय।

## न्यूज ब्रीफ

### टीम ने 60 बच्चों का किया स्वास्थ्य परीक्षण

**रुपईडीह, अमृत विचार।** राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम के तहत ब्लॉक के प्राथमिक विद्यालय देवरिया कला मे चिकित्सक अभिषेक आनंद की अगुवाई में गठित चिकित्साकर्मियों की टीम ने 60 छात्र छात्राओं के स्वास्थ्य की जांच की। उन्होंने बताया कि जाँच के बाद तीन बच्चों में त्वचा की बीमारी पाए जाने पर उपचार के लिए उन्हें सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र खरगूपुर रेफर किया गया। टीम में चिकित्साधिकारी डॉ ज्योति व चीफ फार्मासिस्ट वारिस अली भी शामिल रहे।

### पैरामेडिकल कॉलेज में जागरूकता शिविर

**गोंडा :** राज्य एड्स नियंत्रण सोसायटी के तत्वावधान में सघन जागरूकता अभियान चलाया गया। राजकीय बालिका इंटर कॉलेज, प्रधानाचार्य गीता त्रिपाठी, सरजू प्रसाद कन्या पाठशाला इंटर कॉलेज में गिरिजा मिश्रा की उपस्थिति में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। लाल बहादुर शास्त्री स्नातकोत्तर महाविद्यालय एवं एससीपीएम कॉलेज में भी सघन जागरूकता अभियान के अंतर्गत जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में एचआईवी/एड्स, सिफलिस, हेपेटाइटिस बी-सी, स्क्रीनिंग के साथ टीबी स्क्रीनिंग/ टेस्टिंग एवं एक्सरे आदि की समुचित जानकारी प्रदान की गई।

### घर में नहीं रहने दे रहे भाई, सीएम से गुहार

**तरबगंज, गोंडा, अमृत विचार।** मनहना गांव निवासी राकेश गुप्ता ने बताया कि वह पांच भाई हैं और वह सबसे छोटा है। माता-पिता 8 वर्ष पहले स्वर्गवासी हो गए हैं। हमारे भाई लोग हमें परेशान कर रहे हैं और घर में घुसने नहीं दे रहे हैं। जबकि पैतृक सम्पत्ति में उसकी भी हिस्सेदारी है। दो वर्ष पहले उसकी पत्नी को भी मारपीट कर घायल कर दिया था जिसका मुकदमा पंजीकृत हैं। थानाध्यक्ष कमलाकांत त्रिपाठी ने बताया कि मारपीट की शिकायत मिली है। जांच के बाद कार्रवाई की जायेगी।

### टोकन वसूलने को लेकर रिक्शा चालक की पिटाई

**नवाबगंज, गोंडा :** कस्बे के कोल्ड स्टोर पर रविवार को बैटरी रिक्शा चालक के साथ टोकन वसूलने के विवाद को लेकर मारपीट की घटना हुई। पीड़ित दलित युवक सुखराम पुत्र लालता निवासी लौव्वाबीरपुर ने थाने में तहरीर दी है कि कस्बे के टैक्सी स्टैंड पर टोकन वसूलने वाले सन्नू सिंह पुत्र शंभू नाथ सिंह के एक गुर्गे ने कोल्ड स्टोर चौराहे पर उससे दो बार टोकन लेने के बाद उसे पीटा। सुखराम ने बताया कि वह किराए पर बैटरी रिक्शा चलाता है। घटना के समय बैटरी रिक्शा के मालिक गंगाराम भी वहां मौजूद थे। थाना अध्यक्ष अभय सिंह ने कहा कि तहरीर मिली है और मामले की जांच की जा रही है।

### चौपाल आयोजित कर सुनीं समस्याएं

**रुपईडीह।** ब्लॉक के ग्राम प्रधानों व क्षेत्र पंचायत सदस्यों की प्रमुख पति महेश सिंह की देखरेख में ब्लॉक मुख्यालय पर चौपाल आयोजित की गई। इस चौपाल में उन्होंने उपस्थित सभी ग्राम प्रधानों व क्षेत्र पंचायत सदस्यों से क्षेत्र पंचायत द्वारा ग्राम पंचायतों में कराए जा रहे निर्माण कार्यों के बारे में जानकारी हासिल की तथा उनके समस्याओं की सुनवाई की। अजीत सिंह, सत्यदेव शुक्ल, राधेश्याम मिश्र, भगवती मिश्र, प्रमोद कुमार शुक्ल, विजय बहादुर तिवारी, पप्पू चौबे, अमरनाथ सिंह, प्रमोद कुमार चतुर्वेदी, पप्पू शुक्ल आदि लोग उपस्थित रहे।

### गन्ना समिति सदस्यता की तिथि 10 अक्टूबर

**रुपईडीह, अमृत विचार।** गन्ना समिति की सदस्यता के लिए गन्ना आयुक्त ने सदस्यता की अंतिम तिथि अब 10 अक्टूबर तक बढ़ा दी है। ब्लॉक की ग्राम पंचायत मनोहर जोत, बनगाई तथा पूरे पाठक गाँव में गन्ना किसानों के खेतों में लगी फसलों का निरीक्षण करने के बाद जिला गन्ना अधिकारी सुनील कुमार सिंह ने बताया कि गन्ना समितियों की सदस्यता के लिए पूर्व में गत 30 सितंबर को अंतिम तिथि निर्धारित की गई थी। लेकिन गन्ना किसानों की मांग पर अब सदस्यता के लिए अंतिम तिथि 10 अक्टूबर तक बढ़ा दी गई है।

### 13 आरोपियों को थाने बुलाकर दिलाई शपथ

**सीतापुर।** महिला अपराधों पर रोकथाम और सशक्तिकरण के लिए पुलिस ने सख्ती दिखाते हुए बड़ा कदम उठाया। सीओ सदर नेहा त्रिपाठी के नेतृत्व में कोतवाली देहात पुलिस ने महिला अपराधों में रिहा हुए 13 आरोपियों को थाने बुलाकर अपराध न करने की शपथ दिलाई, इस दौरान टीम ने गश्त अभियान भी चलाया। महिलाओं पर फब्तियां कसते पकड़े गए पुनीत कुमार निवासी मोहनुद्दीनपुर पर मुकदमा दर्ज किया गया। यातायात अभियान में 18 वाहनों के चालान कर 29 हजार रुपये जुर्माना वसूला गया।

# फिर मचा हाहाकार, अब तक मिले 65 डेंगू के मरीज

## स्वास्थ्य विभाग का दावा साफ-सफाई को लेकर चलाया जा रहा है अभियान, अभी तक मलेरिया के आ चुके हैं 20 केस

संवाददाता, गोंडा



**अमृत विचार :** बरसात से हुए जलभराव ने मलेरिया और डेंगू के साथ ही अन्य संक्रामक बीमारियों के लिए खतरा बढ़ा दिया है। जगह-जगह पानी जमा होने से मच्छर पनपने लगे हैं। समय पर उपचार न मिलने पर ये बीमारी जानलेवा साबित हो सकती है। पिछले वर्ष भी जिले में डेंगू ने कहर बरपाया था। 325 लोगों में डेंगू की पुष्टि स्वास्थ्य विभाग ने की थी। नौ मलेरिया के मरीज मिले थे। इस वर्ष अब तक 65 डेंगू के मरीज मिल चुके हैं। इसके साथ ही जापानी बुखार के भी पेशेंट मिलने शुरू हो गए हैं, एक बच्ची की जांच में जापानी बुखार होने की पुष्टि हुई है इसके इलाज के लिए लखनऊ रेफर किया गया है। स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों ने अलर्ट जारी किया है। अधिकारियों का दावा है कि मलेरिया विभाग को सतर्क किया गया है। अभी तक 20 केस मलेरिया का भी सामने आ चुका है। टीमों ने लार्वा ढूंढने का कार्य शुरू करा दिया है।

> डेंगू व मलेरिया, जापानी बुखार को लेकर सभी चिकित्सकों को अलर्ट किया गया है। अति संवेदनशील व संवेदनशील मुहल्लों और गांवों की सूची तैयार हो गई है। मलेरिया विभाग सक्रिय किया गया है। सफाई व दवा छिड़काव पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है।
>
> **-जेड ए जैदी,** जिला मलेरिया अधिकारी

### सावधानी बरतने से होगा बचाव

मलेरिया विभाग ने एडवाइजरी जारी करते हुए लोगों को सावधानी बरतने की अपील की है। यदि इस मौसम में मच्छर पनपते हैं तो आने वाले दिनों में डेंगू फैलने की संभावना अधिक हो जाएगी। चिकित्सकों के अनुसार मौसम बदलते ही लोगों को आदतों में भी बदलाव करने की आवश्यकता होती है। वर्षा होने के बाद डेंगू का लार्वा फैलना शुरू हो गया है। वर्षा के मौसम में गंदगी के कारण मच्छरों का प्रजनन बढ़ जाता है, ऐसे में उनसे होने वाली बीमारियों का प्रकोप बढ़ने की भी संभावना बढ़नी शुरू हो जाती हैं। इससे बचाव करने के लिए आवश्यक है कि घरों के अंदर और आस-पास बेहतर सफाई व्यवस्था रखें। अधिकारियों ने बेहतर उपचार के लिए दवाइयां और जांच किट पहले से ही अस्पतालों में भिजवा दी हैं। जिले के संभावित डेंगू के मरीजों की जिला अस्पताल में ही एलाइजा जांच कराई जाएगी। बरसात के मौसम में पूरे बदन को ढकने वाले कपड़े पहने, सोते समय मच्छरदानी का इस्तेमाल करें, घर के आसपास जलभराव नहीं होने दें, यदि हो तो उस स्थान को मिट्टी से पाट दें। नालियों की समय-समय पर सफाई करते रहें।

### डेंगू के ये हैं लक्षण

यह किसी को बुखार आए तो उसकी जांच करानी चाहिए। मरीज को यदि ठंड लगने के बाद अचानक तेज बुखार चढ़ना। सिर, मांसपेशियों और जोड़ों में दर्द होना। आंखों के पिछले हिस्से में दर्द होना, जो आंखों को दबाने या हिलाने से और बढ़ जाता है। बहुत ज्यादा कमजोरी लगना, भूख न लगना और जी मितलाना और मुंह का स्वाद खराब होना। गले में हल्का-सा दर्द होना। शरीर खासकर चेहरे, गर्दन और छाती पर लाल-गुलाबी रंग के रैशेज होना। नाक और मसूड़ों से खून आना। शौच या उल्टी में खून आना। स्किन पर गहरे नीले-काले रंग के छोटे या बड़े चकत्ते पड़ जाना आदि बीमारी के लक्षण है ऐसा दिखे तो तत्काल चिकित्सकों से संपर्क करना चाहिए।

### ट्रैक्टर-पिकअप में भिड़ंत जीप चालक घायल

**इटियाथोक।** इटियाथोक-खरगूपुर मार्ग पर भवनियापुर उपाध्याय चौराहा के निकट पिकअप और ट्रैक्टर ट्राली में भिड़ंत हो गई। हरदैंया भटपुरवा निवासी रंजीत ने स्थानीय थाने पर शिकायती पत्र में दर्शाया है कि करीब 1:00 बजे दिन में कि उनके बड़े पिताजी शिवनाथ अपनी पिकअप को लेकर इटियाथोक बाजार से भवनियापुर उपाध्याय चौराहे की तरफ जा रहे थे। चौराहे से कुछ दूर पूर्व रमेश कुमार शुक्ला ट्रेडर्स की दुकान के सामने ट्रैक्टर ट्राली खड़ा हुआ था। जिस पर गिट्टी लादा जा रहा था। एकाएक ट्रैक्टर ट्राली को पीछे किया और पिकअप में जाकर टक्कर मार दी जिससे पिकअप क्षतिग्रस्त हो गई और गाड़ी चला रहे शिवनाथ को काफी चोटें आई। उनका इलाज चल रहा है।

# कार की टक्कर से बाइक सवार की मौत

**कटरा बाजार, अमृत विचार:** सोमवार को गौरियाडीहा गांव के पास चूंटीपुर गांव की ओर से कटरा बाजार जा रही चारपहिया वाहन ने कटरा की ओर से जा रहे दो पहिया वाहन की आमने-सामने भीषण टक्कर हो गई। इसमें बस्ती के थाना परसरामपुर के महेवा गांव निवासी रमेश (30) गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस ने एम्बुलेंस की मदद से उसे सीएचसी कटरा बाजार भेजा जहां डॉक्टर ने हालत नाजुक देख उसे मेडिकल कालेज गोंडा के लिए रेफर कर दिया गया। जहां इलाज के दौरान मौत हो गई।

कटरा-चूंटीपुर मार्ग पर बस्ती के महेवा गांव निवासी रमेश (30) अपने घर से कैसरगंज जा रहे थे। गौरिया डीहा गांव के पास सामने से आ रही तेज रफ्तार फिगो कार की टक्कर में मोटरसाइकिल चालक रमेश बुरी तरह घायल हो गया। घायल युवक करीब आधा घंटा तक घटना स्थल पर ही पड़ा रहा। बाद में स्थानीय लोगों ने इसकी सूचना कटरा पुलिस को दी। आस पास के लोगों ने एम्बुलेंस की मदद से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कटरा बाजार भेजा। डॉक्टर प्रियंका सिंह ने बताया कि सिर पर अधिक चोट आने के कारण हालत नाजुक थी उसे मेडिकल कॉलेज गोंडा के लिए रेफर कर दिया गया है। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि टक्कर इतनी भयानक थी कि मोटरसाइकिल व कार के परखच्चे उड़ गए, फोन करने के एक घंटे बाद एम्बुलेंस आई जिससे उसकी हालत और बिगड़ गई। अपराध निरीक्षक रामाशंकर राय ने बताया कि कार व बाइक की टक्कर में रमेश वर्मा घायल हो गया था। मेडिकल कालेज गोंडा ले जाते समय रास्ते में मौत हो गई। घटना स्थल से कार को हिरासत में लिया गया है, चालक फरार है। तहरीर मिलने पर केस दर्ज किया जाएगा।



रमेश वर्मा (फाइल फोटो)।

## अश्लील गाना बजाने पर मुकदमा दर्ज

**खरगूपुर, गोंडा।** तीन व चार अक्टूबर को खरगूपुर नगर पंचायत सहित ग्रामीण क्षेत्रों में वरिष्ठ उपनिरीक्षक पंकज कुमार, उप निरीक्षक डोरी लाल गंगवार पुलिस बल के साथ दुर्गा प्रतिमा विसर्जन करा रहे थे। स्थानीय कस्बे में विसर्जन जुलूस के साथ पटेल नगर गोंडा के गिरीश चंद्र निगम डीजे लेकर तीव्र ध्वनि के साथ अश्लील गाना बजाकर मानक का उल्लंघन करने लगे। जिससे जुलूस में शामिल बच्चे, बुजुर्ग व महिलाएं अपने फेफड़ों में धक्का महसूस करने लगीं। लोग गलियों में जाकर अपने कान बंद कर छिपने लगे। थानाध्यक्ष सिंह ने बताया कि निगम डीजे संचालक के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया गया है। वहीं पुलिस ने दर्जनों तेज आवाज वाले डीजे संचालकों के खिलाफ कार्रवाई नहीं की है।

# ट्रक व बस में आमने-सामने की भिड़ंत

**धानेपुर, अमृत विचार :** गोंडा उतरौला मार्ग पर धानेपुर थाना क्षेत्र के बगुलही पुल के पास सोमवार की सुबह एक ट्रक व रोडवेज बस में आमने सामने की भिड़ंत हो गयी। इस भिड़ंत में बस का अगला हिस्सा बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया। गनीमत रही कि बस की रफ्तार कम थी इसलिए कोई यात्री हताहत नहीं हुआ वरना बड़ा हादसा हो सकता था। सूचना पर पहुंची पुलिस ने दोनों वाहनों को रास्ते से अलग कराया।

पुलिस के मुताबिक ट्रक चालक मुन्ना कानपुर से किराना का सामान लादकर डुमरियागंज की तरफ जा रहा था जबकि गोंडा डिपो की बस उतरौला से सवारी लेकर गोंडा की तरफ जा रही थी। गोंडा उतरौला मार्ग पर बगुलही पुल के पास स्थित राधा स्वामी सत्संग व्यास के पहुंचते ही दोनों वाहनों में आमने-सामने से भिड़ंत हो गई। इस भिड़ंत में बस व ट्रक का अगला हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया है। बस में अधिक नुकसान हुआ है। हालांकि इस घटना में किसी यात्री को चोट नहीं आई है। प्रभारी निरीक्षक अरविंद कुमार सिंह ने बताया कि रोडवेज बस और ट्रक में एक्सीडेंट हुआ है सभी सुरक्षित बाल बाल बच गए हैं। तहरीर मिलने पर विधिक कार्रवाई अमल में लाई जायेगी।



हादसे के बाद सड़क किनारे खड़ी क्षतिग्रस्त रोडवेज बस। अमृत विचार

# बुजुर्ग महिला की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत



ग्राम नचनी में महिला की मौत के बाद जांच करती पुलिस। अमृत विचार

**गोंडा, अमृत विचार :** ग्राम नचनी निवासी रामप्यारी (65) पत्नी रामराज सोमवार को भोर में शौच के लिए घर से निकली थीं। सुबह वह सड़क किनारे मृत अवस्था में पाई गईं। उनके नाक में पहनी चांदी की सुराही गायब थी, जिससे परिजनों ने अज्ञात लोगों पर हत्या व लूट का आरोप लगाया है। सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस, उच्चाधिकारी, फील्ड यूनिट व डॉग स्क्वॉड मौके पर पहुंचे और घटनास्थल का निरीक्षण किया। कोतवाल तेज प्रताप सिंह ने बताया कि प्रथम दृष्टया घटना सड़क दुर्घटना का प्रतीत हो रहा है। मृतका के नाक पर किसी प्रकार की चोट का निशान नहीं मिला, जबकि नाक में पहनी सुराही बरामद कर ली गई है। सभी पहलुओं की जांच की जा रही है।

# बिना नंबर की थार में नाबालिगों का खतरनाक स्टंट

**नवाबगंज, अमृत विचार :** नवाबगंज में नाबालिग किशोरों द्वारा सड़क पर किए गए खतरनाक स्टंट का वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो गया है। वीडियो में नाबालिगों की लापरवाह हरकतों ने लोगों को हैरान कर दिया है। हालांकि अमृत विचार इस वायरल वीडियो की प्रमाणिकता की पुष्टि नहीं करता है। वायरल वीडियो में एक बिना नंबर की थार कार में आधा दर्जन से अधिक किशोर सवार दिखाई दे रहे हैं। कुछ किशोर सनरूफ खोलकर खड़े हैं, जबकि दो किशोर दोनों तरफ की खिड़कियों से लटककर स्टंट करते नजर आ रहे हैं। गाड़ी के पीछे एक फ्लैक्स लगा है, जिस पर लिखा है

**वीडियो वायरल**

नवाबगंज तृतीय से जिला पंचायत सदस्य प्रत्याशी बबलू यादव। वीडियो में सभी किशोर "बबलू भैया ज़िंदाबाद" के नारे लगाते सुने जा सकते हैं। वीडियो की पड़ताल में सामने आया है कि यह थार गाड़ी थाना क्षेत्र के मीरपुर गांव निवासी बबलू यादव पुत्र जगदेव की है। बताया जा रहा है कि स्टंट कोल्हमपुर चौकी क्षेत्र के अंतर्गत किया गया है। इस संबंध में कोल्हमपुर चौकी प्रभारी शिवकुमार यादव ने कहा घटना संज्ञान में है। वाहन स्वामी व स्टंट करने वालों की पहचान की जा रही है।

# डीसी मनरेगा के खिलाफ ग्राम प्रधानों ने खोला मोर्चा



झंझरी ब्लाक पर विरोध प्रदर्शन करते ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि आशीष मिश्रा व ग्राम प्रधान।

**गोंडा, अमृत विचार:** झंझरी ब्लाक के ग्राम प्रधानों ने डीसी मनरेगा पर भ्रष्टाचार का आरोप लगाते हुए उनके खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। ग्राम प्रधान संघ के अध्यक्ष दिनेश कुमार के मुताबिक डीसी मनरेगा जनार्दन यादव के पास झंझरी ब्लाक का अतिरिक्त चार्ज है। आरोप है कि वह विकास कार्यों की स्वीकृति देने को नाम पर कमीशन की मांग करते हैं और ग्राम प्रधानों का आर्थिक शोषण कर रहे हैं। इससे पूरे ब्लाक में विकास कार्य बाधित है।

सोमवार को कई गांवों के प्रधान ब्लाक मुख्यालय पर इकट्ठा हुए और इस मुद्दे पर बैठक की। इसके बाद ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि आशीष मिश्रा को घटनाक्रम की जानकारी दी गयी। ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि के नेतृत्व में ग्राम प्रधानों ने सीडीओ अंकिता जैन से मुलाकात की और डीसी मनरेगा की शिकायत करते हुए उन्हें ब्लाक से हटाने की मांग की। ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि आशीष मिश्रा ने भी ग्राम प्रधानों के आरोप को सही ठहराया। इस दौरान छाछपारा कानूनगो के ग्राम प्रधान अवधेश तिवारी, मल्थुआ शाहजोत प्रधान गौरव सिंह, प्रधान जानकीनगर रामानंद, बड़कइया पांडेय, फूलचंद, कृपाराम, चंद्र प्रकाश, रमेश कुमार पांडेय, मुरलीधर तिवारी, सुधीर श्रीवास्तव, अमित यादव, अनंत प्रकाश शुक्ला मौजूद रहे।

# मजदूरी करने से इंकार करने पर की गई थी किशोर की हत्या

**गोंडा, अमृत विचार :** इटियाथोक के भवानीपुर खुर्द गांव में दो दिन पहले हुई एक 15 वर्षीय किशोर की हत्या का खुलासा करके हुए पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस के मुताबिक मजदूरी करने से इंकार करने पर आरोपी खाद विक्रेता ने किशोर की गोली मारकर हत्या की थी और शव फेंक कर फरार हो गया था। अपर पुलिस अधीक्षक पूर्वी मनोज कुमार रावत ने सोमवार को घटना का खुलासा किया।



घटना का खुलासा करते एएसपी पूर्वी मनोज कुमार रावत। अमृत विचार

- पुलिस ने आरोपी खाद विक्रेता को किया गिरफ्तार

इटियाथोक के भवानीपुर खुर्द के मजरे बलदूपुरवा के रहने वाले रामशंकर वर्मा उर्फ रमई के 15 वर्षीय बेटे मंगल देव वर्मा की 4 अक्टूबर की शाम को गोली मारकर हत्या कर दी गयी थी। मामले में मृतक के पिता ने खाद विक्रेता संदीप मिश्रा पर हत्या का आरोप लगाते हुए थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। मृतक के पिता को मुताबिक आरोपी संदीप मिश्रा मंगल देव पर उसकी खाद की दुकान पर मजदूरी करने का दबाव बना रहा था लेकिन मंगल देव ने उसके दुकान पर मजदूरी करने से इंकार कर दिया था। इस बात से संदीप मिश्रा नाराज था।

पुलिस एफआईआर दर्ज करने के बाद आरोपी की तलाश में जुटी थी। अपर पुलिस अधीक्षक ने बताया कि आरोपी की गिरफ्तारी के लिए इटियाथोक पुलिस के साथ एसओजी व सर्विलांस टीम को भी लगाया गया था। इन टीमों ने महज 48 घंटे के भीतर आरोपी संदीप मिश्रा को बलरामपुर रोड से गिरफ्तार कर लिया गया। सोमवार को एएसपी ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर इस वारदात का खुलासा किया। एएसपी के मुताबिक आरोपी संदीप मिश्रा ने पुलिस पूछताछ में बताया कि वह मंगल देव से अपनी दुकान पर काम कराना चाहता था लेकिन मंगलदेव इसके लिए तैयार नहीं था।

## सिटी डायरी

### महिलाओं के लिए विशेष जनसुनवाई



महिलाओं की समस्याएं सुनते आयुक्त शशिभूषण लाल सुशील।

**गोंडा :** देवीपाटन मंडल के आयुक्त शशि भूषण लाल सुशील की नई पहल मां पाटेश्वरी शक्ति संवाद के अंतर्गत सोमवार को जनसुनवाई हुई। महिला अधिकारियों के साथ कमिश्नर ने स्वयं सुनवाई की। मंडलभर से 45 महिलाओं ने अपनी व्यथा सुनाई। शिकायतों में भूमि विवाद, एक राजमार्ग, राशन कार्ड, आवास एवं अन्य विभागीय मामलों से संबंधित विषय प्रमुख रूप से सामने आए। आयुक्त ने सभी शिकायतों को गंभीरता से सुनते हुए संबंधित विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिया। महिला जनसुनवाई के दौरान महिलाओं की सुविधा के लिए महिला हेल्प डेस्क की स्थापना भी की गई थी। यह डेस्क उन महिलाओं के लिए सहायक साबित हुई। जनसुनवाई में नाजरीन, लक्ष्मी देवी, पूनम, सीमा, चंदा देवी, काजल, विनीता, राजकुमारी, मोनिका और उमा सहित बड़ी संख्या में महिलाओं ने भाग लिया।

### सूने घर को चोरों ने बनाया निशाना, लाखों के जेवरात सहित नकदी उड़ाए

**बभनान :** घर में ताला बंद कर दशहरा का त्यौहार मनाने अपने पैतृक गांव गए चीनी मिल के टरबाइन मैनेजर के सूने आवास को चोरों ने खंगाल दिया। लाखों के जेवरात सहित नगदी उड़ा ले गए। घटना छपिया थाना क्षेत्र अंतर्गत बभनान चीनी मिल परिसर की है। बभनान चीनी मिल के टरबाइन मैनेजर भूपेंद्र कुमार सोनी ने बताया कि वह बभनान चीनी मिल कालोनी में रहते हैं। बीते 30 सितंबर को दशहरा मनाने वह अपने पैतृक गांव गए थे। रविवार को जब वह वापस बभनान चीनी मिल स्थित अपने आवास पर लौटे तो देखा कि मकान के मेन दरवाजा का ताला टूटा है। मकान के अंदर घुसे तो अलमारी का लॉक भी टूटा मिला व कमरे में सामान बिखरे पाए गए। अलमारी का लॉक तोड़ अज्ञात चोर अलमारी में रखे 10 ग्राम सोने का मंगलसूत्र, 8 ग्राम सोने का जंजीर, 12 ग्राम सोने का झुमका, पांच सोने की अंगूठी, चार चांदी का पायल, सात बिछिया, 6 ग्राम सोने की नथिया, चांदी के पांच सिक्के व दो हजार नगदी सहित अन्य गहने चोर चुरा ले गए थे। चौंकाने वाली बात यह है कि चीनी मिल गेट के सामने ही छपिया थाना का बभनान पुलिस चौकी स्थित है। इस पुलिस चौकी से चंद कदम दूरी पर चोर इतनी बड़ी चोरी की घटना को अंजाम दे दिए और पुलिस को पांच दिनों तक इसकी भनक तक नहीं लगी। इस संबंध में छपिया थानाध्यक्ष विंदेश्वरी ने बताया कि मामले में सुसंगत धाराओं में मुकदमा पंजीकृत मामले की छानबीन की जा रही है।



फार्मासिस्ट फेडरेशन के पदाधिकारी।

### यूथ फार्मासिस्ट फेडरेशन के जिला अध्यक्ष बने रोहित मिश्रा

**गोंडा :** फार्मासिस्ट फाउंडेशन अधिवेशन में फार्मासिस्ट फेडरेशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष व फार्मेसी काउंसिल ऑफ उत्तर प्रदेश के पूर्व अध्यक्ष सुनील यादव तथा यूथ फार्मासिस्ट फेडरेशन के प्रदेश अध्यक्ष आदेश कृष्णा ने रोहित मिश्रा को यूथ फार्मासिस्ट फेडरेशन का जिला अध्यक्ष मनोनीत किया है तथा सुधांशु मिश्रा को मंडल उपाध्यक्ष व राकेश शुक्ला को महामंत्री मनोनीत किया गया। मनोनयन पर सुमित वर्मा, मनोज कुमार सैनी, सनत कुमार पांडे, श्यामबरन, अंकित तिवारी, रवि कुमार चौधरी, गोपाल साहू संजय अवस्थी ने हर्ष जताया है।

### कटरा शिवदयाल गंज में श्रीराम जन्म की लीला का हुआ मंचन



अपने पुत्रों के साथ राजा दशरथ। अमृत विचार

**नवाबगंज :** क्षेत्र की अति प्राचीन एवं सुप्रसिद्ध कटरा शिवदयाल गंज रामलीला में रविवार को रावण अत्याचार और श्रीराम जन्म की भव्य लीला का मंचन हुआ। 12 दिवसीय रामलीला के दूसरे दिन श्रद्धा, भक्ति और उत्साह का अद्भुत संगम देखने को मिला। कार्यक्रम का शुभारंभ भगवान विष्णु की आकर्षक झांकी के साथ विधिवत पूजन-अर्चन और आरती से हुआ। मंचन के दौरान प्रत्येक दृश्य पर जय श्रीराम के जयकारों से पूरा परिसर भक्तिमय वातावरण में गूंज उठा।

**आयोजन** | श्रीराम के जयकारे के साथ इस वर्ष की रामलीला का किया गया समापन

# रामलीला में श्रीराम राजगद्दी पर हुए विराजमान

संवाददाता, करनैलगंज, गोंडा

**अमृत विचार :** नगर की ऐतिहासिक श्री रामलीला में रावण का वध एवं वनवास पूरा करके अयोध्या वापस पहुंचे भगवान श्रीराम का रविवार की रात राजतिलक व राजगद्दी की लीला का मंचन रामलीला भवन गुड़ाही बाजार में किया गया।

लीला में मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम का राज्याभिषेक वशिष्ठ मुनि द्वारा राज तिलक करके मंत्रोच्चारण के साथ राजगद्दी पर विराजमान कराया गया। चारों भाइयों सहित माता जानकी, हनुमान, जामवंत व सुग्रीव और लंका के महाराजा विभीषण को विदाई देकर सभी से आग्रह करते हैं कि अपने-अपने राज्य में जाकर प्रजा की सेवा करें और धर्म के मार्ग पर चलकर के प्राणियों में सद्भावना और विश्व कल्याण के लिए राज्य संचालन करें। परंतु हनुमान जी ने प्रभु श्री रामचंद्र जी से कहा कि मुझे अपने ही चरणों में जगह दे दीजिए। इस पर श्री रामचंद्र ने कहा कि ठीक है तुम पृथ्वी पर रहकर कलयुग के देवता हनुमान के रूप में विराजमान रहोगे। उसके बाद रघुपति राघव राजा राम के साथ राजगद्दी की लीला संपन्न हुई। साथ ही जय श्रीराम के जयकारे के साथ इस वर्ष की रामलीला का समापन किया गया। रामलीला मंचन के कलाकारों को कमेटी अध्यक्ष मोहित पाण्डेय ने अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया।



राजगद्दी पर विराजमान राम व उनका दरबार। अमृत विचार

## न्यूज ब्रीफ

### आज जनपद में होंगे मत्स्य मंत्री

**बहराइच, अमृत विचार।** प्रदेश के मंत्री मत्स्य विभाग डॉ. संजय कुमार निषाद का मंगलवार को आगमन का कार्यक्रम प्रस्तावित है। मंत्री अपरान्ह 12:30 बजे थाना पयागपुर अन्तर्गत ग्राम फरदा त्रिकोलिया में आयोजित श्रीमद्भागवतमहापुराण कथा ज्ञान यज्ञ एवं नागरिक सम्मान समारोह में पूर्णाहुति एवं भण्डारा कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में सम्मिलित होंगे। तदोपरांत अपरान्ह 01:30 बजे लोनिवि निरीक्षण भवन बहराइच पहुंचकर जिलाधिकारी, पुलिस अधीक्षक, मुख्य विकास अधिकारी, मत्स्य विभाग के अधिकारियों, लीड बैंक प्रबंधक व सिंचाई विभाग के अधिकारियों के साथ बैठक करेंगे। मत्स्य मंत्री डॉ. निषाद अपरान्ह 02:00 बजे मीडिया प्रतिनिधियों के साथ वार्ता करेंगे तथा अपरान्ह 03:00 बजे महाराजा सुहेलदेव पार्क सभागार में मत्स्य पालकों के साथ बैठक करेंगे।

### जिले में धारा 163 के तहत निषेधाज्ञा लागू

**बहराइच, अमृत विचार।** करवाचौथ, धनतेरस, दीपावली, गोवर्धन पूजा, भैयादूज, छठ पूजा, गुरुनानक जयंती, कार्तिक पूर्णिमा आदि आगामी त्योहारों एवं कार्यक्रमों, उप्र लोक सेवा आयोग प्रयागराज द्वारा सम्मिलित राज्य/प्रवर अधीनस्थ सेवा (प्रारंभिक) परीक्षा-2025 तथा सहायक वन संरक्षक/क्षेत्रीय वन अधिकारी सेवा (प्रारंभिक) अधीनस्थ सेवा (प.) परीक्षा-2025 व अन्य आयोजित परीक्षाओं को सकुशल सम्पन्न कराये जाने के मद्देनजर जनपद बहराइच के समस्त सीमा क्षेत्र में विधि व्यवस्था एवं लोक परिशांति सहित लोक व्यवस्था व जनसुरक्षा कायम रखने के उद्देश्य से जिला मजिस्टेट अक्षय त्रिपाठी द्वारा भानासु संहिता 2023 की धारा-163 के तहत निषेधाज्ञा लागू कर दी गयी है।

# अमघटी जंगल में युवक की लाश मिलने से सनसनी

## हत्या की आशंका, फॉरेंसिक टीम ने किया मौका मुआयना

संवाददाता, बलरामपुर


घटनास्थल पर जुटी ग्रामीणों की भीड़। अमृत विचार

**अमृत विचार।** जनपद के सादुल्लाहनगर थाना क्षेत्र के अमघटी जंगल में सोमवार सुबह एक व्यक्ति की नग्न अवस्था में लाश मिलने से पूरे इलाके में सनसनी फैल गई। मृतक की पहचान गोकुला बुजुर्ग (मौहरवा) निवासी कर्ता राम उर्फ करतु वर्मा के रूप में हुई है। सूचना पाकर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

परिजनों ने बताया कि रविवार शाम कर्ता राम का मद्दों भट्टा बाजार के पास कुछ लोगों से विवाद हुआ था, जिसके बाद वह घर से लापता हो गया। रातभर खोजबीन के बावजूद उसका कोई पता नहीं चल सका। सोमवार सुबह अमघटी जंगल में उसकी नग्न अवस्था में लाश मिलने से हत्या की आशंका और गहरी हो गई। परिजनों के मुताबिक शव पर कई जगह चोटों के निशान हैं, खासकर गले और प्राइवेट पार्ट्स पर गहरे जख्म पाए गए हैं, जिससे साफ अंदाजा लगाया जा रहा है कि मृतक को पहले बेरहमी से यातनाएं दी गईं और फिर उसकी हत्या की गई। मृतक कर्ता राम भैंस खरीदने-बेचने का काम करता था। वह तीन भाइयों में दूसरे नंबर पर था और उसके दो बेटे व तीन बेटियां हैं। घटना की जानकारी मिलते ही अपर पुलिस अधीक्षक विशाल पांडे, क्षेत्राधिकारी राघवेंद्र सिंह तथा फॉरेंसिक टीम मौके पर पहुंची। अधिकारियों ने घटनास्थल का बारीकी से निरीक्षण किया और कई महत्वपूर्ण साक्ष्य एकत्र किए। थानाध्यक्ष मनोज कुमार सिंह ने बताया कि प्रथम दृष्टया यह मामला हत्या का प्रतीत होता है। परिजनों की तहरीर पर अज्ञात हत्यारों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। उन्होंने कहा कि मामले की जांच हर पहलू से की जा रही है और दोषियों को किसी भी कीमत पर बख्शा नहीं जाएगा।

## सहयोगात्मक अकादमिक अनुश्रवण शिक्षण गुणवत्ता पर जोर

**कैसरगंज, बहराइच।** निपुण भारत मिशन के उद्देश्यों के अनुरूप सोमवार को प्राथमिक विद्यालय वैरीमहेशपुर प्रथम एवं द्वितीय का सहयोगात्मक पर्यवेक्षण संपन्न हुआ। इस दौरान एआरपी रसल रघुवंशी ने विद्यालय परिवार के सहयोग से विभिन्न अकादमिक एवं शैक्षणिक गतिविधियों का अनुश्रवण प्रधानाध्यापकों द्वारा निर्देशित कक्षा का निरीक्षण एवं आकलन किया तथा छात्रों से संवाद स्थापित कर उनकी अधिगम स्थिति जानी। साथ ही निपुण लक्ष्य प्लस ऐप के माध्यम से पांच से अधिक विद्यार्थियों का मूल्यांकन भी किया गया। पर्यवेक्षण के क्रम में विद्यालय पुस्तकालय का अवलोकन किया गया तथा विद्यालय प्रबंध समिति के अध्यक्ष, सचिव एवं सदस्यों से छात्र उपस्थिति, शैक्षणिक प्रगति एवं विद्यालयीय वातावरण पर विस्तार से चर्चा की गई। एआरपी रघुवंशी ने कहा कि सहयोगात्मक पर्यवेक्षण का उद्देश्य शिक्षकों को सशक्त बनाना, शिक्षण की गुणवत्ता में सुधार लाना तथा विद्यार्थियों के अधिगम स्तर को सुदृढ़ बनाना है।

### संचारी रोग नियंत्रण अभियान को बनाएं सफल

**महराजगंज तराई, बलरामपुर।** संचारी रोग नियंत्रण एवं दस्तक अभियान को सफल और प्रभावी बनाने के लिए विकास खंड कौवापुर में बीडीओ सुनील कुमार आर्य की अध्यक्षता में बैठक आयोजित की गई। इसमें ग्राम प्रधानों, सचिवों, आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों और स्वास्थ्य विभाग के प्रतिनिधियों ने भाग लिया। बीडीओ आर्य ने बताया कि 1 अक्टूबर से 31 अक्टूबर तक संचारी रोग नियंत्रण एवं जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। इस अवधि में विद्यालयों के माध्यम से स्वच्छता रैली निकालकर लोगों को रोग नियंत्रण के प्रति जागरूक किया जाएगा। बैठक के दौरान ग्राम प्रधानों ने सफाई कर्मियों की कमी का मुद्दा उठाया। उनका कहना था कि कई ग्राम पंचायतों में सफाई कर्मियों की तैनाती न होने से अभियान को प्रभावी ढंग से चलाना मुश्किल हो रहा है। साथ ही उन्होंने आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों की लापरवाही पर भी सवाल उठाए।

# बालिका पर जंगली जानवर का हमला ग्रामीणों के दौड़ाने पर छोड़कर भागा

**दहशत**

संवाददाता, बहराइच


जंगली जानवर के हमले में घायल बालिका।

**अमृत विचार।** जिले के कैसरगंज तहसील में स्थित बदरौली ग्राम में सोमवार की दोपहर घर के सामने खेल रही एक चार साल की मासूम पर जंगली जानवर ने हमला कर दिया। चीख सुनकर परिजन और ग्रामीण लाठी-डंडा लेकर दौड़े जिसके बाद वो मासूम को छोड़कर भाग गया। हमले में बच्ची के पेट के हिस्से पर घाव हो गया है। परिजनों ने बच्ची को इलाज के लिए स्थानीय स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया है। बदरौली ग्राम के मजरा भगत राम पुरवा के रहने वाले राम कुमार की चार साल की बेटी चांदनी सोमवार की दोपहर करीब एक बजे घर के सामने खेल रही थी। तभी एक जंगली जानवर ने उस पर हमला कर दिया। मासूम की चीख सुनकर ग्रामीण लाठी-डंडे लेकर उसके पीछे दौड़े जिसके बाद जानवर मासूम को छोड़कर भाग गया। हमला किस जानवर ने किया इसका पता नहीं चल सका है। हालांकि पूरे इलाके में बीते चार सप्ताह से आदमखोर भेड़िए का आतंक व्याप्त है। घायल मासूम को इलाज के लिए अस्पताल भेजा गया है। प्रभागीय वनाधिकारी राम सिंह यादव ने बताया कि जंगली जानवर के हमले की सूचना मिली है। टीम को मौके पर भेजा जा रहा है।

# आरएसएस ने किया पथ संचलन

जरवल रोड, बहराइच


पथ संचलन करते स्वयंसेवक। अमृत विचार

**अमृत विचार।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ जरवल रोड की ओर से विजयादशमी के उपलक्ष्य पर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष के उपलक्ष पर शिव मंदिर परिसर में जिला प्रचारक अजय संघ के गठन से लेकर सौ वर्ष पूरे होने पर विशेष चर्चा की एवं समाज से छुआछूत ऊंच-नीच की भावना त्यागकर समाज में प्रत्येक गरीब एवं वंचित वर्ग तक संघ के विचारों को पहुंचना है। तत्पश्चात शिव मंदिर परिसर से विशाल पथ संचलन स्वयंसेवकों द्वारा निकाला गया।

जरवल रोड नगर भ्रमण करते हुए स्टेशन रोड, गल्ला मंडी, तूफानी चौराहा, लखनऊ गोंडा मार्ग हाईवे सहित मुख्य मार्ग पर सैकड़ों स्वयंसेवक संघ के लोग दंड सहित वेशवस्त्र धारण कर भाग लिया पथ संचलन के दौरान स्वयंसेवकों के द्वारा बोला जा रहा था कि संगठन गढ़े चलो, सुपंथ पर बढ़े चलो, भला हो जिसमे देश का वह सब किए चलो। इस अवसर पर खंड कार्यवाह जरवल सुधीर सिंह, ब्लॉक प्रमुख जरवल वीपेंद्र सिंह, प्रवीण श्रीवास्तव, रामनिवाज वर्मा, राजेश श्रीवास्तव, डॉ. दीपक वेदांत, नैतिक अच्युतानंद मिश्र, अनिल पांडे, अजय वर्मा, संजय पांडे, भोला गुप्ता, आदित्य मिश्र, उपनिरीक्षक रामकृपाल कांस्टेबल सहित कई पुलिसकर्मी और गणमान्य लोग मौजूद रहे।

### शोध के नए आयामों से रूबरू हुए विद्यार्थी

**बलरामपुर, अमृत विचार।** एमएलके पीजी कॉलेज के भूगोल विभाग में शनिवार को "भूगोल शिक्षा की प्रासंगिकता एवं भविष्य की संभावनाएं" विषय पर दो दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी का शुभारंभ हुआ। संगोष्ठी का उद्देश्य विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा और शोध के बदलते परिदृश्य से जोड़ना रहा। कार्यक्रम का उद्घाटन विभागाध्यक्ष प्रो. सर्वेश्वर नाथ सिंह ने अतिथियों, वक्ताओं और प्रतिभागियों का स्वागत करते हुए किया। उन्होंने संगोष्ठी की रूपरेखा, उद्देश्य और भूगोल विषय की बदलती प्रासंगिकता पर प्रकाश डाला। आयोजन सचिव प्रो. रेखा विश्वकर्मा और डॉ. अजहरुद्दीन ने बताया कि आज भूगोल केवल मानचित्रों और तथ्यों का अध्ययन भर नहीं रह गया है बल्कि यह जलवायु परिवर्तन, शहरी नियोजन आदि विषयों से गहराई से जुड़ा हुआ है।

# रोजगार योजनाओं की दी जानकारी

**मेला दिवस सेमिनार**

कैसरगंज, बहराइच


रामकृष्ण परमहंस पीजी कॉलेज में आयोजित कार्यक्रम में मौजूद छात्राएं। अमृत विचार

**अमृत विचार।** रामकृष्ण परमहंस पीजी कॉलेज में मेला दिवस के रूप में सोमवार को सेमिनार आयोजित हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रशासक रवि सिंह एवं प्राचार्य डॉ. देवेंद्र कुमार उपाध्याय के मार्गदर्शन में हुआ।

सेमिनार में श्रम एवं रोजगार मंत्रालय अंतर्गत कार्यरत कर्मचारी भविष्य निधि संगठन द्वारा सामाजिक सुरक्षा एवं रोजगार योजनाओं के प्रति जागरूकता के लिए विस्तृत जानकारी दी गयी। ईपीएफओ गोरखपुर से जिला नोडल अधिकारी आलोक गुप्ता एवं सहायक कार्मिक अयोध्या प्रसाद ने विद्यार्थियों को प्रधानमंत्री विकसित भारत रोजगार योजना, वित्तीय साक्षरता, उमंग एप, केवाईसी अद्यतन एवं ई-नोमिनेशन की जानकारी दी।

बताया कि नई योजना के तहत एक अगस्त 2025 से 31 जुलाई 2027 के बीच सृजित रोजगारों को लाभ मिलेगा। विद्यार्थी भविष्य के वर्कफोर्स हैं। इसलिए वे रोजगार में स्थिरता पर ध्यान दें।

कार्यक्रम में शेखर श्रीवास्तव, सौम्या पाठक, शैलेन्द्र सिंह, परमजीत सिंह, आलोक सिंह, दिलीप वर्मा, पारसनाथ गुप्ता, अनिल सहित आदि उपस्थित रहे।

# हाईटेंशन लाइन की चपेट में आने से युवक की मौत

**जरवलरोड, बहराइच।** डीसीएम पर रस्सा कसने के लिए चढ़ा युवक लटक रहे हाइटेंशन लाइन की चपेट में आ गया जिससे उसकी मौत हो गई है। झुकिया निवासी 32 वर्षीय अमित राव चौराहे के निकट लखनऊ-बहराइच हाईवे के किनारे पान की दुकान चलाकर परिवार का पालन पोषण करता था। आर्थिक स्थिति कमजोर होने के कारण कभी कभी वह गांव निवासी मुबारक ड्राइवर के साथ लखनऊ तुलसीपुर ट्रांसपोर्ट की डीसीएम पर सामान उतराने के लिए मजदूरी पर भी चला जाता था। रविवार को भी पान की दुकान पर कम बिक्री के चलते सुबह अमित मुबारक ड्राइवर के साथ बलरामपुर जिले की तरफ विभिन्न ट्रांसपोर्टो पर डीसीएम से सामान उतराने के लिए गया था। कई ट्रांसपोर्ट पर माल उतारने के बाद ये लोग रविवार दोपहर मे बलरामपुर के सादुल्लाह नगर की तरफ अवशेष माल उतारने जा रहे थे। तभी रेहरा बाजार में मुबारक ड्राइवर ने रस्सा कसने के लिए रेहरा बाजार सादुल्लाह नगर मार्ग के किनारे डीसीएम को खड़ा किया। अमित रस्सा कसने के लिए डीसीएम पर चढ़ा तभी लटक रहे हाइटेंशन विद्युत लाइन की चपेट में आ गया और मौके पर ही मौत हो गई।

# साइबर अपराध के प्रति किया जागरूक

संवाददाता, नवाबगंज, बहराइच


राजकीय बालिका इंटर कॉलेज में आयोजित कार्यक्रम में भाग लेतीं छात्राएं।

**अमृत विचार।** मिशन शक्ति फेस-5 के तहत सोमवार को थाना प्रभारी निरीक्षक रमाशंकर यादव नेतृत्व में एसआई इशरत जहां की अध्यक्षता में थाना परिसर नवाबगंज में कार्यक्रम आयोजित हुआ। गोष्ठी आयोजित कर राजकीय बालिका इंटर कॉलेज की छात्राओं को जागरूक किया गया। थाना प्रभारी निरीक्षक रमाशंकर यादव ने साइबर अपराध, मोबाइल से होने वाली धोखाधड़ी के बारे में जानकारी दी। उन्होंने शिक्षा, स्वास्थ्य, सरकारी योजनाओं, बेटी पढ़ाओ बेटी बचाओ, आयुष्मान कार्ड, कन्या सुमंगला योजना, सामूहिक विवाह, लखपति दीदी एवं प्रधानमंत्री आवास योजन की जानकारी दी गई। छात्राओं को 1090 महिला हेल्प नंबर, 112 पुलिस आपातकालीन सेवा हेतु, 108 एम्बुलेंस हेतु, 1076 मुख्यमंत्री हेल्प लाइन नंबर की जानकारी दी गई। कार्यक्रम के माध्यम से लोगों तक सरकारी योजनाओं के लाभ की जानकारी एवं राष्ट्रीय कार्यक्रम में प्रतिभाग करने के लिए छात्राओं को प्रोत्साहित किया गया। इस मौके पर अशोक कुमार वर्मा, जितेंद्र वर्मा, अमित, सुप्रिया पाल, प्रियांशी यादव, निराला चौरसिया, प्रीति झा, वेद कुमारी, पिंटू गुप्ता, बलवंत सिंह, बृजेश कुमार गुप्ता आदि मौजूद रहे।

# मां के जयकारों से गूंजा बड़ा पुल चौराहा


भजन पेश करतीं इशरत जहां। अमृत विचार

**बलरामपुर, अमृत विचार।** श्रीश्री नवदुर्गे श्रृंगार समिति, बड़ा पुल चौराहा के तत्वावधान में रविवार को समिति के 50वें वार्षिकोत्सव के अवसर पर मां भगवती का भव्य जागरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। पूरे परिसर में भक्तिमय वातावरण छाया रहा। सुमधुर भजनों की स्वरलहरियों ने श्रद्धालुओं को देर रात तक झूमने पर विवश कर दिया। शुभारंभ पूर्व राज्यमंत्री एवं सदर विधायक पलटू राम, 51वीं यूपी बटालियन एनसीसी बलरामपुर के कमांडिंग ऑफिसर कर्नल अरविन्द प्रताप सिंह पटवाल, एमएलके पीजी कॉलेज के प्राचार्य प्रो. जेपी पांडेय, जिला उद्योग व्यापार मंडल अध्यक्ष रमेश पहवा, विभागाध्यक्ष डॉ. राजीव रंजन व जिला उपाध्यक्ष भाजपा बृजेन्द्र तिवारी ने मां जगदम्बे की पूजा-अर्चना कर किया। अतिथियों ने समिति की पचास वर्ष की सफल यात्रा की सराहना करते हुए कहा कि "1976 में रोपा गया यह पौधा आज एक वटवृक्ष बन चुका है।" उन्होंने कहा कि मां दुर्गा की आराधना से बुराइयों से लड़ने की शक्ति मिलती है, जबकि प्रभु श्रीराम की उपासना से सत्य और धर्म के मार्ग पर चलने की प्रेरणा मिलती है। अतिथियों का स्वागत अध्यक्ष भूपेन्द्र विक्रम सिंह, उपाध्यक्ष सोनू साहू और महामंत्री नीरज मोदनवाल ने पगड़ी और स्मृति चिन्ह प्रदान कर किया। संचालन समिति के विधिक सलाहकार एवं मीडिया प्रभारी लेफ्टिनेंट डॉ. देवेन्द्र कुमार चौहान ने किया। जागरण का शुभारंभ गोंडा के भजन गायक पंकज निगम ने "अम्बे तू है जगदम्बे काली" आरती से किया। मुंबई की कलाकार इशरत जहां ने "प्यारा सजा है तेरा द्वार भवानी" और "शेरावाली की चुनरी चम चम चमके" जैसे गीतों से दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। लखनऊ के टीवी कलाकार अंशु गोस्वामी उर्फ पगला बाबा ने भजनों से मंच पर धमाल मचा दिया "भरोसा रख मातारानी पे" और "बहुत कठिन है डगर भक्ति की" जैसे गीतों ने भक्तों को झूमने पर मजबूर कर दिया। कानपुर की रुचि किंकर ने "शिव तांडव स्तोत्र" सहित कई भक्तिमय प्रस्तुतियों से श्रोताओं का मन मोह लिया।

# महिला सुरक्षा ही समाज की प्रगति का आधार

**बहराइच, अमृत विचार।** प्रदेश शासन द्वारा महिलाओं- बालिकाओं के सुरक्षार्थ व स्वालंबन हेतु चलाये जा रहे मिशन शक्ति अभियान फेज-5.0 के तहत एसपी रामनयन सिंह के निर्देशन में थाना कोतवाली नगर क्षेत्रांतर्गत सर सैय्यद गर्ल्स इण्टर कॉलेज में आयोजित भव्य जागरूकता कार्यक्रम महिलाओं एवं बालिकाओं से संवाद कर जागरुक किया गया। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए पुलिस अधीक्षक रामनयन सिंह द्वारा महिलाओं एवं बालिकाओं को विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों यथा वूमेन पॉवर लाइन-1090, पुलिस आपातकालीन सेवा-112, एम्बुलेंस सेवा-108, चाइल्ड लाइन-1098, स्वास्थ्य सेवा-102, महिला हेल्पलाइन-181, मुख्यमंत्री हेल्पलाइन-1076 नम्बरों की जानकारी दी गयी। साथ ही सार्थक और सकारात्मक चर्चा कर गुड टच, बैड टच, घरेलू हिंसा साईबर अपराधों से आगाह करते हुए साइबर हेल्पलाइन-1930 के बारे बमाया गया। कार्यक्रम में उपस्थित महिलाओं एवं बालिकाओं को महिला सशक्तिकरण से सम्बन्धित कानूनी प्रावधानों एवं उनके अधिकारों इत्यादि के बारें में चर्चा करते हुए शासन द्वारा चलायी जा रही विभिन्न सरकारी योजनाओं के विषय में जानकारी देते हुए पम्पलेट का वितरण कर जागरूक किया गया। सर सैय्यद गर्ल्स इण्टर कालेज में आयोजित कार्यक्रम यह संदेश देने में सफल रहा कि नारी सशक्तिकरण ही सशक्त समाज की पहचान है, और मिशन शक्ति 5.0 के माध्यम से जिले की प्रत्येक महिला सुरक्षित, सशक्त और आत्मनिर्भर बनने की दिशा में एक कदम और आगे बढ़ी है। कार्यक्रम के माध्यम से पुलिस अधीक्षक द्वारा यह भी संदेश दिया गया कि बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ से ही सशक्त समाज की पहचान सुनिश्चित होगी, महिला सुरक्षा ही समाज की प्रगति का आधार है।

# बुजुर्गों ने दिखाई राह तो पूरी हुई युवाओं की चाह



**नारद नामा**

विवाह की शर्त तय हुई की बारात में कोई बुजुर्ग नहीं आएगा। यदि किसी बुजुर्ग को देख लिया गया तो लड़की की शादी नहीं हो सकती। बारातियों ने इस विषय पर एहतियात बरता। एक बुजुर्ग बोला कि मे विवाह में किसी उम्र दराज का शामिल होना जरूरी है। शादी में यदि कोई दिक्कत आती है तो बुजुर्ग व्यक्ति की सलाह महत्वपूर्ण है। उसने अपने आप को एक बक्से में बंद करवा लिया। कहा कि किसी विवाद में वह महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। बारात दरवाजे पर पहुंच गई। घर वालों ने सुबह दुल्हन की विदाई के लिए शर्त रखी। कहा कि यदि गांव स्थित बड़े तालाब में पानी में बाराती दूध भरवा देंगे तो दुल्हन विदा हो जाएगी। बाराती सकते में आ गए। वह बोले कि एक दिन में ऐसा संभव नहीं है। वह भारी भरकम तालाब को दूध से नहीं भरवा सकते।

घरातियों ने कहा कि शर्त पूरी न करने पर दुल्हन की विदाई नहीं हो सकती। घरातियों ने संदूक में बंद बुजुर्ग से इस मुद्दे पर सलाह ली। बुजुर्ग ने बारातियों को बताया कि यदि घराती एक दिन में तालाब को पानी से खाली करवा देते हैं तो उसे दूध से भरवा देंगे। घराती इस सवार को सुनकर सन्न रहे गए। उन्होंने कहा कि इस बारात में जरूर कोई बुजुर्ग शामिल है। तलाशी लेने पर उन्हें नतीजा सिफर मिला। अंत में दुल्हन की विदाई हो गई। सुल्टू, पर्वत चाचा व ताप भैया के चुनाव में इसका उदाहरण देखने को मिला। तमाम लोग सलाह दे रहे थे कि केवल युवाओं के भरोसे ही चुनाव लड़ा जाए। लेकिन युवाओं के साथ-साथ इन्हें बुजुर्गों पर भरोसा था। उन्होंने युवाओं को बताएं बिना ही बुजुर्गों को अपनी टीम में शामिल कर लिया। नतीजा यह निकला कि उन्होंने जिले में सबसे भारी भरकम जीत दर्ज कराई। चाचा की चारों ओर जय जयकार मच गई। छैला बाबू युवाओं के भरोसे चुनाव हार गए। यदि उनकी टीम में बुजुर्ग शामिल होते तो उन्हें हार का सामना नहीं करना पड़ता। आज भी सबसे शक्तिमान होते हुए भी कुर्सी की कमी महसूस् कर रहे हैं। कहावत सही है कि बुजुर्गों के बताएं रास्ते पर चलकर ही सफलता प्राप्त की जा सकती है ... **राकेश सिंह बलरामपुर**

# जिला कारागार का किया निरीक्षण


जेल का निरीक्षण करते जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव। अमृत विचार

**बलरामपुर, अमृत विचार।** जनपद न्यायाधीश एवं अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण बलरामपुर उत्कर्ष चतुर्वेदी के निर्देश पर सचिव अतुल कुमार नायक ने सोमवार को जिला कारागार बलरामपुर का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन कर बंदियों को उनके अधिकारों की जानकारी दी। निरीक्षण के दौरान सचिव ने जेल में तैनात पराविधिक स्वयंसेवकों को कारागार लीगल क्लीनिक के अभिलेख व्यवस्थित रखने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि लघु अपराधों में निरुद्ध बंदियों, वृद्ध एवं गंभीर रूप से बीमार कैदियों को शीघ्र विधिक सहायता उपलब्ध कराई जाए। सचिव ने महिला बंदियों के साथ रह रहे बच्चों के लिए दूध की नियमित व्यवस्था तथा भोजन की गुणवत्ता को मानक के अनुसार बनाए रखने के निर्देश दिए। उन्होंने प्रत्येक बैरक का भ्रमण कर बंदियों से व्यक्तिगत रूप से मुलाकात की और उनकी समस्याएं सुनीं। सचिव नायक ने बंदियों को आश्वस्त किया कि जिला विधिक सेवा प्राधिकरण प्रत्येक बंदी के विधिक अधिकारों की सुरक्षा के लिए सदैव तत्पर है। निरीक्षण के दौरान तीन बंदियों को निःशुल्क अधिवक्ता उपलब्ध कराते हुए विधिक सहायता प्रदान की गई। इस अवसर पर जेल अधीक्षक विजय कुमार शुक्ला, जेलर शैलेश कुमार सिंह सोनकर, डिप्टी जेलर अभय यादव आदि मौजूद रहे।

## सकुशल संपन्न कराएं परीक्षा: डीएम

**बलरामपुर, अमृत विचार।** जिलाधिकारी पवन अग्रवाल की अध्यक्षता में सोमवार को बैठक आयोजित की गई, जिसमें उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग प्रयागराज द्वारा आयोजित होने वाली सम्मिलित राज्य / प्रवर अधीनस्थ सेवा (पीसीएस) प्रारंभिक परीक्षा एवं सहायक वन संरक्षक प्रारंभिक परीक्षा को सकुशल व सूचितापूर्ण ढंग से संपन्न कराए जाने के संबंध में चर्चा की गई। डीएम ने बताया कि जनपद में परीक्षा के लिए चार परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं-एमएलके पीजी कॉलेज (ब्लॉक-ए कला संकाय), ब्लॉक-बी वाणिज्य संकाय, ब्लॉक-सी विज्ञान संकाय तथा एमपीपी इंटर कॉलेज।

# महिलाओं को सुरक्षा के प्रति किया जागरूक

**महराजगंज तराई, बलरामपुर।** के मिशन शक्ति फेज-5 अभियान के अंतर्गत सोमवार को ग्राम पंचायत लोहेपनिया में महिला सशक्तिकरण को समर्पित ग्रामीण चौपाल कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में महिलाओं और बालिकाओं को सुरक्षा, सम्मान व आत्मनिर्भरता से जुड़ी योजनाओं की जानकारी दी गई। थाना प्रभारी अखिलेश पांडे ने बताया कि अभियान के तहत पुलिस विभाग ने महिलाओं की सुरक्षा और सशक्तिकरण के लिए कई ठोस कदम उठाए हैं। थानों पर शक्ति मोबाइल टीम और महिला हेल्प डेस्क स्थापित की गई है। साथ ही प्रत्येक गांव में महिला बीट अधिकारी तैनात हैं, जो नियमित रूप से महिलाओं से संवाद कर उनकी समस्याओं का समाधान कर रही हैं। महिला कांस्टेबल सपना राज ने बताया कि सोशल मीडिया पर साइबर स्टॉकिंग, फर्जी प्रोफाइल और साइबर बुलिंग जैसी शिकायतों पर महिला साइबर सेल तत्काल कार्रवाई करती है। उन्होंने महिला हेल्पलाइन 1090, 181, मुख्यमंत्री हेल्पलाइन 1076 तथा पुलिस आपातकालीन नंबर 112 की जानकारी भी साझा की। कार्यक्रम के दौरान घरों पर स्टीकर लगाकर योजनाओं का प्रचार किया गया।

## न्यूज ब्रीफ

### पूर्व मुख्य जनसम्पर्क अधिकारी का निधन



गोविन्द बल्लभ।

**गोरखपुर :** पूर्वोत्तर रेलवे के पूर्व मुख्य जनसम्पर्क अधिकारी गोविन्द बल्लभ का 1 अक्टूबरको 86 वर्ष की आयु में पुणे में निधन हो गया। गोविन्द बल्लभ के निधन पर पूर्वोत्तर रेलवे के जनसम्पर्क विभाग में आयोजित शोक सभा में मुख्य जनसम्पर्क अधिकारी पंकज कुमार सिंह तथा सभी पर्यवेक्षकों एवं कर्मचारियों ने दो मिनट का मौन रखकर उन्हें श्रद्धांजलि दी। ज्ञातव्य है कि गोविन्द बल्लभ ने पूर्वोत्तर रेलवे पर अपनी सेवायें देने के उपरान्त रेलवे स्टाफ कॉलेज, वडोदरा में प्रोफेसर, मंडल रेल प्रबन्धक, राजकोट, मंडल रेल प्रबन्धक वडोदरा, प्रमुख मुख्य परिचालन प्रबन्धक, उत्तर रेलवे के दायित्वों का कुशलतापूर्वक निर्वहन किया।

### खण्ड शिक्षाधिकारी ने कार्यभार ग्रहण किया



पदभार ग्रहण करते खंड शिक्षा अधिकारी हाटा।

**कुशीनगर :** हाटा विकासखंड के नवागत खंड शिक्षाधिकारी अखिलेश कुमार सिंह ने सोमवार को कार्यभार ग्रहण किया। इस मौके पर उन्होंने संकुल के नोडल शिक्षक एवं एआरपी की एक बैठक में कहा कि शासन द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं का क्रियान्वयन कुशलतापूर्वक किया जाए।विद्यालयों में अध्ययनरत छात्र-छात्राओं को गुणात्मक शिक्षा प्रदान की जाए। विकासखंड में कार्यरत सभी शिक्षकों एवं कर्मचारियों के सहयोग से हाटा बिकास खण्ड को जिले का प्रेरक ब्लॉक बनाने का प्रयास किया जाय। राम दिनेश सिंह, देवानंद दुबे, भगवान नाथ तिवारी, श्रीप्रकाश चौहान, बिपिन सिंह, धीरज मिश्रा, रितेश सिंह, प्रवीण राव, मुरली मनोहर, सुमित राय, सुरेन्द्र सिंह, नवरंग सिंह आदि शिक्षक उपस्थित रहे। वहीं राजन तिवारी ने स्मृति चिह्न देकर स्वागत किया।

### तस्करी की 65 पेटी शराब बरामद

**कुशीनगर :** पुलिस अधीक्षक कुशीनगर केशव कुमार के निर्देशन व अपर पुलिस अधीक्षक निवेश कटियार के पर्यवेक्ष तथा क्षेत्राधिकारी तमकुहीराज राकेश प्रताप सिंह के नेतृत्व में अवैध शराब के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के तहत थाना विशुनपुरा पुलिस की टीम द्वारा मुखबिर की सूचना पर थाना विशुनपुरा क्षेत्र से एक अदद महेन्द्रा बोलेरो पीकअप नं एफबी यूपी 57 एटी 7992 से तस्करी कर ले जायी जा रही 65 पेटी अग्रेंजी शराब व बीयर भिन्न भिन्न ब्राण्ड की बरामदगी की गई।

### महेन्द्र सिंह टिकैत की मनाई गई जयंती

**सिद्धार्थनगर :** भारतीय किसान यूनियन के संस्थापक व किसानों के मसीहा स्व. महेन्द्र सिंह टिकैत की कलेक्ट्रेट परिसर में सोमवार को 90वीं जयन्ती मनाई गई। जिसमें महात्मा टिकैत के द्वारा किये गये किसान हित के कार्यों को याद किया गया तथा उनके आदर्शों पर चलने का संकल्प लिया गया। यहां संरक्षक अरविन्द कुमार शुक्ला, जिला अध्यक्ष प्रदीप प्रधान, सूर्य प्रकाश सिंह, पूर्वांचल सचिव मु. सादिक अली, पूर्वांचल उपाध्यक्ष मु. अख्तर, जिला उपाध्यक्ष मो. हाशिम आदि रहे।

# निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराएं परीक्षा

## लोक सेवा आयोग की परीक्षा को लेकर आयोजित बैठक में जिलाधिकारी ने दिए दिशा-निर्देश

संवाददाता, सिद्धार्थनगर



बैठक में अधिकारियों को निर्देश देते जिलाधिकारी डॉ. राजा गणपति आर। अमृत विचार

**अमृत विचार।** उप्र लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित सम्मिलित राज्य/प्रवर अधीनस्थ सेवा (प्रा.) तथा सहायक वन संरक्षक क्षेत्रीय वन अधिकारी सेवा (प्रा.) परीक्षा-2025 को निष्पक्ष, पारदर्शी एवं सुचितापूर्ण सम्पन्न कराये जाने के सम्बन्ध में जिलाधिकारी डॉ. राजा गणपति आर की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक सम्पन्न हुई। उन्होंने अधिकारियों को परीक्षा निष्पक्ष, पारदर्शी एवं शंतिपूर्ण सम्पन्न कराने के दिशा-निर्देश दिए।

जिलाधिकारी ने उपस्थित सेक्टर मजिस्ट्रेट, स्टैटिक मजिस्ट्रेट एवं केन्द्र व्यवस्थापकों को निर्देश दिए कि आयोग के आदेश के अनुसार परीक्षा सम्पन्न कराना है। परीक्षा 12 अक्टूबर 2025 को दो पालियों में होगी। जनपद में तिलक इन्टर कालेज, बांसी, रतन सेन इन्टर कालेज, बांसी, शिवपति इण्टर कालेज, शोहरतगढ़, बुद्ध विद्यापीठ डिग्री कालेज, नौगढ़, बाबा हरिदास इ.का, उसका बाजार, श्री सिंहेश्वरी इ0का0 तेतरी बाजार, रतन सेन डिग्री कालेज, बांसी, बुद्ध विद्यापीठ इं.कॉलेज, बर्डपुर, शिवपति स्नातकोत्तर महाविद्यालय, शोहरतगढ़, राजकीय महाविद्यालय, पचमोहनी, जवाहर लाल नेहरू इं.कॉलेज नौगढ़, किसान इं.कॉलेज उसका बाजार, दीनबंधु इं.कॉले, नदांव, जय किसान इं.कॉलेज सकतपुर सनई एवं मुस्लिम इं.कॉलेज महदेइया कुल 15 परीक्षा केन्द्रों पर परीक्षा सम्पन्न होगी। सभी परीक्षा केन्द्रों के लिए सेक्टर मजिस्ट्रेट, स्टैटिक मजिस्ट्रेट की डियूटी लगायी जा चुकी है।

परीक्षा का समय प्रथम पाली 9:30 बजे से 11:30 बजे तक तथा द्वितीय पाली 2:30 बजे से 4:30 बजे तक होगी। परीक्षा समय से 45 मिनट पूर्व गेट बन्द हो जायेगा। आयोग द्वारा प्रतिबन्धित सामग्री कोई भी अभ्यर्थी परीक्षा केन्द्र के अन्दर लेकर न जाने पाये। जिलाधिकारी ने कहा कि सभी परीक्षा केन्द्रों पर पर्याप्त पुलिस बल की तैनाती की जायेंगी।

जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि परीक्षा निष्पक्ष, पारदर्शी एवं शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न कराएं। जिलाधिकारी द्वारा निर्देश दिया गया कि सभी परीक्षा केंद्रों पर सीसीटीवी कैमरा को चालू रखे और सीटिंग प्लान को बोर्ड पर चस्पा करें। परीक्षा कक्ष में पर्याप्त प्रकाश की व्यवस्था, पेयजल तथा साफ-सफाई व्यवस्था होना चाहिए। और स्कूल के वाई-फाई को परीक्षा के दिन बंद रखने का निर्देश दिया। सभी केन्द्र व्यवस्थापक, सह केन्द्र व्यवस्थापक सभी कक्ष निरीक्षकों के साथ बैठक कर जानकारी उपलब्ध करा दें। प्रश्नपत्र कोषागार के डबल लाक से निर्धारित समय से सभी परीक्षा केन्द्रों पर उपलब्ध कराया जायेगा।

इस बैठक में अपर जिलाधिकारी गौरव श्रीवास्तव, अपर पुलिस अधीक्षक प्रशान्त कुमार, समस्त उपजिलाधिकारी, वरिष्ठ कोषाधिकारी रमेन्द्र कुमार मौर्य, जिला विद्यालय निरीक्षक अरूण कुमार व अन्य सम्बंधित अधिकारी, सेक्टर मजिस्ट्रेट, स्टैटिक मजिस्ट्रेट, केन्द्र व्यवस्थापक आदि उपस्थित थे।

**डीएम ने किसानों को किया रवाना, सिद्धार्थनगर।** केन्द्र पुनरीक्षित सपोर्ट टू स्टेट एक्सटेंशन वर्ष 2025-26 आत्मा योजनान्तर्गत राष्ट्रीय मखाना अनुसन्धान केन्द्र दरभंगा, बिहार प्रशिक्षण हेतु किसानों को जिलाधिकारी डॉ. राजा गणपति आर द्वारा कलेक्ट्रेट परिसर से हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया। यह सभी किसान प्रशिक्षण प्राप्त कर जनपद के किसानों को मखाना की खेती के लिए जागरूक करेंगे जिससे किसानों को अच्छी आय प्राप्त होगी। जनपद बाढ़ से प्रभावित होता है जिससे मखाना की खेती लाभकारी होगी। इस अवसर पर उप कृषि निदेशक राजेश कुमार, जिला कृषि व अन्य सम्बन्धित उपस्थित थे।

### बैठक में डीएम ने किसानों को खाद उपलब्ध कराने के आधिकारियों को दिए निर्देश

**गोरखपुर, अमृत विचार।** विकास भवन सभागार में जिलाधिकारी दीपक मीणा की अध्यक्षता में शुक्रवार को दो महत्वपूर्ण बैठकें आयोजित की गईं। पहली बैठक में जिले के बेरोजगार युवाओं को रोजगार उपलब्ध कराने की दिशा में कार्ययोजना पर चर्चा हुई, जबकि दूसरी बैठक में जिलास्तरीय उर्वरक समिति की समीक्षा की गई। डीएम ने दोनों बैठकों में अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि जनहित से जुड़े कार्यों में किसी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए। उर्वरक समिति की बैठक में किसानों को खाद उपलब्ध कराने के आधिकारियों को दिए निर्देश दिए। बैठक में डीएम दीपक मीणा ने कहा कि राज्य सरकार ने युवाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए उत्तर प्रदेश रोजगार मिशन की शुरुआत की है। इसके अंतर्गत विभिन्न विभागों के माध्यम से युवाओं को प्रशिक्षण व रोजगार से जोड़ने का कार्य किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि प्रत्येक विभाग की जिम्मेदारी है कि वे अधिक से अधिक बेरोजगार युवाओं को योजना से जोड़ें और कौशल विकास प्रशिक्षण दिलवाएं। डीएम ने यह भी कहा कि युवाओं को प्रेरित करने के लिए ब्लॉक स्तर पर जागरूकता शिविर आयोजित किए जाएं, जिसमें निजी क्षेत्र के वेंडर और औद्योगिक संस्थान भी शामिल हों। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी शाश्वत त्रिपुरारी, परियोजना निदेशक दीपक सिंह, परियोजना अधिकारी डूडा राजू कुमार, उद्योग, कृषि, मनरेगा और समाज कल्याण विभाग के अधिकारी मौजूद रहे। डीएम दीपक मीणा ने जिलास्तरीय उर्वरक समिति के अधिकारियों से कहा कि वर्तमान में खाद की किसी भी प्रकार की कमी बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने निर्देश दिया कि "जिन समितियों पर खाद की उपलब्धता नहीं है, वहां तत्काल खाद पहुंचाई जाए ताकि किसानों को असुविधा न हो। डीएम ने कृषि विभाग को खाद वितरण की रीयल-टाइम मॉनिटरिंग करने का निर्देश दिया और कहा कि यदि किसी समिति में शिकायत मिलती है तो संबंधित अधिकारी पर कार्रवाई की जाएगी। अंत में डीएम दीपक मीणा ने कहा, जिला प्रशासन का लक्ष्य है कि गोरखपुर के किसान समृद्ध हों और युवा आत्मनिर्भर बनें। रोजगार और कृषि दोनों हमारे विकास की रीढ़ हैं, इन्हें प्राथमिकता से मजबूत किया जाएगा।

# पीएम सूर्यधर योजना से अधिकतम लाभ पहुंचाने के डीएम ने दिए निर्देश



अधिकारियों के साथ बैठक करते जिलाधिकारी दीपक मीणा। अमृत विचार

संवाददाता, गोरखपुर

**अमृत विचार।** जिलाधिकारी दीपक मीणा ने विकास भवन सभागार में प्रधानमंत्री सूर्यधर योजना के अंतर्गत अधिक से अधिक लोगों को लाभान्वित करने के उद्देश्य से समीक्षा बैठक की। बैठक में योजना की प्रगति, रजिस्ट्रेशन की स्थिति तथा वेंडरों द्वारा आने वाली समस्याओं पर विस्तृत चर्चा की गई। बैठक में जिलाधिकारी ने पीएम सूर्यधर योजना से लोगों को अधिकतम लाभ पहुंचाने के निर्देश दिए।

डीएम ने बताया कि जनपद गोरखपुर में अब तक 45,000 से अधिक लोगों ने पीएम सूर्यधर योजना में रजिस्ट्रेशन कराया है, जबकि 107 वेंडरों ने पोर्टल पर पंजीकरण किया है। उन्होंने कहा कि यह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नवीन ऊर्जा आत्मनिर्भर भारत अभियान का महत्वपूर्ण हिस्सा है, जिसके तहत हर घर को सौर ऊर्जा से जोड़ने का लक्ष्य रखा गया है।

डीएम दीपक मीणा ने बैठक में उपस्थित वेंडरों से सीधे संवाद करते हुए पूछा कि ऑनलाइन फॉर्म भरने और आवेदन प्रक्रिया में उन्हें क्या तकनीकी या व्यवस्थागत कठिनाइयां आ रही हैं। उन्होंने निर्देश दिया कि "रजिस्ट्रेशन प्रक्रिया को सरल और पारदर्शी बनाया जाए ताकि अधिक से अधिक आमजन योजना से जुड़ सकें। उन्होंने यह भी कहा कि वेंडर यह सुनिश्चित करें कि योजना का लाभ सही पात्र व्यक्तियों तक पहुंचे और किसी भी स्तर पर दलाली या अनियमितता न हो। जिलाधिकारी ने यूपी नेडा, डीपीआरओ तथा जिला ऊर्जा प्रकोष्ठ के अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी वेंडरों की समस्याओं का तत्काल समाधान किया जाए।

वहीं सीडीओ शाश्वत त्रिपुरारी ने कहा कि ग्रामीण और शहरी दोनों क्षेत्रों में इस योजना का प्रचार-प्रसार तेजी से किया जाए ताकि हर घर में सौर ऊर्जा के उपयोग को बढ़ावा मिल सके। उन्होंने कहा कि पंचायत स्तर तक जागरूकता शिविर आयोजित कर लोगों को योजना की प्रक्रिया और लाभ के बारे में जानकारी दी जाए।यूपी नेडा के परियोजना अधिकारी राजेंद्र तिवारी ने बताया कि सभी पंजीकृत वेंडरों को दिशा-निर्देश और तकनीकी सहायता दी जा रही है।

# भाई ने नहर के पानी में डूबोकर की बहन की हत्या

संवाददाता, गोरखपुर

**वारदात**

**अमृत विचार।** कैंपियरगंज थाना क्षेत्र में एक युवक ने अपनी छोटी बहन की नहर के पानी में डूबोकर हत्या कर दी। इसके बाद घर से कुछ ही दूरी पर एक खेत में उसका शव फेंक दिया। कुछ देर बाद खुद ही पुलिस को बुलाकर सारा घटनाक्रम बताया। उसने पुलिस को बताया कि मेरी बहन का एक युवक से अफेयर चल रहा था। उसे कई बार समझाया, लेकिन वह मानने को तैयार नहीं थी, इसलिए जान से मार दिया। इसके बाद एक खेत से बहन की लाश भी बरामद कराया गया।

कैंपियरगंज पुलिस मौके पर पहुंचकर लाश कब्जे में ले ली है। आरोपी भाई से पूछताछ कर रही है। बताया जा रहा है कि बहन के अफेयर से परेशान होकर उसने हत्या की है। वहीं पुलिस का कहना है कि हत्या किस तरह की गई है, यह पोस्टमार्टम के बाद ही पता चल पाएगा। कैंपियरगंज क्षेत्र के भौराबारी गांव के आदित्य यादव ने अपनी 19 साल की बहन नित्या यादव की हत्या की है। आदित्य के पिता अमरजीत की पहले ही मौत हो चुकी है। परिवार में आदित्य सबसे बड़ा है। उसके अलावा एक और भाई व 2 बहनें थीं। नित्या यादव तीसरे नंबर पर थी। वह इंटर में पढ़ती थी।

पुलिस के मुताबिक, सोमवार की सुबह आदित्य अपनी बहन के पीछे-पीछे निकला था। इसी बीच जब वह धामिना नहर के पास पहुंची। वहां उसे पकड़कर नहर के पानी में डूबो दिया। इसके बाद जब वह तड़पकर मर गई। तब घर से करीब ढाई किमी दूर उसकी लाश धान के खेत में फेंक दिया। आदित्य ने बताया- उसकी बहन का किसी युवक से अफेयर था। वह बार-बार उससे बात करने से मना करता था। लेकिन बहन मानने का तैयार नहीं थी। इस वजह से उसने यह कदम उठाया। घटना के कुछ ही घंटे बाद कैंपियरगंज पुलिस को बुलाकर हत्या की जानकारी दी। खेत से लाश भी बरामद कराई है। कैंपियरगंज पुलिस ने लाश को पोस्टमार्टम के लिए बीआरडी मेडिकल कॉलेज भेज दिया है। थाना प्रभारी राकेश रोशन ने बताया- जांच पड़ताल की जा रही है। पोस्टमार्टम के बाद पता चल पाएगा कि किस तरह से हत्या की गई है। आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है।

# राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने कठेला में किया पथ संचलन

संवाददाता, सिद्धार्थनगर

**अमृत विचार।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के विधानसभा शोहरतगढ़ के कठेला चौराहे पर रविवार को संघ स्थापना के शताब्दी वर्ष पर पथ संचलन किया गया। इस दौरान राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने कठेला में पथ संचलन में वरिष्ठ भाजपा नेता श्याम जायसवाल भी सम्मिलित हुए। यह पथ संचलन कठेला से कठेला कोठी तक निकला था। स्वयंसेवकों को सम्बोधित करते हुए वरिष्ठ भाजपा नेता श्याम जायसवाल ने कहा कि विश्व के सबसे बड़े सामाजिक व सांस्कृतिक संगठन राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के शताब्दी वर्ष की स्वयंसेवकों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनायें दी।

श्याम जायसवाल ने कहा कि व्यक्ति निर्माण से राष्ट्र निर्माण के इस संकल्प को लेकर 100 साल तक मां भारती की सेवा का लक्ष्य लेकर असंख्य स्वयंसेवकों ने मातृभूमि के उत्थान के लिए अपना जीवन समर्पित किया है। श्याम ने बताया कि विजयदशमी का उत्सव बुराई पर अच्छाई की विजय का प्रतीक है। विजयदशमी के दिन 1925 को नागपुर में संघ की स्थापना हुई थी, संघ की स्थापना को सौ वर्ष पूरे हो चुके हैं। आरएसएस के शताब्दी वर्ष में कदम रखने के कारण यह वर्ष काफी महत्वपूर्ण है। इसलिए हमें अत्यधिक उत्साह व सक्रियता से देशहित व हिन्दू हित के कार्य में लगना चाहिए। हमें देश विरोधी ताकतों से सतर्क रहने की आवश्यकता है। प्रत्येक स्वयंसेवक को संघ के राष्ट्र धर्म प्रथम सिद्धान्त का अनुसरण करना चाहिए। कहा कि समाज हित में संगठन की शक्ति का संचयन करते हुए सामाजिक समरसता एवम विनम्रता का विशेष ध्यान रखना होगा।

उन्होंने बताया कि भगवान श्री राम की तरह हमें भी अपने जीवन में आदर्श चरित्र एवं अच्छा आचरण करते हुए समाज को संगठित करते हुए बुराई पर अच्छाई की विजय प्राप्त करनी है। उन्होंने संघ द्वारा अपनाए गए पंच परिवर्तन में स्वदेशी, नागरिक कर्तव्य, पर्यावरण, सामाजिक समरसता, कुटुम्ब प्रबोधन की योजना के बारें में स्वयंसेवकों को बताया। इस दौरान कठेला के संघचालक सहित सैकड़ों स्वयंसेवक मौजूद रहे।



पथ संचलन के दौरान बैठे स्वयंसेवक संघ के कार्यकर्ता। अमृत विचार

**आयोजन**

- **वरिष्ठ भाजपा नेता श्याम जायसवाल ने दिया संबोधन**
- **कहा-स्वयंसेवकों ने मातृभूमि के लिए अपना जीवन समर्पित किया**

**पहली बार संघ ने भारत- नेपाल सीमा पर निकाला पथ संचलन, सिद्धार्थनगर।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) ने शताब्दी वर्ष के मौके पर सोमवार को दोपहर बाद सरस्वती शिशु विद्या मंदिर विद्यालय से भारत- नेपाल सीमा क्षेत्र खुनुवां बाजार में पथ संचलन निकाला। यह संचलन शोहरतगढ़ खंड के डोहरिया मंडल की ओर से पहली बार सीमा पर आयोजित किया गया। संचलन से पूर्व विभाग प्रचारक राजीव नयन का स्वयंसेवकों को पाथेय प्राप्त हुआ। उन्होंने शताब्दी वर्ष की यात्रा पर प्रकाश डाला और कहा कि इस यात्रा में शामिल स्वयंसेवक गौरवान्वित महसूस कर रहा है।



पथ संचलन में भाग लेते स्वयंसेवक। अमृत विचार

विभाग प्रचारक ने कहा कि संघ बढ़ते बढ़ते 100 वर्ष की यात्रा को पूरी कर चुका है। भारत देश शक्ति के बल पर दुनिया में पूजा जाता है। वह शक्ति ज्ञान व संस्कृति है, जो दुनिया को भारत की शक्ति का बोध कराती है। प्रभु राम के आदर्शों व स्वामी विवेकानंद के विचारों को समाज के भीतर पहुंचाने के लिए संघ का स्वयंसेवक शतत साधना कर रहा है। संघ को पांच पीढ़ियां ने त्याग कर खड़ा किया है। तमाम प्रकार की आपदाएं आई, इसके बाद भी नमस्ते सदा वत्सले मातृभूमि... नित स्वयंसेवक बोलता रहा। उन्होंने कहा कि संघ का स्वयंसेवक समाज के भीतर राष्ट्र भक्ति की गारंटी के साथ खड़ा होता है। आज भारत - नेपाल सीमा के खुनुवा बाजार में संचलन निकाल कर स्वयंसेवक समाज के राष्ट्र भक्ति भरने का कार्य कर रहा है। इससे निश्चित ही सीमावर्ती क्षेत्र में देश के प्रति ऊर्जा का संचार होगा। बौद्धिक खत्म होने के बाद स्वयंसेवकों ने भगवा ध्वज लेकर संचलन निकाला। यह संचलन सरस्वती विद्यालय से निकलकर कस्टम कार्यालय, नो मेंस लैंड, वापस कस्टम कार्यालय, पुराना एसएसबी कैंप, बगहवा मोड़, वापस विद्यालय पहुंचकर समाप्त हुआ।

इस दौरान जिला प्रचारक विशाल, कृष्ण पाल चौधरी, पंकज श्रीवास्तव, ऋषि वर्मा, चंद्रशेखर सिंह, संतोष सिंह, नरेंद्र पांडेय, शुभम शर्मा, अमित रावत, बुद्ध सागर, अरूणेश मणि त्रिपाठी, सुजीत अग्रहरि आदि स्वयंसेवक मौजूद रहें।

# जनपदीय एथलेटिक्स ट्रायल संपन्न

**सिद्धार्थनगर, अमृत विचार।** सोमवार को स्पोर्ट्स स्टेडियम में आयोजित जनपद स्तरीय एथलेटिक्स चयन एवं ट्रायल प्रतियोगिता धूमधाम से संपन्न हुई। ज़िला ओलंपिक एसोसिएशन के अध्यक्ष संतोष श्रीवास्तव ने उदघाटन सत्र में खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर उन्हें सतत् अभ्यास हेतु अभिप्रेरित किया।

देर शाम तक चली विभिन्न प्रतियोगिताओं में खिलाड़ियों का जोश हाई रहा। पूमावि कठमोरवा खेसरहा की बालिका संजना, बयारी इटवा की कुसुमलता, लेदवा शोहरतगढ़ की साक्षी तथा बालक वर्ग में भनवापुर के कृष्णपाल, खेसरहा के शरमुल्लाह एवं लोटन के आशीष आदि ने बेहतर प्रदर्शन कर गोल्ड एवं सिल्वर मेडल हासिल किया। यहां नियाज़ कपिलवस्तुवी, क्रीड़ा भारती के प्रदेश अध्यक्ष अरुण कुमार प्रजापति राजेश कुमार सहित कमला प्रसाद, कार्तिकेय पांडेय, उपेन्द्र नाथ उपाध्याय, सत्येन्द्र गुप्ता आदि रहे।

### विधायक मोहन ने वितरित की सहायता राशि



प्रमाण पत्र वितरण करते विधायक मोहन वर्मा।

**संवाददाता, कुशीनगर, अमृत विचार।** हाटा विधायक मोहन वर्मा के आवास पर आयोजित श्रम विभाग द्वारा कन्या विवाह सहायता योजना के तहत कुल 9 लाभार्थियों को लगभग 4 लाख 95 हजार रुपये का आर्थिक सहयोग, मातृत्व शिशु एवं बालिका मदद योजना के तहत कुल 6 लाभार्थियों को 2 लाख 85 हजार 253 रुपये का आर्थिक सहयोग किया गया। साथ ही निर्माण कामगार मृत्यु व दिव्यांगता सहायता योजना के तहत कुल 3 लाभार्थियों को 6 लाख 75 हजार रुपये का आर्थिक सहयोग का प्रमाण पत्र वितरण किया। इस अवसर पर श्रम अधिकारी व श्रम प्रवर्तन अधिकारी अलंकृता उपाध्याय ,शशि शेखर मिश्र, सभासद पन्नेलाल सिंह, रामसमुझ निषाद, अर्जुन गुप्ता, अनुराग कुशवाहा, विनोद तिवारी सहित पार्टी कार्यकर्ता उपस्थित रहे।


## कार्यालय नगर पालिका परिषद हाटा (कुशीनगर)

पत्रांक 509(ii)न0पा0प0हाटा/ 2025–2026 दिनांक 29–09–2025

**निविदा सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि नगर पालिका परिषद हाटा (कुशीनगर) में 15वां वित्त आयोग (निर्दिष्ट अनुदान) / राज्य वित्त की धनराशि से जनहित में संचारी रोग नियंत्रण / दस्तक अभियान एवं मच्छरो के प्रकोप को कम करने, साफ सफाई आदि व्यवस्था हेतु निम्नलिखित सामग्री क्रय किया जाना प्रस्तावित है। जिसकी स्वीकृति जिलाधिकारी महोदय कुशीनगर द्वारा दिनांक–26.07.2025 को प्रदान कर दी गई है। इच्छुक फर्म/व्यक्ति निकाय कार्यालय पर मोहर बन्द कोटेशन दिनाँक 18.10.2025 को अपरान्ह 1 बजे तक दे सकते है जो उसी दिन सांयकाल 3 बजे दिन में उपस्थित काटेशनदाताओं या उनके प्रतिनिधियों के समक्ष खोला जायेगा। उक्त से संबंधित जानकारी किसी भी कार्य दिवस में प्रातः 10 बजे से सांयकाल 5 बजे तक प्राप्त की जा सकती है।

| क्र0 | सामग्री का विवरण | जमानत का विवरण |
|---|---|---|
| 1 | मैलाथियान डस्ट | 1,00,000 |
| 2 | चूना डस्ट | |
| 3 | ब्लीचिंग पाउडर | |
| 4 | सींक झाडू | |
| 5 | मैलाथियान 50% EC | |
| 6 | एन्टीलार्वा (टेमीफास) | |
| 7 | किंगफाग | |
| 8 | बैट्री चालित स्प्रे मशीन | |

**नियम एवं शर्ते :–**

1. वे सभी व्यक्ति एवं फर्म अपनी निविदा दे सकतें हैं, जो कीटनाशक दवाओं एवं उपरोक्त सामग्रियों के आपूर्ति एवं व्यवसाय का कार्य करते हैं, एवं जो आयकर जी0एस0टी0 विभाग से पंजीकृत हैं।
2. कोटेशनदाता को कोटेशन के साथ एफ0डी0आर0, बैंक ड्राफ्ट या एम0ए0 सी0–5 पर नकद कैश अधिशासी अधिकारी, नगर पालिका परिषद हाटा के नाम उनके पक्ष में जमा करना होगा।
3. कोटेशनदाता को अपने कोटेशन में स्पष्ट दर के साथ पूर्ण तकनीकी विवरण देना होगा।
4. कोटेशनदाता को अपने द्वारा आपूर्ति किये गये सामग्रीयों की गारन्टी भी देनी होगी।
5. कोटेशनदाता की दर स्वीकृत होने के उपरान्त पुनः दरों में किसी भी आधार पर कोई वृद्धि नहीं की जायेगी।
6. कोटेशनदाता को अपने व्यय से 100 रू0 के स्टाम्प पेपर पर अनुबंध करना होगा।
7. जो फर्म/ठेकेदार निर्धारित मानक के अनुसार कार्य नहीं करेगा या नानक के अनुरूप सामग्री की आपूर्ति नहीं करेगा तो भा0द0सं0 के अर्न्तगत यह कृत्य अपराध माना जायेगा तथा फर्म/ठेकेदार के विरूद्ध भारतीय दण्ड संहिता में दिये गये प्राविधानों के अर्न्तगत विधिक कार्यवाही की जायेगी।
8. बिना कोई कारण बताये किसी भी कोटेशन को स्वीकृत या अस्वीकृत करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी के पास सुरक्षित होगा।

**अधिशासी अधिकारी**
**नगर पालिका परिषद हाटा**
**(कुशीनगर)**

**अध्यक्ष**
**नगर पालिका परिषद हाटा**
**(कुशीनगर)**


# जीएसटी घटने व वस्तुएं सस्ती होने से लोगों में बढ़ेगी खुशहाली: श्यामधनी

संवाददाता, सिद्धार्थनगर

**अमृत विचार।** नगर पंचायत के सभागार में सदर विधायक श्यामधनी राही की अध्यक्षता में जीएसटी कम होने पर नगर के व्यापारियों का सम्मेलन हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला प्रभारी रामजियावन मौर्या रहे। विधायक ने जीएसटी को घटाने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के फैसले को ऐतिहासिक बताया। उन्होंने कहा कि जीएसटी के घटने से वस्तुएं सस्ती होंगी, जिससे आम लोगों में खुशहाली बढ़ेगी।

भाजपा जिला उपाध्यक्ष दीपक मौर्य व घनश्याम मिश्र पूर्व नपं अध्यक्ष हेमंत जायसवाल ने जीएसटी घटने से व्यापारियों और ग्राहकों को लाभ होगा। इसके दो स्लैब बनाने से कई वस्तुओं के दामों में कमी आई है। आत्मनिर्भर भारत संकल्प अभियान पर अपने विचार व्यक्त करते हुए स्वदेशी के उपयोग पर जोर दिया।



सम्मेलन को संबोधित करते विधायक।

सम्मेलन में सच्चिदानंद चौबे, सुरेन्द्र पाण्डेय, जकमल जायसवाल, सत्यप्रकाश वर्मा, अशोक जायसवाल, शिवम तुलस्यान, अर्जुन साहू, मनीष अग्रहरि, जुगुल जायसवाल, पवन अग्रहरि, वीरेन्द्र दूबे, अनूप सिंह, मंतू विश्वकर्मा, अशीष सिंह, विशाल अग्रहरि, वेद प्रकाश अग्रहरि आदि मौजूद रहे। वहीं संचालन भाजपा मण्डल अध्यक्ष राकेश कुमार आर्य ने किया।

# जिले में 3 दिसंबर तक निषेधाज्ञा लागू

संवाददाता, कुशीनगर

**सख्ती**

- **अपर जिला मजिस्ट्रेट वैभव ने दी जानकारी**

**अमृत विचार।** अपर जिला मजिस्ट्रेट (वित्त एवं राजस्व) वैभव मिश्रा ने समस्त जनपदवासियों को बताया कि त्योहारो के मद्देनजर जिले में 3 दिसंबर तक निषेधाज्ञा लागू रहेगी।

उन्होंने जानकारी देते हुए बताया कि आगामी त्योहारों, महषि बाल्मीकि जयंती, दीपावली,गोवर्धन पूजा, भैया दूज, चित्रगुप्त जयंती, छठ पूजा, परायण,गुरुनानक जन्यती,सरदार बलभ भाई पटेल एवं आचार्य नरेंद्र देव जयंती,कार्तिक पूर्णिमा,वीरांगनाउदा देवी शहीद दिवस ,गुरुतेग बहादुर शहीद दिवस, प्रस्तावित लोक सेवा आयोग प्रवर अधीनस्थ सेवा(प्रा)परीक्षा आदि प्रतियोगी परीक्षाओं के दृष्टिगत लगने वाले भीड़ से शांति व्यवस्था कानून व्यवस्था तथा लोक शांति भंग होने वी परीक्षाओं की सुरक्षा व्यवस्था की दृष्टिगत शांतिपूर्ण संचालन हेतु परीक्षा केंद्रों के बाहर भी धारा 163 विस्तारित रहेगी। उपरोक्त के दृष्टिगत सुरक्षा एवं शान्ति व्यवस्था कायम रखना आवश्यक है।वैभव मिश्र, अपर जिला मजिस्ट्रेट कुशीनगर दण्ड प्रक्रिया संहिता की धारा-163 के अन्तर्गत प्रदत्त अधिकारों का प्रयोग करते हुए जनपद में लोक व्यवस्था एवं शान्ति व्यवस्था बनाये रखने हेतु प्रतिबन्धात्मक आदेश निषेधाज्ञा पारित किए हैं।

उन्होंने बताया कि कोई भी व्यक्ति निषेधाज्ञा का उलंघन करते हुए पाया गया तो उसके विरूद्ध कार्यवाही अमल में लायी जायेगी।उन्होंने निर्देशित किया है कि सभी उप जिला मजिस्ट्रेट अपने-अपने क्षेत्र में शान्ति व्यवस्था बनाये रखने हेतु पीस कमेटी की बैठक, फ्लैग मार्च तथा विभिन्न समुदायों के प्रमुख धर्मावलम्बियों से निरंतर सम्पर्क में रहते हुए शान्ति व्यवस्था सुनिश्चित करायेंगे। उपरोक्त आदेश तत्काल प्रभाव से दिनांक 03 दिसंबर, 2025 तक प्रभावी रहेगा।



कोई भी मार्ग छोड़ा जा सकता है, बदला जा सकता है। पथ-भ्रष्ट होना कुछ नहीं होता, अगर लक्ष्य-भ्रष्ट न हुए।

-अज्ञेय, साहित्यकार

## जिम्मेदारियों का स्खलन

दार्जिलिंग की आपदा दर्दनाक और दुखद है, लेकिन यह पहली बार नहीं है। यह त्रासदी अब लगभग नियमित सी हो चली है। दस साल पहले दार्जिलिंग जिले के दार्जिलिंग, कालिमपोंग और कुर्सियांग उपखंडों में भूस्खलन की करीब 25 घटनाएं हुई थीं, जिनसे सैकड़ों घर तबाह हुए थे। बीते वर्ष अक्टूबर के पहले सप्ताह में भी भयंकर भूस्खलन ने तबाही मचाई थी। प्रधानमंत्री ने स्थिति पर गहरी चिंता व्यक्त करते हुए हरसंभव सहायता की प्रतिबद्धता दोहराई है। प्रश्न यह है कि आखिर यह सिलसिला कब तक जारी रहेगा? दार्जिलिंग के लोगों को इससे निजात दिलाने की जिम्मेदारी आखिर कौन लेगा? तकनीक, विज्ञान और विकास के इस दौर में यह बहाना अब स्वीकार्य नहीं कि 'कुदरत के कहर को कौन रोक सकता है।'

सच है कि दार्जिलिंग हिमालय की संवेदनशील पर्वतीय श्रृंखला में स्थित है, जहां भूगर्भीय अस्थिरता पहले से ही मौजूद है- यह सबको पता है, लेकिन बिना भूगर्भीय परीक्षण के ढलानों पर होटल, घर और सड़कों का निर्माण, मिट्टी को मजबूत करने वाले वनों की अंधाधुंध कटाई, भारी बारिश के दौरान जल निकासी की कोई ठोस व्यवस्था न होना और पर्यटन से कमाई की होड़ में पर्यावरणीय संतुलन को बिगाड़ने की मानवीय लापरवाही- इन सबने मिलकर इस खतरे को कई गुना बढ़ा दिया है। इन तथ्यों से भी कोई अनजान नहीं है, पर समाधान की जिम्मेदारी कोई नहीं लेना चाहता। किसी सामूहिक प्रयास के बजाय कोई स्थानीय राजनीति को जिम्मेदार ठहराता है, कोई ममता बनर्जी को, कुछ विपक्ष को दोष देते हैं, तो कुछ गोरखालैंड टेरिटोरियल एडमिनिस्ट्रेशन यानी जीटीए की अकर्मण्यता को। वहीं जीटीए दोहरे नियंत्रण का हवाला देती है। साफ है कि राजनीतिक इच्छा शक्ति की कमी और संस्थागत टकराव ने दार्जिलिंग को एक 'स्थायी आपदा क्षेत्र' बना दिया है।

अब समय है दोषारोपण छोड़कर ठोस कदम उठाने का। आवश्यक है कि राज्य में एक एकीकृत आपदा प्रबंधन प्राधिकरण बने, जो स्वतंत्र और विशेषज्ञ-आधारित निकाय हो तथा जीटीए और राज्य सरकार के बीच समन्वय स्थापित करे। हर निर्माण से पहले भूगर्भीय सर्वेक्षण और वैज्ञानिक परीक्षण अनिवार्य हों तथा ढलानों पर निर्माण पूरी तरह वर्जित किया जाए। स्थानीय समुदायों की भागीदारी से वनीकरण और पर्यावरण-संरक्षण अभियानों को पूरे क्षेत्र में जोर-शोर से शुरू किया जाए। बरसात के पानी को नियंत्रित करने के लिए आधुनिक ड्रेनेज सिस्टम विकसित हो और स्थायी जल निकासी प्रणाली में सुधार किया जाए। स्कूलों, पंचायतों और पर्यटन केंद्रों में आपदा शिक्षा और प्रशिक्षण देकर स्थानीय जागरूकता बढ़ाई जाए। पर्यटन नीति में पर्यावरणीय संतुलन को भी प्रमुखता दी जानी चाहिए और नियमों का कड़ाई से पालन हो। दार्जिलिंग की प्राकृतिक सुंदरता पर अब आपदा का ग्रहण लग चुका है। यह केवल पर्यावरणीय संकट नहीं, बल्कि प्रशासनिक और राजनीतिक विफलता का प्रतीक भी है। जब तक राजनीतिक दलों की प्राथमिकता जीवन और प्रकृति की रक्षा की ओर नहीं मुड़ती, तब तक इस सुंदर पर्वतीय क्षेत्र की त्रासदियां यूं ही दोहराई जाती रहेंगी।

### प्रसंगवश

## उल्टा नाम जपत जग जाना वाल्मीकि भए ब्रह्म समाना

उल्टा नाम जपत जग जाना, वाल्मीकि भए ब्रह्म समाना। वाल्मीकि जी राम नाम का उच्चारण नहीं कर पाते थे। तब नारद जी ने विचार करके उनसे मरा-मरा जपने के लिए कहा और मरा रटते ही यही राम हो गया। निरंतर जाप करते हुए वाल्मीकि जी ऋषि वाल्मीकि बन गए। विश्व के सर्वाधिक प्रसिद्ध धार्मिक ग्रंथों में सिरमौर रामायण, जिसे आदि रामायण भी कहा जाता है और जिसमें भगवान श्रीराम के पवित्र एवं जनकल्याणकारी चरित्र का वर्णन है, के रचयिता महर्षि वाल्मीकि संसार के आदि कवि हैं। उनके द्वारा रचित रामायण एक ऐसा महान महाकाव्य है, जो हमें प्रभु श्रीराम के आदर्श और पावन जीवन के निकट लाता है। उनकी सत्यनिष्ठा, पितृ भक्ति और भ्रातृ प्रेम, कर्तव्यपालन और समाज के प्रति उत्तरदायित्व का बोध कराता है। वाल्मीकि के जीवन चरित को लेकर समाज व साहित्य में कई तरह की भ्रांतियां प्रचलित हैं।



अरविंद जयतिलक
लेखक

वाल्मीकि ने रामायण में श्लोक संख्या 7/93/16, 7/96/18 और 7/111/11 में स्वयं को प्रचेता का पुत्र कहा है। मनु स्मृति में प्रचेता को वशिष्ठ, नारद व पुलस्त्स्य का भाई बताया गया है। प्रचेता का एक नाम वरुण भी है और वरुण ब्रह्मा जी के पुत्र थे। यह भी माना जाता है कि वाल्मीकि वरुण अथवा प्रचेता के 10 वें पुत्र थे और उनके दो नाम-अग्निशर्मा और रत्नाकर थे। समाज में एक क्विदंती यह भी है कि बाल्यावस्था में रत्नाकर यानी वाल्मीकि को एक निःसंतान भीलनी ने चुराकर उनका पालन-पोषण किया। भीलनी का समुदाय असभ्य और बर्बर था। वन्य जीवों का शिकार और दस्युकर्म उनके जीवन यापन का मुख्य साधन था। चूंकि रत्नाकर यानी वाल्मीकि इन्हीं असभ्य भीलों की संगति में रहते थे, लिहाजा वे भी दस्यु कर्म करने लगे।

एक बार जंगल में उनकी मुलाकात नारद मुनि से हुई। उन्होंने रत्नाकर को सत्य का ज्ञान कराया। रत्नाकर ने नारद जी से अपने किए गए पापों से उद्धार का मार्ग पूछा। नारद जी ने उन्हें तमसा नदी के तट पर राम-राम का जाप करने का परामर्श दिया। रत्नाकर दस्यु कर्म का परित्याग कर कठोर साधना में जुट गए। कहा जाता है कि वे राम-राम का जप करना भूल मरा-मरा का जप करने लगे। कई वर्षों तक कठोर तपस्या के उपरांत उनके पूरे शरीर पर चीटियों ने बांबी बना ली, जिसके कारण उनका नाम वाल्मीकि पड़ा। वाल्मीकि के बारे में कहा जाता है कि एक बार वे क्रौंच (सारस) पक्षी के जोड़े को प्रेमालाप करते हुए निहार रहे थे, तभी उसी समय एक बहेलिए ने पक्षी के जोड़े में से नर पक्षी का वध कर दिया और मादा पक्षी विलाप करने लगी। उसके इस विलाप से महर्षि वाल्मीकि करुणामय हो गए और उनके मुख से स्वतः ही श्लोक फुट पड़ा- 'मा निषाद प्रतिष्ठां त्वमगमः शाश्वतीः समाः, यत्क्रौंचमिथुनादेकम् अवधीः काममोहितम।' इसका अर्थ यह हुआ कि 'अरे बहेलिए तूने मैथुनरत क्रौंच पक्षी को मारा है, जा तुझे कभी भी प्रतिष्ठा की प्राप्ति नहीं होगी।

वाल्मीकि ने रामायण में अनेक घटनाओं के घटने के समय सूर्य, चंद्र एवं अन्य नक्षत्र की स्थितियों का भी उल्लेख किया है। इससे स्पष्ट जानकारी मिलती है कि वाल्मीकि ज्यातिष व खगोल विद्या के भी विद्वान थे। उन्होंने महाकाव्य में अद्वितीय शैली में प्रकृति का चित्रण, संवाद-संयोजन और विषय का प्रतिपादन किया है। वाल्मीकि रामायण में दर्शन, राजनीति, नैतिकता, शासन कुशलता व मनोविज्ञान का भी विशद् वर्णन है। तात्पर्य यह है कि महर्षि वाल्मीकि विविध विषयों के ज्ञाता थे। शास्त्रों में वर्णित है कि अपने वनवास के मध्य में भगवान श्रीराम वाल्मीकि के आश्रम में गए थे।

## मौत का सिरप व जवाबदेही से भागता तंत्र!





प्रमोद भार्गव
वरिष्ठ पत्रकार

मध्य प्रदेश और राजस्थान में सर्दी-खांसी की दवा के सेवन से 16 बच्चों की मौत हो गई। इन बच्चों को कफ सिरप स्वास्थ्य लाभ के लिए दिया गया था, किंतु वह मौत का कारण बन गया। इसकी गुणवत्ता संदेह के दायरे में है। मध्य प्रदेश के खाद्य एवं दवा नियंत्रक दिनेश कुमार मौर्य ने कहा है कि संदिग्ध सिरप को परीक्षण के लिए एक अक्टूबर को तमिलनाडु भेजा था। इसकी रिपोर्ट तीसरे दिन मिल गई थी, किंतु मप्र में 29 सितंबर से जांच जारी है, जो अभी तक पूरी नहीं हुई। इसी बीच स्वास्थ्य विभाग का कार्य देख रहे प्रदेश के उपमुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ल ने बयान दे दिया कि सिरप के नौ नमूनों में हानिकारक तत्व नहीं मिले हैं। सिरप की उत्पादन इकाई तमिलनाडु में है।

मप्र सरकार के कहने पर तमिलनाडु सरकार के औषधि प्रशासन विभाग ने कंपनी की उत्पादन इकाई से नमूने लेकर जांच की तो एसआर-13 बैच में हानिकारक रसायन डायथिलीन ग्लायकल (डीईजी) पाया गया। दवा में इसकी निर्धारित मात्रा 0.1 प्रतिशत से अधिक नहीं होनी चाहिए, जबकि इसका प्रतिशत जांच में 48 प्रतिशत से अधिक पाया गया। इस रिपोर्ट के बाद प्रदेश सरकार सक्रिय हुई और इसके उपयोग एवं विक्रय पर रोक लगा दी।

बच्चों का इलाज करने वाले छिंदवाड़ा के चिकित्सक डॉ. प्रवीण सोनी पर मामला दर्ज करके, उन्हें फिलहाल जमानत पर रिहा कर दिया गया है। इन मौतों और इस रिपोर्ट के बाद सतर्कता बरतते हुए कई राज्य सरकारों ने इस दवा को प्रतिबंधित कर दिया है। केंद्र सरकार ने भी सलाह दी है कि दो वर्ष से छोटे बच्चों को कफ सिरप नहीं पिलाया जाए। इस पूरी प्रक्रिया से लगता है कि प्रदेश में ही नहीं देश में निगरानी तंत्र कमजोर है।

> यूपीए सरकार ने नकली दवाओं से छुटकारे के नजरिए से औषधीय एवं सौंदर्य प्रसाधन अधिनियम बनाया था, लेकिन धरातल पर उसका असर दिखा नहीं।

यूपीए सरकार ने जब नकली दवाओं से छुटकारे के नजरिए से औषधीय एवं सौंदर्य प्रसाधन अधिनियम बनाया था, तब यह मान लिया गया था कि अब नकली दवाओं पर कमोबेश प्रतिबंध लग जाएगा, क्योंकि इस कानून के तहत न केवल इस धंधे को गैर जमानती बना दिया गया था, बल्कि दवा बनाने वालों से लेकर बेचने वालों तक को दस साल से लेकर आजीवन कारावास का प्रावधान रखा गया था। देखने में आया है कि दवा दुकानों पर लगातार नकली दवाओं के भंडार बरामद हो रहे हैं और लोग बेमौत मारे जा रहे हैं। नकली दवा कारोबार न केवल बेखौफ जारी है, बल्कि इसमें बेइंतहा इजाफा भी हो रहा है। यही नहीं ये दवाएं सरकारी अस्पतालों के माध्यम से भी धड़ल्ले से उपयोग में लाई जा रही हैं।

इससे जाहिर होता है कि सरकारी चिकित्सा-तंत्र का एक बड़ा हिस्सा इस कारोबार को ताकत दे रहा है। इसके पहले 2019-20 में जम्मू के रामनगर में भी एक फार्मा कंपनी के बनाए सिरप से 12 बच्चों ने दम तोड़ दिया था। कंपनी पर एफआईआर हुई, लेकिन मामला लंबित है। वर्ष 2022 में हरियाणा की दवा कंपनी के सिरप से गांबिया में 70 और उज्बेकिस्तान में 65 बच्चों की मौतें हो गई थीं। सितंबर 2008 में भारत की सबसे बड़ी दवा कंपनी की 30 जेनेरिक दवाओं को अमेरिका ने प्रतिबंधित किया था।

कंपनी की मध्य प्रदेश और हिमाचल प्रदेश में बनने वाली दवाओं के आयात पर अमेरिका ने रोक लगाई थी। अमेरिका की सरकारी संस्था फूड एंड ड्रग एडमिनिस्ट्रेशन (एफडीए) का दावा था कि कंपनी की भारतीय इकाइयों से जिन दवाओं का उत्पादन हो रहा है उनका मानक स्तर अमेरिका में बनने वाली दवाओं से घटिया है। ये दवाएं अमेरिकी दवा आचार संहिता की कसौटी पर भी खरी नहीं उतरी थीं, जबकि भारत की यह दवा कंपनी अमेरिका को सबसे ज्यादा जेनेरिक दवाओं का निर्यात करती है। कंपनी एक साल में कई हजार करोड़ की दवाएं देश और दुनिया में बेचती है।

ऐसी ही बड़ी बहुराष्ट्रीय कंपनियां किसी आचार संहिता के पालन के पक्ष में नहीं हैं। किसी बाध्यकारी कानून को अमल में लाने में भी ये रोड़ा अटकाने का काम करती हैं, क्योंकि ये अपना कारोबार विज्ञापनों व चिकित्सकों को मुनाफा देकर ही फैलाए हुए हैं। छोटी दवा कंपनियों के संघ का तो यहां तक कहना है कि चिकित्सकों को उपहार देने की कुप्रथा पर कानूनी तौर से रोक लग जाए, तो दवाओं की कीमतें 50 फीसदी तक कम हो जाएंगी। दरअसल इस तथ्य की पृष्ठभूमि में यह मकसद अंतर्निहित है कि लोग दवाओं में विलय रसायनों के असर व अनुपात से अनभिज्ञ होते हैं, इसलिए वे दवा अपनी मर्जी से नहीं ले सकते। इस कारण चिकित्सक की लिखी दवा लेना जरूरी होता है।

इंसान की जीवन-रक्षा से जुड़ा दवा करोबार अपने देश में तेजी से मुनाफे की अमानवीय व अनैतिक हवस में बदलता जा रहा है। चिकित्सकों को महंगे उपहार देकर रोगियों के लिए मंहगी और गैर जरूरी दवाएं लिखवाने का प्रचलन लाभ का धंधा हो गया है। इस गोरखधंधे पर लगाम लगाने के नजरिये से कुछ समय पहले केंद्र सरकार ने दवा कंपनियों से ही एक आचार संहिता लागू कर उसे कड़ाई से अमल में लाने की अपील की थी, लेकिन संहिता का जो स्वरूप सामने लाया गया, वह राहत देने वाला नहीं था। संहिता में चिकित्सकों को उपहार व रिश्वत देकर न तो अनैतिक कारगुजारियों को लेकर कोई साफगोई है और न ही संहिता की प्रस्तावित शर्तें व कानून बाध्यकारी हैं। इन प्रस्तावों को लेकर दवा संघों में भी मतभेद हैं।

विज्ञान की प्रगति और उपलब्धियों के सरोकार आदमी और समाज के हितों में निहित हैं, लेकिन मुक्त बाजार की उदारवादी व्यवस्था के साथ बहुराष्ट्रीय कंपनियों का जब आगमन हुआ, तो जिस तेजी से व्यक्तिगत व व्यवसायजन्य अर्थ-लिप्सा और लूटतंत्र का विस्तार हुआ है, उसके शिकार चिकित्सक तो हुए ही, निगरानी तंत्र भी इसकी चपेट में है।

### आमने सामने



हमारे प्रदेश अध्यक्ष चुनाव आयोग की बैठक में शामिल थे। पार्टी के शीर्ष नेताओं ने साफ कहा कि औरतों के चेहरे का मिलान कराकर ही वोटिंग कराई जाए। अगर बुर्का चलता है, तो फिर घूंघट पर भी रोक नहीं लगनी चाहिए। दोनों पर समान नियम लागू हों।

-कृष्ण नंदन पासवान
गन्ना उद्योग मंत्री, बिहार

चुनावी प्रक्रिया पहले से ही पारदर्शी है। बीजेपी सिर्फ चुनाव को सांप्रदायिक रंग देने की कोशिश कर रही है। यह विवाद वोट बैंक की सियासत का हिस्सा है, इस बयान का मकसद वोटों का ध्रुवीकरण करना है।

-मृत्युंजय तिवारी
आरजेडी प्रवक्ता, बिहार



## दिशाहीन कृषि और खेती से विमुख होते युवा



अनिल त्रिगुणायत
लखनऊ

उत्तम खेती मध्यम बान, अधम चाकरी, भीख निदान की किवदंती उनके लिए गुजरे जमाने की बात हो गई है। ग्रामीण युवा मानते हैं कि अब कृषि कार्य न तो सर्वोत्तम रह गया है न ही नौकरी करना निकृष्ट कार्य। खेती-किसानी नहीं वरन नौकरी-सेवा आज के ग्रामीण युवाओं की पहली पसंद बन चुका है। देश की कुल आबादी में युवाओं की हिस्सेदारी करीब 29 प्रतिशत है। एक अनुमान के अनुसार वर्ष 2036 तक आंकड़ा घटकर करीब 23 प्रतिशत तक रह जाएगा। ग्रामीण क्षेत्रों के युवाओं को यदि जल्द ही मानव संपदा में तब्दील नहीं किया गया, तो परिणाम नकारात्मक ही मिलेंगे। उच्च जीवन स्तर की तलाश में आज के युवा गांवों की डीह लांघकर शहरों में चकाचौंध भरा जीवन गुजारने को उन्मुख हैं।

हमारे आर्थिक ढांचे की कभी रीढ़ रही कृषि अब दिशाहीन हो चली है। कृषि लागत दिनों-दिन बढ़ता जा रहा है। संबंधित संसाधन तो बढ़े हैं, किंतु बढ़ती महंगाई ने किसानों की कमर लगभग तोड़ ही दी है। उच्च उपज देने वाले बीज, फर्टिलाइजर व कीटनाशक दवाओं की अनवरत वृद्धि से मझोले व सीमांत किसान निराश हो गए हैं। अनियमित मौसम पर निर्भरता, घटती कृषि उत्पादकता, बढ़ती लागत, अनिश्चित बाजार मूल्य, साहूकारों का कर्ज व भूमि क्षरण जैसी समस्याएं कोढ़ में खाज का काम कर रही है। रासायनिक खेती के बढ़ने से, जहां मिट्टी की गुणवत्ता प्रभावित हुई है, वहीं जलवायु परिवर्तन के कारण सूखा व बाढ़ जैसी समस्याओं ने अन्नदाताओं की कमर ही तोड़ दी है। ये कुछ बड़े कारण हैं, गांवों से युवाओं के मोहभंग का। खेती-किसानी को पटरी पर लाने व युवाओं को गांवों में ही रोजगार देकर पलायन रोकने के लिए सरकार की सारी योजनाएं व सारे जतन फाइलों में हैं, कागजों में सरपट दौड़ रहे हैं। सरकारी मशीनरी उदासीनता से उबर नहीं पा रही, बेहतर करने की इच्छा शक्ति दम तोड़ चुकी है। सरकार द्वारा घोषित व देय संदर्भित संसाधन उनके लिए वैसे ही हैं, जैसे नंगा नहाएगा क्या निचोड़ेगा क्या?

> उत्तम खेती मध्यम बान, अधम चाकरी, भीख निदान की किवदंती ग्रामीण युवाओं के लिए गुजरे जमाने की बात हो गई है। अब न खेती सर्वोत्तम रह गई है और न ही नौकरी करना निकृष्ट कार्य।

आधारभूत संरचनाओं की कमी, शिक्षा व स्वास्थ्य सुविधाओं का अभाव भारतीय गांवों के लिए अभी भी अभिशाप ही बना हुआ है। उक्त मूल कारणों से ही युवाओं का अपने गांवों से मोहभंग होता जा रहा है। गांवों का मूल आधार खेती-किसानी अब अपना स्वरूप बदल चुका है। आज का ग्रामीण युवा अपना भविष्य गांव में नहीं, वरन शहरों में तलाशने लगा है। एक अनुमान के अनुसार भारत में किसानों की संख्या करीब 15 करोड़ है। करीब 67 प्रतिशत किसानों की जोत का आकार एक हेक्टेयर से कम है, जबकि 18 प्रतिशत के पास एक से दो हेक्टेयर जमीन है। मात्र दो प्रतिशत किसानों के पास ही 10 हेक्टेयर से ज्यादा भूमि है। कह सकते हैं, 0.7 प्रतिशत किसानों के पास कुल खेती की जमीन का 10.5 प्रतिशत हिस्सा है।

भारत की 45 प्रतिशत ग्रामीण आबादी भूमिहीन है, जिसमें से कुछ के पास नाममात्र की जमीन है। आधुनिक खेती से भारत में खाद्यान्न उत्पादन में वृद्धि तो हुई है। वर्तमान में देश का अनुमानित खाद्यान्न उत्पादन करीब 330 मिलियन टन है। कृषि व संबद्ध क्षेत्रों का योगदान भी करीब 18.3 प्रतिशत है। देश की कुल आबादी के करीब 69 प्रतिशत जन आज भी गांवों में ही निवास करते हैं। आज भारत की 60 प्रतिशत खेती बटाई या ठेके पर हो रही है समय के साथ ग्रामीण परिवारों में भी वृद्धि दर बढ़ती जा रही है। आज से 50 वर्ष पूर्व जिस परिवार के पास 20 बीघे खेत था, वह परिवार बढ़ने के बाद कई भागों में विभक्त हो गई है। कृषि जोतों का आकार धीरे-धीरे इस कदर घटता जा रहा कि आगामी दिनों में सीमांत किसान कहीं भूमिहीनों की श्रेणी में न आ जाए?

भविष्य को देखते हुए ही ग्रामीण युवा आज पलायन को मजबूर होता दिख रहा है। एक आंकड़े के अनुसार 1990 से 2001 के मध्य गांवों से शहरों में पलायन की वार्षिक वृद्धि दर 2.4 फीसदी थी, जो वर्ष 2001 व 2011 के बीच बढ़कर 4.5 प्रतिशत हो गई। राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय की वर्तमान रिपोर्ट के अनुसार रोजगार के लिए एक राज्य से दूसरे राज्य में 87.5 फीसदी लोग पलायन करते हैं। खेतिहर मजदूर युवाओं के लिए तो गांवों में जीवन यापन दुरूह हो गया है। शहरों में जाकर गुजर-बसर करना उनकी मजबूरी बन चुकी है। यक्ष प्रश्न यह कि आखिर ग्रामीण युवाओं के पलायन को रोका कैसे जाए? खेती-किसानी के अलावा कृषि उद्यमिता से कैसे जोड़ा जाए?

कृषि विशेषज्ञों व समाजशास्त्रियों का मानना है कि विभिन्न फसलों की खेती, खाद्य प्रसंस्करण व मूल्य संवर्धन, जैव-उर्वरक, जैविक उत्पाद, कृषि उपकरण, कस्टम हायरिंग सेंटर और कई अन्य इनपुट्स का उत्पादन जैसे आयाम पलायन रोकने का बड़ा माध्यम बन सकते हैं। खेती-किसानी को व्यापारिक बनाकर, उच्च प्रौद्योगिकी से जोड़कर युवा पीढ़ी को खेत-खलिहान की ओर मोड़ा जा सकता है। कौशल विकास के माध्यम से दक्ष बनाकर भी युवाओं का पलायन रोका जा सकता है। सीमांत व भूमिहीन किसानों के लड़के/लड़कियां मिट्टी तैयार करने, जुताई, बुवाई, रोपण, निराई, कटाई आदि कार्य करना नहीं चाहते। अब वे गांवों से निकलकर कस्बों व शहरों में जाकर धन कमाने की अभिलाषा रख रहे हैं।

### सोशल फोरम

## मिथः भूलन बेल दिमाग का सब कुछ भुला दे!





पुष्प लता
ब्लॉगर

कहते है यदि एक बार भूलन बेल पर आपने पैर रख दिया या उसके करीब से गुजर गए, तो कुछ समय के लिए आप सब कुछ भूल जाएंगे। पौराणिक ग्रंथों में भी इसका वर्णन मिलता है, क्योंकि वन प्रवास के दौरान पांडव कई दिनों तक घने वन की भूल-भुलैया में फंसकर रह गए। वैसे कई लोग अकाव जैसे चौड़े पत्ते वाली बेल को भूलन बेल कहते हैं। मानते हैं कि ये इतना असरकारक है कि देखने वाला खुद ही भूल जाता है कि कौन सी भूलन बेल है।

इसे क्लाइंबिंग फर्न भी कहते है। फर्न की तरह दिखने वाला यह बेल नुमा पौधा छत्तीसगढ़, झारखंड, ओडिशा और मध्यप्रदेश के पूर्वी क्षेत्र खासकर पातालकोट में पाया जाता है। चूंकि इसका सबसे ज्यादा प्रयोग तंत्र मंत्र और टोटके में किया जाता है, इसलिए स्थानीय आदिवासी लोग इसका नाम लेने से भी कतराते हैं।

पहले जब घने जंगल हुआ करते थे, तब कोई जंगल में कंदमूल लेने या शिकार करने जाता और कई दिनों तक नहीं लौटता, तो कबीले वाले अक्सर कहते- उसे भूलन लग गई। कई दिन बाद जब वह बदहवास सा लौटता तो मान लिया जाता कि बात सच है।

प्राचीन काल में इसका अर्क शत्रु राज्य के विरोध में उपयोग किया जाता था। कहते हैं, कभी कोई गुप्तचर, भेदी राज्य के भेद जान जाए, तो भूलन बेल का अर्क पिलाकर उसे सब कुछ भुला दिया जाता। इससे जुड़ी और भी कई किवदंतियां और कथाएं प्रचलित हैं। वैसे ये मस्तिष्क ज्वर, टायफाइड, पीलिया, कृमि नाशक और कई असाध्य रोगों के उपचार में उपयोग होता है।

इससे जुड़ी भ्रांतियां या प्रचलित लोक मान्यता इतनी प्रबल है कि आदिवासी क्षेत्र में यदि आप जाओ और किसी को कह दो- चलो वन में भूलन बेल खोजने चलते हैं तो वह भाग जाएगा।

### सामयिकी

## बच्चों के खिलाफ अपराधों में 9.2 प्रतिशत की वृद्धि

आज इंसान अपने घर तक में सुरक्षित नहीं है। हाल में ही ऐसी कई खबरें सामने आई हैं, जहां घरवालों ने ही व्यक्ति को मौत के घाट उतार दिया। शादी होने के कुछ समय उपरांत ही पत्नी द्वारा पति को मार दिया गया। कहीं किसी बहू को मारा गया, तो कहीं किसी के बेटे ने अपने पिता को ही जान से मार दिया। फिर हम कैसे कह सकते कि इंसान अपने घर पर सुरक्षित है? हालांकि सभी घर-परिवार ऐसे नहीं हैं, बहुतेरे घरों की आपसी प्रेम और सौहार्द की मिसालें दी जाती हैं, लेकिन अपराध के बढ़ते दायरे का अंदाजा अखबार की खबरों से होता है। बच्चे, बूढ़े, महिलाएं, पुरुष, लड़के-लड़कियां सभी किसी न किसी अपराध के शिकार हैं। इस डिजिटल युग में डिजिटल अपराध भी अपने चरम पर है। कब कौन और कहां पर ठगी का शिकार बन जाए, कहा नहीं जा सकता। जरा सी बात कब हिंसात्मक रूप धारण करके अपराध का चोला पहन ले, इसकी कल्पना भी नहीं की जा सकती।



शिवालिक अवस्थी
लेखक

हाल ही में एनसीआरबी यानी राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो ने विभिन्न अपराधों से जुड़ी 'क्राइम इन इंडिया 2023' रिपोर्ट जारी की है। इस रिपोर्ट में लगभग हर क्षेत्र से जुड़ी आपराधिक गतिविधियों के बारे में विस्तारपूर्वक बताया गया है। वर्ष 2023 की बात करें तो कुल 62,41,569 आपराधिक मामले दर्ज किए गए हैं, जबकि वर्ष 2022 में यह आंकड़ा कुल 58,24,946 का था। यानी इस वर्ष 2023 में वर्ष 2022 की तुलना में कुल 7.2 प्रतिशत की वृद्धि पाई गई है। मर्डर यानी हत्या के मामलों में इनमें थोड़ी गिरावट जरूर आई है। 2022 में जहां 28,522 मामले सामने आए थे, वहीं 2023 में यह आंकड़ा 27,721 तक सिमट कर रह गया है। यानी 2.8 प्रतिशत की गिरावट सामने आई है। दूसरी ओर अपहरण के मामलों में 5.6 प्रतिशत की वृद्धि सामने आई है। वर्ष 2022 में अपहरण के जो आंकड़े 1,07,588 थे, वर्ष 2023 में वही बढ़कर 1,13,564 तक पहुंच गए हैं।

महिलाओं के विरुद्ध अपराधों में भी 0.7 प्रतिशत की वृद्धि सामने आई है। वर्ष 2022 में, जहां कुल मामले 4,45,256 थे, वहीं वर्ष 2023 में बढ़कर 4,48,211 पहुंच गए हैं। इसमें सबसे ज्यादा मामले (29.8 प्रतिशत) घरेलू हिंसा के तहत दर्ज किए गए हैं। वर्ष 2023 में प्रति लाख महिला जनसंख्या पर दर्ज अपराध 66.2 हैं। बच्चों के विरुद्ध अपराधों में भी 9.2 प्रतिशत की वृद्धि पाई गई है। 2022 में जो आंकड़ा 1,62,449 था, 2023 में बढ़कर 1,77,335 तक पहुंच गया है। इसमें सबसे ज्यादा मामले (45 प्रतिशत) बच्चों के अपहरण के ही हैं। वरिष्ठ नागरिकों के खिलाफ अपराधों में 2.3 प्रतिशत की गिरावट आई है।

अब बात करते हैं साइबर अपराध की। डिजिटल युग में डिजिटल अपराध भी बढ़ने लगे हैं। साइबर क्राइम के तहत 31.2 प्रतिशत की भारी वृद्धि देखने को मिली है। 2022 में जो मामले 65,893 थे, वहीं 2023 में बढ़कर 86,420 तक पहुंच गए हैं। इसमें 68.9 प्रतिशत मामले फ्रॉड अथवा ठगी से जुड़े हैं। इस वर्ष मानव तस्करी के मामलों में भी 3 प्रतिशत गिरावट देखने को मिली है। हर छोटे-बड़े अपराध को रोकने के लिए हम सभी का एकजुट होना अनिवार्य है और इसकी शुरुआत अपने घर से ही करनी होगी। जब हम सभी अपने बच्चों और युवाओं को सही सीख देंगे तो वह कल एक अच्छे नागरिक बनेंगे। अब समय आ चुका है, जहां अपराध के विरुद्ध आवाज उठाई जाए और समाज को बेहतर दिशा की ओर ले जाया जाए। स्वस्थ एवं सुरक्षित समाज का निर्माण ही हम सभी का नवीन संकल्प होना चाहिए।


स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक त्रिनाथ शुक्ला द्वारा 1224, देवकाली रोड, निकट यश पेट्रोल पंप अयोध्या-224001 (उ.प्र.) से प्रकाशित एवं प्लाट नं.-42, निकट बद्री नगर, इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ-226008 (उ.प्र.) से मुद्रित। **संपादक- राजेश श्रीनेत, कार्यकारी संपादक- विवेक सक्सेना***
05278-352045 (कार्यालय), ईमेल- editorschoice@amritvichar.com, आर.एन.आई नं0-UPHIN/2022/84450, *इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी।(नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र अयोध्या होगा)।

**2500** वर्ष पुराना है कुमाऊं मंडल में मंदिरों का यह समूह

**250** मंदिर हैं यहां, जिनमें एक ही स्थान पर छोटे-बड़े 224 मंदिर

**6200** फीट की ऊंचाई पर स्थित समुद्रतल से यह धाम

### यह भी जानें

- सबसे नजदीकी रेलवे स्टेशन काठगोदाम (हल्द्वानी) है। यहां से सड़क मार्ग से जागेश्वर धाम की दूरी करीब 120-125 किलोमीटर है।
- सबसे नजदीकी हवाई अड्डा पंतनगर एयरपोर्ट है। यहां से सड़क मार्ग से जागेश्वर धाम की दूरी करीब 150 किमी है।
- अल्मोड़ा जिला मुख्यालय से जागेश्वर धाम की दूरी करीब 35 किलोमीटर है।
- मौसम के लिहाज से बरसात का क्रम थमने के बाद सितंबर से नवंबर तक यहां मौसम सुहावना रहता है।



# पावन जागेश्वर धाम
## यहां मिलती है महादेव की अलौकिक कृपा

सदियों से शिवभक्ति को समर्पित भगवान महादेव की अलौकिक कृपा पाने के लिए पौराणिक जागेश्वर धाम का आध्यात्मिक जगत में अपना विशिष्ट महत्व है। समुद्रतल से करीब 6200 फीट की ऊंचाई पर कुमाऊं मंडल के अल्मोड़ा जिले में स्थित 12 ज्योतिर्लिंगों में से एक प्राकृतिक सौंदर्य से भरपूर यह पावन धाम आस्था का विशिष्ट केंद्र है। इसकी सबसे बड़ी विशेषता करीब 2500 वर्ष पुराना 250 मंदिरों का समूह है, जिनमें एक ही स्थान पर छोटे-बड़े 224 मंदिर हैं। धार्मिक लिहाज से महत्वपूर्ण अल्मोड़ा जिले में कई पौराणिक और ऐतिहासिक मंदिर हैं। इसमें जागेश्वर धाम विश्व के प्रसिद्ध मंदिरों में शामिल है। जागेश्वर धाम के पुजारी हरिमोहन भट्ट पुराणों के हवाले से बताते हैं कि यहां भगवान शिव और सप्त ऋषियों ने तपस्या की थी। इस मंदिर में स्थापित शिवलिंग को लेकर मान्यता है कि आदि शंकराचार्य ने इसकी प्राण प्रतिष्ठा की थी। जागेश्वर मंदिरों के समूह व ज्योतिर्लिंगों आदि के लिए जागेश्वर धाम का नाम इतिहास में दर्ज है। शिव पुराण, लिंग पुराण और स्कंद पुराण आदि पौराणिक कथाओं में भी मंदिर का उल्लेख है। मंदिर में शिलालेख, नक्काशी और मूर्तियों का अनुपम खजाना है। पवित्र जाटगंगा नदी की घाटी में स्थित मंदिर में वास्तुकला और इतिहास के लिहाज से भी कई पौराणिक स्थान है। भगवान शिव के 12 ज्योतिर्लिंगों में से एक ज्योतिर्लिंग होने से इसका महत्व और बढ़ जाता है।

*प्रस्तुति- कमलेश कनवाल*



### श्रद्धालुओं की मनोकामना होती है पूरी

जागेश्वर धाम में मुख्य तौर पर शिव, विष्णु, शक्ति और सूर्य देव की पूजा होती है। दंडेश्वर मंदिर, चंडी मंदिर, जागेश्वर मंदिर, कुबेर मंदिर, मृत्युंजय मंदिर, नंदा देवी या नौ दुर्गा, नवग्रह मंदिर और सूर्य मंदिर यहां के प्रमुख मंदिर हैं। पुष्टि माता और भैरव देव की भी पूजा होती है। यहां पहुंचने वाले श्रद्धालुओं की हर मनोकामनाएं पूरी होती हैं।





हरिमोहन भट्ट
पुजारी जागेश्वर धाम

### शुद्ध मन और पवित्र हृदय से ही आएं यहां

पुजारी भट्ट कहते हैं कि जागेश्वर धाम आकर भगवान शिव की कृपा पाना चाहते हैं तो मन के भाव शुद्ध और हृदय पवित्र होना चाहिए। शिव तो बड़े दयालु हैं, लेकिन आप किसी का अनिष्ट करने की कामना लेकर यहां आते हैं तो वह कभी पूरी नहीं होगी। यहां केवल अपने और अपने प्रियजनों की मंगलकामनाएं ही पूरी होती हैं।

---

बोध कथा

## सकारात्मक सोच



एक राजा था, जिसके एक पैर और एक आंख थी। उस राज्य में सभी लोग खुशहाल थे, क्योंकि राजा बहुत बुद्धिमान और प्रतापी था। एक बार राजा को विचार आया कि क्यों खुद की एक तस्वीर बनवाई जाए। फिर क्या था, देश-विदेश से चित्रकारों को बुलवाया गया और एक से एक बड़े चित्रकार राजा के दरबार में आए। राजा ने उन सभी से हाथ जोड़कर आग्रह किया कि वो उसकी एक बहुत सुंदर तस्वीर बनाएं, जो राजमहल में लगाई जाएगी। सारे चित्रकार सोचने लगे कि राजा तो पहले से ही विकलांग हैं, फिर उसकी तस्वीर को बहुत सुंदर कैसे बनाया जा सकता है? ये तो संभव ही नहीं है और अगर तस्वीर सुंदर नहीं बनी तो राजा गुस्सा होकर दंड देगा। यही सोचकर सारे चित्रकारों ने राजा की तस्वीर बनाने से मनाकर दिया।

तभी पीछे से एक चित्रकार ने अपना हाथ खड़ा किया और बोला कि मैं आपकी बहुत सुंदर तस्वीर बनाऊंगा जो आपको जरूर पसंद आएगी। फिर चित्रकार जल्दी से राजा की आज्ञा लेकर तस्वीर बनाने में जुट गया। काफी देर बाद उसने एक तस्वीर तैयार की जिसे देखकर राजा बहुत प्रसन्न हुआ और सारे चित्रकारों ने अपने दांतों तले उंगली दबा ली। उस चित्रकार ने एक ऐसी तस्वीर बनाई, जिसमें राजा एक टांग को मोड़कर जमीन पे बैठा है और एक आंख बंद करके अपने शिकार पे निशाना लगा रहा है। राजा ये देखकर बहुत प्रसन्न हुआ कि उस चित्रकार ने राजा की कमजोरियों को छिपाकर कितनी चतुराई से एक सुंदर तस्वीर बनाई है। राजा ने उसे खूब इनाम एवं धन दौलत दी।

*-सुरेन्द्र अग्निहोत्री*

# भारतीय संस्कृति में दांपत्य जीवन का पावन विधान

भारतीय संस्कृति में विवाह को संस्कार माना गया है। यह दो आत्माओं का विशुद्ध मिलन है। इसमें पति-पत्नी के शरीर दो रहते हुए भी मन एकाकार हो जाता है। जिस प्रकार हाइड्रोजन एवं ऑक्सीजन अपना अस्तित्व खोकर जलरूप बन जाते हैं, उसी प्रकार पति-पत्नी अपना अस्तित्व खोकर दंपती कहलाते हैं। भारतीय संस्कृति में पति-पत्नी का संबंध काया एवं छाया की भांति है। जिस परिवार में पति-पत्नी के विचार मिलते हों, वह परिवार स्वर्ग होता है। वहां प्रेम की सरिता बहती है। पति-पत्नी के बीच स्नेह-सम्मान, विचार-विनिमय, सहानुभूति सुखी दांपत्य के आधार हैं। यदि दोनों के बीच छिपाव-दुराव, प्रपंच एवं अहंकार उत्पन्न हो जाए तो वह परिवार नरक-तुल्य हो जाता है। पति व पत्नी एक दूसरे के प्रतियोगी नहीं, बल्कि सहयोगी एवं पूरक होते हैं। भारतीय संस्कृति में गठबंधन के बाद पति के लिए पत्नी को छोड़कर विश्व की सारी स्त्रियां मां व बहन बन जाती हैं। उसी प्रकार पत्नी के लिए सारे पुरुष भाई और पिता तुल्य बन जाते हैं।



डॉ. प्रदीप द्विवेदी 'रमण'
आध्यात्मिक लेखक



आधुनिक युग में पाश्चात्य सभ्यता का प्रभाव भारतीय संस्कृति पर पड़ा है। परिणाम यह हुआ कि पति व पत्नी की इच्छाएं अलग-अलग हो गईं। जब भी पति एवं पत्नी के विचार में मतभिन्नता होगी तो पारिवारिक जीवन की नींव कमजोर जो जाएगी। आजकल लोग भौतिक सुख-सुविधाओं को अधिक प्रमुखता देते हैं और ये सुविधाएं मृगतृष्णा की भांति कभी पूरी नहीं होती। पति-पत्नी का पवित्र संबंध भौतिक सुखों पर आधारित हो गया है। रसना और वासना संबंधी सुख प्राप्त करना मानो युगधर्म बन गया है, जिसके कारण परिवार रूपी प्रेम की गंगा सूखी जा रही है। पति-पत्नी का संबंध पवित्रता, श्रद्धा, विश्वास, सहयोग एवं सम्मान पर आधारित होता है, लेकिन वर्तमान में श्रद्धा, विश्वास एवं सम्मान के बदले स्वार्थ तथा अहंकार की भावना काम करने लगी है, जिसके कारण पारिवारिक जीवन विखंडित होने लगे हैं। आज प्रायः अधिकांश पुरुषों व नारियों के चरित्र दूषित हो गए हैं। आज पश्चिमी सभ्यता का अनुसरण करते हुए लोग स्वच्छंद आचरण को प्रमुखता दे रहे हैं, जबकि भारतीय संस्कृति पति-पत्नी के संबंध को जन्म-जन्म का संबंध मानती है।

प्राचीन काल में वर-वधु का चुनाव गुण, कर्म एवं स्वभाव के आधार पर होता था, लेकिन आज फैशन, पैसा एवं वेश-विन्यास विवाह का असली मापदंड बन गया है। आज आजादी से रहने की इच्छा और आपसी सामंजस्य के अभाव में विवाह जैसे पवित्र संबंध को हिला दिया है। युवा वर्ग इस संस्कार को बंधन करार दे रहा है। ऐसे में अहम की जबरदस्त टकराहट विवाह के मायने ही बदलकर रख देती है। पश्चिमी सभ्यता अपनाने के कारण ही विवाह के बाद भी संबंध बन रहे हैं। बदलता दृष्टिकोण परंपराओं को कितना धक्का पहुंचाएगा, यह तो भविष्य के गर्भ में है, लेकिन इतना तय है कि युवाओं का दृष्टिकोण पारस्परिक संबंध को लंबे समय तक जोड़े रखने में असफल हो रहा है। भारतीय संस्कृति में पति को परमेश्वर व पत्नी को घर की लक्ष्मी माना जाता है। इस परंपरा को स्थायी बनाने के लिए भारत में तीज एवं करवाचौथ जैसे कई व्रत-उपवासों की परंपरा कायम है।

अध्यात्म

## अनंत यात्रा

शरीर में समाहित ऊर्जापुंज को आत्मा कहा गया है। यह आत्मा अनंत ऊर्जा अर्थात परमात्मा का एक अति सूक्ष्म अंशमात्र है। भौतिक जगत में रहते हुए यह भौतिक शरीर एक यात्री के सदृश होता है। शरीर के जन्म के साथ ही यात्रा प्रारंभ होती है एवं मृत्यु के उपरांत समाप्त हो जाती है अर्थात भौतिक शरीर के लिए जीवन एक यात्रा के समतुल्य है। जन्म के साथ ही ऊर्जापुंज अर्थात आत्मा भौतिक शरीर से संयुक्त होकर उसकी यात्रा में सहयात्री की भूमिका का निर्वहन करने लगता है एवं मरणोपरांत स्वयं को यात्रा से अलग कर लेता है।

यह कहा जा सकता है कि भौतिक शरीर की यात्रा का आदि व अंत स्पष्टत: ज्ञात होता है। विशेष बात यह है कि भौतिक शरीर भी यात्रा के साथ आरंभ होकर यात्रा की समाप्ति पर स्वयं समाप्त हो जाता है। परंतु ऊर्जापुंज जिसे आत्मा कहकर संबोधित किया जाता है, अपनी यात्रा के आदि व अंत से सर्वथा अपरिचित होता है। आत्मा की यात्रा कब व क्यों प्रारंभ हुई तथा कब व क्यों पूर्ण होगी? इन प्रश्नों का हल आज भी एक चुनौती के रूप में खड़ा है। ऊर्जापुंज अगणित भौतिक शरीरों की भौतिक यात्रा में सहयात्री की भूमिका को निभाता हुआ अपनी अनंत दिव्ययात्रा को जारी रखता है अर्थात आत्मा की इस अलौकिक यात्रा में अनंत लौकिक यात्राएं शामिल होती हैं। इस अलौकिक यात्रा के संबंध में केवल इतना ही कहा जा सकता है कि यह यात्रा अनंत से प्रारंभ होकर अनंत पर ही पूर्ण होगी, किंतु अनंत को परिभाषित करना भी असंभव है। अनंत को अज्ञात का पर्याय माना जा सकता है।

प्रश्न यह उठता है कि इस अनंत गति को अनवरत जारी रखने के लिए आवश्यक बल किस स्रोत से प्राप्त होता है। संभवत: यह भी अभी तक एक रहस्य है। वस्तुत: यही बल ऊर्जा का अनंत स्रोत है अर्थात अनंत ऊर्जा जिसे परमात्मा कहकर संबोधित किया गया है। परमात्मा का आत्मा से अटूट संबंध है। आत्मा की अनंतयात्रा परमात्मारुपी बल के द्वारा ही नियंत्रित होती है, परंतु इस अनंत ऊर्जापुंज की उत्पत्ति का रहस्य सर्वथा अज्ञात है।



शिशिर शुक्ला
प्रोफेसर

सप्ताह के प्रमुख व्रत

## 10 अक्टूबर- करवा चौथ, 13 अक्टूबर- अहोई अष्टमी

### करवा चौथ

उत्तर भारत में प्रचलित पूर्णिमांत कैलेण्डर के अनुसार करवा चौथ पर्व, कार्तिक माह की संकष्टी चतुर्थी पर मनाया जाता है। धर्म-सिन्धु, निर्णय-सिन्धु तथा व्रतराज जैसे धर्म ग्रंथों में करवा चौथ को करक चतुर्थी के रूप में उल्लेखित किया गया है। करक अथवा करवा मिट्टी से निर्मित एक पात्र होता है, जिसका उपयोग करवा चौथ पूजन, अर्घ्य तथा पारवारिक कुशलता हेतु दान के रूप में किया जाता है। धर्म ग्रंथों में मात्र स्त्रियों को ही इस व्रत के पालन का अधिकार दिया गया है, क्योंकि करक चतुर्थी पर किए जाने वाले इस करवा चौथ व्रत के परिणाम स्त्रियों को ही फलीभूत होते हैं। करवा चौथ व्रत का पालन पति की दीर्घायु एवं सकुशलता के साथ ही पुत्रों, पौत्रों, संपत्ति तथा परिवार की अनंत समृद्धि हेतु भी किया जाता है।

**करक चतुर्थी पर की जाने वाली विशेष पूजा मुख्यत:** देवी पार्वती को समर्पित है। अखण्ड सौभग्यवती होने के कारण सर्वप्रथम देवी पार्वती की पूजा की जाती है, तत्पश्चात् भगवान शिव, भगवान कार्तिकेय एवं भगवान गणेश की पूजा की जाती है। करवा चौथ के अवसर पर स्त्रियां देवी गौरा तथा देवी चौथ माता का पूजन भी करती हैं, जिन्हें स्वयं देवी पार्वती का रूप माना जाता है।

### देवी-देवता

देवी पार्वती करवा चौथ व्रत की मुख्य आराध्य हैं। देवी पार्वती के अतिरिक्त उनके कुटुम्ब के अन्य सदस्यों को भी पूजा जाता है, जिनमें उनके पति भगवान शिव तथा उनके पुत्र भगवान कार्तिकेय एवं भगवान गणेश सम्मिलित हैं।

### देवी पार्वती

चौथ माता (देवी चौथ), करवा चौतह तिथि एवं समय

पूर्णिमांत कैलेण्डर के अनुसार - कार्तिक माह (आठवां चन्द्र माह) की कृष्ण पक्ष की चतुर्थी तिथि (चतुर्थ दिवस)

अमांत हिन्दु कैलेण्डर के अनुसार - आश्विन माह (सातवां चन्द्र माह) के कृष्ण पक्ष की चतुर्थी तिथि (चतुर्थ दिवस)

### अहोई अष्टमी

अहोई अष्टमी के दिन मातायें अपने पुत्रों की कुशलता के लिए उषाकाल, अर्थात भोर से लेकर गोधूलि बेला, अर्थात सायंकाल तक उपवास करती हैं। सायंकाल के समय आकाश में तारों का दर्शन करने के पश्चात व्रत संपूर्ण किया जाता है। कुछ महिलाएं चन्द्रमा के दर्शन करने के पश्चात व्रत पूर्ण करती हैं, किन्तु इसका अनुसरण करना कठिन होता है, क्योंकि अहोई अष्टमी की रात्रि में चन्द्रोदय विलंब से होता है। अहोई अष्टमी व्रत का दिन करवा चौथ के चार दिन पश्चात तथा दीवाली पूजा से आठ दिन पूर्व पड़ता है। करवा चौथ के समान ही अहोई अष्टमी भी उत्तर भारत में अधिक लोकप्रिय है। अहोई अष्टमी का दिन अहोई आठें के नाम से भी जाना जाता है, क्योंकि यह व्रत अष्टमी तिथि के समय किया जाता है, जो माह का आठवां दिन होता है। करवा चौथ के समान अहोई अष्टमी का दिन भी कठोर उपवास का दिन होता है तथा अनेक स्त्रियां पूरे दिन जल तक ग्रहण नहीं करती हैं। आकाश में तारों का दर्शन करने के पश्चात ही उपवास का पारण किया जाता है।

अष्टमी प्रारम्भ-13 अक्टूबर को 12:24 दोपहर से 14 अक्टूबर को 11:09 बजे समाप्त।

## बिजनेस ब्रीफ

### ओएनजीसी 8,110 करोड़ करेगी निवेश

**हैदराबाद।** तेल एवं प्राकृतिक गैस निगम लिमिटेड (ओएनजीसी) आंध्र प्रदेश में आठ पीएमएल (उत्पादन खनन लाइसेंस) ब्लॉक में 172 कुओं से तेल एवं गैस के निकालने तथा तटवर्ती विकास के लिए 8,110 करोड़ रुपये का निवेश करने की तैयारी में है। पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय के अंतर्गत समिति ने पिछले महीने आयोजित बैठक में परियोजना के लिए पर्यावरणीय संबंधी मंजूरी देने की सिफारिश की थी। विशेषज्ञ मूल्यांकन समिति ने बैठक में कहा कि परियोजना की अनुमानित लागत 8110 करोड़ है। ईएमपी (पर्यावरण प्रबंधन योजना) की पूंजीगत लागत 172 करोड़ होगी और ईएमपी की आवर्ती लागत 91.16 करोड़ प्रति वर्ष होगी। उद्योग ने जन सुनवाई में की गई प्रतिबद्धताओं के लिए 11 करोड़ रुपये आवंटित करने का प्रस्ताव रखा है।

### बैंक ऑफ महाराष्ट्र की ऋण वृद्धि 16.8% बढ़ी

**नई दिल्ली।** सार्वजनिक क्षेत्र के बैंक ऑफ महाराष्ट्र (बीओएम) ने चालू वित्त वर्ष 2025-26 की दूसरी तिमाही में 16.8% की बढ़ोतरी के साथ 2.54 लाख करोड़ रुपये की ऋण वृद्धि दर्ज की है। बैंक ऑफ महाराष्ट्र ने सोमवार को शेयर बाजार को बताया कि 30 सितंबर 2024 तक कुल अग्रिम 2.17 लाख करोड़ था। उसकी कुल जमा राशि 12.1% बढ़कर 3.09 लाख करोड़ हो गई, जबकि 2024-25 की दूसरी (जुलाई-सितंबर) तिमाही के अंत में यह 2.76 लाख करोड़ थी। बैंक का कुल कारोबार 14.2% बढ़कर 5.64 लाख करोड़ हो गया जो एक साल पहले 4.94 लाख करोड़ था।

### केनरा रोबेको एएमसी का आईपीओ नौ को

**नई दिल्ली।** केनरा रोबेको एसेट मैनेजमेंट कंपनी ने अपने आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) के लिए 253-266 रुपये प्रति शेयर का मूल्य दायरा तय किया है। इससे कंपनी का ऊपरी छोर पर मूल्यांकन 5,300 करोड़ आंका गया है। कंपनी ने सोमवार को बताया कि 1,326 करोड़ का आईपीओ नौ अक्टूबर को खुलेगा और 13 अक्टूबर को संपन्न होगा। बड़े (एंकर) निवेशक आठ अक्टूबर को बोली लगा पाएंगे। प्रवर्तक केनरा बैंक और ओरिक्स कॉर्पोरेशन यूरोप एनवी (पहले का नाम रोबेको ग्रुप एनवी) क्रमश: 2.59 करोड़ शेयर तथा 2.39 करोड़ शेयर बेचेंगे। यह 4.98 करोड़ शेयर की बिक्री पेशकश पर आधारित है जिसमें कोई नया निर्गम घटक नहीं है।

# खरीदारी से शेयर बाजार में आई तेजी

## आईटी एवं वित्तीय शेयरों में लिवाली से सेंसेक्स 583 अंक उछला, निफ्टी 25,000 के पार

**मुंबई, एजेंसी**

स्थानीय शेयर बाजारों में सोमवार को आईटी एवं वित्तीय शेयरों में खरीदारी आने से लगातार तीसरे दिन तेजी रही। मानक सूचकांक सेंसेक्स 583 अंक उछल गया जबकि निफ्टी ने 25,000 का स्तर पार कर लिया।

बीएसई का 30 शेयरों वाला सूचकांक सेंसेक्स 582.95 अंक बढ़त के साथ 81,790.12 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 639.25 अंक चढ़कर 81,846.42 अंक पर पहुंच गया था। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का 50 शेयरों वाला सूचकांक निफ्टी 183.40 अंक की बढ़त के साथ 25,077.65 अंक पर बंद हुआ। निवेशकों के निचले स्तर पर खरीदारी करने से निफ्टी तीन सत्रों में कुल 466 अंक यानी 1.89 प्रतिशत की बढ़त के साथ 25,000 के स्तर पर पहुंच गया।

सेंसेक्स के समूह में शामिल कंपनियों में से टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस), टेक महिंद्रा, एक्सिस बैंक, बजाज फाइनेंस, इटर्नल, इन्फोसिस, कोटक महिंद्रा बैंक और बजाज फिनसर्व के शेयरों में प्रमुख रूप से तेजी रही। दूसरी तरफ, टाटा स्टील, अदाणी पोर्ट्स, पावर ग्रिड और टाइटन के शेयरों में गिरावट का रुख रहा।

एशिया के अन्य बाजारों में जापान का निक्केई सूचकांक लगभग पांच प्रतिशत उछल गया, जबकि हांगकांग का हैंग सेंग सूचकांक गिरावट के साथ बंद हुआ। चीन और दक्षिण कोरिया के बाजार छुट्टियों के कारण बंद रहे। यूरोप के शेयर बाजार गिरावट के साथ कारोबार कर रहे थे। शुक्रवार को अमेरिकी बाजार मिले-जुले रुख के साथ बंद हुए थे। वैश्विक तेल मानक ब्रेंट क्रूड 1.78 प्रतिशत बढ़कर 65.68 डॉलर प्रति बैरल पर पहुंच गया। शेयर बाजार के आंकड़ों के मुताबिक, विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) ने शुक्रवार को 1,583.37 करोड़ रुपये मूल्य के शेयर बेचे।



- निचले स्तर पर खरीदारी से निफ्टी तीन सत्रों में 466 अंक चढ़ा
- कारोबारी सत्र के दौरान सेंसेक्स 639.25 अंक तक चढ़ा

### मिडकैप-स्मालकैप ने भी दर्ज की बढ़त

मझोली कंपनियों का बीएसई मिडकैप सूचकांक 0.68 प्रतिशत चढ़ गया जबकि छोटी कंपनियों के स्मालकैप सूचकांक में 0.20 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई। क्षेत्रवार सूचकांकों में बीएसई आईटी केंद्रित खंड में सर्वाधिक 2.21 प्रतिशत की तेजी रही जबकि आईटी खंड 1.96 प्रतिशत, प्रौद्योगिकी खंड 1.60 प्रतिशत और बैंकिंग खंड 1.10 प्रतिशत चढ़ गया। दूसरी तरफ जिंस, एफएमसीजी (दैनिक उपयोग का सामान बनाने वाली कंपनियों), दूरसंचार, उपयोगिता एवं धातु खंडों में गिरावट रही।

### वित्तीय सेवाओं और आईटी क्षेत्रों में तेजी से बाजार ने सकारात्मक रुख में किया कारोबारी

जियोजित इन्वेस्टमेंट्स लिमिटेड के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा कि दूसरी तिमाही के नतीजे आने से पहले, वित्तीय सेवाओं और आईटी क्षेत्रों में तेजी आने से घरेलू शेयर बाजार ने सकारात्मक रुख के साथ कारोबारी सत्र का समापन किया। बैंकिंग सूचकांक ने बड़े अनुसूचित बैंकों के मजबूत तिमाही विवरणों और आकर्षक मूल्यांकन से बेहतर प्रदर्शन किया। मेहता इक्विटीज लिमिटेड के वरिष्ठ उपाध्यक्ष (शोध) प्रशांत तापसे ने कहा कि बैंकों, आईटी एवं स्वास्थ्य देखभाल शेयरों में बढ़त आने से बाजार सकारात्मक दायरे में बना रहा। हालांकि व्यापक दायरे में तेजी नहीं थी और यह दर्शाता है कि कमजोर धारणा के साथ निवेशक अभी सतर्क बने हुए हैं।

## कुछ समय में ईवी की कीमत पेट्रोल वाहन के बराबर होगी : गडकरी

**नई दिल्ली।** केंद्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने सोमवार को कहा कि भारत में इलेक्ट्रिक वाहनों (ईवी) की कीमतें चार से छह महीनों में पेट्रोल से चलने वाले वाहनों के बराबर होने की उम्मीद है।



मंत्री ने कहा कि जीवाश्म ईंधन (कोयला, पेट्रोल) पर भारत की निर्भरता आर्थिक बोझ है, क्योंकि ईंधन आयात पर सालाना 22 लाख करोड़ रुपये खर्च होते हैं और यह पर्यावरण के लिए खतरा है। ऐसे में देश की प्रगति के लिए स्वच्छ ऊर्जा को अपनाना महत्वपूर्ण हो जाता है। गडकरी ने 20वें फिक्की उच्च शिक्षा शिखर सम्मेलन 2025 में कहा कि 4-6 महीनों में इलेक्ट्रिक वाहनों की कीमत पेट्रोल वाहनों के बराबर हो जाएगी। हमारा लक्ष्य पांच वर्षों के भीतर भारत के वाहन उद्योग को दुनिया में अव्वल बनाना है। गडकरी ने कहा कि जब मैंने परिवहन मंत्री का कार्यभार संभाला था, तब वाहन उद्योग का आकार 14 लाख करोड़ था। अब यह 22 लाख करोड़ रुपये है।

## भारत-अमेरिका के बीच जल्द व्यापार समझौते की उम्मीद

**नई दिल्ली, एजेंसी**

नीति आयोग के सीईओ बीवीआर सुब्रह्मण्यम ने सोमवार को भरोसा जताया कि भारत और अमेरिका के बीच जल्द ही एक व्यापार समझौता हो जाएगा। उन्होंने कहा कि दोनों देश पारस्परिक रूप से लाभकारी द्विपक्षीय व्यापार समझौते के लिए प्रतिबद्ध हैं।

सुब्रह्मण्यम ने कहा कि भारत को शुल्क और गैर-शुल्क बाधाओं को कम करना चाहिए और विनिर्माण क्षेत्र में प्रतिस्पर्धी क्षमता बढ़ाने के लिए अपने बाजारों को खोलना चाहिए। उन्होंने तिमाही आधार पर व्यापार विश्लेषण रिपोर्ट ट्रेड वॉच क्वार्टरली जारी करते हुए कहा कि अच्छी बात ये है कि दोनों पक्ष अभी भी एक व्यापार समझौते के लिए प्रतिबद्ध हैं। पिछले महीने बातचीत हुई थी, इसलिए मुझे लगता है कि दोनों पक्षों को उम्मीद है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने अगस्त में भारतीय वस्तुओं पर शुल्क को दोगुना करके 50 प्रतिशत कर दिया था। इसमें भारत के रूस से कच्चे तेल खरीदने के कारण लगाया गया 25 प्रतिशत का दंडात्मक शुल्क शामिल है। इसके बाद नई दिल्ली और वाशिंगटन के बीच संबंधों में तनाव आ गया। भारत ने अमेरिकी कार्रवाई को अनुचित बताया था।

सुब्रह्मण्यम ने कहा कि अमेरिकी शुल्क का क्रिसमस तक कोई विशेष प्रभाव नहीं होगा, हालांकि अगर दोनों देश व्यापार समझौते पर सहमत नहीं होते हैं, तो उसके बाद एक समस्या देखने को मिलेगी। उन्होंने कहा कि हम नुकसान में हैं...। 50 प्रतिशत शुल्क से कीमत बहुत बढ़ जाती है... इससे कोई बच नहीं सकता। लोगों को उम्मीद है कि अगर नवंबर तक व्यापार समझौता हो जाता है, तो कोई व्यवधान नहीं होगा। सुब्रह्मण्यम ने कहा कि भारत का व्यापार घाटा प्रबंधनीय है, लेकिन असंतुलित है।



- नीति आयोग के सीईओ ने कहा- दोनों देश द्विपक्षीय व्यापार समझौते के लिए प्रतिबद्ध

## भारत की ऊर्जा मांग 2050 तक होगी अधिक

**नई दिल्ली, एजेंसी**

ब्रिटिश तेल कंपनी बीपी ने सोमवार को कहा कि तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था के दम पर भारत की तेल एवं ऊर्जा मांग 2050 तक अन्य देशों से अधिक बढ़ेगी और यह वैश्विक ऊर्जा बाजार का 12% से अधिक हिस्सा बन जाएगा।

बीपी के मुख्य अर्थशास्त्री स्पेंसर डेल ने बीपी की ऊर्जा परिदृश्य 2025 रिपोर्ट पेश करते हुए कहा कि भारत इस समय दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा तेल और चौथा सबसे बड़ा एलएनजी आयातक है। भारत की तेल मांग 54 लाख बैरल प्रतिदिन के मौजूदा स्तर से बढ़कर 2050 तक 91 लाख बैरल प्रतिदिन हो जाएगी। इस दौरान प्राकृतिक गैस की खपत भी दोगुनी होकर 63 अरब घन मीटर से बढ़कर 153 अरब घन मीटर हो जाएगी। यदि भारत की आर्थिक वृद्धि दर 2023 से 2050 तक औसतन 5% प्रति वर्ष रहती है तो देश की प्राथमिक ऊर्जा खपत में भी मजबूती आएगी। 2023 में वैश्विक मांग का 7% हिस्सा रखने वाले भारत की 2050 तक 12% हिस्सेदारी के साथ विश्व ऊर्जा बाजार में महत्वपूर्ण भूमिका होगी। रिपोर्ट में दो परिदृश्य पेश किए गए हैं। पहला मौजूदा वृद्धि-पथ पर आधारित है जबकि दूसरा वैश्विक तापमान में दो डिग्री सेल्सियस की कमी लाने से संबंधित है। पहले में भारत में कोयले का हिस्सा 2050 तक 40% से ऊपर रहेगा, जबकि दूसरे में यह घटकर 16% रह जाएगा। प्राकृतिक गैस की खपत दोनों ही परिदृश्यों में 1-3% की सालाना दर से बढ़ती रहेगी। डेल ने कहा कि सौर एवं पवन ऊर्जा जैसे नवीकरणीय संसाधनों का हिस्सा बढ़ेगा, लेकिन जीवाश्म ईंधन की मांग भी बनी रहेगी।



## देश के सेवा क्षेत्र की वृद्धि दर मासिक आधार पर घटी

**नई दिल्ली, एजेंसी**

देश के सेवा क्षेत्र की वृद्धि दर नए ऑर्डर एवं गतिविधियों की धीमी गति के कारण सितंबर में अगस्त के उच्च स्तर से नीचे आ गई। सोमवार को जारी एक मासिक सर्वेक्षण में यह जानकारी दी गई।

मौसमी रूप से समायोजित एचएसबीसी इंडिया सेवा पीएमआई कारोबारी गतिविधि सूचकांक सितंबर में 60.9 पर आ गया जो अगस्त में 15 साल के उच्च स्तर 62.9 पर था। इस नरमी के बावजूद सितंबर माह का सेवा पीएमआई सूचकांक 50.0 के तटस्थ स्तर से काफी ऊपर रहा जो उत्पादन में एक और महत्वपूर्ण वृद्धि का संकेत देता है। क्रय प्रबंधक सूचकांक (पीएमआई) की भाषा में 50 से ऊपर अंक का मतलब गतिविधियों में विस्तार से और 50 से कम का आशय संकुचन से होता है।

एचएसबीसी के भारत के मुख्य अर्थशास्त्री प्रांजुल भंडारी ने कहा कि देश के सेवा क्षेत्र में व्यावसायिक गतिविधियां अगस्त के हालिया उच्च स्तर से सितंबर में कम हुईं। मंदी का एक कारण भारतीय सेवाओं की अंतर्राष्ट्रीय मांग में नरमी भी है। सितंबर में बाहरी बिक्री में फिर भी वृद्धि हुई लेकिन मार्च के बाद से यह सबसे कम रही।



- नए ऑर्डर एवं गतिविधियों की धीमी गति के कारण सितंबर में आई गिरावट

### निजी क्षेत्र में मजबूत वृद्धि

सितंबर के दौरान रोजगार सृजन धीमा रहा। इसमें मामूली वृद्धि हुई क्योंकि निगरानी में रखी गई कंपनियों में से पांच प्रतिशत से भी कम ने नियुक्ति में वृद्धि दर्ज की। इस बीच, भारत के निजी क्षेत्र में मजबूत वृद्धि जारी रही लेकिन सितंबर के दौरान नए ऑर्डर, अंतर्राष्ट्रीय बिक्री, व्यावसायिक गतिविधि और रोजगार में धीमी वृद्धि हुई। इस बीच, एचएसबीसी इंडिया कम्पोजिट आउटपुट सूचकांक सितंबर में 61.0 पर पहुंचा जो अगस्त में 63.2 रहा था। यह जून के बाद से विस्तार की सबसे कमजोर दर को दर्शाता है। समग्र पीएमआई सूचकांक तुलनीय विनिर्माण व सेवा पीएमआई सूचकांकों का भारित औसत है। ये भार आधिकारिक सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) आंकड़ों के अनुसार विनिर्माण एवं सेवा क्षेत्रों के सापेक्ष आकार को दर्शाते हैं।



# वांगचुक की हिरासत पर केंद्र-लद्दाख को सुप्रीम नोटिस

## उच्चतम न्यायालय ने सोनम की पत्नी की याचिका पर की सुनवाई, जलवायु कार्यकर्ता रासुका के तहत जेल में

**नई दिल्ली, एजेंसी**

उच्चतम न्यायालय ने जलवायु कार्यकर्ता सोनम वांगचुक को राष्ट्रीय सुरक्षा कानून (रासुका) के तहत हिरासत में लिए जाने को चुनौती देने वाली उनकी पत्नी गीतांजलि जे. अंगमो की याचिका पर केंद्र और लद्दाख से जवाब मांगा है। याचिका में वांगचुक की तत्काल रिहाई का अनुरोध किया गया है। न्यायमूर्ति अरविंद कुमार और एन. वी. अंजारिया की पीठ ने वांगचुक को हिरासत में लिए जाने के कारणों के बारे में उनकी पत्नी को जानकारी उपलब्ध कराने के संबंध में आदेश देने से इन्कार कर दिया और मामले की सुनवाई 14 अक्टूबर तक स्थगित कर दी।

पीठ ने कहा कि फिलहाल कुछ कदम उठाए गए हैं। वांगचुक को 26 सितंबर को रासुका के तहत हिरासत में लिया गया था। इससे दो दिन पहले लद्दाख को राज्य का दर्जा देने एवं इसे छठी अनुसूची में शामिल करने की मांग को लेकर हुए प्रदर्शनों में इस केंद्र शासित प्रदेश में चार लोगों की मौत हो गई थी और 90 लोग घायल हुए थे। वांगचुक राजस्थान की जोधपुर जेल में बंद हैं।

वांगचुक की पत्नी के अधिवक्ता कपिल सिब्बल ने उच्चतम न्यायालय से अनुरोध किया कि हिरासत में लिए जाने का कारण अंगमो को बताए जाने चाहिए। सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने दलील दी कि जिन कारणों से हिरासत में लिया गया है, उसके बारे में वांगचुक को सूचित कर दिया गया है। पत्नी को हिरासत के कारण बताए जाने की कोई कानूनी आवश्यकता नहीं है। सिब्बल ने हिरासत का कारण बताने के लिए अंतरिम आदेश देने पर जोर देते हुए कहा कि बिना एक प्रति के हिरासत आदेश को चुनौती नहीं दी जा सकती। इस पर न्यायमूर्ति कुमार ने कहा कि इस समय हम कुछ नहीं कहेंगे। हालांकि, पीठ ने सॉलिसिटर जनरल की इस दलील पर गौर किया कि वह हिरासत के आधार की जानकारी देने की व्यवहार्यता की पड़ताल करेंगे।



### परिसंपत्तियों की सूची के लिए पोर्टल पर होगी सुनवाई

उच्चतम न्यायालय ने सोमवार को भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) और अन्य से उस याचिका पर जवाब मांगा, जिसमें कई संस्थाओं में मौजूद सभी वित्तीय परिसंपत्तियों की व्यापक सूची तक पहुंच के लिए केंद्रीकृत पोर्टल स्थापित करने के निर्देश देने का अनुरोध किया गया है, भले ही वे सक्रिय हों या निष्क्रिय। न्यायमूर्ति विक्रम नाथ और संदीप मेहता की पीठ ने याचिका पर सुनवाई के लिए सहमति व्यक्त की और आरबीआई, भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सेबी), केंद्र एवं अन्य को नोटिस जारी कर जवाब तलब किया। न्यायालय ने मामले की सुनवाई के लिए चार हफ्ते बाद की तारीख तय की। याचिकाकर्ता के वकील ने अदालत को अवगत कराया कि यह मामला छोटे निवेशकों या जमाकर्ताओं से संबंधित है।

### विजयन के खिलाफ जांच का अनुरोध खारिज

उच्चतम न्यायालय ने सोमवार को कांग्रेस विधायक मैथ्यू कुझालनादन की उस याचिका को खारिज कर दिया, जिसमें उन्होंने कोचीन मिनरल्स एंड रूटाइल लिमिटेड (सीएमआरएल) से जुड़े वित्तीय लेन-देन के संबंध में केरल के मुख्यमंत्री पिनराई विजयन और उनकी बेटी वीना के खिलाफ जांच का निर्देश देने का अनुरोध किया था। न्यायालय ने कहा कि राजनीतिक लड़ाई मतदाताओं के बीच लड़ी जानी चाहिए। केरल हाईकोर्ट ने 28 मार्च को कुझालनादन की उस याचिका को खारिज किया, जिसमें विजयन की बेटी की बंद हो चुकी आईटी फर्म और निजी खनन कंपनी सीएमआरएल के बीच लेनदेन को लेकर मुख्यमंत्री के खिलाफ जांच का अनुरोध किया था।

## बंगाल में भूस्खलन-बाढ़ से मरने वालों की संख्या हुई 28, बचाव कार्य जारी

- कई लोग अब भी लापता, सैंकड़ों पर्यटकों के पहाड़ी इलाकों में फंसे होने की आशंका

**दार्जिलिंग/सिलीगुड़ी/कोलकाता, एजेंसी**

पश्चिम बंगाल के दार्जिलिंग जिले में हुए भूस्खलन में मरने वालों की संख्या बढ़कर 28 हो गई है। आपदा प्रबंधन कर्मियों ने सोमवार को भी बचाव अभियान जारी रखा क्योंकि कई लोग अब भी लापता हैं और सैंकड़ों पर्यटक पहाड़ी इलाकों में फंसे हुए हैं।

उत्तर बंगाल विकास मंत्री उदयन गुहा ने कहा कि मृतकों की संख्या बढ़ने की आशंका है। स्थिति अत्यंत चुनौतीपूर्ण है। अब तक 28 लोगों की मौत हो चुकी है। रात भर में कुछ और शव निकाले गए हैं। ये मौतें दार्जिलिंग और जलपाईगुड़ी दोनों जिलों में हुई हैं। लगातार हो रही बारिश से बचाव अभियान में बाधा आ रही है।

सिलीगुड़ी रवाना होने से पहले मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने बाढ़ और उससे हुई तबाही को मानव निर्मित करार दिया। उन्होंने जान गंवाने वालों के परिजनों के लिए पांच-पांच लाख रुपये के मुआवजे की घोषणा की। उन्होंने पीड़ित परिवारों के एक सदस्य को होम गार्ड की नौकरी देने की भी घोषणा की। इस क्षेत्र में शनिवार रात और रविवार तड़के 12 घंटे से अधिक समय में 300 मिमी से अधिक बारिश हुई। सबसे अधिक प्रभावित क्षेत्रों में दार्जिलिंग के मिरिक, सुखियापोखरी और जोरेबंगलो तथा जलपाईगुड़ी जिले के नागराकाटा शामिल हैं। एनडीआरएफ के नेतृत्व में बचाव अभियान जारी है व मलबे में फंसे लोगों का पता लगाने को भारी मशीनों का इस्तेमाल किया जा रहा है।



भूस्खलन के कारण आपदा प्रभावित क्षेत्र में क्षतिग्रस्त मकान।

## कटक हिंसाः आठ लोग गिरफ्तार, बंद जारी

**कटक।** ओडिशा के कटक शहर में हुई हिंसा में सोमवार को आठ लोगों को गिरफ्तार किया गया। कटक में निषेधाज्ञा लागू है और सुरक्षा व्यवस्था के बीच 12 घंटे का बंद जारी है।

पुलिस आयुक्त एस. देव दत्त सिंह ने बताया कि रविवार को विहिप कार्यकर्ताओं द्वारा पुलिस पर किए हमले के तीन मामले दर्ज हुए हैं और आठ लोगों को गिरफ्तार किया गया है। स्थिति नियंत्रण में है। वरिष्ठ पुलिस अधिकारी अमरेंद पांडा और कटक के डीसीपी केआर दिनयानदेव सहित 25 लोग इस हमले में घायल हुए हैं। पांडा को श्रीराम चंद्र भंज (एससीबी) मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल के आईसीयू (गहन चिकित्सा इकाई) में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने कहा कि सीसीटीवी फुटेज के जरिए कुछ शरारती तत्वों की पहचान होने के बाद कटक के विभिन्न हिस्सों में छापेमारी की जा रही है।

## बंगाल में सांसद मुर्मू व विधायक घोष भीड़ के हमले से घायल

**कोलकाता, एजेंसी**

पश्चिम बंगाल के भाजपा सांसद खगेन मुर्मू और विधायक शंकर घोष राज्य के उत्तरी भाग में बाढ़ और भूस्खलन प्रभावित दुआर क्षेत्र के दौरे के दौरान भीड़ के हमले से घायल हो गए। इस घटना से एक नया राजनीतिक तूफान खड़ा हो गया है।

जलपाईगुड़ी जिले के नागराकाटा इलाके में हुए संघर्ष के बाद भाजपा ने टीएमसी पर क्षेत्र में असंतोष को दबाने के लिए हमले की साजिश रचने का आरोप लगाया और इस घटना को टीएमसी के जंगल राज का उदाहरण बताया। टीएमसी ने कहा कि व्यापक पीड़ा के बीच भाजपा नेताओं के फोटो खिंचवाने से लोगों के गुस्से से यह घटना हुई। मुर्मू व घोष भाजपा नेताओं की उस टीम का हिस्सा थे जो आपदा प्रभावित दुआर क्षेत्र में स्थिति का आकलन करने गए थे। टेलीविजन पर प्रसारित वीडियो अनुसार बाढ़ प्रभावित लोगों के बातचीत से पहले ही भीड़ ने भाजपा नेताओं को घेर लिया और दीदी, दीदी के नारे लगाने लगी। इसके बाद नागराकाटा शहर से 10 किमी दूर बामनडांगा के पास उनके काफिले पर पथराव किया गया।



घायल भाजपा सांसद खगेन मुर्मू।

- बाढ़ और भूस्खलन प्रभावित क्षेत्र का दौरा करने गए थे दोनों प्रतिनिधि

## कर्नाटक एमयूडीए मामले में 40 करोड़ की संपत्तियां कुर्क

**नई दिल्ली।** ईडी ने सोमवार को कहा कि उसने कर्नाटक एमयूडीए से जुड़ी धन शोधन जांच में 40 करोड़ की संपत्तियां कुर्क की हैं। ईडी ने बताया कि धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) के तहत चार अक्टूबर को 34 अचल संपत्तियों को कुर्क करने का अनंतिम आदेश जारी हुआ था, जिसमें एमयूडीए (मैसूर शहरी विकास प्राधिकरण) के कुछ भूखंड भी शामिल हैं।

संघीय जांच एजेंसी ने बताया कि इन संपत्तियों का बाजार मूल्य 40.08 करोड़ है। धन शोधन का यह मामला कर्नाटक लोकायुक्त पुलिस की प्राथमिकी से जुड़ा है। ईडी ने पहले भी संपत्ति कुर्क करने के आदेश दिए थे और इस नई कार्रवाई के साथ ही जांच के तहत 400 करोड़ रुपये की संपत्ति कुर्क की जा चुकी है।

# नकली दवाओं की बिक्री पर लगाए रोक : एनएचआरसी

### कफ सिरप से मौत

- मध्य प्रदेश, राजस्थान और उत्तर प्रदेश सरकार सहित डीसीजीआई को भेजा नोटिस

**नई दिल्ली, एजेंसी**

राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग (एनएचआरसी) ने मध्य प्रदेश, राजस्थान और उत्तर प्रदेश सरकारों को नोटिस जारी कर उन्हें दूषित कफ सिरप से बच्चों की मौत की जांच और नकली दवाओं की बिक्री पर रोक लगाने का निर्देश दिया है। एनएचआरसी ने भारतीय औषधि महानियंत्रक (डीसीजीआई), केंद्रीय औषधि मानक नियंत्रण संगठन (सीडीएससीओ), स्वास्थ्य सेवा महानिदेशालय (डीजीएचएस) और केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय को नकली दवाओं की आपूर्ति की जांच और राज्यों में सभी क्षेत्रीय प्रयोगशालाओं को नकली दवाओं के नमूने एकत्र करने और परीक्षण रिपोर्ट पेश करने का निर्देश देने को भी कहा है।

आयोग ने नोटिस में कहा कि प्राधिकारियों को ये निर्देश दिया गया है कि वह संबंधित राज्यों के सभी मुख्य औषधि नियंत्रकों को नकली दवाओं पर तुरंत रोक लगाने की प्रक्रिया शुरू करने और रिपोर्ट प्रस्तुत करने का आदेश दें। आयोग ने कहा कि उसे मध्य प्रदेश (छिंदवाड़ा और विदिशा) और राजस्थान के कुछ जिलों में कफ सिरप पीने से 12 बच्चों की मौत के मामलों में हस्तक्षेप वाली शिकायत मिली है।

### मप्र में औषधि नियंत्रक का तबादला, तीन अन्य अधिकारी निलंबित

**भोपाल।** मध्यप्रदेश सरकार ने छिंदवाड़ा में संदिग्ध रूप से गुर्दों के खराब होने से 14 बच्चों की मौत के मामले में सोमवार को दो औषधि निरीक्षकों, खाद्य एवं औषधि प्रशासन के उपनिदेशक को निलंबित कर दिया। अधिकारियों ने बताया कि बच्चों की मौत एक 'विषाक्त' कफ सिरप के सेवन से हुई थी। मुख्यमंत्री मोहन यादव ने उच्च-स्तरीय बैठक की अध्यक्षता करने के बाद राज्य के औषधि नियंत्रक दिनेश मौर्य का भी तबादला कर दिया। निलंबित औषधि निरीक्षकों में गौरव शर्मा और शरद जैन है, जो क्रमश: छिंदवाड़ा और जबलपुर में तैनात हैं। अधिकारी ने बताया कि निलंबित उपनिदेशक शोभित कोस्टा है।

### केरल में 12 साल से कम उम्र के बच्चों को दुकान से नहीं मिलेगी दवा

**तिरुवनंतपुरम।** केरल स्वास्थ्य विभाग ने सोमवार को आदेश दिया कि 12 साल से कम उम्र के बच्चों को डॉक्टर के पर्चे के बिना कोई दवा नहीं दी जानी चाहिए। यह कदम कुछ कफ सिरप संबंधी चिंताओं के मद्देनजर उठाया गया है। स्वास्थ्य मंत्री वीना जॉर्ज ने उच्चस्तरीय बैठक के बाद कहा कि राज्य सरकार ने बच्चों में खांसी की दवाओं के इस्तेमाल का अध्ययन करने के लिए तीन-सदस्यीय विशेषज्ञ समिति गठित की है और उसे तत्काल रिपोर्ट प्रस्तुत करने को कहा है। मंत्री ने कहा कि इस समिति में राज्य औषधि नियंत्रक, बाल स्वास्थ्य नोडल अधिकारी और इंडियन एकेडमी ऑफ पीड्रियाट्रिक्स के राज्य अध्यक्ष शामिल हैं। इसके निष्कर्ष बच्चों को कफ सिरप पिलाने को लेकर नए दिशानिर्देश तैयार करने में मदद करेंगे। उन्होंने कहा कि इस संबंध में औषधि नियंत्रक को निर्देश जारी कर दिए गए हैं और जागरूकता प्रयासों को भी मजबूत किया जाएगा।

## वर्ल्ड ब्रीफ

### ब्रिटेन की मशहूर लेखक जिली कूपर का निधन



**लंदन।** 'राइवल्स' और 'राइडर्स' जैसे चर्चित उपन्यासों की ब्रिटिश लेखिका जिली कूपर का 88 साल की उम्र में निधन हो गया। उनकी एजेंट ने सोमवार को यह जानकारी दी। उनके परिवार की ओर से जारी बयान में कहा गया है कि लेखिका का अचानक दुनिया से जाना परिवार के लिए बड़ा सदमा है। उनकी एजेंट फेलिसिटी ब्लंट ने कहा, मेरे करियर का सौभाग्य रहा है कि मैंने एक ऐसी महिला के साथ काम किया जिन्होंने पचास साल पहले अपनी पहली रचना के प्रकाशन के बाद से ही संस्कृति, लेखन और संवाद को परिभाषित किया। उन्होंने कहा, जिली को निस्संदेह उनकी शानदार शृंखला 'द रटशायर क्रॉनिकल्स' और उसके बहादुर एवं आकर्षक नायक रूपर्ट कैंपबेल-ब्लैक के लिए सबसे अधिक याद किया जाएगा। कूपर के कई प्रशंसकों में ब्रिटेन के पूर्व प्रधानमंत्री ऋषि सुनक भी शामिल हैं।

### बर्फीले तूफान से एक की मौत, 137 बचाए

**बीजिंग।** माउंट एवरेस्ट के तिब्बती ढलानों पर बर्फीले तूफान के कारण एक पर्वतारोही की मौत हो गई और फंसे हुए 137 पर्वतारोहियों को बचा लिया गया। अधिकारियों ने कहा कि लापता पर्वतारोहियों की तलाश जारी है। समाचार एजेंसी 'शिन्हुआ' की खबर में स्थानीय अधिकारियों के हवाले से कहा गया कि 'हाइपोथरमिया' और अत्यधिक ऊंचाई पर पहुंचने से जुड़ीं समस्याओं के कारण 41 वर्षीय पर्वतारोही की मौत हो गई। खबर में कहा गया कि उत्तर पश्चिमी किंगाई प्रांत में लगातार बर्फबारी होने के कारण फंसे 137 पर्वतारोहियों को अब तक सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया गया है तथा उनकी हालत स्थिर है।

### स्कूल के मलबे से मिले कई और छात्रों के शव

**सिदोअर्जो।** इंडोनेशिया में पिछले हफ्ते एक इस्लामिक बोर्डिंग स्कूल के प्रार्थना कक्ष के ढहने के बाद लापता छात्रों की तलाश कर रहे बचावकर्मियों ने सप्ताहांत में कई छात्रों के शव बरामद किए, जिससे मृतकों की संख्या बढ़कर 49 हो गई है। स्कूल ढहने की इस घटना में अब भी 14 छात्रों के लापता होने का अंदेशा है। बचाव दल लापता छात्रों को खोजने के प्रयास में मशीनों और उपकरणों की मदद से अब तक कई टन मलबा हटा चुके हैं। बचावकर्मियों को सप्ताहांत में ही 35 शव मिले। इंडोनेशिया के जावा द्वीप के पूर्वी हिस्से में सिदोअर्जो स्थित एक सदी पुराने 'अल खोजिनी इस्लामिक बोर्डिंग स्कूल' की इमारत 29 सितंबर को ढह गई थी।

# ट्रंप के ओरेगन में सेना भेजने के आदेश पर अदालत की रोक

वाशिंगटन, एजेंसी

- **कैलिफोर्निया ने भी राज्य में सेना की तैनाती के फैसले को दी चुनौती**

अमेरिका के एक संघीय न्यायाधीश ने राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के प्रशासन को ओरेगन में नेशनल गार्ड की तैनाती से रविवार को अस्थाई रूप से रोक दिया, जिसमें कैलिफोर्निया नेशनल गार्ड तैनाती भी शामिल है।

राष्ट्रपति ट्रंप ने कैलिफोर्निया से सैनिकों को ओरेगन भेज दिया था, जिसके बाद कैलिफोर्निया और ओरेगन ने अदालत से रोक लगाने का आदेश जारी करने का अनुरोध किया था। शनिवार को इसी न्यायाधीश ने ओरेगन नेशनल गार्ड को पोर्टलैंड भेजने पर भी रोक लगाई थी। अमेरिकी रक्षा विभाग पेंटागन के एक प्रवक्ता के अनुसार, पहले लॉस एंजिलिस में तैनात कैलिफोर्निया गार्ड के लगभग 200 सदस्यों को पोर्टलैंड भेजा जा रहा था। ओरेगन और कैलिफोर्निया ने अब अदालत से सभी राज्यों की नेशनल गार्ड तैनाती पर रोक लगाने की मांग की है।

ओरेगन के अटॉर्नी जनरल डैन रेफील्ड ने कहा, जो कल अवैध था, वह आज भी अवैध है। कैलिफोर्निया के गवर्नर गेविन न्यूजोम ने इस कदम को कानून और शक्ति का दुरुपयोग बताया और कहा कि राष्ट्रपति सेना को राजनीतिक हथियार की तरह इस्तेमाल कर रहे हैं। कैलिफोर्निया ने भी इस फैसले को चुनौती देने के लिए ओरेगन के साथ मुकदमा दायर किया है।

## ऐसे अमेरिकी राष्ट्रपति जिनके सर्वाधिक फैसलों पर लगी रोक

# ट्रंप बनाम अदालतें

दुनिया भर में पिछले एक दशक में यह संघर्ष काफी तेज होने के साथ खुलकर सामने आया है। अदालतें एक ओर जहां लोकतंत्र की रक्षा की आखिरी दीवार बन गई हैं, वहीं कई देशों की सरकारें न्यायपालिका की स्वतंत्रता को सीमित करने की कोशिश कर रही हैं। अदालतें अब केवल न्याय नहीं दे रहीं बल्कि वे लोकतांत्रिक संतुलन की भी रखवाली कर रही हैं। जहां भी सरकारें पूर्ण नियंत्रण चाहती हैं, वहां अदालतें ही उनके आगे एकमात्र अवरोध बन रही हैं। दुनिया के सबसे ताकतवर देश अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड सबसे बड़ा उदाहरण हैं जिनके सर्वाधिक फैसलों पर अमेरिकी इतिहास में अदालतों ने रोक लगाई है या गलत ठहराया है। आंकड़े बताते हैं कि उनके कार्यकाल में कानूनी चुनौतियों की संख्या और अदालतों में हार का प्रतिशत दोनों ऐतिहासिक रूप से सबसे ज्यादा हैं।

### ट्रंप की हार

2017 से 2021 के बीच संघीय अदालतों ने ट्रंप प्रशासन के 200 से ज्यादा कार्यकारी आदेशों, नीतियों को चुनौती दी, जिनमें लगभग 80% मामलों में अदालतों ने उनके खिलाफ फैसला दिया।

### दूसरे राष्ट्रपति

- ओबामा प्रशासन को इसी अवधि में लगभग 30% मामलों में हार।
- जॉर्ज बुश प्रशासन को 25% मामलों में हार का सामना करना पड़ा।



### प्रमुख फैसले जिन पर रोक लगी

- वर्ष 2017 में मुस्लिम देशों पर ट्रैवल बैन ट्रंप का पहला बड़ा फैसला था जिसे अदालतों ने इसे संविधान के धार्मिक भेदभाव विरोधी सिद्धांत के खिलाफ बताते हुए कई बार खारिज किया। संशोधित संस्करण को 2018 में सुप्रीम कोर्ट ने मंजूरी दी।
- डिफर्ड एक्शन फॉर चाइल्डहुड अराइवल्स प्रोग्राम खत्म करने की कोशिश नाकाम, सुप्रीम कोर्ट ने भी 2020 में इस फैसले को रद्द कर दिया। यह नीति उन अप्रवासियों को सुरक्षा देती है जो बचपन में अमेरिका आए थे, और ड्रीमर्स कहलाते हैं
- ट्रंप ने कई पर्यावरणीय सुरक्षा नियम हटाए, अदालतों ने कई बार रोक लगाई या अवैध घोषित किया। पब्लिक चार्ज इमिग्रेशन नियम को अदालतों ने इसे गरीब प्रवासियों के प्रति भेदभावपूर्ण बताते हुए रोक दिया। टिकटॉक और वीचैट पर बैन के आदेश पर भी अदालतों ने रोक लगाई।

### क्यों बार-बार हारे ट्रंप

- कई फैसले जल्दबाजी में जारी किए, कानूनी प्रक्रिया का पालन नहीं हुआ।
- ज्यादातर फैसलों में वैज्ञानिक या संस्थागत परामर्श को नजरंदाज किया।
- कार्यपालिका शक्ति बढ़ाने पर जोर, न्यायपालिका के साथ टकराव बढ़ा।

### लोकतांत्रिक देशों का वैश्विक परिदृश्य

- अमेरिका में अदालतों ने ट्रंप और बाइडन दोनों के आदेशों पर बार-बार रोक लगाई। इससे बौखलाए अमेरिकी राष्ट्रपति ने न्यायाधीशों को राजनीतिक कहा और सुप्रीम कोर्ट को पूर्वाग्रह ग्रसित तक कहा।
- भारत में सुप्रीम कोर्ट ने कुछ मामलों में सरकार का पक्ष माना, मगर इसके साथ आलोचना भी झेली कि उसने कार्यकारी शक्ति का अतिक्रमण नहीं रोका। न्यायपालिका की स्वतंत्रता पर बहस जारी है।
- इजराइल में 2023 में नेतन्याहू सरकार ने ज्यूडिशियल रिफॉर्म लाने की कोशिश की, जिससे सुप्रीम कोर्ट की शक्तियां घट जातीं। भारी विरोध और देशव्यापी आंदोलन के बाद सरकार को पीछे हटना पड़ा।
- पोलैंड और हंगरी की सरकारों ने सुप्रीम कोर्ट और संवैधानिक अदालतों पर नियुक्ति का नियंत्रण बढ़ाया। यूरोपीय संघ की ओर से इस पर लोकतंत्र को कमजोर करने का आरोप लगाया गया।
- ब्राजील में सुप्रीम कोर्ट ने बोल्सोनारो की चुनावी साजिशों और फेक न्यूज पर सख्ती दिखाई। बोल्सोनारो की ओर से इसके जवाब में न्यायाधीशों पर राजनीतिक षड्यंत्र के आरोप लगाए गए।
- पाकिस्तान में सुप्रीम कोर्ट और सरकार के बीच लगातार टकराव, तुर्किए में एर्दोआन ने न्यायपालिका पर कड़ा नियंत्रण स्थापित किया। राष्ट्र सुरक्षा के नाम पर हजारों जजों को बर्खास्त कर दिया।

# अमेरिका: यूएस हाउस पर कब्जे की लड़ाई शुरू

## कैलिफोर्निया में नए नक्शों पर मतदान जारी, ट्रंप के भविष्य पर भी असर डालेंगे चुनाव के नतीजे

लॉस एंजिलिस, एजेंसी

मध्यावधि चुनाव में भले ही अभी एक साल बाकी हो लेकिन अमेरिकी प्रतिनिधि सभा (यूएस हाउस) पर नियंत्रण की लड़ाई कैलिफोर्निया में शुरू हो चुकी है। कांग्रेस के जिलों को बदलने के एक प्रस्ताव पर पूरे कैलिफोर्निया राज्य में सोमवार को मतदान शुरू हो गया है। इस बदलाव से डेमोक्रेटों को पांच और सीटें मिल सकती हैं, जो 2026 के चुनाव में रिपब्लिकनों को फायदा पहुंचाने की ट्रंप की कोशिशों का सफल जवाब हो सकता है।

इस 70-शब्दों के 'हां' या 'नहीं' वाले प्रश्नों का नतीजा तय करेगा कि विभाजित प्रतिनिधि सभा पर कौन सी पार्टी नियंत्रण करेगी। साथ ही यह भी निर्धारित होगा कि क्या डेमोक्रेट आप्रवासन से लेकर प्रजनन अधिकारों जैसे मुद्दों पर ट्रंप के कार्यकाल के दूसरे भाग में उनकी शक्ति को कमजोर कर पाएंगे या नहीं। डेमोक्रेटिक सलाहकार रोजर सालाजार ने कहा कि यह प्रस्ताव 2026 की दौड़ के लिए एक शुरुआती बिंदु है। उन्होंने कहा, सब कुछ 2026 के चुनाव पर निर्भर करता है। कैलिफोर्निया के इस मतदान उपाय का राष्ट्रीय महत्व साफ दिखाई देता है। यह महत्व इस बात से पता चलता है कि इसने कितना पैसा आकर्षित किया है और इसमें कौन-कौन सी हस्तियां शामिल हो रही हैं।



### ओबामा और अर्नाल्ड श्वार्जनेगर जैसे दिग्गजों ने संभाली कमान, चुनाव में झोंके गए करोड़ों डॉलर

इस चुनावी दौड़ में करोड़ों डॉलर झोंके जा रहे हैं, जिसमें हाउस स्पीकर माइक जॉनसन से जुड़े सुपर पीएसी, कांग्रेसनल लीडरशिप फंड की ओर से विरोधियों को दिया गया 50 लाख अमेरिकी डॉलर का चंदा भी शामिल है। पूर्व एक्शन फिल्म अभिनेता और रिपब्लिकन गवर्नर अर्नाल्ड श्वार्जनेगर ने इस प्रस्ताव का विरोध किया है। वहीं पूर्व राष्ट्रपति बराक ओबामा इसके समर्थन में हैं। ओबामा ने इसे प्रतिनिधि सभा पर नियंत्रण सुरक्षित रखने के उद्देश्य से रिपब्लिकनों की पैंतरेबाजी का मुकाबला करने का स्मार्ट तरीका बताया है। ये चुनाव चार नवंबर को समाप्त होगा और 2028 के राष्ट्रपति चुनाव को भी प्रभावित करेगा। नए और बदले हुए जिलों के अभियान का मुख्य चेहरा माने जाने वाले डेमोक्रेटिक गवर्नर गैविन न्यूजोम को इस चुनाव में व्यापक रूप से संभावित दावेदार के रूप में देखा जा रहा है।

### ट्रंप की शक्ति को कम करने के लिए डेमोक्रेट्स का चुनावी दांव

यह असामान्य विशेष चुनाव डेमोक्रेटों का एक दांव है। इसका उद्देश्य टेक्सास में पांच रिपब्लिकन जिले हासिल करने के ट्रंप के प्रयास को कमजोर करना है। देश के दो सबसे अधिक आबादी वाले राज्यों के बीच यह मुकाबला पूरे राष्ट्र में फैल गया है। मिसौरी राज्य भी अपने प्रतिनिधि सभा के मानचित्रों को फिर से बना रहा है। जल्द ही अन्य राज्य भी इसका अनुसरण कर सकते हैं। यह विवाद अब अदालतों के दांवपेंच में भी उलझ गया है। इस बीच टेक्सास में संघीय न्यायाधीशों का एक पैनल विचार कर रहा है कि क्या राज्य नए बनाए गए कांग्रेस मानचित्र का उपयोग कर सकता है, जो रिपब्लिकनों को अधिक फायदा पहुंचाता है। अगर टेक्सास के मानचित्र पर अस्थाई रोक लगा दी जाती है तो यह स्पष्ट नहीं है कि इस फैसले का कैलिफोर्निया पर क्या असर होगा या होगा भी या नहीं, जहां मतदान अभी जारी है।

> इस चुनाव में डेमोक्रेटिक गवर्नर न्यूजोम को संभावित दावेदार के रूप में देखा जा रहा है। न्यूजोम ने हाल ही में समर्थकों को भेजे गए एक पत्र में लिखा, अगर हम हार गए तो भगवान ही हमारी मदद करे। कहा, डेमोक्रेटों के लिए यह पूरी तरह एकजुट होकर काम करने का समय है।

## छठे दिन भी शटडाउन: राजनीतिक टकराव से अनिश्चितता बढ़ी, छंटनी शुरू

- **सत्ता और विपक्ष में नहीं बन पा रही सहमति, ट्रंप ने डेमोक्रेट्स को ठहराया छंटनी का जिम्मेदार**

**वाशिंगटन।** अमेरिका में संघीय सरकार के छह दिन से जारी 'शटडाउन' को खत्म करने के लिए रिपब्लिकन और डेमोक्रेटिक पार्टी के सांसदों के बीच गतिरोध बना हुआ है। राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा कि इसके कारण सरकारी कर्मचारियों की छंटनी शुरू हो चुकी है और उन्होंने डेमोक्रेट्स को इसके लिए जिम्मेदार ठहराया।

ट्रंप प्रशासन का मानना है कि शटडाउन के दौरान सरकारी कर्मचारियों को बर्खास्त कर बजट पर नियंत्रण पाया जा सकता है। रविवार रात जब ट्रंप से पूछा गया कि संघीय कर्मचारियों को कब निकाला जाएगा, जैसा कि उन्होंने धमकी दी है, तो उन्होंने कहा, यह अभी हो रहा है और यह सब डेमोक्रेट्स की वजह से हो रहा है। उन्होंने कहा, डेमोक्रेट्स बहुत सारी नौकरियों को नुकसान पहुंचा रहे हैं। ट्रंप ने इस सवाल का जवाब नहीं दिया कि किन एजेंसियों में कटौती की जाएगी। अमेरिका में 'शटडाउन' के कारण सरकारी वित्तपोषण पर रोक है। शटडाउन खत्म करने के लिए संसद के दोनों सदनों, सीनेट और प्रतिनिधि सभा में सत्तारूढ़ रिपब्लिकन पार्टी और विपक्षी डेमोक्रेटिक पार्टी के बीच सहमति नहीं बन पाई है। डेमोक्रेटिक पार्टी स्वास्थ्य बीमा सब्सिडी जारी रखने की मांग कर रही है।

### मंदी और महंगाई की आशंका

इस राजनीतिक टकराव के बीच अमेरिकी अर्थव्यवस्था में मंदी और महंगाई को लेकर चिंता बढ़ी है। डेमोक्रेटिक नेता हकीम जेफ्रीज ने कहा कि पिछले सोमवार के बाद से रिपब्लिकन नेताओं के साथ कोई बातचीत नहीं हुई है। उन्होंने ट्रंप पर गैर-जिम्मेदाराना व्यवहार का आरोप लगाया। वहीं, सदन के स्पीकर माइक जॉनसन ने कहा कि स्थिति दुर्भाग्यपूर्ण है, लेकिन राष्ट्रपति ऐसा नहीं चाहते। डेमोक्रेटिक सीनेटर एडम शिफ ने चेतावनी दी कि स्वास्थ्य बीमा सब्सिडी खत्म होने से लाखों अमेरिकियों के लिए इलाज महंगा हो जाएगा। उन्होंने ट्रंप प्रशासन पर कांग्रेस द्वारा स्वीकृत वित्त पोषण रोकने का भी आरोप लगाया।

# फ्रांस : प्रधानमंत्री लेकोर्नू ने महीने भर से कम समय में दिया इस्तीफा

पेरिस, एजेंसी

फ्रांस के नए प्रधानमंत्री सेबेस्तियन लेकोर्नू ने सोमवार को अपने पद से इस्तीफा दे दिया। लेकोर्नू ने एक दिन पहले ही अपने मंत्रिमंडल का गठन किया था और वह एक महीने से भी कम समय तक पद पर रहे। लेकोर्नू के इस्तीफे के बाद फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों के पास बहुत कम विकल्प बचे हैं।

फ्रांसीसी राष्ट्रपति कार्यालय ने एक बयान में कहा कि राष्ट्रपति मैक्रों ने लेकोर्नू का इस्तीफा स्वीकार कर लिया है। कई ओपिनियन पोल के अनुसार मैक्रों की लोकप्रियता गिरकर रिकार्ड निचले स्तर पर पहुंच गई है। लेकोर्नू सितंबर में फ्रांस्वा बायरू के स्थान पर प्रधानमंत्री बने थे। पिछले साल मैक्रों द्वारा अचानक चुनाव की घोषणा किए जाने के बाद से फ्रांसीसी राजनीति में राजनीतिक गतिरोध है। नेशनल असेंबली में धुर-दक्षिणपंथी और वामपंथी सांसदों के पास 320 से अधिक सीट हैं, जबकि मध्यमार्गी और उनके सहयोगी रूढ़िवादियों के पास 210 सीट हैं और किसी भी पार्टी को पूर्ण बहुमत नहीं है।

मैक्रों के भरोसेमंद सहयोगी लेकोर्नू ने कहा कि एक आम सहमति बनाने में नाकाम रहने के बाद अब पद पर बने रहने की कोई स्थिति नहीं थी। लेकोर्नू ने अपने त्यागपत्र में कहा, किसी को भी अपने देश को हमेशा अपनी पार्टी से पहले रखना चाहिए। अगले राष्ट्रपति चुनाव में दो वर्ष से भी कम समय बचा है।

माना जा रहा है कि लेकोर्नू ने अपनी नई सरकार के गठन के कुछ ही घंटों बाद इस्तीफ़ा देकर देश को एक बार फिर से राजनीतिक अनिश्चितता में धकेल दिया था। इस तरह 27 दिनों के कार्यकाल के बाद लेकोर्नू फ्रांसीसी संसदीय इतिहास में सबसे कम समय तक रहने वाले प्रधानमंत्री बन गए हैं।



- **और गहराया राजनीतिक संकट राष्ट्रपति मैक्रों की मुश्किलें बढ़ीं**

### इस्तीफे के बाद यूरो गिरा, सेंसेक्स में भी दर्ज की गई गिरावट

**पेरिस।** लेकोर्नू के इस्तीफे की घोषणा के बाद व्यापारिक आंकड़ों के अनुसार डॉलर के मुकाबले यूरो में लगभग 0.7 प्रतिशत की गिरावट आई। भारतीय मानक समय दोपहर 1:28 बजे तक यूरो-डॉलर विनिमय दर 1.1743 अमेरिकी डॉलर प्रति यूरो से गिरकर 1.1666 अमेरिकी डॉलर प्रति यूरो हो गई, यानी 0.66 प्रतिशत की गिरावट दर्ज हुई। वहीं दोपहर 1:23 बजे तक फ्रांस का सीएसी 40 सूचकांक 1.79 प्रतिशत गिरकर 7,936.87 अंक पर आ गया।

## इटली में हुई सड़क दुर्घटना में चार भारतीयों की मौत

**लंदन।** दक्षिणी इटली के मटेरा शहर में एक सड़क दुर्घटना में चार भारतीय नागरिकों की मौत हो गई। रोम स्थित भारतीय दूतावास ने सोमवार को यह जानकारी दी। ये लोग सात सीटों वाली रेनॉल्ट सीनिक कार में छह अन्य लोगों के साथ सवार थे।

- **सात सीटर कार में बैठे थे 10 लोग, ट्रक से टकराकर हुआ हादसा**

शनिवार को एग्री घाटी के मटेरा शहर के स्कैनजानो जोनिको नगरपालिका क्षेत्र में एक ट्रक से टकरा गई। रिपोर्ट के मुताबिक मृतकों की पहचान 34 वर्षीय कुमार मनोज, 33 वर्षीय सिंह सुरजीत, 31 वर्षीय सिंह हरविंदर और 20 वर्षीय सिंह जसकरण के रूप में की गई है। भारतीय दूतावास ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में कहा, हम स्थानीय इतालवी अधिकारियों के संपर्क में हैं। एएनएसए ने बताया कि पांच घायलों को पोलिकोरो (के अस्पताल में भेजा गया, जबकि छठे गंभीर घायल को पोटेंजा के सैन कार्लो अस्पताल में स्थानांतरित किया गया।

## टेक्सास में मां ने अपने चार बच्चों पर गोलियां चलाईं, दो की मौत

**एंगलटन।** अमेरिका के टेक्सास राज्य में एक महिला ने अपने चार बच्चों पर गोलियां चलाईं, जिससे उनमें से दो की मौत हो गई। उस पर हत्या का मामला दर्ज किया गया है। साथ ही हिरासत में ले लिया गया है।

ब्रेजोरिया काउंटी के शेरिफ बो स्टालमैन ने बताया कि उस 31 वर्षीय महिला पर हत्या और घातक हथियार से गंभीर हमले के दो-दो मामले दर्ज किए गए हैं। स्टालमैन ने कहा कि दो बच्चों की उम्र 13 और 4 साल थी, जो एक वाहन के अंदर गोली लगने से मारे गए। अन्य बच्चों की उम्र 8 और 9 साल है, जिन्हें एक मेडिकल हेलीकॉप्टर से ह्यूस्टन क्षेत्र के एक अस्पताल में ले जाया गया है, उनकी हालत स्थिर है। स्टालमैन ने बताया कि गोली चलाने के बाद महिला ने अधिकारियों को कॉल की थी। अधिकारियों ने घटनास्थल से एक हथियार बरामद किया है। स्टालमैन ने कहा, इस तरह की संवेदनहीन त्रासदी को समझना असंभव है।

- **दो बच्चों को हेलीकॉप्टर से ले अस्पताल ले जाया गया, हालत गंभीर**

## रूस ने रात भर में 251 यूक्रेनी ड्रोन मार गिराए

**मॉस्को।** रूस की वायु रक्षा प्रणाली ने रात भर में 251 यूक्रेनी ड्रोन और यूएवी को नष्ट किया है। रूस के रक्षा मंत्रालय ने एक बयान में इसकी जानकारी दी।

कहा गया कि कल रात से अब तक वायु रक्षा चेतावनी प्रणाली ने 251 यूक्रेनी फिक्स्ड-विंग मानवरहित हवाई वाहनों और ड्रोन को नष्ट किया। इनमें से 40 क्रीमिया गणराज्य में मारे। कुर्स्क में 34, बेलगोरोद में 30, निज़नी नोवगोरोड क्षेत्र में 20, वोरोनिश क्षेत्र में 17, क्रास्नोडार क्षेत्र में 11, ब्रांस्क और तुला में आठ-आठ यूएवी और ड्रोन मार गिराए गए।

## वार्ता के लिए मिस्र पहुंचे इजराइल और हमास के वार्ताकार, गाजा में हमले जारी

**काहिरा।** गाजा में युद्ध विराम पर सहमति के लिए इजराइल और हमास के अधिकारी सोमवार को मिस्र के एक रिसॉर्ट में बैठक करेंगे। सोमवार शाम दोनों पक्षों के प्रतिनिधि यहां पहुंच गए थे। इस बीच इजराइल ने गाजा पर हमले जारी रखे हैं।

इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू के कार्यालय ने बताया कि अप्रत्यक्ष वार्ता लाल सागर के शर्म अल शेख रिसॉर्ट में होगी, जहां शीर्ष वार्ताकार रॉन डेरमर के नेतृत्व में इजराइली प्रतिनिधिमंडल सोमवार को पहुंच रहा है। हमास ने एक बयान में कहा कि खलील अल-हय्या के नेतृत्व में हमास का प्रतिनिधिमंडल रविवार को मिस्र पहुंचा। इसमें कहा गया है कि वार्ता युद्ध विराम के प्रथम चरण पर केन्द्रित रहेगी, जिसमें इजराइली सेना की आंशिक वापसी तथा इजराइली हिरासत में मौजूद फिलिस्तीनी कैदियों के बदले में, गाजा में चरमपंथियों द्वारा बंधक बनाये गए लोगों की रिहाई शामिल है।



इजराइल ने रविवार को रात भर उत्तरी गाजा में हवाई और जमीनी हमले किए। ● एजेंसी

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 7 अक्टूबर, मंगलवार 2025 संवत-2082, शक संवत 1947 मास-आश्विन, पक्ष-शुक्ल पक्ष, पूर्णिमा 09.16 तक तत्पश्चात प्रतिपदा।

## आज का पंचांग




दिशाशूल-उत्तर, ऋतु- शरद। चन्द्रबल- वृषभ, मिथुन, कन्या, तुला, मकर, मीन। ताराबल- अश्विनी, भरणी, रोहिणी, आर्द्रा, पुष्य, आश्लेषा, मघा, पूर्वा फाल्गुनी, हस्त, स्वाति, अनुराधा, ज्येष्ठा, मूल, पूर्वाषाढ़ा, श्रवण, शतभिषा, उत्तराभाद्रपद, रेवती। नक्षत्र- रेवती 08 अक्टूबर 01.28 तक तत्पश्चात अश्विनी।

**मेष:** आज जीवनसाथी के स्वास्थ्य की चिंता रहेगी। अपेक्षित कार्य के समय से पूर्ण न होने से थोड़े उदास हो सकते हैं। परोपकार के कार्यों में धन खर्च होगा। आज किसी कार्य में मन नहीं लगेगा। किसी नए कार्य की योजना बना सकते हैं।

**वृष:** आज कार्यशैली में सुधार लाने का प्रयास करेंगे। संतान के भविष्य की चिंता दूर होगी। धन के लेन-देन में आपको सावधानी रखनी चाहिए। ससुराल पक्ष से आपको सम्मान प्राप्त होगा। घर का वातावरण अत्यंत सुखद रहेगा। सामाजिक प्रतिष्ठा में वृद्धि होने के योग बन रहे हैं।

**मिथुन:** आज सामाजिक कार्यों में आप भाग लेंगे। मांगलिक कार्यक्रमों में आप सम्मिलित हो सकते हैं। दांपत्य समस्याओं का समाधान होने की संभावना बन रही है। कानूनी मामलों को आसानी से सुलझा लेंगे। युवा नया व्यवसाय करने का विचार बना सकते हैं।

**कर्क:** आज कारोबार में आपको थोड़ी परेशानियों का सामना करना पड़ेगा। किसी मित्र और रिश्तेदार की आपको सहायता करनी पड़ सकती है। महिलाओं के लिए दिन बहुत ही अच्छा है। लोग आपकी बातों को अत्यधिक महत्व देंगे। विरोधियों के बीच आपका वर्चस्व बढ़ेगा।

**सिंह:** आज अपने महत्वपूर्ण सामानों को संभालकर रखें। महिलाओं को स्वच्छता का विशेष ध्यान रखना चाहिए। रुके हुए कार्यों को लेकर थोड़ा चिन्तित रहेंगे। व्यर्थ के झगड़ों के कारण आपका व्यवहार खराब हो सकता है। तंत्र-मंत्र और गुप्त साधनाओं के प्रति आपकी रुचि जागृत हो सकती है।

**कन्या:** आज राजनीति से जुड़े लोगों के लिए आज का दिन अति अनुकूल है। बैंकिंग और मैनेजमेन्ट से जुड़े लोगों के लिए भी दिन बहुत अच्छा है। सोशल मीडिया में आपके नए मित्र बन सकते हैं। व्यवसाय को लेकर यात्रा कर सकते हैं। बचे हुए माल को सेल में बेचने की योजना बना सकते हैं।

**तुला:** आज भविष्य को लेकर योजना बना सकते हैं। बच्चे पढ़ाई में काफी बेहतरीन प्रदर्शन करेंगे। आवश्यक कार्यों को समय पर पूर्ण कर लेंगे। प्रशासन से जुड़े लोगों को ख्याति मिल सकती है। बीमार लोगों के स्वास्थ्य में सुधार आयेगा। प्रेम-संबंधों में नजदीकी बढ़ेगी।

**वृश्चिक:** आज आप अत्यंत प्रसन्नता का अनुभव करेंगे। संपत्ति विवादों का निपटारा होगा। नौकरी को लेकर परेशानी दूर होगी। ऑनलाइन कारोबार से लाभ होगा। शोध कार्यों से जुड़े लोगों को अच्छी सफलता मिल सकती है। दांपत्य जीवन खुशहाल रहेगा।

**धनु:** आज महिलाओं को पीठ दर्द की शिकायत हो सकती है। आपके ऊपर घर वालों का दबाव रहेगा। प्रियजनों से अपने मन की बातें शेयर करेंगे। घर वालों के कारण आपको कुछ अनावश्यक खर्च करने पड़ सकते हैं। एक साथ कई सारे काम न करें।

**मकर:** आज अपने लक्ष्यों के प्रति अत्यंत गंभीर रहेंगे। परिजनों के साथ आप महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा कर सकते हैं। आय के नए स्रोत विकसित हो सकते हैं। नजदीकी लोगों से आपको शुभ समाचार मिलेंगे। भौतिक सुख-साधनों का आनंद उठायेंगे। स्थायी सम्पत्ति में वृद्धि होगी।

**कुंभ:** आज कार्यक्षेत्र में आपको बहुत अधिक मेहनत करनी पड़ेगी। आवश्यक वस्तुओं को खरीदने के लिए बाजार जा सकते हैं। नकारात्मक लोगों की संगत से आपको बचना चाहिए। विद्यार्थियों को अपनी शिक्षा पर अत्यधिक ध्यान देना चाहिए।

**मीन:** आज कोई बड़ा कार्य होने से प्रसन्नता का अनुभव होगा। अधिक सोचने के कारण सिरदर्द की समस्या हो सकती है। बड़े बुजुर्गों से आपकी मतभिन्नता दूर होगी। जॉब की समस्या आज दूर होगी। उच्चाधिकारियों से अधिक बहस न करें। शेयर मार्केट आदि से आपको लाभ मिलेगा।

## सुडोकू-122

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | 4 | | | 5 | | | | |
| | 1 | | | | 9 | | | |
| | | 5 | | | | | | 9 |
| | | | | 6 | 4 | | | |
| | 8 | | | | | | 2 | |
| 2 | | | 3 | 1 | | 6 | | |
| 5 | | | | 4 | | | 9 | |
| | | | 7 | | | | 1 | |
| | 6 | | | 9 | 2 | | 8 | 4 |

### सुडोकू - 121 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 3 | 8 | 7 | 2 | 5 | 4 | 6 | 9 |
| 5 | 6 | 7 | 1 | 4 | 9 | 3 | 8 | 2 |
| 2 | 9 | 4 | 8 | 3 | 6 | 7 | 1 | 5 |
| 6 | 2 | 5 | 4 | 7 | 8 | 9 | 3 | 1 |
| 7 | 1 | 9 | 5 | 6 | 3 | 8 | 2 | 4 |
| 4 | 8 | 3 | 9 | 1 | 2 | 5 | 7 | 6 |
| 8 | 7 | 1 | 2 | 9 | 4 | 6 | 5 | 3 |
| 3 | 4 | 2 | 6 | 5 | 7 | 1 | 9 | 8 |
| 9 | 5 | 6 | 3 | 8 | 1 | 2 | 4 | 7 |



> टीम हमेशा पहले आती है और रोहित शर्मा भी इस फैसले से सहमत होंगे क्योंकि टीम को दो साल आगे के बारे में सोचना है। अगर कोई खिलाड़ी नॉन कमिटेड है और यह नहीं कह सकता कि वह अगले दो सालों के लिए तैयार होगा, तो उसे बुरी खबर के लिए तैयार रहना चाहिए।
>
> सुनील गावस्कर


# स्टेडियम

अयोध्या, मंगलवार 7 अक्टूबर 2025

अमृत विचार

www.amritvichar.com


## हाईलाइट

### ओलंपियन दीपक स्कूल एसपीएल के मुख्य कमिश्नर

**नई दिल्ली :** इटरनल स्पोर्ट्स प्रमोशन फ़ाउंडेशन ने ओलंपियन दीपक कुमार को स्कूल शूटिंग प्रीमियर लीग (एसएसपीएल) का मुख्य लीग कमिश्नर नियुक्त करने का एलान किया। यह भारत की पहली संरचित स्कूल-स्तरीय निशानेबाजी लीग है। यह नियुक्ति लीग के विकास में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है और निशानेबाजी को एक मुख्यधारा के खेल के रूप में जमीनी स्तर पर विकास, सुलभता, सामर्थ्य और जन जागरूकता के प्रति इसकी प्रतिबद्धता को और पुष्ट करती है। एसएसपीएल की शुरुआत निशानेबाजी को स्कूलों तक गहराई से पहुंचाने और युवा प्रतिभाओं की एक स्थायी श्रृंखला बनाने के उद्देश्य से की गई थी। भारत के सबसे सम्मानित निशानेबाजों में से एक, दीपक कुमार की नियुक्ति से लीग को तकनीकी विश्वसनीयता और उत्कृष्ट मार्गदर्शन मिलेगा, साथ ही इसकी राष्ट्रीय पहुंच भी मजबूत होगी।

### चोटिल मोहम्मद सलीम वनडे सीरीज से बाहर

**नई दिल्ली :** अफगानिस्तान के दाएं हाथ के तेज गेंदबाज मोहम्मद सलीम ग्रोइन (एडक्टर) की चोट के कारण अबू धाबी में बंगलादेश के खिलाफ होने वाली तीन मैचों की एकदिवसीय श्रृंखला से बाहर हो गए हैं। अफगानिस्तान क्रिकेट बोर्ड की ओर से जारी विज्ञप्ति के अनुसार, सलीम पुनर्वास के लिए एसीबी के हाई परफॉर्मेंस सेंटर में रिपोर्ट करेंगे। सलीम की जगह दाएं हाथ के मध्यम गति के गेंदबाज बिलाल सामी को अफगानिस्तान की टीम में शामिल किया गया है।

### भारतीय टीम पुरुष वाटर पोलो में कजाखस्तान से हारी

**अहमदाबाद :** भारतीय पुरुष वाटर पोलो टीम सोमवार को एशियाई एक्वाटिक्स चैंपियनशिप (वाटर पोलो और कलात्मक तैराकी) के तीसरे दिन कजाखस्तान से 6-20 से हार गई। भारत के लिए भागेश कुथे ने तीन गोल जबकि उदय उत्तेकर और प्रवीण गोपीनाथन ने पुरुषों के ग्रुप बी मुकाबले में एक एक गोल किया। कजाखस्तान के लिए बाल्टाबकुली आदिल और नेदोकोंत्सेव ने चार चार, तोसोय एडुआर्ड ने तीन गोल किए जबकि लामायेव मैक्सिम, शाकेनोव मूरत और अकिम्बे अल्दियार ने दो-दो गोल किए।

# भारत की शानदार शुरुआत, नेपाल को दी शिकस्त

## श्रीलंका ने पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए यूनाइटेड अरब अमीरात को हराया, चीन और इंडोनेशिया की टीमें भी जीतीं

**बैडमिंटन वर्ल्ड जू. चैम्पियनशिप**

**गुवाहाटी, एजेंसी**

मेजबान भारत ने सोमवार को नेशनल सेंटर ऑफ़ एक्सीलेंस में शुरू हुई बीडब्ल्यूएफ वर्ल्ड जूनियर चैंपियनशिप 2025 के पहले दिन ग्रुप-एच के एक रोमांचक मुकाबले में नेपाल को हराने के साथ सुहांदिनाता कप के मिश्रित टीम अभियान की शानदार शुरुआत की। वहीं, श्रीलंका ने पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए यूनाइटेड अरब अमीरात (यूएई) को हराया। दूसरी वरीयता प्राप्त भारत ने अपने लाइन-अप के साथ प्रयोग किया, लेकिन ग्रुप-एच के अपने पहले मैच में 45-18, 45-17 से आसानी से जीत हासिल कर ली।

श्रीलंका ने यूएई द्वारा किए गए बदलावों का फायदा उठाते हुए 30-45, 45-34, 45-44 से जीत हासिल की। 14 बार के चैंपियन चीन, पूर्व चैंपियन इंडोनेशिया और दक्षिण कोरिया ने भी अपने-अपने प्रतिद्वंद्वियों को लगातार दो सेटों में हराया। मिश्रित टीम चैंपियनशिप नए बेस्ट ऑफ़ थ्री रिले स्कोरिंग फॉर्मेट प्रारूप में खेली जा रही है। जहां सभी पांच मैच 9 अंकों की रेस के साथ खेले जाते हैं, जिसमें जो टीम पहले 45 अंक तक पहुंचती है वह सेट जीत जाती है। टीमों को प्रत्येक सेट के लिए अपने खिलाड़ी बदलने की भी अनुमति है।



मिश्रित युगल मुकाबले में नेपाल के खिलाफ एक्शन में भारत के शटलर।

**14** बार के चैंपियन चीन, पूर्व चैंपियन इंडोनेशिया और दक्षिण कोरिया ने भी जीत दर्ज की

श्रीलंका और यूएई के बीच हुए मुकाबले ने स्टेडियम में सभी को अपनी सीटों से चिपकाए रखा क्योंकि श्रीलंका ने एक सेट से पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए जीत हासिल की। पहला सेट आसानी से हारने के बाद, श्रीलंका को यूएई द्वारा बालक एकल में भरत लतीश की जगह रियान मल्हान को उतारने के फैसले का फायदा मिला। केनेथ अरुगोडा, जो पहले सेट में 4-9 से हार गए थे, ने अपना दूसरा मैच 9-6 से जीत लिया और श्रीलंका ने इसी लय का फायदा उठाते हुए निर्णायक सेट तक का सफर तय किया। अरुगोडा ने निर्णायक चरण में लतीश पर 9-5 से जीत के साथ टीम को एक और मजबूत शुरुआत दी और ऐसा लग रहा था कि श्रीलंका आसानी से जीत जाएगा, जब रंथिमा लियानागे ने प्रकृति भरत के खिलाफ इस बढ़त को 18-8 तक बढ़ा दिया। लेकिन मल्हान और लतीश ने फिर सानुदा अरियासिंघा और थिसाथ रूपाथुंगा पर 15-9 से जीत हासिल करके अपनी टीम को मुकाबले में वापस ला दिया और स्कोर 23-27 कर दिया। लेकिन आखिरी लड़कियों के युगल ने रोमांचक रोमांच पैदा कर दिया।

जब मैच शुरू हुआ, तो यूएई 30-36 से पीछे था और बराथ और मायशा उमर खान को अपनी टीम के लिए मुकाबला जीतने के लिए संदथी हेवागालागे और पावनी इल्लेपेरुमाराचिची के खिलाफ 15 अंक जीतने थे। यूएई की लड़कियों ने 14 अंक बनाए और 44-44 के स्कोर पर सेट और टाई के लिए सर्विस कर रही थीं, लेकिन स्कोर बराबर नहीं कर सकीं। श्रीलंका ने यूएई पर 30-45, 45-34, 45-44 से जीत हासिल की। भारत अब मंगलवार को अपने दूसरे ग्रुप मैच में श्रीलंका से भिड़ेगा और बुधवार को यूएई से खेलेगा।

### भारत ने बदलाव से जुड़े नियमों का लाभ उठाया

भारत ने बदलाव से जुड़े नियमों का लाभ उठाते हुए अपने अधिकांश खिलाड़ियों को मैच का अनुभव प्राप्त करने का मौका दिया क्योंकि नेपाल के खिलाफ दोनों सेटों में तीनों युगल में अलग-अलग संयोजन और एकल में अलग-अलग खिलाड़ियों के साथ खेला गया। भार्गव राम अरिगेला और विश्व तेज गोब्बुरू की पूर्व विश्व जूनियर नंबर 1 बालक युगल जोड़ी ने कबीर केसी और सुप्रिम पंटा पर 9-3 से जीत के साथ भारत के लिए शुरुआत की और भारत एक बार भी किसी भी तरह की परेशानी में नहीं दिखा। लड़कियों के एकल मुकाबलों में, उन्नति हुड्डा और एशियाई अंडर-19 चैंपियनशिप की कांस्य पदक विजेता तन्वी शर्मा ने अपने-अपने एकल मुकाबलों में शानदार प्रदर्शन किया। वहीं, सूर्यांश रावत और रौनक चौहान ने बिना किसी मेहनत के बड़ी चुनौतियों के लिए वार्म-अप किया। जहां अधिकांश भारतीय खिलाड़ियों ने एशियाई अंडर-19 मिश्रित टीम चैंपियनशिप में रिले-स्कोरिंग फॉर्मेट के एक अलग संस्करण में खेला था, वहीं उन्नति का इस स्कोरिंग फॉर्मेट में यह पहला प्रदर्शन था और चाइना ओपन क्वार्टर फाइनलिस्ट ने कहा कि खेल के प्रति अपने दृष्टिकोण से ज़्यादा, उन्हें मैच से पहले की अपनी दिनचर्या में बदलाव करना पड़ा। अन्य शीर्ष बैडमिंटन खेलने वाले देशों में से किसी को भी अपने शुरुआती मुकाबलों में किसी चुनौती का सामना नहीं करना पड़ा। चीन ने घाना को 45-14, 45-10 से, कोरिया ने हंगरी को 45-22, 45-29 से, चीनी ताइपे ने ब्राज़ील को 45-24, 45-19 से और इंडोनेशिया ने फिलीपींस को 45-27, 45-40 से हराया।

## बोपन्ना, डार्डेरी और मौटेट टीपीए में पेश करेंगे चुनौती

**नई दिल्ली:** अनुभवी भारतीय टेनिस खिलाड़ी रोहन बोपन्ना और विश्व के 29वें नंबर के खिलाड़ी लुसियानो डार्डेरी सहित शीर्ष-50 रैंकिंग में शामिल कम से कम तीन एकल खिलाड़ी नौ दिसंबर से अहमदाबाद में शुरू होने वाली टेनिस प्रीमियर लीग (टीपीएल) के सातवें सत्र में प्रतिस्पर्धा करेंगे।

विश्व के 38वें नंबर के खिलाड़ी फ्रांस के कोरेंटिन मौटेट और उनके हमवतन विश्व के 39वें नंबर के खिलाड़ी एलेक्जेंडर मुलर इस लीग में भारत के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ियों के साथ शामिल होंगे जिसकी नीलामी नौ अक्टूबर को मुंबई में होगी। दो बार के ग्रैंड स्लैम चैंपियन बोपन्ना ने पिछले साल टीपीएल में पदार्पण किया था। वह एसजी पाइपर्स बेंगलुरु का प्रतिनिधित्व करेंगे। इटली के डार्डेरी राजस्थान रेंजर्स का प्रतिनिधित्व करेंगे जबकि मौटेट गुड़गांव ग्रैंड स्लैमर्स के लिए प्रतिस्पर्धा करेंगे। मुलर और आर्थर रिंडरकनेच क्रमशः गुजरात पैंथर्स और हैदराबाद स्ट्राइकर्स की टीम को मजबूत करेंगे।

# अंकुशिता व अरुंधति ने स्वर्ण जीते

**मुक्केबाजी बीएफआई कप**

**चेन्नई, एजेंसी**

पूर्व युवा विश्व चैंपियन अंकुशिता बोरो और अरुंधति चौधरी चेन्नई में आयोजित पहले बीएफआई कप 2025 के महिला फाइनल में शानदार प्रदर्शन बदलौत स्वर्ण पदक अपने नाम किया। अंकुशिता (असम) ने आक्रामकता का प्रदर्शन करते हुए (60-65 किग्रा) वर्ग में राजस्थान की पार्थवी ग्रेवाल को 3:2 से हराया, जबकि अरुंधति (सर्विसेज) ने (65-70 किग्रा) भार वर्ग में स्नेहा (एआईपी) को 5:0 से हराकर अपनी श्रेष्ठता का परिचय दिया। विश्व चैंपियनशिप की कांस्य पदक विजेता परवीन हुड्डा (साई) ने भी (57-60 किग्रा) फाइनल में प्रिया (हरियाणा) को 3:2 से हराकर जीत हासिल की और एलीट महिला प्रतियोगिता ने सभी दस भार वर्गों में अपनी चैंपियन का ताज पहनाया। महिलाओं के अन्य फाइनल मुकाबलों में निवेदिता कार्की (उत्तराखंड) ने विश्व चैंपियनशिप की रजत पदक विजेता मंजू रानी (रेलवे) को 3:2 से हराकर (45-48 किग्रा) भार वर्ग का खिताब जीता, जबकि भावना शर्मा (रेलवे) ने सविता (रेलवे) को (48-51 किग्रा) भार वर्ग में 5:0 से हराया। महाराष्ट्र की खुशी जाधव ने दिव्या पवार (एआईपी) को 3:2 से हराकर (51-54 किग्रा) स्वर्ण पदक जीता, और हिमाचल प्रदेश की विनाक्षी धोटा ने मुश्कन (एआईपी) को (54-57 किग्रा) भार वर्ग में 5:0 से हराया। मोनिका (साई) ने निशु (हरियाणा) पर 4:1 से जीत हासिल कर (70-75 किग्रा) का ख़िताब जीता, बबीता बिष्ट (एआईपी) ने कोमल (पंजाब) को (75-80 किग्रा) वर्ग में 3:2 से हराया, और रितिका (साई) ने शिवानी तोमर (एआईपी) को 5:0 से हराकर (80-80 किग्रा) का ख़िताब अपने नाम किया। पुरुष वर्ग में, एस. विश्वनाथ (सर्विसेज) ने (47-50 किग्रा) भार वर्ग में गोपी मिश्रा (सर्विसेज) को 5:0 से हराकर फ़ाइनल में प्रवेश किया। हालांकि, एशियाई खेलों के स्वर्ण पदक विजेता अमित पंघाल (सर्विसेज) को (50-55 किग्रा) सेमीफाइनल में टीम के ही आशीष (सर्विसेज) से 1:4 से हार का सामना करना पड़ा, जबकि विश्व चैंपियनशिप के कांस्य पदक विजेता मोहम्मद हुसामुद्दीन (सर्विसेज) ने (55-60 किग्रा) मुकाबले में मितेश देसवाल (रेलवे) को 5:0 से हराकर अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखा।



स्वर्ण पदक के साथ अंकुशिता। एजेंसी

- हुसामुद्दीन और विश्वनाथ फाइनल में

## आचार संहिता के उल्लंघन पर सिदरा अमीन को फटकार

**कोलंबो:** पाकिस्तान की बल्लेबाज सिदरा अमीन को रविवार को भारत के खिलाफ मैच के दौरान अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) की आचार संहिता के लेवल 1 के उल्लंघन का दोषी पाया गया है। इसके लिए उन्हें औपचारिक रूप से फटकार लगाई है और उनके नाम एक डिमेरिट अंक भी जोड़ा गया है।

अमीन इस मैच में पाकिस्तान के लिए 106 गेंदों में 81 रन बनाकर शीर्ष स्कोरर रहीं थी। अमीन ने आउट होने के बाद अपना बल्ला जोर से पिच पर मारा था। उन्हें आईसीसी आचार संहिता के अनुच्छेद 2.2 के उल्लंघन का दोषी पाया गया, जो कि "अंतरराष्ट्रीय मैच के दौरान क्रिकेट उपकरणों या कपड़ों, मैदानी उपकरणों या फिक्स्चर और फिटिंग के दुरुपयोग" से संबंधित है। लेवल 1 के अपराध में खिलाड़ी की मैच फीस का 50 प्रतिशत जुर्माना और दो डिमेरिट अंक हो सकते हैं।



आईसीसी एकदिवसीय महिला क्रिकेट वर्ल्ड कप में विकेट चटकाने पर एन म्लाबा को बधाई देतीं दक्षिण अफ्रीकी खिलाड़ी।

# द. अफ्रीका ने एकतरफा मैच में न्यूजीलैंड को छह विकेट से रौंदा

**इंदौर, एजेंसी**

- म्लाबा की धारदार गेंदबाजी के आगे न्यूजीलैंड की पारी को 231 रन पर सिमटी

एन म्लाबा की बेहतरीन गेंदबाजी के बाद तेजमिन ब्रिट्स के शानदार शतक और सुने लूस की अर्द्धशतकीय पारी की बदौलत दक्षिण अफ्रीका ने आईसीसी एकदिवसीय महिला क्रिकेट वर्ल्ड कप में न्यूजीलैंड को हराकर पूरे अंक झटक लिए। न्यूजीलैंड के 231 रनों के जवाब में दक्षिण अफ्रीका ने चार विकेट के नुकसान पर 232 रन बनाकर मुकाबला अपने नाम कर लिया। तेजमिन ब्रिट्स ने 89 गेंदों पर 15 चौके और एक छक्के की मदद से 101 रन बनाए। वहीं, सुने लूस ने 114 गेंदों पर दस चौके और एक छक्के जड़ी नाबाद 83 रनों की पारी खेली।

सोमवार को एन म्लाबा (चार विकेट) की अगुवाई में दक्षिण अफ्रीकी महिला टीम के गेंदबाजों ने सोमवार को विश्वकप के सातवें मुकाबले में न्यूजीलैंड की पूरी टीम को 47.5 ओवर में 231 रन के स्कोर पर समेट दिया। आज यहां टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी न्यूजीलैंड की शुरुआत अच्छी नहीं रही और उसने पहले ही ओवर में सूजी बेट्स (शून्य) का विकेट गंवा दिया। इसके बाद 13वें ओवर में एन डी क्लार्क ने एमेलिया केर (23) को आउटकर दक्षिण अफ्रीका को दूसरी सफलता दिलाई। इसके बाद बल्लेबाजी करने आये सोफी डिवाइन ने जॉर्जिया पिलमर के साथ तीसरे विकेट के लिए 57 रन जोड़े। 26वें ओवर में क्लोई ट्राइऑन ने जॉर्जिया (31) को आउटकर इस साझेदारी का अंत किया। ब्रूक हैलिडे और सोफी डिवाइन के बीच चौथे विकेट के लिए 86 रनों की साझेदारी हुई। 39वें ओवर में एन म्लाबा ने ब्रूक हैलिडे (45) को अपना शिकार बनाकर न्यूजीलैंड को चौथा झटका दिया। इसके बाद दक्षिण अफ्रीकी गेंदबाजी आक्रमण के आगे न्यूजीलैंड के बल्लेबाज बेबस दिखे और अपने विकेट गंवाते रहे। म्लाबा ने मैडी ग्रीन (चार) को आउट किया। शतक की ओर बढ़ रही सोफी डिवाइन को भी म्लाबा ने बोल्ड आउट न्यूजीलैंड को बड़ा झटका दिया। डिवाइन ने 98 गेंदों में नौ चौके लगाते हुए 85 रनों की पारी खेली। इसाबेला गेज 10 रन बनाकर आउट हुई। जस केर (चार) के रूप में न्यूजीलैंड का आठवां विकेट गिरा। लिया तहुहू (पांच) को म्लाबा ने आउट किया। ईडन कार्सन (चार) आखिरी विकेट के रूप में रनआउट हुई। दक्षिण अफ्रीकी गेंदबाजी आक्रमण के आगे न्यूजीलैंड की पूरी टीम 47.5 ओवर में 231 रन ही बना सकी। दक्षिण अफ्रीका के लिए एन म्लाबा ने 10 ओवर में 40 रन देकर चार विकेट लिये। मैरिजान कप्प, अयाबोंगा खाका, एन डी क्लर्क और क्लोई ट्राइऑन ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया।

# प्रमोद ने पैरा बैडमिंटन में तीन स्वर्ण जीते

**नई दिल्ली, एजेंसी**

भारत के शीर्ष पैरा बैडमिंटन खिलाड़ी प्रमोद भगत ने नाइजीरिया के अबिया में हुए पहले अबिया पैरा बैडमिंटन इंटरनेशनल टूर्नामेंट में तीन खिताब जीतकर अपना स्वर्णिम अभियान जारी रखा। सैंतीस वर्षीय पैरा खिलाड़ी भगत ने तोक्यो पैरालंपिक में स्वर्ण पदक जीता था लेकिन तीन बार स्थान की जानकारी देने से संबंधित चूक के कारण पेरिस पैरालंपिक से बाहर हो गए थे।

भगत ने फाइनल में हमवतन मंटू कुमार को 21-7, 9-21, 21-9 से कड़ी टक्कर देते हुए पुरुष एकल एसएल3 का खिताब जीता। अठारह महीने के प्रतिबंध के बाद वापसी करते हुए चाइना पैरा बैडमिंटन इंटरनेशनल जीतने वाले भगत ने दूसरा गेम हारने के बाद मजबूती से वापसी करते हुए मुकाबला अपने नाम कर लिया। इसके बाद उन्होंने सुकांत कदम के साथ मिलकर पुरुष युगल का स्वर्ण पदक जीता जिसमें उन्होंने पेरू के गेर्सन जेयर वर्गास लोस्टानौल और डायना रोजास गोलाक को 21-13, 21-17 से हराया। भगत को तीसरा खिताब मिश्रित युगल (एसएल3-एसयू5) में मिला जिसमें उन्होंने आरती पाटिल के साथ मिलकर एक और करीबी फाइनल जीता। भगत ने कहा, ''हर जीत मुझे अपनी सीमाओं को और आगे बढ़ाने के लिए प्रेरित करती है। भारत को गौरव दिलाना हमेशा खास होता है।



पैरा शटलर प्रमोद भगत।

वहीं, रणजीत सिंह ने तीन कांस्य पदक जीते। उन्होंने पुरुष एकल डब्ल्यूएच1, पुरुष युगल डब्ल्यूएच1-डब्ल्यूएच2 (परमजीत सिंह के साथ) और मिश्रित युगल डब्ल्यूएच1-डब्ल्यूएच2 (शबाना के साथ) में तीसरा स्थान हासिल किया। नुरुल हुसैन खान ने पुरुष एकल डब्ल्यूएच2 में रजत पदक जीता जबकि उमा सरकार ने महिला एकल एसएल3 में रजत पदक हासिल किया। सरकार ने आरती के साथ मिलकर महिला युगल एसएल3-एसयू5 में कांस्य पदक भी जीता। अन्य नतीजों में नीलेश गायकवाड़ (पुरुष एसएल4) और कनक सिंह जादौन (महिला एसएल4) ने कांस्य पदक जीते। पुरुष एकल एसयू5 में भारत के लिए करण पनीर, राहुल विमल और सतीवाड़ा ने क्रमशः स्वर्ण, रजत और कांस्य पदक जीतकर क्लीन स्वीप किया।

# संजू भारत में ईपीएल के एम्बेसडर

**मुंबई, एजेंसी**

भारतीय क्रिकेटर संजू सैमसन को भारत में इंग्लिश प्रीमियर लीग (ईपीएल) का आधिकारिक एम्बेसडर नियुक्त किया गया है। यह महत्वपूर्ण घटनाक्रम भारतीय उपमहाद्वीप में अपनी उपस्थिति बढ़ाने के लिए ईपीएल की प्रतिबद्धता को दर्शाता है। क्रिकेट के मैदान पर अपने गतिशील प्रदर्शन के लिए माने जाने वाले सैमसन से ईपीएल के ब्रांड को बढ़ावा देने और देश भर के प्रशंसकों से जुड़ने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने की उम्मीद है। अपने एम्बेसडर के कर्तव्यों के तहत, सैमसन ने मुंबई में प्रीमियर लीग के एक प्रशंसक जुड़ाव कार्यक्रम के दौरान इंग्लैंड और लिवरपूल के पूर्व स्ट्राइकर माइकल ओवेन से मुलाकात की। इस कार्यक्रम में नेस्को सेंटर में फैन-पार्क शैली की स्क्रीनिंग और सामुदायिक गतिविधियाँ शामिल थीं। सैमसन, जो स्वयं लिवरपूल के प्रशंसक हैं, ने क्लब के प्रति अपनी प्रशंसा व्यक्त की और फुटबॉल के साथ अपने गहरे जुड़ाव पर चर्चा की, जिसका श्रेय वे केरल में अपने पालन-पोषण और अपने परिवार की फुटबॉल पृष्ठभूमि को देते हैं।

ओवेन ने इस कार्यक्रम में उपस्थित आर्सेनल समर्थकों की संख्या पर आश्चर्य व्यक्त किया और भारत में बढ़ती फुटबॉल संस्कृति पर प्रकाश डाला।

# नायर की कर्नाटक रणजी टीम में वापसी

**बेंगलुरु, एजेंसी**

भारतीय बल्लेबाज करुण नायर दो सत्र के अंतराल के बाद फिर से कर्नाटक की टीम में वापसी करेंगे। नायर को 15 अक्टूबर से राजकोट में सौराष्ट्र के खिलाफ शुरू होने वाले सत्र के पहले रणजी ट्रॉफी मैच के लिए राज्य टीम में शामिल किया गया है। नायर इससे पहले दो सत्र तक विदर्भ की टीम का हिस्सा थे, जहां उन्होंने पिछले सत्र में में टीम के रणजी ट्रॉफी चैंपियन बनने के अभियान में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। मयंक अग्रवाल कर्नाटक के कप्तान रहेंगे। कृतिका कृष्णा, शिखर शेट्टी और मोहसिन खान जैसे कुछ नए चेहरों को टीम में शामिल किया है। दिग्गज राहुल द्रविड़ के बेटे अन्वय द्रविड़ इस सत्र में नौ से 17 अक्टूबर तक देहरादून में होने वाली वीनू मांकड़ ट्रॉफी में कर्नाटक की कप्तानी करेंगे।

**कर्नाटक की टीमः** मयंक अग्रवाल (कप्तान), करुण नायर, आर स्मरण, केएल श्रीजीत (विकेटकीपर), श्रेयस गोपाल, विशक विजयकुमार, विद्वथ कावेरप्पा, अभिलाष शेट्टी, एम वेंकटेश, निकिन जोस, अभिनव मनोहर, कृतिक कृष्णा (विकेटकीपर), केवी अनीश, मोहसिन खान, शिखर शेट्टी। वीनू मांकड़ ट्रॉफी के लिए कर्नाटक टीमः अन्वय द्रविड़ (कप्तान, विकेटकीपर), नितीश आर्य, आदर्श डी उर्स, एस मणिकांत, प्रणीत शेट्टी, वासव वेंकटेश, अक्षत प्रभाकर, सी वैभव, कुलदीप सिंह पुरोहित, रतन बीआर, वैभव शर्मा, केए तेजस, अथर्व मालविया, सनी कांची, रेहान मोहम्मद (विकेटकीपर)।

**पैरा एथलेटिक्स विश्व**

**भारत ने छह स्वर्ण, नौ रजत और सात कांस्य सहित रिकॉर्ड 22 पदक जीते हैं**

# मोदी बोले : भारत का प्रदर्शन ऐतिहासिक

**नई दिल्ली, एजेंसी**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने विश्व पैरा एथलेटिक्स चैंपियनशिप में भारत के प्रदर्शन को ऐतिहासिक बताते हुए सोमवार को कहा, इस प्रतियोगिता में देश का अब तक का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन युवाओं के लिए प्रेरणा बनेगा। भारत ने छह स्वर्ण, नौ रजत और सात कांस्य सहित रिकॉर्ड 22 पदक जीते जो जापान के कोबे में 2024 में में जीते 17 पदक के उसके पिछले सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन से बेहतर है।

प्रधानमंत्री मोदी ने देश के सभी पदक विजेताओं की एक तस्वीर पोस्ट करते हुए 'एक्स' पर लिखा, हमारे पैरा एथलीटों का ऐतिहासिक प्रदर्शन! इस साल की विश्व पैरा एथलेटिक्स चैंपियनशिप बहुत खास रही। भारतीय दल ने अपना अब तक का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया जिसमें छह स्वर्ण पदक सहित 22 पदक जीते। हमारे एथलीटों को बधाई। उन्होंने कहा, उनकी सफलता कई लोगों को प्रेरित करेगी। मुझे हमारे दल के प्रत्येक सदस्य पर गर्व है और मैं उनके भविष्य के प्रयासों के लिए शुभकामनाएं देता हूं। यह पहली बार था जब भारत ने इस प्रतिष्ठित पैरा एथलेटिक्स प्रतियोगिता की मेजबानी की जिसमें 100 से अधिक देशों के 2,200 से अधिक प्रतिभागियों ने 186 पदक स्पर्धाओं में भाग लिया। प्रधानमंत्री ने कहा, दिल्ली में इस टूर्नामेंट की मेजबानी करना भी भारत के लिए सम्मान की बात है। इस टूर्नामेंट का हिस्सा रहे सौ देशों के एथलीटों और सहयोगी स्टाफ का आभार जताया।



### भारत की 2036 ओलंपिक की दावेदारी के लिए सुलभ बुनियादी ढांचा अहम: झाझड़िया

**नई दिल्ली :** भारतीय पैरालंपिक समिति के अध्यक्ष देवेंद्र झाझड़िया और हाल में समाप्त हुई विश्व पैरा एथलेटिक्स चैंपियनशिप के सुगम्यता भागीदार 'स्वंय' का मानना है कि 2030 के राष्ट्रमंडल खेलों और 2036 के ओलंपिक की मेजबानी के लिए देश की दावेदारी को ध्यान में रखते हुए दिव्यांगों के लिए भारत के बुनियादी ढांचे को बड़े पैमाने पर उन्नत करने की जरूरत है। 'स्वयं' ने रविवार को समाप्त हुई चैंपियनशिप में भाग लेने वाले पैरा एथलीटों के लिए सुलभ परिवहन प्रदान किया था। झाझड़िया ने यहां एक कार्यक्रम में कहा, हमने बड़े खेल टूर्नामेंट में 'एक्सेसिबिलिटी' (सुगम्यता) का ध्यान रखने के महत्व को देखा। 2036 ओलंपिक की मेजबानी करने की भारत की महत्वाकांक्षा के साथ सुगम्यता को एक प्राथमिकता के तौर पर मुख्यधारा में लाने की जरूरत पहले से कहीं अधिक अहम हो गई है। वर्ष 1988 से ओलंपिक खेल और पैरालिंपिक एक ही स्थान पर होते आ रहे हैं।